रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10102023-249262
CG-DL-E-10102023-249262

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 671] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 27, 2023/आश्विन 5, 1945
No. 671] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 27, 2023/ASVINA 5, 1945

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान

(संसद के अधिनियम द्वारा गठित)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 सितम्बर, 2023

सं. 1-सीए(5)/74/2023.—चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 18 की उपधारा (5ख) के अनुसरण में, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की परिषद् के 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए संपरीक्षित लेखाओं और रिपोर्ट की एक प्रति एतद्द्वारा जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है।

74वीं वार्षिक रिपोर्ट

जब पूरा देश स्वतंत्रता के 75 वर्षों का उत्सव मान रहा है और भारत सरकार 75 वर्षों के प्रगतिशील भारत का उत्सव मनाने तथा भारत के लोगों के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों का उत्सव मनाने के लिए एक पहल के रूप में आजादी का अमृत उत्सव मना रही है और भारत इस अमृत काल में एक नई यात्रा की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है, उसी समय आईसीएआई भी प्रधानमंत्री मोदी के भारत 2.0, जिसे आत्मनिर्भर भारत की भावना से ऊर्जा प्राप्त हो रही है, को साकार बनाने के स्वप्न को समर्थ बनाने के इस समारोह के प्रति अपना योगदान दे रहा है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने भी 1 जुलाई, **2023** को अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया है। आईसीएआई भारत की जी20 की अध्यक्षता की थीम – "वसुधैव कुटुंबकम" या "एक पृथ्वी – एक कुटुंब – एक भविष्य" का हृदय से समर्थन करता है। साथ ही भारत के लिए जी20 की अध्यक्षता 15 अगस्त, **2022** को भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ से 25 वर्ष की अवधि के "अमृत काल" के आरंभ की ओर संकेत करती है, जो भारत की स्वतंत्रता की एक शताब्दी पूरा होने पर समाप्त होगी और इस दौरान हम एक भविष्य की ओर दृष्टि रखने वाले, समृद्ध, समावेशी और विकसित समाज को तैयार करेंगे ताकि भारत विश्व गुरु भारत बन सके।

उभरता हुआ भारत अब वैश्विक विकास के लिए एक कार्यबल के रूप में कार्य कर रहा है और आईसीएआई सदैव भारत के आर्थिक विकास के प्रति योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और वह लोक हित और कल्याण के अभिरक्षक और राष्ट्र निर्माण में एक भागीदार के रूप में अपनी भूमिका निभाता रहेगा । आज आईसीएआई ने तकनीकी, नैतिक क्षेत्रों और सवहनीय सुदृढ़ शिक्षा और परीक्षा मानकों के क्षेत्र में सर्वोच्च मानक स्थापित करने के लिए वैश्विक मान्यता की उपलब्धि प्राप्त की है । वस्तुत: चार्टर्ड अकाउंटेंट उभरते भारत के इतिहास में प्रमुख स्तंभ बन रहे हैं । चार्टर्ड अकाउंटेंट वृत्ति लोक हित के लिए एक योद्धा के रूप में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, जिसे इस समुदाय के संपूर्ण पणधारियों द्वारा मान्यता और अभिस्वीकृति प्रदान की गई है । परिषद्, चार्टर्ड लेखांकन की वृत्ति के समाज में विद्यमान वर्तमान सम्मान के लिए सदस्यों और छात्रों की सराहना करती है । इस उद्देश्य की पूर्ति सदस्यों और छात्रों द्वारा एकसाथ मिलकर दर्शित की गई उत्कृष्टता, स्वतंत्रता और ईमानदारी के कारण हुई है । भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट 5 ट्रिलियन अमेरीकी डालर अर्थव्यवस्था के स्वप्न की पूर्ति की दिशा में पूर्णरुपेण राष्ट्र की तेजी से परिवर्तनशील मांगों की पूर्ति करने में सफल रहे हैं ।

आईसीएआई की परिषद् को **31** मार्च, **2023** को समाप्त हुए वर्ष के लिए अपनी 74वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है । 1 जुलाई, 1949 को संसद के एक अधिनियम द्वारा संस्थान के प्रारंभ से चार्टर्ड लेखांकन वृत्ति का अत्यधिक विकास हुआ है । संस्थान, जिसे केवल 1700 सदस्यों के साथ स्थापित किया गया था, 31 मार्च, 2023 को उसके सदस्यों की संख्या बढ़कर 3.8 लाख हो गई है । यह रिपोर्ट, परिषद् और इसकी विभिन्न समितियों की वर्ष **2022-2023** के दौरान की महत्वपूर्ण गतिविधियों और साथ ही संस्थान के 31 मार्च, **2023** को समाप्त हुए वर्ष के लेखाओं की प्रमुख विशिष्टियों को उपदर्शित करती है । परिषद्, चार्टर्ड लेखांकन की वृत्ति के समाज में विद्यमान वर्तमान सम्मान, मान्यता और ख्याति के लिए सदस्यों और छात्रों की सराहना करती है । इस उद्देश्य की पूर्ति सदस्यों और छात्रों द्वारा एकसाथ मिलकर दर्शित की गई उत्कृष्टता, स्वतंत्रता और ईमानदारी के कारण हुई है, जिसके दौरान छात्रों और सदस्यों ने नैतिकता, नव-परिवर्तन, संवहनीयता, प्रौद्योगिकी पर अपना ध्यान बनाए रखा और इस प्रकार वे अपने अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप संपूर्ण लेखांकन वृत्ति को वैश्विक रूप से रूपांतरित करने की दिशा में अग्रसर हुए ।

किए गए प्रमुख क्रियाकलापों का संक्षिप्त विवरण नीचे प्रस्तुत किया गया है :

1. आईसीएआई ने 18-21 नवंबर, 2022 के दौरान जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में मिश्रित पद्धति को अपनाते हुए अंतर्राष्ट्रीय अकाउंटेंट फेडरेशन के साथ भागीदारी में अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस (डब्ल्यूसीओए), जो लोकप्रिय रूप से 'अकाउंटेंटों का ओलंपिक्स' के रूप में विख्यात है, का आयोजन किया । उक्त कांग्रेस के 118 वर्ष से अधिक के इतिहास में भारत में पहली बार मिश्रित पद्धति से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भारत दक्षिण एशिया का ऐसा पहला देश है जहां इस बृहत्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । इस आयोजन में 120 देशों से 10,000 से अधिक प्रतिभागियों (वर्चुअल प्रतिभागियों सहित) ने भाग लिया और यह प्रतिभागियों की आज तक की सर्वाधिक बड़ी संख्या है और उक्त कार्यक्रम का आयोजन भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों के एकेएएम समारोह के साथ हुआ । यह आयोजन किसी भी संगठन द्वारा एकेएएम समारोह के अधीन आयोजित किए जाने वाले सर्वाधिक बड़े आयोजनों में से एक है ।

2. डिजीटल रुपांतरण के माध्यम से कारबार करने की सुगमता के प्रति सरकार के साथ सहयोग करने और एमसीए को एमसीए-21 पोर्टल के वर्जन 3 को महत्वपूर्ण समर्थन उपलब्ध कराने के लिए आईसीएआई द्वारा एमसीए वर्जन 3 समर्थन परियोजना आरंभ की गई है, जो वर्ष 2022-23 की एक प्रमुख पहल है । यह आईसीएआई की अपनी तरह की पहली परियोजना है, जहां आईसीएआई दैनिक आधार पर एमसीए के साथ निकट रूप से कार्य कर रहा है, जिससे सुचारू रूपांतरण को समर्थ बनाया जा सके और साथ ही वह एमसीए की उपयोक्ता स्वीकार्यता परीक्षण उपलब्ध कराने और एलएलपी तथा कंपनी प्ररूप भरे जाने से संबंधित एमसीए पोर्टल वर्जन 3 के लिए सहायता और नियोजन समर्थन उपलब्ध करा रहा है । इस उद्देश्य के प्रति विभिन्न कार्रवाईयां आरंभ की गई हैं, जैसे कि सभी कार्य दिवसों के लिए 5 हेल्पलाइन उपलब्ध कराना, जागरुकता संगोष्ठियों का आयोजन करना, अनन्य गूगल प्ररूप लिंक स्थापित करना जहां सदस्य उनके सामने आने वाले मुद्दों को रिपोर्ट कर सकते हैं तथा प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करना आदि जैसे कार्यक्रम ।

3. आईसीएआई ने सक्रिय रूप से स्वच्छ भारत अभियान में भाग लिया है और उसने देश भर में स्वच्छता और सफाई का संवर्धन करने के राष्ट्रीय आंदोलन के प्रति स्वयं को समर्पित किया है और वह अपने कार्यालयों, प्रादेशिक कार्यालयों, शाखाओं और विभिन्न आयोजनों के दौरान स्वच्छता अभियानों का आयोजन करता है और इसके अलावा संस्थान ने सक्रिय रूप से स्वयं को देश भर में स्वच्छता और सफाई का संवर्धन करने के राष्ट्रीय आंदोलन में समाविष्ट करके स्वच्छ भारत अभियान में भागीदारी की है ।

4. आत्मनिर्भर भारत, जिसका उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, एक ऐसी नीति है, जिसे भारत के प्रधानमंत्री द्वारा भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए तैयार किया गया है । इस नीति का उद्देश्य देश और उसके नागरिकों को प्रत्येक क्षेत्र में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना है । आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभों में अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, प्रणाली, क्रियाशील जनसांख्यिकी और मांग हैं । तदनुसार, जनता को भारत में विद्यमान आधारिक कर विधियों, लेखांकन और वित्तीय प्रणाली के विभिन्न पहलूओं के संबंध में शिक्षित करने और उन्हें निजी वित्त, वित्तीय कल्याण और कर अनुपालनों का प्रबंध करने, जिसके अंतर्गत अनुपालन में अभिवृद्धि तथा समाज में ज्ञान की खाई को पाटना भी है, के लिए शिक्षित करना है । संस्थान ने वित्तीय और कर साक्षरता अभियान – वित्तीय ज्ञान - आईसीएआई का अभियान, का शुभारंभ किया है । इस कार्यक्रम के अधीन आईसीएआई इस कार्यक्रम की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए 12 स्थानीय भाषाओं में भिन्न-भिन्न उपकरणों/माध्यमों का उपयोग करते हुए वित्त और कर साक्षरता को प्रोत्साहित करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है । वर्ष 2022-23 के दौरान आईसीएआई ने ज्ञान भागीदार के रूप में कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ मिलकर ज्ञान दर्शन चैनल पर लाइव टेली व्याख्यान श्रृंखला के 75 ऐपिसोडो को पूरा किया है । आत्मनिर्भर भारत के विकास में योगदान के प्रति जीएसटी और एमएसएमई के लिए 100 सुविधा केंद्रों को भी आरंभ किया गया है । एमएसएमई और कारबार करने की सुगमता, आईएफएसई, गिफ्ट सिटी, इसईजेड आदि के संबंध में अपने सदस्यों के बीच जागरुकता का सृजन करने और वृत्ति से संबद्ध भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उनके ज्ञान की अभिवृद्धि के लिए आईसीएआई की विभिन्न समितियों, प्रादेशिक परिषदों, शाखाओं, सीपीई अध्ययन चैप्टरों और सर्कलों आदि ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है । आईसीएआई अपनी 168 शाखाओं के माध्यम से पूरे भारत वर्ष में कर क्लिनिकों का आयोजन कर रहा है । इनके माध्यम से आईसीएआई के सदस्य स्टार्ट-अप की स्थापना में अपने ज्ञान को साझा करके साधारण जनता की सहायता कर रहे हैं, जिससे आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य की पूर्ति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हो रहा है ।

5. एमएसएमई सशक्तिकरण आईसीएआई के प्रमुख फोकस केंद्रों में से एक है और आईसीएआई इस दिशा में विभिन्न पहलें कर रहा है । आईसीएआई द्वारा एमएसएमई यात्रा संबंधी पहल को सम्मानित भारतीय रिकार्ड बुक में सम्मिलित किया गया है । यह उपलब्धि उस समय हासिल की गई जब आईसीएआई ने राष्ट्रव्यापी 'आईसीएआई एमएसएमई सेतु' और 'आईसीएआई एमएसएमई यात्रा' अभियान को अधिकतम नगरों में आयोजित किया । इन अभियानों के अधीन उद्यमशीलता का संवर्धन करने और साथ ही नौकरियों के सृजन तथा अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने के लिए 75 दिनों में राष्ट्र के 22 राज्यों में 75 नगरों में इन कार्यक्रमों को चलाया गया । यह अभियान 18 अगस्त, 2022 से 18 नवंबर, **2022** के दौरान चलाया गया । हाल ही में, आईसीएआई को उसकी एमएसएमई यात्रा और एमएसएमई सेतु पहलों के लिए एशिया रिकार्ड बुक में भी दर्ज किया गया है ।

6. आईसीएआई ने वैश्विक रूप से सीए की सेवाओं के निर्यात का संवर्धन करने के लिए अनेक पहलें की हैं, जैसे कि विश्व भर के विभिन्न लेखांकन वृत्तिक निकायों के साथ परस्पर मान्यता संबंधी करारों पर हस्ताक्षर, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के माध्यम से अपने सदस्यों की सक्षमता का निर्माण और उनके कौशल का विकास करना, विदेशी चैप्टरों और प्रतिनिधि कार्यालयों की स्थापना करना, सीए सेवाओं के निर्यात को सुकर बनाने के लिए आनलाइन मंच और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रौद्योगिकी का अनुकूलतम उपयोग करना । द्विपक्षीय व्यापार करारों, चाहे वे एफटीए, ईपीटीए, सीईपीए और अन्य संयुक्त व्यापार कमीशन हों, के लिए सतत अंत:निवेश उपलब्ध कराकर आईसीएआई सीए सेवाओं के निर्यात के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इस उद्देश्य के लिए वह कृत्रिम बैरियरों को हटाने में भी सहायता प्रदान कर रहा है, जिससे लेखांकन वृत्तिकों का सुगम संचलन समर्थ हो सके और जिसके अंतर्गत उसके द्वारा वार्षिक आधार पर विदेशी कैम्पस नियोजन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए की जाने वाली पहल भी है ।

7. आईसीएआई ने भारत को लेखांकन और वित्तीय आउटसोर्सिंग का केंद्र बनाने के लिए अनेक पहलें की हैं । इन पहलों में से एक प्रमुख पहल लेखांकन आऊटसोर्सिंग सेवा पोर्टल है, जिसे आईसीएआई शीघ्र ही आरंभ करने की योजना बना रहा है, जिससे वैश्विक ग्राहकों को आमंत्रित किया जा सके । इसके अतिरिक्त, आईसीएआई 'वित्तीय सेवा' शीर्ष के अधीन लेखांकन, लेखा बहियां तैयार करने और कराधान सेवाओं को अधिसूचित करने के लिए आईएफएस सीए के संपर्क में है, जिससे भारत में एफडीआई को आमंत्रित किया जा सकेगा और भारत को लेखांकन और वित्तीय केंद्र बनाया जा सकेगा ।

8. संस्थान ने, सितंबर, **2019** से नए सृजित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्रों से आने वाले छात्रों और 8 पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों को उत्साहित करने के लिए सीए पाठ्यक्रम के सभी स्तरों, अर्थात् फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल, के लिए उक्त राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों से रजिस्ट्रीकरण कराने वाले छात्रों को रजिस्ट्रीकरण फीस में 75 प्रतिशत की छूट मंजूर की है । उक्त छूट 31 मार्च, **2022** तक विधिमान्य थी, किंतु अब इसे 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया गया है । संस्थान 1 अप्रैल, **2022** से अंदमान और निकोबार द्वीप समूह से रजिस्टर कराने वाले छात्रों को भी इसी प्रकार की फीस रियायत की प्रस्थापना कर रहा है ।

9. भारत के आर्थिक विकास की कहानी को अग्रसर करना, आईसीएआई बी20, जो जी20 सचिवालय के अधीन है, के साथ प्रमुख भागीदार बना है, जिससे हमारी भारत को विश्व गुरु भारत बनाने में भारत सरकार को समर्थन प्रदान करने की प्रतिबद्धता उपदर्शित होती है ।

10. संस्थान, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के निवेशक शिक्षा और संरक्षा निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) के तत्वाधान में निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों का संचालन करता है, जिससे साधारण जनता के बीच जागरुकता का सृजन किया जा सके और निवेशकों की संरक्षा को भी सुनिश्चित किया जा सके । अभी तक 7500 से अधिक निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों (आईएपी) का आयोजन किया गया है ।

11. स्वतंत्र और पारदर्शी रीति में सामाजिक संपरीक्षकों के विनियमन और विकास के लिए आईसीएआई ने "भारतीय सामाजिक संपरीक्षक संस्थान" (आईएसएआई) को धारा 8 कंपनी के रूप में निगमित किया है ।

12. आईसीएआई इंड एएस, जीएसटी, कराधान और लेखांकन के क्षेत्र में सरकारी पदधारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है ।

13. आईसीएआई भारतीय रेल के लेखाओं को एकल प्रविष्टि से दोहरी प्रविष्टि में संपरिवर्तित कर रहा है ।

14. सितंबर, **2021** से मिश्रित पद्धति को अपनाते हुए 200 से अधिक संगोष्ठियों/कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिनके दौरान एकेएएम के संदेश का प्रचार-प्रसार किया गया और ऐसे अनेक अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना बनाई जा रही है ।

15. आईसीएआई ने सदैव इस लक्ष्य को सामने रखा है कि वह अपनी महिला पणधारियों को अपनी वृत्तिक संभावनाओं को उपदर्शित करने का अवसर उपलब्ध कराए तथा महिला पणधारियों में वृत्तिक चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्मविश्वास का संचार करे, जिससे अंततोगत्वा हमारे राष्ट्र की सामाजिक बनावट में आमूल-चूल परिवर्तन लाया जा सके। आज की तारीख को 1,04,398 महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट विद्यमान हैं, जो हमारे कुल सदस्यों की संख्या (3,65,368) का 28.6**%** से अधिक हैं और साथ ही वर्तमान में हमारे पास 3,39,020 महिला छात्राएं हैं,जो कुल छात्रों की संख्या (7,90,974) के 42.86**%** हैं और वे निरंतर बेहतर परिणाम दर्ज कर रही हैं ।

16. आईसीएआई भिन्न-भिन्न देशों में सक्षमता निर्माण और लेखांकन वृत्ति को संस्थागत बनाने के लिए उनकी सहायता कर रहा है । पूर्व में नेपाल, भूटान, जिबूटी, मंगोलिया, सीपीएपीएनजी, आदि को समर्थन उपलब्ध कराया गया था और वर्तमान में आईसीएआई संयुक्त कार्यक्रमों, अनुसंधान, ज्ञान साझा किए जाने संबंधी क्रियाकलापों आदि के क्षेत्रों में विश्व भर के 15 लेखांकन निकायों के साथ परस्पर सहयोग करार कर रहा है ।

17. संस्थान सरकार की शासन में लेखांकन सुधारों को कार्यान्वित करने में भी सहायता कर रहा है । स्थानीय निकायों में लेखाओं को तैयार करने और उनकी संपरीक्षा में अंतराल के मुद्दे का समाधान करने और उन्हें 15वें वित्त आयोग के अनुदानों का फायदा प्राप्त करने में समर्थ बनाने के लिए आईसीएआई इस क्षेत्र में प्रशिक्षित कार्मिक उपलब्ध कराके नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के कार्यालय की सहायता कर रहा है ।

18. आईसीएआई ने विजन 2049 को तैयार करने का विनिश्चय किया है, जिससे देश के आर्थिक विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ा जा सके और साथ ही आईसीएआई के पणधारियों की मांग की भी पूर्ति की जा सके । आईसीएआई विजन 2049 का उद्देश्य लेखांकन वृत्ति के लिए एक ऐसा संपरिवर्तनशील मार्ग तैयार करना और वहनीय आर्थिक विकास को बढावा देना और एक ऐसे भविष्य की परिकल्पना को साकार करना है, जहां चार्टर्ड अकाउंटेंट वित्तीय प्रणालियों को आकार देने, नवपरिवर्तन लाने और वृत्तिक ईमानदारी के सर्वोच्च मानकों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ।

19. आईसीएआई, जो विश्व का सबसे बड़ा वृत्तिक लेखांकन निकाय है, सक्रिय रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), **2020** के दक्ष क्रियान्वयन में योगदान कर रहा है । आईसीएआई की शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम का शुभारंभ भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपद्री मूर्मू द्वारा 1 जुलाई, **2023** को किया गया । अपनी नई शिक्षा और प्रशिक्षण स्कीम में आईसीएआई ने एनईपी 2020 की सिफारिशों की रूपरेखा के अनुसार अनेक विशिष्टियों को सम्मिलित किया है । छात्रों द्वारा स्व:मूल्यांकन के लिए प्रौद्योगिकी रूप से समर्थ पठन और स्व:गतिशील आनलाइन माड्यूल के लिए निर्धारण और एमसीक्यू डैश बोर्ड ऐसी प्रमुख विशिष्टियां हैं, जिन्हें एनईपी 2020 की रूपरेखा के अनुसार सम्मिलित किया गया है । आईसीएआई की नई शिक्षा और प्रशिक्षण स्कीम का उद्देश्य भावी चार्टर्ड अकाउंटेंटों को अपेक्षित सक्षमताओं से सुसज्जित करके "वैश्विक रूप से तैयार" वृत्तिकों को तैयार करना है और ऐसा करने के लिए समृद्ध पठन पद्धतियों, आकाटय

और अनुकूल कौशल निर्धारण, प्रभावी और केंद्रित व्यवहारिक प्रशिक्षण, उद्योग अनुकूलन तथा बहु आयामी दृष्टिकोण को अपनाया जाएगा ।

रिपोर्ट की अनुक्रमणिका

क्रम सं.	**विवरण**
1.	परिषद
2.	परिषद् की समितियाँ
3.	संपरीक्षक
4.	स्थायी समितियां
4.1	कार्यपालक समिति
4.2	वित्त समिति
4.3	परीक्षा समिति
5.	अनुशासन निदेशालय
6.	तकनीकी एवं वृत्तिक विकास
6.1	लेखांकन मानक बोर्ड
6.2	संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड
6.3	व्यवसाय में कार्यरत सदस्यों संबंधी समिति
6.4	सतत वृत्तिक शिक्षा समिति
6.5	निगम विधि और निगम शासन संबंधी समिति
6.6	प्रत्यक्ष कर समिति
6.7	आर्थिक, वाणिज्यिक विधियों और आर्थिक सलाहकार समिति
6.8	डिजिटल लेखांकन और आश्वासन बोर्ड
6.9	नैतिक मानक बोर्ड
6.10	विशेषज्ञ सलाहकार समिति
6.11	वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन बोर्ड
6.12	जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति
6.13	आंतरिक संपरीक्षा और प्रबंध लेखा बोर्ड
6.14	अंतर्राष्ट्रीय कराधान संबंधी समिति
6.15	उद्योग और कारबार में लगे सदस्यों संबंधी समिति
6.16	पियर पुनर्विलोकन बोर्ड
6.17	वृत्तिक विकास समिति
6.18	लोक और शासकीय वित्त प्रबंध संबंधी समिति
6.19	जन संपर्क समिति
6.20	अनुसंधान समिति
6.21	वहनीयता रिपोर्टिंग मानक बोर्ड
6.22	वित्तीय बाजार और निवेशकों के संरक्षण संबंधी समिति
6.23	संपरीक्षा समिति
6.24	अंकीय पुन: इंजीनियरी और संपरिवर्तन समिति

6.25	प्रबंधन समिति
6.26	मूल्यांकन मानक बोर्ड
6.27	कराधान संपरीक्षा गुणवत्ता पुनर्विलोकन बोर्ड
6.28	दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति
6.29	महिला और युवा सदस्य उत्कृष्टता समिति
6.30	एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति
7.	अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, सेवा विकास और डब्ल्यूटीओ संबंधी समिति
8.	अन्य गैर-स्थायी समितियों द्वारा क्रियाकलाप
8.1	उद्यमों और लोक सेवा में लगे सदस्यों संबंधी समिति
8.2	विधिक निदेशालय
8.3	अवसंरचना विकास संबंधी समिति
8.4	अंतर्राष्ट्रीय कार्य समिति
8.5	रणनीति, परिप्रेक्ष्य योजना और मानीटरी समिति
8.6	यूडीआईएन निदेशालय
8.7	प्रकाशन एवं सीडीएस निदेशालय
8.8	संपरीक्षा क्वालिटी निदेशालय के लिए केंद्र
8.9	भू-संपदा विकास निदेशालय
8.10	निविदा मानीटरी निदेशालय
8.11	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
8.12	एक्सबीआरएल
8.13	आईसीएआई - लेखांकन अनुसंधान फाउंडेशन
8.14	आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन
8.15	आईसीएआई का भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान
8.16	भारतीय सामाजिक संपरीक्षक संस्थान
8.17	क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड
9.	अन्य मामले
9.1	चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) दिवस - 1 जुलाई, 2022
9.2	केन्द्रीय परिषद पुस्तकालय
9.3	संपादक बोर्ड
10.	सदस्य
10.1	सदस्यता
10.2	दीक्षांत समारोह 2022-23
10.3	चार्टर्ड अकाउंटेंट कल्याण निधि
10.4	एस. वैद्यनाथ अय्यर स्मारक निधि
10.5	चार्टर्ड अकाउंटेंट्स छात्र कल्याण निधि
11	अध्ययन बोर्ड

11.1	अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक)
11.2	छात्र कौशलों में अभिवृद्धि करने संबंधी बोर्ड
12.	कैरियर परामर्श समिति
13.	प्रादेशिक परिषदें और उनकी शाखाएं (आरबीए निदेशालय)
14.	वित्त और लेखा
15.	अनुशंसा
	परिषद की संरचना (2023-2024)
	अंकेक्षित वार्षिक लेखा

1. परिषद्

पच्चीसवीं परिषद् का गठन 12 फरवरी, 2022 को किया गया था। वर्तमान में, परिषद् 32 निर्वाचित सदस्यों और केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए गए 8 सदस्यों से मिलकर बनी है। संस्थान की 25वीं परिषद् की संरचना पृथक रूप से प्रकट की गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान परिषद् की 10 बैठकों का आयोजन किया गया था।

2. परिषद् की समितियां

परिषद् प्रत्येक वर्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 17 के निबंधनानुसार 12 फरवरी को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की वृत्ति का विनियमन और विकास करने के लिए स्थायी और विभिन्न गैर-स्थायी समितियों/बोर्डों और समूहों का गठन करती है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान, उक्त स्थायी और गैर-स्थायी समितियों/बोर्डों और समूहों की 416 बैठकें आयोजित की गई थीं।

3. संपरीक्षक

मैसर्स अरुण के. अग्रवाल एंड एसोशिएटस और मैसर्स एस.के. मित्तल एंड कंपनी वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए आईसीएआई के संयुक्त संपरीक्षक थे, जिन्हें भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा बनाए रखे गए पैनल में से नियुक्त किया गया। परिषद् उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए उनकी अनुशंसा दर्ज करती है।

4. स्थायी समितियां

आईसीएआई की परिषद् की स्थायी समितियां निम्नानुसार हैं :

4.1 कार्यपालक समिति

4.2 वित्त समिति

4.3 परीक्षा समिति

4.1 कार्यपालक समिति

कार्यपालक समिति के कृत्यों में आर्टिकल्ड और संपरीक्षा सहायकों तथा सदस्यों के नामों का रजिस्टर में नामांकन करने, नामों को हटाए जाने, नामों की पुन: प्रविष्टि करने, व्यवसाय प्रमाणपत्र को रद्द करने, लेखांकन वृत्ति से भिन्न किसी अन्य कारबार या व्यवसाय में नियोजित होने के लिए अनुमति प्रदान करने से संबंधित हैं। कार्यपालक समिति संस्थान की संपत्तियों, आस्तियों और निधियों की अभिरक्षक भी है और साथ ही वह आईसीएआई के कार्यालय के रखरखाव के लिए भी उत्तरदायी है। कार्यपालक समिति ने वर्ष के दौरान 9 बैठकें की।

4.2 वित्त समिति

वित्त समिति, अन्य बातों के साथ, सत्य और सही लेखाओं को रखे जाने, वार्षिक बजट तैयार करने, निधियों के निवेश, निधियों से राजस्व और पूंजी, दोनों प्रकार के व्ययों के लिए आहरण करने से संबंधित और अनुषंगी गतिविधियों का नियंत्रण, कार्यान्वयन और पर्यवेक्षण करती है। वित्त समिति ने वर्ष के दौरान 5 बैठकें की।

4.3 परीक्षा समिति

आईसीएआई की परिषद् के परीक्षाओं से संबंधित सभी कृत्यों का निर्वहन परीक्षा समिति द्वारा किया जाता है। परीक्षा समिति देश भर में और साथ ही विदेशों में भी एक उत्तम रीति से चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षाओं का संचालन करती है। इन परीक्षाओं के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

(I) परीक्षाएं

मई/जून, 2022

अर्हता-पश्च पाठ्यक्रमों के अधीन मध्यवर्ती, फाइनल पाठ्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय कराधान निर्धारण परीक्षा (आईएनटीटी-एटी) की परीक्षाओं का संचालन पूरे देश में और विदेशों में स्थित 572 केंद्रों पर 14 मई, 2022 से 30 मई, 2022 के दौरान तथा फाउंडेशन परीक्षा का संचालन 24, 26, 28 और 30 जून, 2022 के दौरान सभी सामाजिक दूरी संनियमों का पालन करते हुए सुचारू रूप से किया गया था। उक्त फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल परीक्षा देने वाले और उन्हें उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

	केवल समूह 1 की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले		केवल समूह 2 की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले		दोनों समूहों की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले	
	परीक्षाएं देने वाले	उत्तीर्ण होने वाले	परीक्षाएं देने वाले	उत्तीर्ण होने वाले	परीक्षाएं देने वाले	उत्तीर्ण होने वाले
मध्यवर्ती	80605	10717	63777	7943	24475	1337
फाइनल	66575	14643	63253	13877	29348	3695

नवंबर, 2022

अर्हता-पश्च पाठ्यक्रमों के अधीन मध्यवर्ती और फाइनल पाठ्यक्रम की परीक्षाओं का संचालन पूरे देश में और विदेशों में स्थित 553 केंद्रों पर 1 नवंबर, 2022 से 17 नवंबर, 2022 के दौरान तथा और अंतर्राष्ट्रीय कराधान निर्धारण परीक्षा (आईएनटीटी-एटी) और बीमा तथा जोखिम प्रबंध तकनीकी परीक्षा (आईआरएम) के साथ फाउंडेशन परीक्षा का संचालन 14, 16, 18 और 20 दिसंबर, 2022 के दौरान सभी सामाजिक दूरी संनियमों का पालन करते हुए सुचारू रूप से किया गया था। उक्त फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल परीक्षा देने वाले और उन्हें उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

	केवल समूह 1 की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले		केवल समूह 2 की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले		दोनों समूहों की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले	
	परीक्षाएं देने वाले	उत्तीर्ण होने वाले	परीक्षाएं देने वाले	उत्तीर्ण होने वाले	परीक्षाएं देने वाले	उत्तीर्ण होने वाले
मध्यवर्ती	100265	21244	79292	19380	37428	4759
फाइनल	65291	13969	64775	12053	29242	3243

	परीक्षा में बैठने वाले	उत्तीर्ण होने वाले
फाउंडेशन परीक्षा जून, 2022	93729	23693
फाउंडेशन परीक्षा दिसंबर, 2022	126015	36864

अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम के लिए सूचना प्रणाली संपरीक्षा निर्धारण परीक्षा (आईएसए-एटी) का आयोजन देश भर में सफलतापूर्वक जुलाई और दिसंबर, 2022 के दौरान किया गया था। उक्त परीक्षा में बैठने वाले और उसे उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

	परीक्षा में बैठने वाले	उत्तीर्ण होने वाले
आईएसए - एटी, जनवरी, 2022 (पुराना पाठ्यक्रम)	2465	1203
आईएसए - एटी, जनवरी, 2022 (नया पाठ्यक्रम)	1182	247
आईएसए - एटी, जुलाई, 2022 (पुराना पाठ्यक्रम)	2643	378
आईएसए - एटी, जुलाई, 2022 (नया पाठ्यक्रम)	1998	166
आईएसए - एटी, दिसंबर, 2022 (पुराना पाठ्यक्रम)	2106	57
आईएसए - एटी, दिसंबर, 2022 (नया पाठ्यक्रम)	1880	267

बीमा और जोखिम प्रबंध तकनीकी परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन नवंबर, 2022 के दौरान देश भर में कराया गया था। इस परीक्षा को देने वाले और उसे उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

	परीक्षा देने वाले	**उत्तीर्ण होने वाले**
आईआरएम - तकनीकी परीक्षा, नवंबर, 2022	30	1

सदस्यों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कराधान – निर्धारण परीक्षा (आईएनटीटी-एटी) का सफलतापूर्वक आयोजन मई और नवंबर, 2022 के दौरान किया गया था । इस परीक्षा को देने वाले और उसे उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :

	परीक्षा देने वाले	**उत्तीर्ण होने वाले**
मई, 2022 में आयोजित आईएनटीटी – एटी	184	27
नवंबर, 2022 में आयोजित आईएनटीटी – एटी	203	27

अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम के अधीन अंतर्राष्ट्रीय कराधान निर्धारण (आईएनटीटी – एटी) के लिए ओपन बुक पद्धति से परीक्षाओं का आयोजन :

नवंबर, 2022 से अंतर्राष्ट्रीय कराधान निर्धारण (आईएनटीटी – एटी) के अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम की परीक्षा की अवधि 4 घंटे की कर दी गई है, जिसका आयोजन ओपन बुक पद्धति के माध्यम से किया जाता है । इस संबंध में निम्नानुसार विनिश्चय किया गया था :

- अंतर्राष्ट्रीय कराधान निर्धारण (आईएनटीटी)– एटी) परीक्षा के अधीन अभ्यर्थियों को यह अनुमति दी जाती है कि वे परीक्षा हाल में अपने स्वयं की सामग्री ला सकते हैं और परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उस सामग्री का उपयोग कर सकते हैं । ऐसी सामग्री में आईसीएआई द्वारा उपलब्ध कराई गई अध्ययन सामग्रियां, प्रैक्टिस मैनुअल, पाठ्य पुस्तकें, अधिनियम, छात्रों द्वारा स्वयं तैयार किए गए नोट्स या कई अन्य संदर्भ सामग्रियां सम्मिलित हो सकेंगी ।
- अभ्यर्थियों को परीक्षा हाल में मोबाइल फोन, आई पेड या अन्य इलैक्ट्रानिक युक्तियों को लाने की अनुमति नहीं है ।
- परीक्षा हाल/कक्ष के भीतर किसी सामग्री का अभ्यर्थियों के बीच परस्पर आदान-प्रदान किए जाने की अनुमति नहीं है ।

वर्ष के दौरान, सूचना प्रौद्योगिकी और साफ्ट कौशलों संबंधी अग्रिम एकीकृत पाठ्यक्रम (एआईसीआईटीएसएस) परीक्षाओं का भी नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार आयोजन किया गया था :

एआईसीआईटीएसएस-एआईटीटी तारीख	**परीक्षा केंद्रों की संख्या**	**उन स्थानों (शहरों) की संख्या, जहां परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे**	**उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या**	**उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या**
25-फ़रवरी-22	99	81	6802	6681
20-मार्च-22	80	76	3933	3911
23-अप्रैल-22	84	77	4515	4401
22-जुलाई-22	105	83	8098	8088
27-अगस्त-22	83	80	3804	3769
24-सितम्बर-22	74	73	2912	2898
24-दिसम्बर-22	71	71	1933	1919

21-जनवरी-23	73	72	3165	3153
25-फरवरी-23	81	78	3907	3902
25-मार्च-23	95	89	6021	6007

ऐसे परीक्षा केंद्रों की संख्या, जहां भारत और विदेशों में 2022-23 के दौरान चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षाओं का आयोजन किया गया था :

परीक्षाएं	मई/जून 2022	नवंबर/दिसंबर 2022
फाउंडेशन पाठ्यक्रम	508	541
मुख्य, अर्थात् फाइनल और मध्यवर्ती	572	553
अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम - अंतर्राष्ट्रीय कराधान – निर्धारण परीक्षा	118	118
अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम - बीमा और जोखिम प्रबंध (आईआरएम)	-	59
अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम - सूचना प्रणाली संपरीक्षा - निर्धारण परीक्षा	73	114

वर्ष 2022 के दौरान आयोजित की गई संस्थान की परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के आंकड़े

परीक्षाएं	मई/जून 2022	नवंबर/दिसंबर 2022
फाउंडेशन पाठ्यक्रम	104427	136020
मध्यवर्ती	151817	176818
फाइनल	118771	121068
अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम - अंतर्राष्ट्रीय कराधान – निर्धारण परीक्षा	403	438
अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम - बीमा और जोखिम प्रबंध (आईआरएम)	लागू नहीं	93
अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम - सूचना प्रणाली संपरीक्षा - निर्धारण परीक्षा	6005	4883

संस्थान अपनी परीक्षा प्रक्रिया में निरंतर सुधार करता रहा है और यह सुधार प्रश्न-पत्र निर्धारण करने से परिणाम की घोषणा तक के सभी प्रक्रमों को अंतर्विष्ट करता है, जिससे परीक्षा प्रणाली की निष्ठा और पवित्रता, जो सात दशकों से अधिक की अवधि से सुविख्यात है, अक्षुण्ण बनी रहे तथा उसे और अधिक मजबूत तथा विकसित किया जा सके । संस्थान की परीक्षाएं आधारिक रूप से सीए पाठ्यचर्या के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक विषय के संबंध में अवधारणात्मक समझ और साथ ही व्यवहारिक प्रयोग की जांच करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जिससे छात्र उनके सामने आने वाली नई चुनौतियों और वृत्ति के विभिन्न पणधारियों की आशाओं पर खरे उतर सकें । संस्थान की परीक्षा प्रक्रिया मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करने हेतु अपना ध्यान केंद्रित करती है कि संस्थान की परीक्षाओं में आने वाले प्रश्न-पत्रों में सम्मिलित प्रश्नों के अनुमान से बचा जा सके ताकि उन परीक्षाओं को अर्हित करने वाले छात्र एक पूर्ण रूपेण योग्य वृत्तिक हों ।

(II) आईसीएआई परीक्षा आवेदन प्ररूपों का स्व-सेवा पोर्टल (एसएसपी) के साथ एकीकरण :--

छात्रों की सुविधा हेतु आईसीएआई परीक्षा आवेदन प्ररूपों को अन्य एकल पोर्टल की बजाए स्व-सेवा पोर्टल (एसएसपी) के साथ एकीकृत किया गया है । यह एकीकरण सीए की नवंबर, 2022 की परीक्षाओं से किया गया है । यह एकीकरण छात्रों को सुगमता से स्व-सेवा पोर्टल (एसएसपी) पर परीक्षा प्ररूपों को भरने में समर्थ बनाता है, जहां छात्रों के ब्यौरे, अर्थात् फोटो, हस्ताक्षर, छूटों आदि को स्वत: ही प्ररूप में भर दिया जाता है और इससे छात्रों को प्ररूप भरे जाने के प्रक्रम पर ही परीक्षा में बैठने की पात्रता (परीक्षाओं के लिए आईसीएआई के पात्रता मानदंडों के अनुसार) स्थापित करने में सहायता प्राप्त हो जाती है । परीक्षाओं हेतु आवेदन प्ररूप भरे जाने के अलावा छात्रों को परीक्षा के नगर/समूह/माध्यम में भी परिवर्तन (शुद्धिकरण पटल के माध्यम से) करने की सुविधा प्राप्त होती है और साथ ही छात्र परीक्षाओं के लिए अपने प्रवेश-पत्रों को भी डाउनलोड कर सकते हैं क्योंकि इन क्रियाकलापों को भी स्व-सेवा पोर्टल (एसएसपी) के साथ एकीकृत किया गया है ।

(III) एमआरए/एमओयू के अधीन विशेष परीक्षा :--

ऐसे संस्थानों के, जिनके साथ आईसीएआई ने परस्पर मान्यता करार (एमआरए) /समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, सदस्यों के लिए 13 से 15 जून, 2022 के दौरान चार्टर्ड अकांउटेंट विशेष परीक्षा का आयोजन किया गया।

(IV) छात्र परीक्षा जीवन चक्र प्रबंध संबंधी वेब इंटरफेस :--

आईसीएआई ने एक छात्र परीक्षा जीवन चक्र प्रबंध परियोजना नामक एकीकृत वेब इंटरफेस प्रारंभ किया था, जिस पर सीए के छात्र एकल उपयोक्ता पहचान और पासवर्ड का उपयोग करते हुए विभिन्न परीक्षा संबंधी सेवाओं तक पहुंच बना सकते हैं, जिसके अंतर्गत द्वितीय अंक सूचियां/ उत्तीर्ण प्रमाणपत्र/प्रतिलिपियों, केंद्र/ माध्यम/समूह में परिवर्तन के लिए आवेदन, परीक्षा-दर-परीक्षा प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड करना, परिणामों की जांच करना और परिणाम के पश्चात् उत्तर-पुस्तिकाओं के सत्यापन/उनकी प्रमाणित प्रतियों को प्राप्त करने के लिए आवेदन करना आदि भी हैं।

(V) छात्रों के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का नया प्ररूप :--

दिसंबर, 2021 से सीए परीक्षाओं के सभी प्रश्न-पत्रों में उत्तर-पुस्तिकाओं की कवर शीट पर अंक तालिका को ओएमआर से प्रतिस्थापित किया गया है ताकि बहु विकल्प वाले प्रश्नों में सही विकल्प को चुना जा सके और इस प्ररूप को छात्रों तथा अन्य पणधारियों की सुविधा के लिए मई/जून तथा नवंबर/दिसंबर, 2022 की परीक्षाओं के लिए भी जारी रखा गया।

(VI) डिजीटल अंकन प्रणाली/डिजीटल मूल्यांकन :--

100 प्रतिशत अंकीयकरण के पथ पर अग्रसर होते हुए वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 30.65 लाख उत्तर-पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन का अंकीयकरण संस्थान की द्रुत मूल्यांकन, त्रुटि मुक्त परिणाम तथा साथ ही परीक्षकों के लिए सुगमता और सुविधा को सुकर बनाने में सहायता प्रदान कर रहा है।

(VII) परीक्षकों के लिए डिजीटल कार्यशाला/वेबकास्ट :--

डिजीटल पद्धति से परीक्षकों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करने के पथ पर अग्रसर होते हुए, वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 9,000 परीक्षकों ने डिजीटल कार्यशाला में भाग लिया। इन डिजीटल कार्यशालाओं के कारण लागत में भी भारी बचत होती है और साथ ही परीक्षकों के लिए भी अपने निवास-स्थान से सुगमता तथा सुविधाजनक रूप से इन डिजीटल कार्यशालाओं में भाग लेना आसान हो जाता है, जिन्हें अन्यथा भौतिक कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए लंबी दूरियों की यात्रा तय करनी पड़ती थी। परीक्षकों के लिए वेबकास्ट के माध्यम से उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की क्वालिटी और संगतता में वृद्धि करने के लिए कार्यक्रमों का, मई/जून, 2022 तथा नवंबर/दिसंबर, 2022 की परीक्षाओं हेतु सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पहल से यह आशा की जाती है कि इससे मूल्यांकन की गुणवता में भारी सुधार आएगा।

(VIII) विद्यमान और नए परीक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा :--

विद्यमान परीक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से केवल ऐसे विद्यमान परीक्षकों को परीक्षा संबंधी समनुदेशन आबंटित किए गए, जिन्होंने आज्ञापक पात्रता परीक्षा को उत्तीर्ण किया था। इसी प्रकार, नए आवेदकों, जो परीक्षक के रूप में पैनलबद्ध होने की वांछा करते हैं, को भी आज्ञापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। वर्ष 2022-23 के दौरान, बड़ी संख्या में नए परीक्षकों को पैनलबद्ध करने और साथ ही ऐसे परीक्षकों के, जिनकी तीन वर्ष की अवधि की विधिमान्यता पूरी हो रही थी, पैनल में नाम के नवीकरण हेतु एक बृहत्त अभियान चलाया गया था। इस अभियान के परिणामस्वरूप लगभग 2210 नए और विद्यमान परीक्षकों ने आज्ञापक परीक्षा को उत्तीर्ण किया तथा वे परीक्षकों के पैनल का भाग बने।

(IX) परीक्षा कृत्यकारियों के लिए वेबकास्ट/केंद्रों और संप्रेक्षकों के लिए वेबकास्ट

मई/जून, 2022 तथा नवंबर/दिसंबर, 2022 की परीक्षाओं के लिए संप्रेक्षकों, परीक्षा केंद्रों, बैंक ऑफ बडौदा, परीक्षा समन्वयकों के लिए दिशा-निर्देशों संबंधी वेबकास्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था।

(X) नए परीक्षा केन्द्रों का खोला जाना

छात्रों के सामने आने वाली कठिनाईयों को मान्यता प्रदान करते हुए तथा कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए तथा छात्रों और सदस्यों के कल्याण के हित को ध्यान में रखते हुए तथा उनके सामने आने वाली कठिनाईयों को कम

करने के एक सक्रिय उपाय के रूप में तथा छात्रों और सदस्यों के फायदे तथा कल्याण के लिए संस्थान ने जून, 2022 की परीक्षाओं से थिम्पू (भूटान) में एक अतिरिक्त परीक्षा केंद्र आरंभ किया है ।

(XI) संप्रेक्षक वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप (एंड्रायड/आईओएस)

परीक्षा केंद्रों में नियुक्त संप्रेक्षकों से संबंधित सभी क्रियाकलापों, जिसके अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण, आबंटित समनुदेशनों के ब्यौरों को होस्ट करना, स्वीकृति पत्रों/दैनिक रिपोर्टों/मानदेय के लिए दावों को प्रस्तुत करना आदि भी है, को सुकर बनाने, संप्रेक्षक पोर्टल को विकसित करने तथा मोबाइल ऐप को तैयार करने के लिए एक वेब पोर्टल http://observers.icaiexam.icai.org स्थापित किया गया है । मोबाइल ऐप को आरंभ करने से किसी विशिष्ट दिन के लिए अभिप्रेत सही कोड के सीलबंद पैकेटों को एकत्रित करने में काफी सहायता मिली है ।

(XII) केंद्रीय वेब पोर्टल

परीक्षा की तारीख को दैनिक आधार पर अनुपस्थित व्यक्तियों से संबंधित डाटा को आनलाइन रूप से प्राप्त करने के लिए एक वेब पोर्टल http://centres.icaiexam.icai.org को स्थापित किया गया है ।

(XIII) पीक्यूसी परीक्षाओं के लिए आनलाइन परीक्षा आवेदन प्ररूप

अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम परीक्षाओं, अर्थात् अंतर्राष्ट्रीय कराधान निर्धारण परीक्षा (आईएनटीटी-एटी) और बीमा तथा जोखिम प्रबंध (आईआरएम) तकनीकी परीक्षा (जो संस्थान के सदस्यों के लिए खुली है) में बैठने के लिए सदस्य वीजा या मास्टर या मास्टरो क्रेडिट/डेबिट कार्ड/रुपए कार्ड/ नेट बैंकिंग/ भीम यूपीआई के माध्यम से आनलाइन रूप से परीक्षा फीस का संदाय करके pqc.icaiexam.icai.org पोर्टल पर आनलाइन रूप से आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।

(XIV) परीक्षा केंद्रों/परीक्षा देने वालों हेतु कोविड-19 महामारी से संबंधित दिशानिर्देश

परीक्षा केंद्रों ओर परीक्षा देने वालों अभ्यर्थियों के लिए सलाह जारी की गई थी कि वे सभी समयों पर सभी परीक्षा कृत्यकारियों के बीच भारत सरकार द्वारा जारी निदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करें । कोविड-19 महामारी के कारण, अभ्यर्थियों को दोपहर 1 बजे के पश्चात् परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की गई थी और साथ ही उन्हें सायं 4 बजे के बाद परीक्षा हाल से बाहर जाने की अनुमति दी गई थी । नवंबर/दिसंबर, 2022 की परीक्षाओं के दौरान अभ्यर्थियों को केवल परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ही परीक्षा हाल से बाहर जाने की अनुमति दी गई थी ।

5 अनुशासन निदेशालय

अनुशासन निदेशालय, सदस्यों के विरुद्ध में एक औपचारिक शिकायत या किसी "सूचना" के माध्यम से प्राप्त अभिकथित वृत्तिक और/या अन्य कदाचार के आरोपों के मामलों के संबंध में अन्वेषण करने हेतु स्थापित किया गया है जैसा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (वृत्तिक और अन्य कदाचार के मामलों में अन्वेषण प्रक्रिया और मामलों का संचालन) विनियम, 2007 में उपबंधित है ।

अनुशासन तंत्र के अधीन आईसीएआई के अनुशासन निदेशालय को यह आज्ञापक कर्तव्य सौंपा गया है कि वह उसके सदस्यों द्वारा की गई किन्हीं अभिकथित त्रुटियों/अनियमितताओं की जांच करे, जिससे न केवल सभी पणधारियों और साधारण जनता में वृत्ति के प्रति विश्वास अक्षुण्ण बना रहे अपितु साधारण रूप से वृत्ति के सदस्यों को स्वीकार्य वृत्तिक आचार के मानदंड उपलब्ध कराए जा सकें । हालांकि, अधिकांश सदस्य अपनी वृत्तिक विशेषज्ञता और अनुभव के माध्यम से समाज और विश्व को निस्वार्थ और समर्पित सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं फिर भी आईसीएआई के लिए सतत रूप से यह आवश्यक है कि वह अपने संतुलित अनुशासन तंत्र के माध्यम से सावधानी बरते और नगण्य सदस्यों, जो असावधानीवश विधि का उल्लंघन कर बैठते हैं, को सही दिशा प्रदान करे ।

अनुशासन तंत्र अपने दो अर्ध-न्यायिक निकायों, जिन्हें चार्टर्ड अकाउंटेट (संशोधन) अधिनियम, 2006 के उपबंधों के अनुसार गठित किया गया था, के माध्यम से अपना कार्यकरण कर रहा है, अर्थात् :--

- अनुशासन बोर्ड ; और
- अनुशासन समिति ।

अनुशासन तंत्र में अंतर्वलित प्रक्रियाओं को ऐसी रीति में विशेष रूप से तैयार किया गया है, जो पारदर्शिता सुनिश्चित करती हैं और इस प्रकार इस क्षेत्र के पणधारियों और साधारण जनता के विश्वास में अभिवृद्धि करती हैं और साथ ही ऐसे सदस्यों को, जिन पर वृत्तिक और/या अन्य कदाचार के आरोप लगाए गए हैं, निष्पक्ष और साम्यापूर्ण न्याय उपलब्ध कराती हैं ।

व्यवसायियों और फर्मों की जवाबदेही में सुदृढ़ता लाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि युक्तियुक्त समय के भीतर न्याय प्रदान किया जाता है, वर्ष 2022 में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 का संशोधन किया गया है। यद्यपि, उस तारीख को अभी अधिसूचित किया जाना है, जिसको अनुशासन संबंधी उपबंध लागू होंगे, फिर भी यह सुनिश्चित करने हेतु उपाय आरंभ कर दिए गए हैं कि संशोधित अधिनियम में यथा परिकल्पित लोक जवाबदेही और न्याय का शीघ्र परिदान किया जाए। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, लागत और संकर्म लेखापाल और सीएस (संशोधन) अधिनियम, 2022 के कारण उदभूत होने वाले अनुशासन तंत्र और विनियमों से संबंधित प्रारूप नियमों को तारीख 4 जुलाई, 2022 को मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था।

वर्तमान परिषद् वर्ष के दौरान अनुशासन समिति की चार खंडपीठों का गठन किया गया है, अर्थात् खंडपीठ I, खंडपीठ II, खंडपीठ III और खंडपीठ IV और अनुशासन बोर्ड की एक खंडपीठ का भी गठन किया गया है, जिससे निदेशक (अनुशासन) द्वारा तैयार की गई प्रथमदृष्ट्या राय पर विचार किए जाने के साथ-साथ जांच के अधीन मामलों का शीघ्र निपटारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त, धारा 21घ के अधीन अध्यक्ष, आईसीएआई की अध्यक्षता वाली अनुशासन समिति का गठन किया गया है, जो शेष बचे पुराने मामलों और ऐसे मामलों, जो उसे परिषद् द्वारा पुन: निर्दिष्ट किए जाते हैं, के संबंध में कार्यवाही करेगी।

(I) विशिष्ट पहलें/उपलब्धियां :

- अनुशासन बोर्ड/अनुशासन समिति के सदस्यों की प्रभावी भागीदारी के साथ ई-सुनवाईयों का सफलतापूर्वक आयोजन। यह प्रक्रिया एक वरदान साबित हुई है और साथ ही इससे समय और लागत की भी बचत होती है तथा इसके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि मामले के पक्षकार यात्रा संबंधी लागतों के संबंध में चिंता किए बिना अनुशासन बोर्ड/अनुशासन समिति के समक्ष उपस्थित हो सकें। ई-सुनवाईयों की प्रभाविकता स्पष्ट रूप से इसके माध्यम से निपटाए गए मामलों की बड़ी संख्या में उपदर्शित होती है, जिनके संबंध में अनुशासन बोर्ड और अनुशासन समिति की बैठकों में कार्यवाही की गई, जैसा कि पश्चातवर्ती पैराओं में कथन किया गया है।
- अनुशासन बोर्ड/अनुशासन समिति द्वारा विनिश्चित किए गए अनुशासन संबंधी मामलों के ब्यौरों और साथ ही अन्य चीजों के साथ मामलों की वाद सूची को भी अनुशासन निदेशालय के समर्पित वेब पोर्टल पर रखा जा रहा है, जिससे विभिन्न पणधारियों के बीच और अधिक जागरुकता का सृजन किया जा सके और अनुशासन निदेशालय से संबंधित जानकारी के प्रचार-प्रसार हेतु एकल पटल उपलब्ध कराया जा सके।
- अनुशासन निदेशालय के अभिलेखों के अंकीयकरण के लिए अनुशासन निदेशालय के भौतिक अभिलेखों को स्कैन किए जाने की प्रक्रिया को स्थापित किया गया है ताकि पुराने अनुशासन संबंधी अभिलेखों तक भी पहुंच उपलब्ध कराई जा सके।
- आज की तारीख तक पुराने अनुशासन तंत्र (धारा 21घ के अधीन) के अधीन शेष बचे सभी मामलों की सुनवाई पूरी हो गई है। हाल ही में, माननीय मद्रास उच्च न्यायालय ने धारा 21(4) के अधीन दंडादेश के लिए लंबित एक मामले में मंजूर किए गए आस्थगन को अपास्त कर दिया है।

(II) अनुशासन बोर्ड

अनुशासन बोर्ड का गठन आईसीएआई की परिषद द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 21क के अधीन किया गया है ताकि वह सदस्यों द्वारा वृत्तिक और अन्य कदाचार के ऐसे मामलों पर विचार कर सके, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की पहली अनुसूची के अंतर्गत आते हैं और/या ऐसे मामलों पर विचार करने के लिए भी जहां सदस्यों को निदेशक (अनुशासन) द्वारा प्रथमदृष्टया रूप से किसी कदाचार का दोषी नहीं पाया जाता है। अवधि के दौरान (अर्थात् 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून, 2023), अनुशासन बोर्ड ने देश के विभिन्न स्थानों पर 78 बैठकें की थी, जिसमें भौतिक/ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई बैठकें भी सम्मिलित हैं। इन बैठकों में, बोर्ड ने 98 मामलों, जिनके अंतर्गत पूर्व वर्षों में उसे निर्दिष्ट किए गए मामले भी सम्मिलित थे, में अपनी जांच पूरी की थी। ऐसे मामलों के, जिनका अनुशासन बोर्ड द्वारा विनिश्चय किया गया था, सांख्यिकी संबंधी ब्यौरे नीचे दिए गए हैं

क्रम सं.	विशिष्टियां	मामलों की सं.
क)	पूर्वोक्त अवधि के दौरान अनुशासन बोर्ड द्वारा की गई बैठकों की संख्या	78
ख)	ऐसे शिकायत/सूचना संबंधी मामलों की संख्या, जिन पर अनुशासन बोर्ड (धारा 21क के अधीन) द्वारा विचार किया गया था, जिनमें निदेशक (अनुशासन) की प्रथमदृष्टया राय	456

	तैयार की गई थी।	
ग)	ऐसे मामलों (शिकायत/सूचना संबंधी मामलों) की संख्या, जिनमें अनुशासन बोर्ड द्वारा जांच पूरी कर ली गई थी (ऐसे मामलों सहित, जिन्हें पूर्व वर्षों के दौरान अनुशासन बोर्ड को निर्दिष्ट किया गया था)	98
घ)	ऐसे मामलों (शिकायत/सूचना संबंधी मामले) की संख्या, जिनमें अनुशासन बोर्ड द्वारा दंड दिया गया था (ऐसे मामलों सहित, जिन्हें पूर्व वर्षों के दौरान अनुशासन बोर्ड को निर्दिष्ट किया गया था)	36

(III) अनुशासन समिति

अनुशासन समिति का गठन आईसीएआई की परिषद द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 21ख के अधीन किया गया है ताकि वह सदस्यों द्वारा वृत्तिक कदाचार के ऐसे मामलों पर विचार कर सके, जो केवल चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की दूसरी अनुसूची या पहली तथा दूसरी अनुसूची, दोनों के परिधि-क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। अवधि के दौरान (अर्थात् 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून, 2023), अनुशासन समिति (सभी खंडपीठों) ने 84 बैठकें की थी, जिसमें भौतिक/ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई बैठकें भी सम्मिलित हैं। पूर्वोक्त बैठकों के अनुक्रम के दौरान, समिति ने 129 मामलों में अपनी जांच पूरी की थी, जिसके अंतर्गत पूर्व वर्षों में उसे निर्दिष्ट किए गए मामले भी सम्मिलित थे। ऐसे मामलों के, जिनका अनुशासन समिति द्वारा विनिश्चय किया गया था, सांख्यिकी संबंधी ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

क्रम सं.	**विशिष्टियां**	**मामलों की सं.**
क)	पूर्वोक्त अवधि के दौरान अनुशासन समिति द्वारा की गई बैठकों की संख्या	84
ख)	ऐसे शिकायत/सूचना संबंधी मामलों की संख्या, जिन पर अनुशासन समिति (धारा 21ख के अधीन) द्वारा विचार किया गया था, जिनमें निदेशक (अनुशासन) की प्रथमदृष्टया राय तैयार की गई थी।	252
ग)	उपरोक्त में से ऐसे शिकायत/सूचना संबंधी मामलों की संख्या, जिन्हें आगे और जांच के लिए अनुशासन समिति* द्वारा निर्दिष्ट किया गया था (ऐसे मामलों सहित, जिन्हें पूर्व वर्षों के दौरान अनुशासन समिति को निर्दिष्ट किया गया था)	129
घ)	ऐसे मामलों (शिकायत/सूचना संबंधी मामले) की संख्या, जिनमें अनुशासन समिति* द्वारा दंड दिया गया था (ऐसे मामलों सहित, जिन्हें पूर्व वर्षों के दौरान अनुशासन समिति को निर्दिष्ट किया गया था)	118

(IV) धारा 21घ के अधीन अनुशासन समिति

चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 21घ के उपबंधों के अधीन कार्यरत अनुशासन समिति, 2006 में पूर्वोक्त अधिनियम में किए गए संशोधनों से पूर्व लंबित शेष मामलों के संबंध में जांच करती है और परिषद् को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

ऐसे मामले, जिन पर पुराने अनुशासन तंत्र [धारा 21घ] के अधीन कार्यवाही की गई

चूंकि, अनुशासन समिति द्वारा वर्ष 2018 में ही शेष सभी मामलों के संबंध में सुनवाई पूरी कर दी गई थी तथा उनका निपटारा कर दिया गया था, इसलिए पुनर्विलोकनाधीन अवधि के दौरान समिति की किसी बैठक का आयोजन नहीं किया गया। पूर्वोक्त अवधि के दौरान, अनुशासन समिति की कोई भी रिपोर्ट परिषद् के समक्ष विचारार्थ लंबित नहीं थी। इसके अतिरिक्त, पहली अनुसूची के अंतर्गत आने वाले कदाचार के संबंध में परिषद् द्वारा प्रत्यर्थी को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् (जिसे कि मामले में आस्थगन के कारण पूर्व में प्रदान नहीं किया जा सका था), चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 (असंशोधित) की धारा 21(4) के अधीन एक आदेश पारित किया गया है।



6. तकनीकी और वृत्तिक विकास

6.1 लेखांकन मानक बोर्ड (एएसबी)

लेखांकन मानक बोर्ड का गठन आईसीएआई द्वारा 1977 में सटीक, विश्वसनीय और उच्च स्तरीय लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली प्रदान करने तथा भारत में विविध लेखांकन नीतियों और व्यवहारों को समन्वित करने के लिये लेखा मानक विरचित करने हेतु किया गया था। एएसबी ने अपने आरंभ से ही नए लेखांकन मानक विरचित करने के साथ-साथ, समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड द्वारा जारी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों के अनुरूप मानक तैयार करने के लिए नए लेखा मानक विरचित करके इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। लगातार बढ़ते हुए जटिल कारबार पर्यावरण, परिवर्तित होती आर्थिक दशाओं और विनियामक अपेक्षाओ में लेखा मानकों के एकरूप अनुप्रयोग पर मार्गदर्शन प्रदान करने के दृष्टिकोण से एएसबी समय-समय पर विभिन्न मार्गदर्शी सामग्री भी जारी करता है। आईसीएआई, एएसबी के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अनुसार कंपनियों के लिए लेखा मानक विरचित करता है। आईसीएआई गैर-कंपनी इकाइयों के लिए भी लेखांकन मानक विरचित और जारी करता है।

लेखांकन मानक बोर्ड द्वारा रिपोर्ट के अधीन की अवधि के दौरान किए गए मुख्य कार्यकलाप निम्नानुसार हैं :

(I) वित्तीय रिपोर्टिंग मानक

- इंड एएस के संशोधन - कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के अधीन आईसीएआई द्वारा सिफारिश किए गए, एमसीए द्वारा 23 मार्च 2023 को अधिसूचित कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियम, 2022 अधिसूचित किए गए हैं।
- सीमित दायित्व भागीदारी (एलएलपी) के लिए लेखा मानकों पर राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण को सिफारिशें की गई है।
- एएसबी विद्यमान लेखा मानकों के पुनरीक्षण के लिए लगातार अपने प्रयास कर रहा है और इस संबंध में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण को प्रस्तुत एएस 108 खंड रिपोर्टिंग एंड एएस 113 फेयर वैल्यू मेजरमेंट पुनरीक्षित किया। इसके साथ एएस के पुनरीक्षित सेट के अधीन 32 मानक में से 30 मानक पूर्ण हो चुके हैं।
- इंड एएस कार्यान्वयन पहल के भाग के रूप में इंड एएस 34, अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग और इंड एएस 21, विदेशी विनिमय में परिवर्तन के प्रभाव जारी किए गए। इंड एएस पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के ऑनलाइन पाठ्यक्रम के 14 बैच भी आईसीएआई के प्लेटफार्म के डिजिटल पठन केंद्र (डीएलएच) के माध्यम से संचालित किए गए हैं।

(II) अंतर्राष्ट्रीय पहलें दीर्घकालिक भागीदारी स्थापित करना

- अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (आईएएसबी) और आईएफआरएस द्वारा जारी किए गए विभिन्न परामर्शी दस्तावेजों, (एक्सपोज़र ड्राफ्ट डिस्कशन पेपर अनंतिम कार्यसूची) निर्णयों पर टिप्पणियां प्रस्तुत करना।
- 15-16 नवंबर 2022 को 14 वार्षिक डिजीटल एओएसएसजी बैठक में भाग लेना। विभिन्न तकनीकी सत्रों पर विचार-विमर्श किया गया।
- वर्ष के दौरान उभरते हुए आर्थिक समूह (ईईजी) बैठकों, आईएफएएसएस बैठकों और विश्व मानक गठनकर्ताओं (डब्ल्यूएसएस) के सम्मेलन में आईसीएआई प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर भागीदारी की।

(III) विनियामक निकायों के साथ उत्तम संबंध बनाना :

- विनियामकों (जैसे कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक) द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न लेखांकन मुद्दों पर दष्टिकोण प्रस्तुत करना और जहाँ कहीं समुचित महसूस हो सुसंगत विनियामकों के साथ लेखांकन मुद्दों पर चर्चा करना ।

(IV) जागरूकता के सृजन के लिए विभिन्न वेबकास्ट, बेबीनार, आउटरीच बैठक संचालित करना तथा एएसबी द्वारा विरचित लेखांकन मानकों और एंड एएस पर आवश्यक जानकारी का प्रसार करना ।

(V) अन्य पहलें :

- 21 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली में लेखांकन मानक दिवस देश के विकास और जीएसटी आय-कर तथा वित्तीय विवरणों पर संपूर्ण रूप से लेखांकन मानकों और वित्तीय विवरणों के उपयोग और महत्त्व के प्रसार हेतु मनाया गया ।
- रेखांकन पहलों तथा ज्ञान प्रसार क्रियाकलापों पर नवीनतम विकास को सदस्यों के साथ साझा करने के लिए ट्विटर हैंडल आरंभ किया गया ।
- हिंदी में इंड एएस का विस्तृत संस्करण हिंदी भाषा के प्रगामी प्रयोग के लिए भारत सरकार की पहल का समर्थन करने के लिये आईसीएआई और एएसबी की वेबसाइटों पर उपलब्ध करवाया गया।
- मानकों के अन्य सुसंगत भागों के त्वरित संदर्भ के लिए हाइपरलिंक की सुविधा के साथ लेखा मानकों, भारतीय लेखा मानकों के एचटीएमएल स्पष्ट मुख्य अंतर वस्तु को नजर अंदाज किए बिना मानकों के अन्य सुसंगत उपबंधों के संदर्भ को आसान बनाने में पाठकों की सहायता के लिए बनाए गए ।
- सुसंगत लेखांकन मानकों का अनुपालन करने वाले वित्तीय विवरणों को तैयार करने के महत्त्व को दर्शाने वाले लेखांकन मानकों और वित्तीय विवरणों की भूमिका पर तथा हिंदी और अंग्रेजी में वित्तीय विवरण को कैसे पढ़ें इसके लिए छोटे वीडियो बनाए गए ।
- 18-21 नवंबर 2022 को अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस 2022 में विशेषज्ञ सलाहकार समिति के साथ संयुक्त रूप से लेखांकन मानक बोर्ड द्वारा लेखांकन पर जागरूकता का सृजन करने और ज्ञान के प्रसार के लिए मुंबई में आयोजित किया गया ।
- लेखांकन और वित्तीय विषयों को सरल बनाने के लिए शिक्षा के यंत्र के रूप में लेखांकन क्विज का सृजन किया गया, जिससे पदधारी इस पर सीख सकें और अपनी समझ को बढ़ा सकें ।
- एएसबी के सभी प्रकाशन तथा एएस और इंड एएस के वीडियो व्याख्यान डिजिटल पठन केंद्र पर अपलोड कर दिए गए हैं ।

(VI) जारी किए गए प्रकाशन

- भारतीय लेखांकन मानकों 2023 पर सार-संग्रह पुस्तक
- इंड एएस मार्गदर्शन सामग्री का ई-संस्करण
- भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) प्रकटन जांच सूची (पुनरीक्षित नवंबर 2022)
- इंड एएस एक दृष्टिकोण (2023)
- लेखांकन मानक प्रकटन जांच सूची (पुनरीक्षित अक्टूबर 2022)
- सीमित दायित्व भागीदारी के वित्तीय विवरणों पर तकनीकी गाइड
- गैर-निगम इकाइयों के वित्तीय विवरणों पर तकनीकी गाइड
- गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) के लिए लेखांकन पर तकनीकी गाइड
- इंड एएस 34 पर शैक्षणिक सामग्री, अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग
- इंड एएस़ 21 पर शैक्षणिक सामग्री, विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभाव

6.2 संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड (एएएसबी)

वित्तीय रिपोर्टिंग में जवाबदेही को मजबूत करके और भरोसा तथा विश्वास प्रदान करके लोकहित की सेवा और उसे संरक्षित करके संपरीक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । संपरीक्षा लोगों के द्वारा संव्यवहारों की विविधता, संख्या और मूल्य का वर्धन करके आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में सहायता करती है । तथापि, हाल ही के वर्षों में कारबार पर्यावरण और कारोबार प्रतिमान को तथा उनके भौगोलिक प्रसार, उनकी बढ़ती हुई जटिलता के कारण संपरीक्षा के व्यवसाय में विभिन्न पणधारियों से अपेक्षाओं में अत्यधिक वृद्धि देखी जा रही है । आईसीएआई इन अपेक्षाओं का प्रत्युत्तर देने की अतिरिक्त अत्यधिक आवश्यकता को सकारात्मक रूप से पहचानता है ।

आईसीएआई ने अपने संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड के माध्यम से संपरीक्षा, पुनर्विलोकन, अन्य आश्वासन, गुणवत्ता नियंत्रण और अन्य संबंधित सेवाओं पर उच्च गुणवत्ता मानक विकसित किए हैं । ये मानक न केवल संपरीक्षा में सर्वोत्तम व्यवहारों को संहिताबद्ध करते हैं बल्कि वहाँ बेंचमार्क भी प्रदान करते हैं, जिससे संपरीक्षकों के निष्पादन को मापा जा सकता है । बोर्ड संपरीक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान करने के प्रमुख उद्देश्य से जेनरिक के साथ-साथ उद्योग विनिर्दिष्ट मुद्दों पर भी मार्गदर्शी टिप्पण विकसित करता है । ये दस्तावेज बोर्ड की कठोर सम्यक प्रक्रिया के पश्चात् आईसीएआई की परिषद के प्राधिकार के अधीन जारी किए जाते हैं । आईसीएआई द्वारा जारी किए गए संपरीक्षा मानक अंतर्राष्ट्रीय संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड (आईएएएसबी) द्वारा जारी किए गए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ समन्वित किए जाते हैं । बोर्ड तकनीकी मार्गदर्शन, प्रैक्टिस मैनुअल, अध्ययन और अन्य पत्र भी विरचित करता है, जो सदस्यों के मार्गदर्शन के लिए इसके स्वयं के प्राधिकार के अधीन जारी किए जाते हैं, संपरीक्षा के मानकों के कार्यान्वयन में सदस्यों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए बोर्ड उन मानकों के कार्यान्वयन मार्गदर्शन भी लाता है । आज की तारीख तक सदस्यों के लिए की गई पहलें और महत्वपूर्ण उपलब्धियां का विस्तृत सिंहावलोकन, निम्नानुसार है :

(I) मंत्रालयों, विनियामकों को अभ्यावेदन/सुझाव

- बोर्ड ने कंपनी अधिनियम 2013 के अधीन उनकी अधिसूचना के लिए एनएफआरए को संपरीक्षा पर 35 मानकों पर आईसीएआई को सिफारिशें प्रस्तुत की ।
- बोर्ड ने डिजिटल लेखांकन और आश्वासन बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से सेबी को विभिन्न पोर्टल अर्थात् जीएसटी, एनडीजीएफटी, ईपीएफओ तक संपरीक्षकों को पहुंच प्रदान करने के लिए अनुरोध किया ।

(II) जारी किए गए प्रकाशन

- संपरीक्षा मानकों पर जांच सूची
- ऑडिट वर्किंग पेपर टेम्पलेट
- आमंत्रण दस्तावेजों में मुख्य निष्पादन सूचकों के प्रकटन और रिपोर्टिंग पर तकनीकी मार्गदर्शन
- कम्पनी (संपरीक्षा और संपरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11(छ) के अधीन रिपोर्टिंग पर कार्यान्वयन मार्गदर्शन
- बैंकों की संपरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पण 2023 संस्करण
- एसए 580 का कार्यान्वयन मार्गदर्शन, लिखित अभ्यावेदन
- डिजीटल आश्वासन पर तकनीकी मार्गदर्शन
- एसए 230 का कार्यान्वयन मार्गदर्शन, संपरीक्षा दस्तावेजीकरण (पुनरीक्षित 2022 संस्करण)
- कंपनी (संपरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 पर मार्गदर्शन टिप्पण (पुनरीक्षित 2022 संस्करण)

(III) सदस्यों के लिए नई पहल

- बोर्ड ने सदस्यों की जागरूकता और वृत्तिक संवर्धन के लिए संपरीक्षा मानकों, बैंक संपरीक्षा और अन्य संपरीक्षा पहलों पर विभिन्न संगोष्ठियों, कार्यशाला, वेबकास्ट, आभासी सीपीई बैठकें और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए ।

- इस वर्ष भी बोर्ड ने पूर्ववर्ती वर्षों की भांति वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बैंक शाखा संपरीक्षा के संबंध में सदस्यों के प्रश्नों के समाधान हेतु विशेषज्ञों के ऑनलाइन पैनल का गठन किया । पैनल ने 1 अप्रैल 2023 से 15 अप्रैल 2023 तक सदस्यों के प्रश्नों को सुलझाया ।
- इस वर्ष बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए संपरीक्षा पहलूओं से संबंधित कानूनी संरक्षण से संबंधित प्रश्नों के समाधान के लिए विशेषज्ञों के एक ऑनलाइन पैनल का गठन किया है । पैनल 30 सितंबर 2023 तक प्रश्नों का समाधान करेगा ।
- बोर्ड ने बौद्धिक विकास समिति के साथ संयुक्त रूप से तृतीय पक्षकार वेंडर के माध्यम से बाहरी संपुष्टियों पर एक घोषणा जारी की है ।

(IV) अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर योगदान

- अध्यक्ष एएसबी और उपाध्यक्ष एएसबी ने जून, 2023 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड - राष्ट्रीय मानक निर्धारण बैठक (आईएएएसबी-एनएसएस) में भाग लिया ।

6.3 व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति (सीएमपी)

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम 1949 के विनियामक उपबंधों के अधीन गठित एक अस्थायी समिति है, जो व्यवसायरत सीए फर्म और सदस्यों द्वारा व्यवसाय के मुद्दों और चुनौतियों का सामना करने के लिए बनाई गयी थी । इसका लक्ष्य संस्थान और चार्टर्ड अकाउंटेंट के बीच निकट संबंधों को प्रोत्साहित और संवर्धित करना है, जिससे उनकी वृत्तिक ज्ञान में वृद्धि विशेषज्ञता कौशल और सहायता के निबंधनों का आधार प्रदान किया जा सके । समिति व्यवसायरत सीए फर्मों और सदस्यों के द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में कार्य करती है और कारबार समुदाय के बीच उनकी क्षमता और दृष्टिकोण का संवर्धन करके सीए फर्मों, वृत्तिकों की क्षमता को मजबूत और विकसित करने के लिए काम करती है ।

समिति ने कौशल विकास ज्ञान प्रबंधन व्यक्तिगत वृत्तिक सुरक्षा फायदों आदि के लिए लाभकारी उत्पादों और/या सेवाओं का प्रबंधन करने के लिए विभिन्न इकाइयों के सहयोग से सदस्यों की वृत्तिक और विकास के लिये अन्य उत्पाद/सेवाएँ प्रदान करने के लिए निम्नलिखित पहलें की हैं :

(I) आईसीएआई के सदस्यों के फायदे के लिए प्रदान किए गए उत्पादों की सूची

बीमा उत्पाद

- आईसीएआई एलआईसी ग्रुप टर्म इंश्योरेंस
- न्यू इंडिया एश्योरेंस द्वारा प्रोफेशनल इंडेम्निटी इंश्योरेंस
- न्यू इंडिया एश्योरेंस द्वारा मोटर व्हीकल इंश्योरेंस
- न्यू इंडिया एश्योरेंस द्वारा हाउसहोल्डर इंश्योरेंस
- व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा
- न्यू इंडिया एश्योरेंस द्वारा ऑफिस प्रोटेक्शन शील्ड इंश्योरेंस
- न्यू इंडिया एश्योरेंस द्वारा मेडिकल इंश्योरेंस
- एचडीएफसी ग्रुप पूर्ण सुरक्षा

सॉफ्टवेयर उत्पाद

- सीए व्यवसायियों और सीए फार्मों के लिए प्रैक्टिस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर आईसीएआई के सदस्यों के लिए निशुल्क
- टैली सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस
- इंटिग्रेटेड जीआरसी प्रोडक्ट्स शूट सॉफ्टवेयर
- सिंप्लिफाइ प्रैक्टिस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर

- पैपिलियो सॉफ्टवेयर फॉर द प्रैक्टिशनर्स
- एक्सबीआरएल सॉफ्टवेयर प्रैक्टिशनर एंड सीए फर्म बाई केडीके सॉफ्टवेयर
- एंटी वायरस प्रोटेक्शन फेसिलिटी
- जीएसटी एनुअल रिटर्न सॉफ्टवेयर फ़ोर मेंबर्स इन प्रैक्टिस/ सीए फर्म बाई केडीके सॉफ्टवेयर
- ऑल इन वन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर
- एफ्फ फैक्टर सॉफ्टवेयर प्रैक्टिशनर एंड सीए फर्म
- टीडीएस सॉफ्टवेयर बाइक एड़ी के सॉफ्टवेयर
- सीओ आर डी एल प्रैक्टिस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर
- रिसर्च मैप सॉफ्टवेयर
- ऑटोमैटिक अकाउंट कन्फर्मेशन्स एंड रिकॉन्सिलिएशन सॉफ्टवेयर
- जीएसटी सॉफ्टवेयर
- जो हो अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर
- काउंट मैजिक सॉफ्टवेयर
- संपरीक्षा के लिए एनईएस एलआईयू तक पहुँच व्यवसायरत सदस्यों के लिए समिति की एक पहल
- माइक्रो विस्टा टेक्नोलॉजीज से व्यवसायरत सदस्यों के लिए एक्सबीआरएल सॉफ्टवेयर के लिए व्यवस्था
- माइक्रो विस्टा टेक्नोलॉजीज से व्यवसाय सदस्यों के लिए जीएसटी सॉफ्टवेयर की व्यवस्था
- लेखांकन सॉफ्टवेयर का क्लाउड आधारित इको सिस्टम
- व्यवसायरत सदस्यों के लिए रेजरपे टैक्स बैंकिंग पेरोल औरअन्य फाइनेंस
- प्रो 42 प्लेटफॉर्म तक पहुँच व्यवसाय सदस्यों के लिए समिति की एक पहल

प्रकाशन

- प्रकाशनों पर वाणिज्यिक विधि प्रकाशकों का कंबो ऑफर
- भारत लॉ हाउस डिस्काउंटेड प्रकाशन

ऋण सुविधाएँ

- बीओबी क्रेडिट कार्ड
- ऑनलाइन पीएसबी लोन्स (ओपीएल)
- एस बी आई द्वारा सीएलपी के अधीन चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए एसएमई फायनेंस

स्वास्थ्य सेवाएं

- ट्रू वर्थ वेलनेस द्वारा हेल्दी बेनिफिट प्लान
- आईसीएआई के सदस्यों छात्रों और कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए मैक्स हेल्थ केयर द्वारा प्रदान किए गए स्वास्थ्य देखभाल फायदे
- आईसीएआई के सदस्यों और उनके आश्रितों के लिए मेदांता द्वारा प्रदान किए गए बट्टाप्राप्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं
- आईसीएआई के सदस्यों और उनके आश्रितों के लिए डॉ लाल पैथलैब्स द्वारा बट्टाप्राप्त नैदानिक और संबंधित स्वास्थ्य देखभाल परीक्षण

वाणिज्यिक और यात्रा फायदे

1. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स से उत्पादों पर विशेष ऑफर
2. यात्रा और होटल बुकिंग पर विशेष डील

उपरोक्त व्यवस्था के ब्यौरे पर उपलब्ध है https://cmpbenefits.icai.org/

(II) क्षमता निर्माण उपाय

डिजिटल संपरीक्षा टूल्स का विकास

- आईसीएआई की सीआईआरसी, जयपुर शाखा द्वारा बिड़ला ऑडिटोरियम जयपुर में व्यवसायरत सदस्यों के लिए 20 और 21 जनवरी 2023 को समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन "श्रेयण" में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष आईसीएआई द्वारा 21 जनवरी 2023 को प्रैक्टिस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर लॉन्च किया गया।

प्रैक्टिस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर की प्रास्थिति

प्रैक्टिस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर के लिए कुल 5501 रजिस्ट्रीकरण प्राप्त हुए थे। उक्त साफ्टवेयर के प्रदेशवार उपयोक्ता निम्नानुसार हैं :

विशिष्टियां	उत्तरी क्षेत्र	पश्चिमी क्षेत्र	पूर्वी क्षेत्र	दक्षिणी क्षेत्र	मध्य क्षेत्र	योग
प्रोपराइटर	4	10	1	64	2	81
साझेदारी	671	2082	259	1223	1185	5420
योग	675	20922	260	1287	1187	5501

- संपरीक्षा विश्लेषण टूल - यह संपूर्ण डाटा के विश्लेषण के लिए एक उपयोगी टूल हैं बजाय संपरीक्षा नमूना में संलग्न रहने के कोई संपरीक्षक क्षमता निर्धारण से लेकर संपूर्ण उपसंहार तक किसी संपरीक्षा के प्रत्येक चरण में डाटा विश्लेषण का प्रयोग कर सकता है।
- संपरीक्षा दस्तावेजीकरण टूल सॉफ्टवेयर - स्वचालित प्रक्रिया करता है तथा विभिन्न संपरीक्षा क्रियाकलापों जैसे क्लाइंट एंगेजमेंट, विश्लेषण प्रक्रियाओं और लेखांकन मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने, लेखांकन को निगम विधियों, विभिन्न संपरीक्षा प्रक्रियाओं के दस्तावेज़ीकरण, रिपोर्टिंग आदि की व्यवस्था करने में संपरीक्षा को आसान बनाता है।
- ऑनलाइन डिजिटल पुस्तकालय - एक ही स्थान पर इससे संबंधित कानूनी अधिनियमों अधिसूचनाओं प्रेस विज्ञप्तियों और निर्णयों को उपलब्ध कराता है। अंतर्वस्तु डाटाबेस की पहचान किए गए विषय, जिसके अंतर्गत प्रत्यक्ष कर अंतरराष्ट्रीय कराधान माल और सेवाकर, दिवाला और शोधन अक्षमता, विधि अंतरण कीमत और निगम विधियां हैं, आईसीएआई के सदस्यों को प्रदान की जाती हैं।

(III) वर्चुअल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

- धन प्रबंधन और वित्तीय नियोजन पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम (30 संरचनात्मक सीपीई घंटे)
- वर्किंग पेपर प्रबंधन पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम (30 संरचनात्मक सीपीई घंटे)
- अपीलों की तैयारी विलेख और दस्तावेजों के प्रारूप और अपीलीय प्राधिकारियों तथा कानूनी विनियामकों को अभ्यावेदन पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (30 संरचनात्मक सीपीई घंटे)
- सीए फर्मों की नेटवर्किंग और अन्य समेकित उपायों का संवर्धन।

(IV) कार्यक्रम/संगोष्ठी/सम्मेलन/अभिविन्यास कार्यक्रम/राष्ट्रीय नेटवर्किंग शिखर सम्मेलन/नेटवर्किंग कार्यशाला

समिति ने जीएसटी और क्षमता निर्माण व्यवसाय में वर्तमान में वृद्धि, व्यवसाय को बढ़ाने और अधिकतम करने सीए व्यवसाय वृद्धि रणनीतियों नेटवर्किंग कनेक्ट शेयर एंड ग्रो घरेलू अंतर्राष्ट्रीय कॉर्पोरेट व्यवसाय के रूप सीए कनेक्ट आदि सनराइज एरिया आफ प्रैक्टिस जीएसटी/आईबीसी/मूल्यांकन/अपराध शास्त्र/सरकारी लेखांकन/आंतरिक संपरीक्षा/केपीओ/सहकारी समितियों प्रणाली संपरीक्षा/ न्यूनतम फीस सिफारिशों/नई नैतिक संहिता के अनुसार फीस, निविदा मार्गदर्शन निविदा मॉनिटरी समूह की भूमिका, लागत सीट आदि, फर्म की क्षमता, निर्माण संहिता, फार्म टू स्मार्ट

फर्म और पैनल चर्चा युवा व्यवसायरत सदस्यों, महिला व्यवसायरत सदस्यों, माध्यमिक व्यवसायिक सदस्यों, बड़ी फर्मों की भागीदारी वरिष्ठ व्यवसाय सदस्यों आदि पर विभिन्न कार्यशालाएं/कार्यक्रम/सम्मेलन/ संगोष्ठी/अभिविन्यास/कार्यक्रम राष्ट्रीय नेटवर्किंग शिखर सम्मेलन वीसीएम/बेबीनार आयोजित किए।

6.4 सतत् वृत्तिक शिक्षा समिति (सीपीईसी)

आईसीएआई अपनी सतत वृत्तिक शिक्षा समिति के माध्यम से अपने सदस्यों को चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए समकालीन ज्ञान और कौशल अर्जित करने में उन्हें समर्थ बनाने की उभरती हुई आवश्यकता के प्रति और वृत्तिक जागरूकता से अद्यतन रहकर अवसर प्रदान करने के लिए सदैव सक्रिय रहा है।

(I) सीपीई समिति की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ और नवीनतम पहलें

- **कैलेंडर वर्ष के आधार पर सदस्यों द्वारा सीपीई घंटों को पूरा करना**

सदस्यों से सीपीईसी घंटे अपेक्षाओं के अनुसार वर्ष 2023 से कैलेंडर वर्ष की आधार पर सीपीई घंटे अपेक्षाओं को पूर्ण करना अपेक्षित है। कैलेंडर वर्ष 2023 से तीन वर्ष की ब्लॉक/रोलिंग अवधि संकल्पना को हटा दिया गया है।

- **कैलेंडर वर्ष 2023 से पुनरीक्षत सीपीई घंटे अपेक्षाएं**

वैश्विक अपेक्षाओं और व्यवसायों के समकालीन कैलेंडर वर्ष 2023 से लागू सदस्यों के विभिन्न प्रवर्गों के लिए सीपीईसी क्रेडिट घंटा अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं :

सदस्यों का प्रवर्ग	सीपीई घंटों संबंधी अपेक्षा
(60 वर्ष से कम आयु के) सदस्य, जिनके पास व्यवसाय का प्रमाणपत्र है (उन सभी सदस्यों को छोड़कर, जो विदेश में रह रहे हैं)	क. प्रत्येक कलैंडर वर्ष में कम से कम 40 सीपीई क्रेडिट घंटे पूर्ण करना। ख. कलैंडर वर्ष के दौरान संरचनात्मक अधिगम के कम से कम 20 सीपीई क्रेडिट घंटे पूर्ण करना। ग. बकाया 20 सीपीई क्रेडिट घंटे या तो संरचित या असंरचित अधिगम के माध्यम से पूर्ण किए जा सकते हैं (सदस्य के विकल्प के अनुसार)
(60 वर्ष या अधिक आयु) के सदस्य, जिनके पास व्यवसाय का प्रमाणपत्र है।	क. कलैंडर वर्ष के दौरान संरचित या असंरचित अधिगम के कम से कम 30 सीपीई क्रेडिट घंटे पूर्ण करना (सदस्य के विकल्प के अनुसार)
(60 वर्ष से कम आयु के) सदस्य, जिनके पास व्यवसाय का प्रमाणपत्र नहीं है, और सभी सदस्य, जो विदेश में निवास कर रहे हैं (चाहे व्यवसाय का प्रमाणपत्र रखते हों या नहीं)	क. कलैंडर वर्ष के दौरान संरचित या असंरचित अधिगम के कम से कम 20 सीपीई क्रेडिट घंटे पूर्ण करना (सदस्य के विकल्प के अनुसार)

- **सीईसी एलईए समिति के साथ संयुक्त रूप से सीपीई द्वारा संकाय डाटाबेस के विकास के लिए ट्रेन द ट्रेनर (टीटीटी) कार्यक्रम**

  सीपीई समिति ने सीईसी एलईए के साथ संयुक्त रूप से में प्रशिक्षित संकाय और वक्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से समिति के कार्यक्रमों में गुणवत्ता शिक्षण प्रदान करने के लिए संकाय को प्रशिक्षित करने के लिए ऑनलाइन/ऑफलाइन ढंग से अखिल भारतीय आधार पर ट्रेन ट्रेनर कार्यक्रम आयोजित किया है। 11 टीटीटी पिछले परिषद वर्ष के दौरान आयोजित किए गए हैं।

- **आजादी का अमृत महोत्सव के अधीन कार्यक्रम (एकेएएम)**

  भारत सरकार द्वारा यथा नियोजित देश व्यापी आजादी का अमृत महोत्सव, भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों को स्मरण और इसके गौरवशाली इतिहास और प्रगतिशील वृद्धि दर का उत्सव मनाने के लिए आरंभ किया गया। आईसीएआई ने राष्ट्र निर्माण में भागीदार के रूप में अपने विभिन्न सीपीई पीओयू के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन/आफलाइन पद्धति से विभिन्न सीपीई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

- **इन हाउस एग्जीक्यूटिव विकास कार्यक्रम (आईएचईडीपी)**

  सीपीई समिति पीएसयू सरकारी कंपनियों, राष्ट्रीय बैंको और बीमा कंपनियों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में भी लगी हुई है । ये सब लेखांकन और अन्य सहबद्ध क्षेत्रों जैसे निगम विधियों, कारबार और आर्थिक विधियों, वित्तीय प्रबंधन तथा विश्लेषण, निगम विधियों में अनुपालन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, निर्यात उपबंधों पर पूर्ण जानकारी, लेखांकन, संपरीक्षा, कराधान आदि से संबंधित विभिन्न विषयों पर उनके कर्मचारियों के लिए इन हाउस एग्जीक्यूटिव विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए इन संगठनों को प्रस्ताव भेजे गए ।

(II) सदस्यों तथा सीपीई कार्यक्रम आयोजक इकाइयों के लिए सीपीई समिति द्वारा की गई आईटी पहलें

- **सीपीई पोर्टल को और अधिक उपयोक्ता तथा प्रौद्योगिकी मित्र बनाने के लिए उसका संपूर्ण स्वचालन तथा मोबाइल एप्लीकेशन का विकास**

  सीपीई पोर्टल सदस्यों को संरचनात्मक और असंरचनात्मक सीपीई घंटों को अनुदत्त करने के लिए आईसीएआई के सीपीईसी के संपूर्ण तंत्र का प्रबंधन करता है । उत्कृष्टता के प्रयास में सीपीई समिति ईपीई क्रियाकलापों में आईटी टूल्स के एकीकरण पर मुख्य रूप से ध्यान दे रही है, जिसके अंतर्गत सीपीई पोर्टल का पुनः अभिकल्पन/नवीनीकरण पोर्टल में एकल साइन इन सुविधा तथा उपस्थिति प्रणाली की सुधरी हुई मॉनीटरिंग भी है । सीपीई पोर्टल वृत्ति से संबंधित नवीनतम विकास के संबंध में सूचना प्रदान करने तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए विभिन्न आईसीएआई संबंधी पहलों का समर्थन करने के लिए ज्ञान के केंद्र का विकास करने के लिए है ।

- **सीपीई अनुमोदन क्रियाविधि का संवर्धन**

  सतत शिक्षा कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए तथा उनकी उचित मॉनीटरिंग कार्यक्रमों की संरचना, विषयों के चयन, संकाय आदि सीपीई प्रणाली के और सुधार के लिए सीपीई समिति एक उत्कृष्ट सीपीई पोर्टल का विकास करने की प्रक्रिया में है, जो सीपीई कार्यक्रम का उनके संगठन और उपस्थिति के संबंध में बेहतर मॉनीटरी और सुधरी हुई नियंत्रण प्रणाली पर ज़ोर देगी । सीपीईसी ने सीपीई कार्यक्रम को और अन्य सीपीई पीओयू द्वारा सीपीई संबंधित अनुपालनों के अनुवीक्षण और व्यवस्था को विनियमित करने के लिए कठोर विनियामक प्रणाली को अंगीकार किया है ।

- **सुधरी हुई संकाय फीडबैक या पुनर्विलोकन प्रणाली**

  सीपीई पठन और प्रदाय तंत्र के निबंधनानुसार सीपीई कार्यक्रमों की क्वालिटी में अभिवृद्धि करने के लिए सीपीईसी उत्तम संकायों के विकास और उनके स्वयं के पुनर्विलोकन प्रणाली को स्थापित करने का लक्ष्य रखती है । वर्तमान में, संकाय की प्रतिक्रिया/पुनर्विलोकन, सीपीई कार्यक्रम, सेशन पीपीटी या संकाय के प्रोफाइल को अपलोड किए जाने के विकल्प, यूहीं चयन द्वारा सदस्यों के पठन की क्वालिटी जांच और पोर्टल में प्रतिक्रिया के संबंध में उपस्थिति प्राप्त करने के लिए आज्ञापक बन गया है ।

(III) राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए पहलें

- **सदस्यों के साथ जुड़ना :**

  आईसीएआई की सीपीई समिति का 658 सीपीई पीओयू का एक सुदृढ़ नेटवर्क आधार है जो सीपीई कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पूरे भारत वर्ष और विदेशों में फैला है और साथ ही वह मुफसिल सदस्यों/दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले सदस्यों को सीपीई क्रियाकलाप करने में भी सहायता करते हैं । आईसीएआई की सीपीई समिति द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया है कि भारत के सभी राज्यों/जिलों/ तहसीलों में देश के दूरदराज के क्षेत्रों में निवास करने वाले आईसीएआई के सभी सदस्यों की सुविधा के लिए 5600 से अधिक पीओयू को खोला जाए । ज्ञान के बेहतर प्रचार-प्रसार और आईसीएआई के प्रत्येक सदस्य तक पहुंच बनाने के लिए समिति सदस्यों से यह अनुरोध कर रही है कि वे मिलकर एकसाथ आएं तथा नए सीपीई पीओयू को खोलने के लिए स्वैच्छिक योगदान दें और साथ ही ऐसे क्षेत्रों की भी पहचान करें जहां सीपई पीओयू (सीपीई अध्ययन सर्कल, सीपीई अध्ययन चैप्टर और सीपीई अध्ययन समूहों) को खोला जा सकेगा ।

- **ज्ञान का प्रसार**

  संगोष्ठियां/वेबीनार/कार्यशालाएं/आरआरसी

- सतत पठन को जारी रखने और सदस्यों के ज्ञान को अद्यतन बनाने के लिए सीपीई समिति नियमित आधार पर पारंपरिक और गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन करती है । तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने के अतिरिक्त समिति अपना ध्यान सदस्यों के लोक वक्ता संबंधी कौशलों में अभिवृद्धि करने पर भी केंद्रित कर रही है और साथ ही उन्हें एक प्रबुद्ध नेता बनने हेतु परामर्श भी प्रदान करती है । आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निम्नलिखित विषयों से संबंधित होते हैं :
  - विभिन्न तकनीकी और समवर्ती वृत्तिक विषयों पर सिद्धांत और अभ्यास के संबंध में ज्ञान का प्रसार ।
  - वृत्ति के विविध क्षेत्रों में सदस्यों की भूमिका में अभिवृद्धि करना ।
  - सदस्यों को नेटवर्किंग संबंधी अवसर उपलब्ध कराना ।

  परामर्शी कार्यक्रम

  समिति ने सदस्यों को गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में शिक्षित करने के लिए परामर्शी कार्यक्रमों का आयोजन किया है ताकि वे वैश्विक व्यवसायी, सफल सीएफओ और सीईओ बनने में समर्थ हो सकें । ये कार्यक्रम छात्रों को भी शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं । पिछले परिषद् वर्ष में 12 परामर्शी कार्यक्रमों का भौतिक रूप से और 7 परामर्शी कार्यक्रमों का वर्चुअल पद्धति से आयोजन किया गया था ।

  निम्नलिखित के साथ परस्पर क्रियाशील बैठकें :
  - **संकाय/मोडरेटर**
  - **प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा आईसीएआई के सभी प्रदेशों के सीपीई अध्ययन सर्कल/चैप्टर/समूह के संयोजक और उप संयोजक**

    समिति ने पठन का संवर्धन करने तथा अध्यापन कौशलों तथा साफ्ट कौशलों में सुधार करने के उद्देश्य से ज्ञान और विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए संकाय/मोडरेटर के साथ परस्पर क्रियाशील बैठकों का आयोजन किया था । सीपीई समिति ने प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा आईसीएआई के सभी प्रदेशों के सीपीई अध्ययन सर्कल, सीपीई अध्ययन चैप्टर और सीपीई अध्ययन समूह के संयोजक और उप संयोजक के साथ भी विभिन्न क्रियाशील बैठकों का आयोजन किया है । इन बैठकों का आनलाइन पद्धति से प्रदेशवार आयोजन किया गया, जिनमें सतत वृत्तिक विकास समितियों और कार्यक्रमों के संबंध में और अधिक सुधार करने के लिए सुझाव मांगे गए, जिससे उन्हें सीपीई समितियों की विभिन्न नीतियों और पहलों के संबंध में शिक्षित किया जा सके और साथ ही सीपीई कार्यक्रमों आदि के संवर्धन के लिए सीपीई पीओयू की प्रत्याशाओं के संबंध में समझ बनाई जा सके/उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त की जा सके ।

    सीपीई समिति ने सदस्यों के साथ 14 परस्पर क्रियाशील बैठकों का आयोजन किया था। इसके अतिरिक्त, इन आनलाइन परस्पर क्रियाशील बैठकों के दौरान सदस्यों से प्राप्त सुझावों के आधार पर सीपीई समिति ने पहली बार आईसीएआई के सभी प्रदेशों के सीपीई अध्ययन सर्कल, सीपीई अध्ययन चैप्टर और सीपीई अध्ययन समूह के संयोजक और उप संयोजक तथा आईसीएआई के पश्चिमी क्षेत्र के अध्ययन सर्कलों और सीएमआईबी (उद्योग में लगे सदस्य संबंधी समिति) के साथ भी भौतिक पद्धति से विभिन्न क्रियाशील बैठकों का आयोजन किया है ।

- **सीपीई बुलेटिन :**

  समिति ने, अपने सदस्यों के बीच सीपीई घंटों के अनुपालन के क्षेत्र में तथा अन्य विनिश्चयों के माध्यम से हुई हाल ही की घटनाओं के संबंध में जागरुकता का सृजन करने तथा समिति की पहलों को उपदर्शित करने और अपने कार्यक्रमों के ब्यौरों को साझा करने के लिए एक ई-न्यूज लैटर को जारी किया है, जिसे संस्थान की वेबसाइट के सीपीई पृष्ठ पर रखा गया है और साथ ही उसे सीपीई पोर्टल पर https://www.icai.org/post/e-newsletter-of-the-continuing-professional-education-committee लिंक पर रखा गया है ।

(IV) सीपीई समिति द्वारा प्रत्यक्ष रूप से किए गए प्रमुख आयोजन

- आनलाइन सीपीई पठन आयोजन – सीपीई समिति असंरचित सीपीई घंटें प्रदान करने के लिए सदस्यों के पठन और उन्नयन हेतु नियमित और सतत रूप से आनलाइन सीपीई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है ।
- राष्ट्रीय सम्मेलन – जीएसटी और आचार-संहिता, ज्ञान का अमृत महोत्सव, अभ्युदय अभिनव : स्वप्न, हिम्मत करें, प्रदाय करें, प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता के लिए, विवेचना, भविष्य के लिए खोज आदि विषयों पर 8 राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया गया ।

(V) सदस्य शिक्षा और सक्षमता निर्माण

- सीपीई समिति द्वारा प्रत्यक्ष रूप से आयोजित सीपीई कार्यक्रम – सदस्यों को सशक्त करने तथा विविध क्षेत्रों में उनके पठन में अभिवृद्धि करने तथा उनके द्वारा प्रस्थापित कौशल सेटों को बढ़ावा देने के लिए 176 भौतिक और वर्चुअल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था ।
- समिति के पीओयू द्वारा आयोजित सीपीई कार्यक्रम – समिति के पीओयू द्वारा 8801 सीपीई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।
- सदस्यों के फायदे के लिए सीपीई कार्यक्रम – आईसीएआई के सीपीई कार्यक्रम आयोजक यूनिटों द्वारा वृत्तिक हित के विभिन्न विषयों पर पूरे देश भर में सदस्यों के लिए 8801 सीपीई कार्यक्रमों (जिनके अंतर्गत 6006 सीपीई कार्यक्रमों का भौतिक पद्धति से आयोजन किया जाना भी है) का आयोजन किया गया ।
- पुनश्चर्या पाठ्यक्रम – केंद्रीय समितियों/बोर्ड द्वारा विभिन्न विषयों, अर्थात् जीएसटी, फेमा, लेखांकन मानक, आय-कर अपील कार्यवाहियों, समुन्नत एक्सेल और डाटा डैशबोर्ड, डाटा/न्यायालयिक विश्लेषण, सीएएटी उपकरणों का उपयोग करते हुए, एसएपी परिस्थितियों में प्रौद्योगिकी संपरीक्षा, आईएसए और डाटा विश्लेषण के संबंध में प्रैक्टिकल गाइड और माइक्रोसाफ्ट एक्सेल पावर और पावर बीआई के साथ अभिकल्पना आदि के संबंध में 80 पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया ।
- राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण आयोजन – 933 राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम और अन्य महत्वपूर्ण आयोजन किए गए थे ।

(VI) समाज का समर्थन – राष्ट्र के लिए प्रतिबद्धता

आईसीएआई ने 3146 अन्य सीपीई कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनके माध्यम से सरकार की जीएसटी और जीएसटी संपरीक्षा, एमएसएमई, भारत में कारबार करने की सुगमता, स्टार्ट-अप, संपरीक्षा मानकों, चेहरा विहीन निर्धारण आदि के क्षेत्र में की जाने वाली पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए देश के विभिन्न भागों में अपने सीपीई कार्यक्रम आयोजक यूनिटों के सुदृढ़ नेटवर्क के माध्यम से समर्थन किया गया था ।

6.5 निगम विधियां और निगम शासन संबंधी समिति (सीएलएंडसीजीसी)

निगम विधियां और निगम शासन संबंधी समिति (सीएलएंडसीजीसी) सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों के माध्यम से वृत्ति के सशक्तिकरण और एक निष्पक्ष निगम व्यवस्था का संवर्धन करने का प्रयास करती है । सरकार के साथ सहयोग करते हुए, समिति सक्रिय रूप से कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ परस्पर संवाद करते हुए विनियामक ढांचे को सुदृढ़ करती है तथा कंपनी अधिनियम, 2013 से संबंधित विषयों पर नियमित अभ्यावेदन तथा सुझाव भी उपलब्ध कराती है । ज्ञान के वर्धन पर ध्यान केंद्रित करते हुए समिति यह सुनिश्चित करती है कि उसके सदस्य निगम विधियों के संबंध में सदैव अद्यतन जानकारी से लैस हों, जिससे उन्हें सफलतापूर्वक निगम शासन के क्षेत्र में सदैव विकासशील परिदृश्य में स्वयं को स्थापित करने में समर्थ बनाया जा सके ।

महत्वपूर्ण उपलब्धियां और पहलें

(I) वर्ष 2022-23 (अप्रैल, 2022 से जून, 2023) के दौरान एमसीए/सेबी को अभ्यावेदन/सुझाव/सिफारिशें

समिति कंपनी अधिनियम, 2013 के सुचारु कार्यान्वयन के लिए नियमित रूप से कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ परस्पर क्रियाएं करती हैं । समिति ने कारपोरेट कार्य मंत्रालय को निम्नलिखित अभ्यावेदन/इनपुट/राय/सुझाव प्रस्तुत किए ।

अभ्यावेदन

- कंपनी (लेखा) नियम, 2014 और कंपनी (संपरीक्षा और संपरीक्षक) नियम, 2014 के उपबंधों में विसंगतियों के संबंध में अभ्यावेदन।
- अपलिखित कंपनियों और एलएलपी की डाटा अपेक्षाओं के संबंध में अभ्यावेदन।
- एमसीए के केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र संबंधी क्रियाकलापों के लिए 150 चार्टर्ड अकाउंटेंट उपलब्ध कराए जाने के संबंध में प्रस्ताव।
- स्वतंत्र निदेशकों और महिला निदेशकों की अपेक्षाओं का विश्लेषण करने तथा अनुपालनों को सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों की डाटा अपेक्षाओं के संबंध में अभ्यावेदन।
- अपलिखित कंपनियों की डाटा अपेक्षाओं के संबंध में अभ्यावेदन।
- आईएफएससी कंपनियों में भारतीय रुपए के बजाए विदेशी मुद्रा में रिपोर्टिंग अपेक्षाओं का शिथिलीकरण।
- आईसीएआई द्वारा राष्ट्रीय भू-संपदा विकास परिषद् (एनएआरई डीसीओ) से, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123(2) के अधीन वितरण के लिए लाभांश की संगणना की पद्धति में विसंगति और आरईआईटी विनियम, 2016 के संबंध में प्राप्त पत्र के संबंध में सुझाव।
- कंपनी विधि समिति की रिपोर्ट के संबंध में आईसीएआई के सुझाव/सिफारिशें।
- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 128 के अनुसार सर्वर को भारत में रखे जाने तथा अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के संबंध में सुझाव।
- कारपोरेट कार्य मंत्रालय को खंडों में वायुयान स्वामित्व दिशानिर्देशों के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए गए।

(II) वर्ष 2021-22 के दौरान विभिन्न समितियों और समूहों की सदस्यता

- आईसीएआई, कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन कार्य को सरल बनाने हेतु कार्य समिति का सदस्य है।
- आईसीएआई, कंपनी अधिनियम, 2013 को सरल बनाने से संबंधित सुझावों के परीक्षण के लिए उप समूह (2) का सदस्य है।
- आईसीएआई राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कारों की स्टेयरिंग समिति का एक सदस्य है।
- आईसीएआई सामाजिक उत्तरदायित्व अनुभागीय समिति, एमएसडी-10, जो भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा गठित प्रबंध और प्रणाली प्रभाव परिषद् (एमएसडीसी) के अधीन है, का सदस्य है।
- आईसीएआई, निगम शासन संबंधी राष्ट्रीय फाउंडेशन की शासी परिषद् (एनएफसीजी) का एक पदेन सदस्य है।
- आईसीएआई, आईसीएसआई के अनुसचिवीय मानकों के विशेषज्ञ समूह का एक सदस्य है।

(III) कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय को एमसीए 21 वी3 पोर्टल के सहज अंतरण तथा कार्यकरण में समर्थन प्रदान करना।

वर्ष 2022-23 के दौरान सीएलएंडसीजीसी के लिए एमसीए की वी3 परियोजना के आरंभ को समर्थन प्रदान करना एक महत्वपूर्ण पहल रही है। यह अपनी तरह की ऐसी सहबद्धता है, जहां आईसीएआई सहज अंतरण को समर्थ बनाने के लिए दैनिक आधार पर निकटवर्ती रूप से एमसीए के साथ कार्य कर रहा है। वी3 वर्जन को शासन अपेक्षाओं के निबंधनानुसार तथा समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण रूप से समुन्नत किया गया है। वर्जन 3 का कार्यान्वयन एक बड़े स्तर पर किए जाने वाला एक महत्वपूर्ण कारबार प्रक्रिया परिवर्तन है और इसके कारण, इसके कार्यान्वयन में कतिपय चुनौतियां सम्मिलित हैं, जिनका प्रभावी रूप से समाधान किया जाना अपेक्षित है। इस संबंध में निम्नलिखित उपाय किए जा चुके है/रहे हैं :

- **उपयोक्ता की स्वीकार्यता संबंधी परीक्षण (यूएटी)**
    - प्ररूपों का कड़ा उपयोक्ता की स्वीकार्यता संबंधी परीक्षण, जहां कंपनी प्ररूपों में अंतर्वलित मुद्दों को दैनिक आधार पर एमसीए/एलटीआई को सूचित किया जाता है।
    - एक गूगल लिंक स्थापित किया गया है, जहां दैनिक आधार पर मुद्दों को लॉगिन किया जाता है।

- अद्वितीय मुद्दों की पहचान और उन्हें अद्यतन करना ।
- मुद्दों के समाधान के लिए दोषपूर्ण एक्ससेल को दैनिक आधार पर प्रस्तुत किया जाता है ।
- रिपोर्ट किए गए मुद्दों की प्रास्थिति जांच ।
- यूएटी में सफलतापूर्वक परीक्षण किए गए कुल प्ररूपों संबंधी साप्ताहिक प्रस्तुतिकरण और मुख्य सुझाव ।

- **एलएलपी प्ररूप फाइल करने / कंपनी प्ररूप फाइल करने के लिए एमसीए 21 वर्जन 3 पोर्टल के संबंध में एमसीए के साथ पुनर्विलोकन बैठक**

  सचिव, संयुक्त सचिव, एमसीए के साथ एलएलपी प्ररूप फाइल करने / कंपनी प्ररूप फाइल करने के लिए एमसीए 21 वर्जन 3 पोर्टल के सुचारु कार्यान्वयन को समर्थ बनाने के लिए आगे की जाने वाली प्रगति/क्रियाकलापों के संबंध में विचार-विमर्श करने और साथ ही उनके सम्यक् अनुपालन के लिए फाइल किए जाने की प्रक्रिया को त्वरित बनाने के लिए साप्ताहिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है । ऐसी बैठकों में साधारण रूप से संयुक्त सचिव, एमसीए, अध्यक्ष, सीएलएंडसीजीसी और उपाध्यक्ष, सीएलएंडसीजीसी भाग लेते हैं ।

- **सदस्यों के सामने आने वाले मुद्दों का समाधान**

  पणधारियों के साथ परामर्शी बैठक

  माननीय वित्त और कारपोरेट कार्य मंत्री तथा सचिव, एमसीए के स्पष्ट निदेशों के अधीन जून, 2023 में पूरे भारत वर्ष में विभिन्न नगरों में पणधारी परामर्शी बैठकों का आयोजन किया गया था । इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य पणधारियों के समक्ष एमसीए 21 वर्जन 3 के संबंध में आने वाली चुनौतियों के संबंध में बातचीत के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराना और उनके लिए उपयुक्त समाधानों को खोजना था । पणधारी परामर्शी बैठकें, पणधारियों के लिए एक ऐसे महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरी जहां वे सक्रिय रूप से आवश्यक विषयों पर परिचर्चा कर सकते हैं तथा उनके संबंध में अपनी मूल्यवान अंत:दृष्टि उपलब्ध करा सकते हैं । इन बैठकों में पणधारियों के साथ प्रत्यक्ष, व्यक्तिगत परस्पर क्रियाएं करना सम्मिलित है, जिससे एमसीए और आईसीएआई के दल को सामने आने वाली चुनौतियों के संबंध में व्यापक समझ बनाने में सहायता प्राप्त होती है । आईसीएआई ने सरकार का विभिन्न अवस्थानों पर स्थिति आईसीएआई के परिसरों में इन पणधारियों की बैठकों का आयोजन करने में समर्थन किया है, उल्लेखनीय रूप से इन बैठकों में 1800 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया । अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सीएलएंडसीजीसी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में सीएलएंडसीजीसी के दल ने एमसीए 21 वर्जन 3 पोर्टल पर पणधारियों के सामने आने वाले मुद्दों को समाधान हेतु एमसीए के सामने रखने का कार्य किया ।

- **ओपन हाऊस/हेल्पलाइन/चैट कक्ष**

  समिति लॉगिन के संबंध में मुद्दों का सामना करने वाले सदस्यों, एलएलपी, कंपनी प्ररूपों, निगमन 1 और निगमन 2 के संबंध में पृथक् हेल्पलाइनों और ओपन हाऊस परिचर्चाओं का संचालन कर रही है । ये हेल्पलाइनें 23 सितंबर,2022 से सोमवार से आरंभ की गई और वे शुक्रवार तक कार्य करती हैं ।

  एलएलपी, कंपनी और लॉगिन से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए गूगल लिंक/समर्पित मेल आईडी

  एक समर्पित गूगल लिंक को स्थापित किया गया है, जहां प्राप्त हुई कॉल संबंधी प्रतिक्रियाओं पर आधारित उपयोक्ताओं के साधारण और विनिर्दिष्ट मुद्दों के संबंध में विचार-विमर्श किया जाता है और जहां सदस्य और उपयोक्ता अपनी-अपनी शिकायतों को लॉगिन कर सकते हैं । इस संबंध में समर्पित ईमेल आईडी तथा गगूल लिंक पर बड़ी संख्या में शंकाएं समाधान हेतु प्राप्त हुई हैं । आईसीएआई के दल ने सदस्यों की शंकाओं को समझने के लिए ऐसे सदस्यों को कॉल किया और उन्हें समाधान हेतु आगे बढ़ाया । मुद्दों पर पूर्विकता से कार्य करने तथा उनका समाधान उपलब्ध कराने के लिए एमसीए/एलटीआई के साथ दैनिक आधार पर बैठकें की गई ।

- **आईसीएआई के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पणधारियों के साथ बैठकें**

शाखाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा तत्कालीन अध्यक्ष, आईसीएआई और संयुक्त सचिव, एमसीए के साथ बैठक

शाखाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें तत्कालीन अध्यक्ष, आईसीएआई और संयुक्त सचिव, एमसीए ने एलएलपी फाइलिंग हेतु एमसीए 21 वर्जन 3 पोर्टल के सुचारु कार्यान्वयन को समर्थ बनाने के लिए निर्वाचित शाखा प्रतिनिधियों के साथ परस्पर क्रियाएं की और इस बात पर भी परिचर्चा की गई कि समय-सीमाओं के अनुपालन के लिए फाइलिंग की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ।

एलएलपी फाइलिंग हेतु एमसीए 21 वर्जन 3 पोर्टल के संबंध में जागरुकता का सृजन करने के लिए प्रशिक्षक को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

एलएलपी फाइलिंग हेतु एमसीए 21 वर्जन 3 पोर्टल के संबंध में जागरुकता का सृजन करने के लिए वृत्तिक प्रशिक्षकों के एक बड़े आधार का सृजन करने के उद्देश्य से समिति ने सदस्यों को गूगल प्ररूप के साथ बड़ी संख्या में मेल भेजी, जिसके माध्यम से सदस्यों से यह अनुरोध किया गया कि वे प्रशिक्षक को प्रशिक्षण दिए जाने संबंधी समारोह के लिए अपनी सहमति दें । उक्त आयोजन के लिए बड़ी संख्या में सदस्यों ने अपनी इच्छा को व्यक्त किया । उक्त आयोजन में अध्यक्ष, सीएलएंडसीजीसी द्वारा एक प्रस्तुतिकरण किया गया । प्रशिक्षकों के एक पूल को विकसित किया गया, जो सदस्यों को एमसीए 21 पोर्टल के नए वर्जन के संबंध में आगे और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समय निकालने में समर्थ थे । सूचीबद्ध प्रशिक्षकों के ब्यौरों को आईसीएआई की शाखाओं में परिचालित किया गया और उन्हें आधारिक मुद्दों का समाधान करने और सदस्यों के बीच और अधिक जागरुकता का सृजन करने के लिए वी 3 पोर्टल के संबंध में सत्रों का संचालन करने हेतु आमंत्रित किया गया ।

एमसीए 21 वी 3 पोर्टल के संबंध में आईसीएआई की प्रादेशिक परिषदों के अध्यक्षों की अध्यक्ष, सीएलएंडसीजीसी के साथ बैठक

आईसीएआई की प्रादेशिक परिषदों के अध्यक्षों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था ताकि उन्हें इस संबंध में जागरुक बनाया जा सके कि आईसीएआई भी वी 3 पोर्टल पर विद्यमान विभिन्न प्ररूपों को समझने का प्रयास कर रहा है और इसके अतिरिक्त, इस विषय में सहायता करने के लिए उन्हें यह अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सदस्यों को यह जानकारी प्रदान करें कि आईसीएआई ने एक गूगल प्ररूप लिंक स्थापित किया है जहां सदस्य ऐसे "किसी मुद्दे" के संबंध में रिपोर्ट कर सकते हैं, जो उस समय उनके सामने आते हैं जब वे एलएलपी प्ररूपों तक पहुंच बनाने का प्रयास करते है और उनका उपयोग करते हैं ।

(IV) कंपनी (लेखा) नियम, 2014 और कंपनी (संपरीक्षा और संपरीक्षक) नियम, 2014 के उपबंधों में विसंगति के संबंध में अभ्यावेदन

समिति ने एक अभ्यावेदन के माध्यम से एमसीए से यह अनुरोध किया है कि वह कंपनी (संपरीक्षा और संपरीक्षक) नियम, 2014 में हुए संशोधन के परिणामस्वरूप 1 अप्रैल, 2023 को या उसके पश्चात् आरंभ होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए संपरीक्षकों को नियम 11(छ) के लागू होने के संबंध में एक स्पष्टीकरण जारी करे ।

(V) कंपनियों की स्वतंत्र निदेशकों और महिला निदेशकों संबंधी अपेक्षाओं का विश्लेषण करने और अनुपालन में समर्थ बनाने के लिए डाटा अपेक्षाओं के संबंध में अभ्यावेदन

यह सुनिश्चित करने में एमसीए की सहायता करने के लिए कि कंपनियां, कंपनी अधिनियम, 2013 के स्वतंत्र निदेशकों और महिला निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित उपबंधों का अनुपालन कर रही हैं, समिति ने एमसीए को यह अनुरोध करते हुए एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था कि ऐसे अस्तित्वों की कुल सूची उपलब्ध कराई जाए, जिनसे ऐसी अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है ।

(VI) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर (पीपीई) तथा अमूर्त आस्तियों के लिए रजिस्टर बनाए रखने के लिए प्ररूप को विकसित करना

समिति को कारपोरेट कार्य मंत्रालय से एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसके माध्यम से यह अनुरोध किया गया था कि कंपनियों द्वारा नियत आस्तियों या पीपीई (संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर) रजिस्टर बनाए रखने के लिए प्रक्रियाओं के मानकीकरण के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के संशोधनों के संबंध में सुझाव प्रस्तुत करे । समिति ने इस मामले पर

विचार-विमर्श किया और अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, सीएलएंडसीजीसी के परामर्श से रजिस्टर के लिए एक प्रारूप तैयार किया । कंपनियों द्वारा नियत आस्तियों या पीपीई (संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर) रजिस्टर बनाए रखने के लिए प्रक्रियाओं के मानकीकरण के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के संशोधनों के संबंध में सुझावों को आगे और कार्रवाई हेतु कारपोरेट कार्य मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाएगा ।

(VII) कंपनी विधि समिति की रिपोर्ट के संबंध में आईसीएआई के सुझावों/सिफारिशों को एमसीए को प्रस्तुत किया जाना

कंपनी विधि समिति, जिसका गठन कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा किया गया था, ने 12 अप्रैल, 2022 को अपनी रिपोर्ट जारी की थी, जिसके संबंध में 6 मई, 2022 तक सुझावों को आमंत्रित किया गया था । इस रिपोर्ट पर एएएसबी की संयुक्त बैठक में विचार किया गया था और उसके आधार पर कंपनी विधि समिति की रिपोर्ट के संबंध में आईसीएआई के सुझावों/सिफारिशों को एमसीए को प्रस्तुत किया गया था ।

(VIII) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 128 के संबंध में एक अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन को एमसीए को प्रस्तुत किया जाना

एमसीए ने यह वांछा की थी कि आईसीएआई विभिन्न देशों में लेखाबहियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यवहारों के संबंध में एक संक्षिप्त टिप्पण प्रस्तुत करे । इस संबंध में, समिति ने विभिन्न देशों, अर्थात् यूके, यूएस - डेलावेयर आस्ट्रेलिया और सिंगापुर के लिए अध्ययन को पूरा किया तथा एमसीए को प्रस्तुत किया ।

(IX) कारपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त एक पत्र के माध्यम से यह अनुरोध प्राप्त हुआ कि खंडात्मक वायुयान स्वामित्व दिशानिर्देशों के संबंध में इनपुट उपलब्ध कराएं जाएं

सिविल विमानन मंत्रालय ने खंडात्मक स्वामित्व दिशानिर्देशों, जिनकी तुलना व्यवसाय पर लेखांकन और कर से की जा सकती है, के संबंध में एक प्रारूप दस्तावेज और साथ ही सिविल विमानन क्षेत्र में खंडात्मक स्वामित्व माडल को आरंभ करने हेतु उपयुक्त समर्थकारी ढांचे के सृजन से संबंधित मुद्दों की एक संकेतात्मक सूची उपलब्ध कराई थी । खंडात्मक वायुयान स्वामित्व से संबंधित प्रारूप मार्गदर्शनों संबंधी दस्तावेज, संभाव्य कठिनाईयों की एक सूची के साथ आईसीएआई को उपलब्ध कराया गया था और यह अनुरोध किया गया था कि उसका पुनर्विलोकन करने के पश्चात् यथासंभव शीघ्र उनके संबंध में टीका-टिप्पणियां या प्रतिक्रिया उपलब्ध कराई जाए । आईसीएआई की निगम विधि और निगम शासन संबंधी समिति तथा लेखांकन मानक बोर्ड ने प्रतिक्रिया तैयार की थी और उसे एमसीए को प्रस्तुत किया गया था ।

(X) उस दशा में, जहां उपयोक्ता पूर्व में भरे गए डाटा से संबंधित मुद्दों का सामना कर रहे हैं, परिवर्तन प्रतिदाय प्ररूप को दृष्टांत स्वरूप विकसित करना, जिसे आरईसी को उपलब्ध कराया जाएगा ।

समिति ने, एमसीए और संस्थान के सदस्यों की बैक एंड से मास्टर डाटा को अद्यतन करने से संबंधित मुद्दों का समाधान करने में सहायता उपलब्ध कराने के लिए परिवर्तन प्रतिदाय प्ररूप का दृष्टांत स्वरूप प्रारूप विकसित किया है, जिसका उपयोग करके कोई सदस्य उस दशा में अधिकारिता रखने वाली आरईसी को उसे प्रस्तुत कर सकता है जब उसे पूर्व में भरे गए डाटा या अन्य डाटा संबंधी मुद्दे सामने आ रहे हों, जिनका सुधार आरओसी द्वारा किया जाएगा ।

(XI) राष्ट्रीय भू-संपदा विकास परिषद् (एनएआरई डीसीओ) को सुझाव

समिति ने राष्ट्रीय भू-संपदा विकास परिषद् (एनएआरईडीसीओ) से प्राप्त हुए एक पत्र के लिए उसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123(2) के अधीन वितरण हेतु लाभांश की संगणना करने की पद्धति और आरईटी विनियम, 2016 में विद्यमान विसंगति के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए थे ।

(XII) राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार – जिनकी घोषणा एमसीए द्वारा की गई, जिसमें आईसीएआई पात्र कंपनियों को नामांकन प्रस्तुत करने के लिए एक पदाभिहित प्राधिकारी है

कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 17 जून,2022 को राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कारों की घोषणा की थी, जो राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार स्कीम – 2022 के अनुसार निम्नलिखित तीन प्रवर्गों में उत्कृष्ट सीएसआर परियोजनाओं/कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने के लिए हैं :

- सीएसआर व्ययों पर आधारित, सीएसआर में उत्कृष्टता के लिए चार पुरस्कार (एक पुरस्कार एमएसएमई के लिए आरक्षित है)
- आंकाक्षात्मक जिलों/दुरुह क्षेत्रों में सीएसआर परियोजनाओं के लिए पांच पुरस्कार (एक पुरस्कार एमएसएमई के लिए आरक्षित है)

- राष्ट्रीय पूर्विकता क्षेत्रों में सीएसआर परियोजनाओं के लिए 11 पुरस्कार (एक पुरस्कार एमएसएमई के लिए आरक्षित है)

इन पुरस्कारों के लिए आईसीएआई को एक ऐसे पदाभिहित प्राधिकारी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया गया है, जो पात्र कंपनियों के नामांकनों को प्रस्तुत कर सकता है। नामांकन पदाभिहित संगठन के रूप में आईसीएआई ने पदाभिहित ई-मेल आईडी पर देश भर में प्रपुंज मेल भेजकर राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कारों के लिए कंपनियों को अपने नामांकन प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया था। कुल 16 नामांकन प्राप्त हुए थे। प्राप्त हुए आवेदनों को आगे और विचार किए जाने हेतु नामनिर्दिष्ट किया गया था। आवेदकों की व्यापक रूप से पात्रता की पुष्टि करने के लिए उनकी वार्षिक रिपोर्टों और वेबसाइटों का व्यापक पुनर्विलोकन किया गया था। नामांकन की प्रक्रिया के लिए, उसमें अंतर्विष्ट डाटा की किसी संपरीक्षा के संबंध में कोई अनुकल्पना नहीं की गई थी। प्राप्त हुए नामांकनों को अभिहित पोर्टल पर प्रस्तुत तथा अपलोड किया गया था।

राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार – सचिव, एमसीए की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार, 2022 की स्टेयरिंग समिति की बैठक

समिति ने, राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार – सचिव, एमसीए की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार, 2022 की स्टेयरिंग समिति की पहली बैठक में भाग लिया। इस बैठक की मुख्य कार्यसूची में पुरस्कारों के तीसरे चक्र (एनसीएसआरए-2022) के लिए अधिसूचना को जारी करने, पुरस्कारों के लिए ग्रैंड ज्यूरी का गठन करने, क्षेत्रीय दौरे/सत्यापन करने के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं को पैनलबद्ध करने और एनसीएसआर के लिए बजट संबंधी प्रस्ताव तैयार करने आदि जैसे विषय सम्मिलित थे। समिति ने राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार – 2023 की प्रस्तावित स्कीम पर परिचर्चा करने के लिए 7 फरवरी, 2023 को आयोजित दूसरी बैठक में भी भाग लिया था।

(XIII) मद्रास वाणिज्य चैम्बर (एमसीसीआई) के लिए वेबीनार

23 दिसंबर, 2022 को नए वी3 एमसीए पोर्टल पर सामने आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए मद्रास वाणिज्य चैम्बर (एमसीसीआई) के लिए वेबीनार का आयोजन किया गया था। वेबीनार के दौरान, कतिपय मुद्दों के संबंध में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराए गए थे और साथ ही सदस्यों से यह अनुरोध किया गया था कि वे अपनी कठिनाईयों का उल्लेख करें ताकि मुद्दों के समाधान के लिए अगली बैठक को नियत किया जा सके।

(XIV) तमिलनाडु राज्य के सभी पीएसयू/कानूनी बोर्डों के सीएफओ और कंपनी सचिवों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

आईसीएआई की सीएलएंडसीजीसी समिति ने तमिलनाडु सरकार के वित्त विभाग के अनुरोध पर, लोक उद्यमों के वित्तीय ब्यूरो (बीपीई) विभाग, तमिलनाडु के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें राज्य के सभी पीएसयू/कानूनी बोर्डों के सीएफओ और कंपनी सचिवों ने भाग लिया था। तिरु एन. मुरुगानंदम, तमिलनाडु सरकार के अपर मुख्य वित्त सचिव इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य विशिष्टियों में विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्रों का आयोजन सम्मिलित था, जिसमें वित्तीय रिपोर्टिंग, आंतरिक संपरीक्षा नियंत्रणों की अपेक्षाओं, संगठन में कपटों को कम करने के लिए अन्य विनियामक अनुपालनों की अपेक्षा और सरकार को सही रिपोर्टिंग से संबंधित विभिन्न पहलूओं को सम्मिलित किया गया था। साथ ही कंपनी अधिनियम 2013 तथा अन्य विनियमों में हाल ही में किए गए संशोधनों पर भी इन तकनीकी सत्रों के भागरूप में परिचर्चा की गई थी।

(XV) भारतीय रुपए के बजाए विदेशी मुद्रा में आईएफएससी कंपनियों द्वारा रिपोर्टिंग की अपेक्षाओं में शिथिलीकरण

एमसीए ने आईसीएआई से यह अनुरोध किया था कि वह आईएफएससी में प्रचालन करने वाली कंपनियों को अनुज्ञात करने, उनके वित्तीय विवरणों को रिपोर्ट करने या उनकी विभिन्न विवरणियों को फाइल करने के लिए कतिपय ई-प्ररूपों में संशोधन करने की साध्यता की संवीक्षा करे ताकि विद्यमान लेखांकन मानकों/इंड एएस या अन्यथा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रुपए की बजाए मुक्त रूप से संपरिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में उक्त विवरणों/विवरणियों को फाइल किया जा सके। इस दिशा में प्राधिकरण के साथ दो बैठकों का आयोजन किया गया था।

(XVI) संपरीक्षा समिति की प्रभाविकता के क्षेत्र में केंद्रीय पब्लिक सेक्टर उद्यमों के निदेशकों के लिए सक्षमता निर्माण कार्यक्रम

समिति को लोक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय से यह अनुरोध प्राप्त हुआ कि संपरीक्षा समिति की प्रभाविकता के क्षेत्र में केंद्रीय पब्लिक सेक्टर उद्यमों के निदेशकों के लिए सक्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इस दिशा में, आईसीएआई ने लोक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से संपरीक्षा समिति की प्रभाविकता के क्षेत्र में केंद्रीय

पब्लिक सेक्टर उद्यमों के निदेशकों के लिए एक सक्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। समिति ने वर्ष 2022-23 के दौरान एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न पीएसयू के लगभग् 300 स्वतंत्र निवेशकों ने भाग लिया।

(XVII) समिति द्वारा जारी प्रकाशन

- कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 3 के गैर-इंड एएस - खंड 1 संबंधी मार्गदर्शी टिप्पण
- कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 3 के इंड एएस - खंड 2 संबंधी मार्गदर्शी टिप्पण
- कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 3 में इंड एएस के अनुपालन के लिए अपेक्षित एनबीएफसी के लिए - खंड 3 संबंधी मार्गदर्शी टिप्पण
- एलएलपी और कंपनी हेतु प्ररूप फाइल करने के लिए तकनीकी गाइड #1: प्ररूप 11 (एलएलपी की वार्षिक विवरणी) इंड एएस के अनुरूप

(XVIII) कार्यक्रम/सम्मेलन/वेबकास्ट/पाठ्यक्रम

क्रम सं.	कार्यक्रम/सम्मेलन/वेबकास्ट/पाठ्यक्रम	संख्या
1	कंपनी विधि, निगम विधि आदि संबंधी राष्ट्रीय सम्मेलन	4
2	सीएआरओ 2020, न्यायालयिक संपरीक्षाओं, निगम विधि आदि संबंधी वर्चुअल सीपीई बैठकें	11
3	कंपनी विधि, संपरीक्षा और इसकी व्यावहारिक विवक्षा, कंपनी अधिनियम के अधीन हाल ही के संशोधन आदि संबंधी सम्मेलन/पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/कार्यशालाएं	25
4	मंथन-वेबीनार श्रृंखला	6
5	एमसीए के साथ संयुक्त रूप से वेबीनारों का आयोजन	16

6.6 प्रत्यक्ष कर समिति (डीटीसी)

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) की प्रत्यक्ष कर समिति (डीटीसी) आईसीएआई की महत्वपूर्ण समितियों में से एक है, जो प्रत्यक्ष कर से संबंधित विषयों के संबंध में कार्यवाही करती है तथा सरकार, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड तथा अन्य उपयुक्त मंचों पर समय-समय पर प्रत्यक्ष कर से संबंधित विभिन्न विधायी संशोधनों तथा मुद्दों के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत करती है। समिति के मुख्य क्रियाकलापों में नए प्रकाशनों को निकालकर तथा विद्यमान प्रकाशनों का पुनरीक्षण करके, संगोष्ठियों, वेबीनारों, सम्मेलनों तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करके प्रत्यक्ष कर के क्षेत्र में ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना तथा सदस्यों के कौशल में अभिवृद्धि करना सम्मिलित है।

(I) सरकार को अभ्यावेदन/के साथ परस्पर क्रियाएं

- चेहरा विहीन अपील स्कीम, 2020 के अधीन अपीलों का आदेश प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में यह सुझाव दिया गया था कि सीआईटी (अपील) के पास लंबित अपीलों के लंबित समयवार आंकड़े जारी किए जाएं। सीआईटी (अपील) के कार्यालय से अपीली आदेशों की प्राप्ति के लिए त्वरित उपायों को आरंभ किया जाना चाहिए। समयबद्ध रीति में सीआईटी (अपील) द्वारा जारी आदेशों के लिए तंत्र का विनिश्चय किया जाए और उसे क्रियान्वित किया जाए।
- सीआईटी (अपील) द्वारा जारी आदेशों के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर सुधार/पुनरीक्षण के विकल्प को समर्थ बनाने के लिए सीबीडीटी को अनुरोध।
- राष्ट्रीय चेहरा विहीन अपील केंद्र/सीआईटी (अपील) द्वारा जारी आदेशों के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर सुधार/पुनरीक्षण के विकल्प को समर्थ बनाने के लिए अनुरोध।
- प्ररूप 3गघ के संबंध में आईसीएआई के इनपुटों को प्रस्तुत किया जाना।
- प्ररूप 3गघ ने आनलाइन ई-फाइलिंग उपयोगिता में अशुद्धियों को दूर करने के लिए अनुरोध, जिसमें एक विशिष्ट खंड 35 अधिसूचित प्ररूप 3गघ के अनुरूप नहीं है।

- निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए प्ररूप सं. 3गघ के खंड 30ग और खंड 44 के लागू होने के संबंध में आईसीएआई की चिंताएं ।
- आईटीआर फाइल किए जाने की अंतिम तारीख के आस-पास के कुछ दिनों में ई-फाइलिंग वेबसाइट के कार्य न करने/धीमी गति से कार्य करने के कारण कर संपरीक्षा रिपोर्टों को अपलोड करने तथा आईटीआर प्ररूपों की ई-फाइलिंग में आने वाली कठिनाईयां ।
- निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए आय की विवरणी प्रस्तुत करते समय करदाताओं के सामने आने वाली कठिनाईयों पर विचार करने का अनुरोध तथा उनके संबंध में सक्रिय रूप से करदाताओं/पणधारियों के हितों की संरक्षा करने के लिए सभी संभव और उपयुक्त उपाय करके पर्याप्त अनुतोष उपलब्ध कराने का अनुरोध ।
- सीपीसी द्वारा अधिनियम की धारा 143(1) के अधीन स्वचालित प्रक्रिया से उदभूत होने वाली चिंताओं का समाधान करने का अनुरोध, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि आय की परिगणना की अनदेखी करते हुए प्ररूप 3गघ के खंड 16 में उपबंधित एकमात्र सूचना को विचार में लेने के कारण उसी आय में दोहरी वृद्धि कारित हो रही है ।
- आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 234ग के अधीन ब्याज की प्रत्यक्ष अशुद्ध गणना के मुद्दे का समाधान करने का अनुरोध, जैसा कि आईटीआर प्ररूपों की आय-कर ई-फाइलिंग उपयोगिताओं द्वारा लागू किया जाता है ।
- प्ररूप सं. 10ख के गहन पुनरीक्षण पर विचार करने के अनुरोध (पूर्त या धार्मिक न्यासों या संस्थाओं की दशा में आय-कर अधिनियम की धारा 12क(1)(ख)(ii) के अधीन संपरीक्षा रिपोर्ट) ।
- निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए लागू आईटीआर प्ररूप सं. 7 की शासकीय ई-फाइलिंग उपयोगिता में कतिपय त्रुटियों को दूर करने का अनुरोध ।
- उस दशा में, जहां सेवानिवृत्त होने वाला भागीदार विद्यमान है और उसे वेतन का संदाय किया जाता है/ वेतन संदेय है, आईटीआर के प्ररूप 5 में सीपीसी द्वारा प्रत्यक्ष त्रुटियों को सुधारने के लिए अनुरोध ।
- प्ररूप 10ख और प्ररूप् आईटीआर 7 को फाइल करने में कतिपय चिंताओं का समाधान करने के लिए अनुरोध ।
- बजट-पूर्व ज्ञापन, 2023 के लिए प्रत्यक्ष करों के संबंध में सुझाव प्रस्तुत करना ।
- बजट-पश्च ज्ञापन, 2023 में सम्मिलित किए जाने के लिए प्रत्यक्ष करों से संबंधित बजट-पश्च सुझाव प्रस्तुत करना ।
- वित्त अधिनियम, 2023 द्वारा किए गए संशोधनों के कार्यान्वयन के लिए प्रारूप नियम 11पक से संबंधित इनपुट को सीबीडीटी को प्रस्तुत किया जाना ।
- 5 मई, 2022 को यूडीआईएन निदेशालय, आईसीएआई और प्रत्यक्ष कर समिति, आईसीएआई की आय-कर विभाग के पदधारियों के साथ एक बैठक (वर्चुअल पद्धति से) का आयोजन किया गया था, जिसमें त्रुटिपूर्ण निर्धारण वर्ष और प्ररूप 3गघ के कारण अविधिमान्यकरण से संबंधित मुद्दों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया था ।
- 20 जुलाई, 2022 को सीबीडीटी के अध्यक्ष के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष, डीटीसी ने भी भाग लिया था । इस बैठक के दौरान अध्यक्ष, सीबीडीटी को आईसीएआई द्वारा अनुशासन, तकनीकी, विनियामक और कर के क्षेत्रों के संबंध में की गई महत्वपूर्ण पहलों से अवगत कराया गया था । आईसीएआई ने सीबीडीटी और सरकार द्वारा की जाने वाली सभी पहलों के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था और साथ ही वर्चुअल डिजीटल आस्तियों और अन्य उभरते क्षेत्रों जैसे विषयों के संबंध में आय-कर विभाग के पदधारियों के प्रशिक्षण हेतु तकनीकी सहायता/समर्थन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव किया था । सीबीडीटी से यह अनुरोध किया गया था कि वह आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 44कख के अधीन कर संपरीक्षा संबंधी पुनरीक्षित मार्गदर्शन टिप्पण के उदभासन प्रारूप के संबंध में इनपुट उपलब्ध कराए और साथ ही विशिष्ट रूप से खंड 30ग और खंड 44 के संबंध में आईसीएआई द्वारा प्रस्तुत विभिन्न अभ्यावेदनों पर विचार करे ।
- 20 सितंबर, 2022 को आय-कर विभाग (प्रणाली) के दल से एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें सदस्यों द्वारा कर संपरीक्षा विवरणियों को पूरा करने में आने वाली समस्याओं के संबंध में परिचर्चा की गई थी । पूर्त संस्थाओं के आईटीआर, आईटी पोर्टल पर रजिस्टर करने में असमर्थ सदस्यों के डाटा का सुमेलन न होना,

आईटीआर 7 में अंतर्वलित मुद्दों, कर संपरीक्षा रिपोर्टों को फाइल करने में आने वाली विभिन्न समस्याओं तथा अन्य कानूनी प्ररूपों की फाइलिंग में आने वाली समस्याओं आदि जैसे विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया था । 30 सितंबर, 2022, जो कर संपरीक्षा रिपोर्ट को अपलोड करने की अंतिम तारीख थी, को कर संपरीक्षा रिपोर्टें अपलोड करने में सदस्यों के सामने आए विभिन्न मुद्दों की संसूचना सीबीडीटी के पदधारियों को दी गई थी । तदुनसार, विभाग ने उनका संज्ञान लिया और अंतिम तारीख को 7 अक्तूबर, 2022 तक बढ़ा दिया ।

- 23.11.2022 को नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में सीबीडीटी के अध्यक्ष और अन्य सीबीडीटी के पदधारियों के साथ एक बजट-पूर्व बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रत्यक्ष कर और अंतर्राष्ट्रीय कराधान से संबंधित विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया था तथा प्रत्यक्ष करों से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं को अंतर्विष्ट करने वाली एक पीपीटी अध्यक्ष, प्रत्यक्ष कर समिति द्वारा प्रस्तुत की गई थी ।
- 13 जनवरी, 2023 को सक्षमता निर्माण आयोग (सीपीसी) के एक दल के साथ एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया था ताकि निम्नलिखित दो मुद्दों पर कोई ठोस प्रस्ताव सामने आ सके :
  - आय-कर प्राधिकारियों के विद्यमान संकाय समाधान तंत्र में अंतर्वलित मुद्दे
  - आय-कर अधिकारियों और कर्मचारिवृंद को अनुबंधित समय-सीमा के भीतर शिकायतों का प्रभावी रूप से समाधान करने के लिए सुसज्जित करने के लिए प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं के संबंध में इनपुट, जिनके अंतर्गत कतिपय मामला अध्ययन भी हैं, जिन्हें अध्यापन सहायिकियों के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है ।

(II) सम्मेलन/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/वीसीएम/वेबीनार/पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

प्रत्यक्ष कर समिति ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान प्रत्यक्ष कर से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अनेक संगोष्ठियों/सम्मेलनों/वीसीएएम/वेबकास्टों आदि का आयोजन किया ।

(III) अन्य पहलें

- समिति ने संघीय बजट, 2023 के अधीन अंतर्राष्ट्रीय कराधान के संबंध में प्रस्तावित संशोधनों, बजट, 2023 का विश्लेषण – प्रतिधारण करों और अंतरण कीमत निर्धारण से संबंधित कतिपय धाराएं, कारबार आय और कारबार आय कराधान, बजट विश्लेषण – धारा 115 से आगे, एनआईआर कराधान को छोड़कर, वित्त विधेयक, 2023 के संबंध में टीका-टिप्पणियां/मत (कुछ विनिर्दिष्ट उपबंधों पर), सहकारी सोसाइटियों से संबंधित प्रत्यक्ष कर प्रस्ताव के विषयों पर जर्नल के बजट अंक (मार्च, 2023) में लेखों का योगदान दिया ।
- सीबीडीटी द्वारा समय-समय पर अधिसूचित परिपत्रों, अधिसूचनाओं, प्रैस विज्ञप्तियों, आदेशों आदि जैसे प्रत्यक्ष करों से संबंधित विषयों पर आईसीएआई की वेबसाइट को नियमित रूप से अद्यतन बनाना ।
- मासिक आधार पर टैक्स टाइम्स प्रकाशन को जारी रखना ।
- प्रत्येक मास सीए जर्नल में सीबीडीटी द्वारा समय-समय पर अधिसूचित महत्वपूर्ण परिपत्रों, अधिसूचनाओं, प्रैस विज्ञप्तियों, आदेशों आदि के संबंध में लेखों का योगदान ।

6.7 वाणिज्यिक विधियों, आर्थिक सलाहकारी और एनपीओ सहकारिता संबंधी समिति (सीसीएलईएएंडएनपीओ)

आईसीएआई लेखांकन वृत्ति के भविष्य को आकार देने, उत्कृष्टता का संचार करने तथा वित्तीय इको प्रणाली में एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में एक केंद्रीय भूमिका निभाने का प्रयास करता है । आईसीएआई की वाणिज्यिक विधियों, आर्थिक सलाहकारी और एनपीओ सहकारिता संबंधी समिति (सीसीएलईएएंडएनपीओ), चार्टर्ड अकाउंटेंटों के बीच विश्लेषणात्मक दूरदर्शिता को वाणिज्यिक बुद्धिमता के साथ जोड़कर आर्थिक विकास के प्रति योगदान में उनके लिए उपलब्ध वृत्तिक अवसरों के बारे में जागरुकता का सृजन करने का प्रयास करती है और साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि सदस्य संगठनों की जटिलताओं से जुझने में सहायता करके सकारात्मक प्रभावों के माध्यम से आर्थिक विकास में योगदान दें । समिति ज्ञान के प्रसार और वृत्तिक विकास के बिन्दुओं पर भी बल देती है । समिति समकालीन मुद्दों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जिनके दौरान वह विशेषज्ञों और बौद्धिक नेताओं को अपनी अंत:दृष्टि तथा सर्वोत्तम व्यवहारों को साझा करने के लिए आमंत्रित करती है । इसके अतिरिक्त, सीसीएलईएएंडएनपीओ सदस्यों के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों को भी प्रस्थापित करती है, जिससे इन क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता का संवर्धन किया जा सके तथा उनके वृत्तिक आयामों को विस्तारित किया जा सके । अपने सदस्यों की सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए समिति सक्रिय रूप से ऐसी

नीतियों और विनियमों को तैयार करने में भी योगदान देती है, जो एक अनुकूल कारबार परिस्थितियों का संवर्धन करते हैं तथा आर्थिक विकास को सुकर बनाते हैं।

महत्वपूर्ण उपलब्धियां और पहलें

राष्ट्र निर्माण में भागीदारी :

- वाणिज्यिक विधियों, आर्थिक सलाहकारी और एनपीओ सहकारिता संबंधी समिति ने पीएमएलए के अधीन तारीख 3 मई और 9 मई, 2022 की अधिसूचनाओं के संबंध में 10 मई, 2022 को सायं 5.30 बजे से एक राष्ट्र व्यापी वर्चुअल परिचर्चा का आयोजन किया, जिसे आईसीएआई के माननीय अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा सीसीएलईएएंडएनपीओ के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा विषय के विशेषज्ञों द्वारा संबोधित किया गया। 3000 से अधिक सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और इसकी रिकार्डिंग को आईसीएआई टीवी पर अपलोड किया गया। उक्त रिकार्डिंग को आईसीएआई के ट्वीटर अकाउंट पर भी पोस्ट किया गया है।
- समिति ने 26 अगस्त, 2022 को "प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2022" पर आईसीएआई के सदस्यों, बाहरी विशेषज्ञों तथा अन्य पणधारियों के साथ चर्चा करने के लिए अनन्य रूप से एक परस्पर क्रियाशील आनलाइन बैठक का आयोजन किया था। विशेषज्ञों से प्राप्त इनपुटों (जिसके अंतर्गत अधिनियम और विधेयक के बीच तुलना तथा सीए के लिए वृत्तिक अवसर जैसे विषय भी सम्मिलित थे) को समेकित करने के पश्चात् प्रस्तुत किया गया।
- समिति ने, 3 मई, 2023 को "आपराधिक अन्वेषणों में कारबार परिस्थितियों और लेखांकन प्रणालियों को समझना – एक मामला अध्ययन आधारित दृष्टिकोण" विषय पर अपराध शाखा के पुलिस अधिकारियों के लिए एक भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की एसआईआरसी द्वारा की गई।

आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) संबंधी क्रियाकलाप :

भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों का समारोह मनाने के लिए भारत सरकार की देशव्यापी पहल – आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के भागरूप में समिति ने सदस्यों और अन्य पणधारियों के फायदे के लिए अनेक वर्चुअल कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनके अंतर्गत एमएसएमई क्षेत्र और एमएसएमई वित्तपोषण तथा पुन:संरचना में स्कीम और अवसर, एडीआर व्यवहार/माध्यस्थम/मध्यकता, बैंकिंग का गणित और अर्थशास्त्र, नई विदेशी निवेश व्यवस्था का ब्यौरेवार विश्लेषण, विधिक मेट्रोलाजी उपबंध और अवसर तथा प्राधिकृत आर्थिक प्रचालक (एईओ), पर्यावरण विधियों में अवसर, फेमा के अधीन शमन, श्रम विधियों में हाल ही में हुए परिवर्तन, एसएआरएफएईएसआई विधियों के ज्ञान का महत्व, बौद्धिक संपदा अधिकारों में वृत्तिक अवसर, भारतीय अर्थव्यवस्था में एफटीए, पीटीए, सीईपी, सीईसीए की भूमिका और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार करार आदि जैसे विषय सम्मिलित थे।

सदस्यों की शिक्षा और सक्षमता निर्माण :

(i) असंरचित सीपीई घंटों को प्रदान किए जाने के लिए वेबीनार

कोविड 19 महामारी की स्थिति के पश्चात् सभी केंद्रीय समितियों ने केवल असंरचित सीपीई घंटे प्रदान करने के लिए वेबीनारों के आयोजनों को जारी रखा। समिति ने अप्रैल, 2022 से जून, 2023 की अवधि के दौरान, कुल 81 वेबीनारों का आयोजन किया। परिषद् वर्ष 2023-24 के दौरान समिति ने प्रत्येक गुरुवार को साप्ताहिक आधार पर "अपनी विधि को जाने श्रृंखला" का आयोजन किया। इन सत्रों में सम्मिलित किए गए कुछ विषयों को नीचे उल्लिखित किया गया है:

रेरा-अन्य विधियों के साथ परस्पर क्रिया का पर्यावलोकन और वृत्तिक अवसर	वैश्विक रूप से उभरते भारत की आर्थिक पृष्ठभूमि
धनशोधन - अपराध, कुर्की और न्यायनिर्णयन कार्यवाहियां	बौद्धिक संपदा की प्रस्तावना और चार्टर्ड अकाउंटेंटों की भूमिका
निवासी व्यष्टियों द्वारा विदेशी निवेश	संनिर्माण संविदाओं का प्रारूपण : मुद्दे और समाधान
वैकल्पिक विवाद समाधान की मूल बातें	बहु राज्य सहकारी सोसाइटी - रजिस्ट्रीकरणं, प्रबंधन, अनुपालन और नवीनतम उच्चतम न्यायालय के निर्णय
एफसीआरए से संबंधित हाल ही की विधियां	बेनामी विधि का पर्यावलोकन और समझ

पीएमएलए में उच्चतम न्यायालय का निर्णय	सेबी की शक्तियां और कृत्य, शास्तियां, न्यायनिर्णयन, समझौता और एसएटी तथा एससी अपीलें आदि ।
फेमा के अधीन बाहर जाने वाले निवेश	एमएसएमई क्षेत्र में स्कीमें और अवसर तथा एमएसएमई वित्तपोषण और पुन:संरचना

समिति द्वारा कुल 81 वेबीनारों का आयोजन किया गया, जिनके द्वारा उसने आईसीएआई के सदस्यों को असरंचित सीपीई घंटे प्रदान किए थे ।

(ii) संरचित सीपीई घंटों को प्रदान किए जाने के लिए वर्चुअल सीपीई बैठकें

परिषद् वर्ष 2022-23 के दौरान, समिति ने सदस्यों के लिए विभिन्न वीसीएम का आयोजन किया, जिनमें आर्थिक और वाणिज्यिक विधियों तथा आर्थिक सलाहकारी कृत्यों से संबंधित विषयों को सम्मिलित किया गया, जैसे कि बेनामी और धन शोधन निवारण विधियां, रेरा, ओडीआर – आगे की योजना, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), विलयनों और समामेलनों में अवसर, कृषि उद्योग और विभिन्न कृषि क्षेत्रों में वैश्विक वृत्तिक अवसर, फेमा के प्रति व्यापक दृष्टिकोण, खाद्य उद्योग में सीए की भूमिका, स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता, खाद्य सुरक्षा विधियां और वैश्विक अवसर, निगम शासन, विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 2010 का पर्यावलोकन, भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के क्रंतिक पहलू, मानव संसाधन प्रबंध और श्रम विधियां आदि । समिति द्वारा कुल 43 वर्चुअल सीपीई बैठकों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से आईसीएआई के 34,444 सदस्यों को कुल 71,876 संरचित सीपीई घंटे प्रदान किए गए ।

(iii) पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

समिति ने 28-30 अप्रैल, 2023 के दौरान अपने उत्कृष्टता केंद्र, हैदराबाद में "वाणिज्यिक विधियों में वृत्तिक अवसर" विषय पर तीन दिवसीय आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की एसआईआरसी की हैदराबाद शाखा द्वारा की गई, जिमसें 53 प्रतिभागियों को 18 सीपीई घंटे प्रदान किए गए ।

(iv) प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

क्रम सं.	प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का नाम	बैच	पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण सदस्यों/रजिस्ट्रीकृत सदस्यों की संख्या
1	धनशोधन निवारण विधि संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (धनशोधन निवारण विशेषज्ञ)	धनशोधन निवारण विधि संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (धनशोधन निवारण विशेषज्ञ) का 20वां बैच - ऑनलाइन पद्धति से तीसरा बैच- 18 जुलाई से 10 अगस्त 2022 तक। धनशोधन निवारण विधि संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (धनशोधन निवारण विशेषज्ञ) का 21वां बैच - ऑनलाइन पद्धति से चौथा बैच- - 13 सितंबर से 17 नवंबर 2022 तक। धनशोधन निवारण विधि संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (धनशोधन निवारण विशेषज्ञ) का 22वां बैच - ऑनलाइन पद्धति से पांचवां बैच- 22 नवंबर 2022 से शुरू हुआ। धनशोधन निवारण विधि संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (धनशोधन निवारण विशेषज्ञ) का 23वां बैच - ऑनलाइन पद्धति से छठा बैच- - 31 मार्च, 2023 से शुरू हुआ ।	49 68 74 121

2	एडीआर (माध्यस्थम, मध्यस्थता और सुलह) संबंधी ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	माध्यस्थम, मध्यस्थता और सुलह संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का 26वां बैच - ऑनलाइन पद्धति में तीसरा - 12 सितंबर से 25 नवंबर 2022 तक। माध्यस्थम, मध्यस्थता और सुलह संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का 27वां बैच - चौथा ऑनलाइन पद्धति में - 28 नवंबर 2022 से।	44 54
3	आईपीआर विधि (बौद्धिक संपदा अधिकार विधि) संबंधी ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	आईपीआर विधि (बौद्धिक संपदा अधिकार विधि) संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का पहला बैच ऑनलाइन पद्धति में - 2 दिसंबर 2022 से।	51
4	सहकारिताओं संबंधी ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (वर्तमान में चल रहा है)	ऑनलाइन पद्धति में सहकारिताओं संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का दूसरा बैच - 5 जून, 2023 से।	96 (पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकृत)
5	गैर-लाभकारी संगठन संबंधी ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (वर्तमान में चल रहा है)	ऑनलाइन पद्धति में एनपीओ संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का तीसरा बैच - 6 जून, 2023 से।	92 (पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकृत)

(v) भौतिक संगोष्ठियां

समिति ने उक्त अवधि के दौरान, विभिन्न स्थानों पर रेरा, फेमा, आईपीआर, एएमएल, प्रतिस्पर्धा विधियों, श्रम विधियों आदि जैसे विभिन्न विषयों पर विभिन्न संगोष्ठियों का आयोजन किया।

(vi) अंतर्राष्ट्रीय और राज्य दिवसों संबंधी समारोह

समिति ने हमारे भ्रातृसंघ के सदस्यों के ज्ञान को आधुनिक बनाने के लिए सर्वाधिक सुसंगत और समकालीन विषयों के संबंध में पठन और जागरुकता के सृजन के लिए अंतर्राष्ट्रीय और राज्य दिवसों को मनाए जाने संबंधी सीपीई कार्यक्रमों का आयोजन किया।

(vii) प्राधिकरणों/विनियामकों के साथ कार्यक्रम

समिति ने, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सहयोग से "प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता विधियां" विषय पर 27 मई, 2022 को आईसीएआई टावर, बांद्रा-कुर्ला काम्पलेक्स, मुंबई में एक संगोष्ठी का आयोजन किया था, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी द्वारा की गई।

(viii) विनिर्दिष्ट विषयों पर वर्चुअल आयोजनों की श्रृंखला

समिति ने अनुसंधान संबंधी वर्चुअल श्रृंखला, फेमा के प्रति व्यापक दृष्टिकोण तथा भू-संपदा क्षेत्र से संबंधित विधियों और मानव संसाधन प्रबंध तथा श्रम विधियों में व्यापक और केंद्रित पठन उपलब्ध कराने के लिए वर्चुअल आयोजनों की एक श्रृंखला आयोजित की।

(ix) परस्पर क्रियाशील संकाय बैठकें

समिति ने, आईसीएआई के सदस्यों को वक्ता/मोडरेटर /लेखक/पुनर्विलोकक बनने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान हेतु विभिन् स्थानों, अर्थात् दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई में तथा साथ ही आनलाइन पद्धति से सदस्यों के लिए भौतिक/वर्चुअल परस्पर क्रियाशील बैठकों का आयोजन किया।

(x) विभिन्न विधेयकों/विधियों पर मत

- समिति ने विभिन्न विधियों/विधेयकों, अर्थात् प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2022, राष्ट्रीय संभार नीति, दूर संचार विधेयक के संबंध में अपने इनपुट/मतों को प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, समिति ने धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अधीन तारीख 3 मई और 9 मई, 2023 की अधिसूचनाओं के संबंध में भी अपने इनपुट/मतों को प्रस्तुत किया।

(xi) प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम

समिति, सीपीई समिति के साथ संयुक्त रूप से अखिल भारत आधार पर आनलाइन/आफलाइन पद्धति में समिति के कार्यक्रमों में क्वालिटी पठन उपलब्ध कराने के लिए संकाय को प्रशिक्षित करने हेतु 'प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन करती रही है, जिसका उद्देश्य देश को प्रशिक्षित संकाय और वक्ता उपलब्ध कराना है । इस अवधि के दौरान, समिति द्वारा हैदाराबाद, चेन्नई, रायपुर, मुंबई, पंचगनी, पुरी, मानेसर आदि में कुल 11 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया (भौतिक/वर्चुअल रूप से), जिसके द्वारा आईसीएआई के लगभग 430 सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

6.8 अंकीय लेखांकन और आश्वासन बोर्ड (डीएएबी)

आईसीएआई ने एक सूचना शासक, नियंत्रक, संरक्षक और संपरीक्षा वृत्तिक के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंटों की भूमिका को सुदृढ करने के लिए वर्ष 2018 में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति (सीआईटी) का अंकीय लेखांकन और आश्वासन बोर्ड (डीएएबी) के साथ विलयन किया । डीएएबी प्रास्थिति पत्रों और लेखांकन तथा आश्वासन संबंधी प्रौद्योगिकी को प्रभावित करने वाले मुद्दों से संबंधित लेखों के माध्यम से ज्ञान आधार को विकसित कर रहा है । कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोट संबंधी प्रक्रिया स्वचालन, ब्लॉकचेन, क्लाउड संगणना और लेखांकन तथा आश्वासन संबंधी वृहत डाटा के भावी प्रभावों के संबंध में अवधारणा पत्रों को तैयार करने के लिए अनुसंधान किया जा रहा है । इसका प्रयोजन चार्टर्ड अकाउंटेंटों की उनके ज्ञान में विस्तार करने और आज के डिजीटल युग में नए क्षेत्रों में उनके कौशलों को विकसित करने में सहायता करना है ।

(I) महत्वपूर्ण उपलब्धियां :

- **सूचना प्रणाली संपरीक्षा संबंधी अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम**

  बोर्ड द्वारा संचालित सूचना प्रणाली संपरीक्षा संबंधी अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम (डीआईएसए) को वर्ष 2001 में सूचना प्रणाली संपरीक्षा के क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के कौशल में वृद्धि करने के लिए आरंभ किया गया था, जिसके संबंध में मांग बढ़ती जा रही थी । डीआईएसए पाठ्यक्रम प्रौद्योगिकी, सूचना आश्वासन तथा सूचना प्रबंध विशेषज्ञता को समिश्रित करता है, जो किसी डीआईएसए अर्हित चार्टर्ड अकाउंटेंट को एक भरोसेमंद सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार बनने तथा सूचना सुरक्षा आश्वासन सेवाओं के प्रदाता के रूप में स्वयं को विकसित करने में समर्थ बनाता है । वर्ष 2001 से आज की तारीख तक 33,030 से अधिक सदस्यों ने इस पाठ्यक्रम को अर्हित किया है । डीआईएसए का संचालन श्रीलंका के चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान और नेपाल के चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के लिए भी किया गया था । अंकीय लेखांकन और आश्वासन बोर्ड ने सूचना प्रणाली संपरीक्षा संबंधी अर्हता पश्च पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को भी अद्यतन किया है । 1 अप्रैल, 2022 से 30 सितंबर, 2022 तक की अवधि के दौरान कुल 28 वर्चुअल/भौतिक बैचों का आयोजन किया गया था ।

- **न्यायालयीन लेखांकन और कपट का पता लगाने संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

  बोर्ड, "न्यायालयीन लेखांकन और कपट का पता लगाने संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम" का संचालन करता है और आज की तारीख तक लगभग 12,042 सदस्यों ने इस प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को अर्हित किया है । इस विशेषीकृत पाठ्यक्रम का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंटों की, लेखांकन, संपरीक्षा, सीएएटी/डाटा माइनिंग उपकरणों संबंधी कौशलों और कपट/त्रुटियों का पता लगाने संबंधी अन्वेषणात्मक कौशलों को अर्जित करने में सहायता करना है । 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून, 2023 तक की अवधि के दौरान इसके कुल 49 बैचों का आयोजन किया गया था ।

(II) जारी किए गए प्रकाशन

- न्यायालयीन लेखांकन और अन्वेषण मानक संबंधी सार-संग्रह (1 जुलाई, 2023 से आज्ञापक)
- न्यायालयीन लेखांकन और अन्वेषण मानक संबंधी कार्यान्वयन गाइड (1 जुलाई, 2023 को यथाविद्यमान)
- निम्नलिखित विषयों पर अवधारणा पत्र:
  - रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन- लेखांकन वृत्ति के लिए अवसर और चुनौतियाँ (2021)
  - ब्लॉकचैन प्रौद्योगिकी - लेखांकन वृत्ति के लिए अंगीकरण और विवक्षाएं (2021)
  - प्रौद्योगिकी की एबीसीडी
  - इंटरनेट ऑफ थिंग्स – बेसिक्स एंड एप्लीकेशन संबंधी एक गाइड
  - क्लाउड कंप्यूटिंग संबंधी गाइड (जुलाई 2021)

(III) ई-पठन माड्यूलों का शुभारंभ

बोर्ड ने आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र पर निम्नलिखित ई-पठन कैप्सूलों को आरंभ किया है :

- माइक्रोसाफ्ट एक्ससेल में डाटा समेकन और विश्लेषण
- एक्ससेल में टेबल तक टेबल डाटा
- संख्याओं से परे एक्ससेल
- एक्ससेल में लाजिकल्स टू लुकअप
- एक्ससेल में पाइवॉट टेबल
- सूचना प्रणाली संपरीक्षा 3.0 संबंधी अर्हता पश्च पाठ्यक्रम पर गेमीफाइड श्रृंखला
- ब्लॉक चेन की मूलभूत जानकारी
- अंकीय न्यायलयीन की मूलभूत जानकारी

(IV) सम्मेलन/वेबीनार/पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण कार्यक्रम/पात्रता परीक्षा/निर्धारण परीक्षा/कार्यशाला/संगोष्ठियां

बोर्ड ने, न्यायलयीन लेखांकन के पर्यावलोकन और अन्वेषण मानकों, चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए डाटा विश्लेषण में अवसर, अंकीय आश्वासन/साइबर सुरक्षा, समुन्नत एक्ससेल और डाटा डैश बोर्ड, वित्तीय रिपोर्टिंग में स्वचालन, सीए वृत्ति में संचालन और रूपांतरण आदि जैसे विषयों पर विभिन्न सम्मेलनों/वेबीनारों/पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों/प्रशिक्षण कार्यक्रमों/पात्रता परीक्षाओं/निर्धारण परीक्षाओं/वीसीएम का आयोजन किया ।

6.9 नैतिक मानक बोर्ड (ईएसबी)

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने नैतिकता के सर्वोच्च मानकों को स्थापित करने के अपने प्रयास के भागरूप में नैतिक मानक समिति (जो अब नैतिक मानक बोर्ड के रूप में विख्यात है) का गठन वर्ष 1976 में किया था, जिसे विशेष रूप से सदस्यों द्वारा अनुपालन किए जाने हेतु उपयुक्त नैतिक मानकों को तैयार करने तथा सदस्यों को मानकों के अनुपालन के संबंध में दिशानिर्देश उपलब्ध कराने का कार्य सौंपा गया था । नैतिक मानक बोर्ड का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए नैतिक मानकों को स्थापित करना, स्थानीय विधियों के अधीन रहते हुए नैतिकता संबंधी सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय व्यवहारों के साथ अभिसरण करना और इस प्रकार चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की क्वालिटी और संगतता में अभिवृद्धि करना तथा वृत्ति में साधारण जनता के विश्वास को सुदृढ़ करना है । नैतिक मानक बोर्ड एक क्रियाशील और समकालीन नैतिक संहिता तथा सदस्यों के लिए एक ऐसे नैतिक आचार को तैयार करने के प्रति कार्य करता है, जिसमें लंबे समय से अपेक्षित 'उत्कृष्टता स्वतंत्रता, ईमानदारी' के आदर्शों को अक्षुण्ण रखते हुए सदस्यों के सम्मान और हितों की संरक्षा करना भी है । नैतिक मानक बोर्ड नैतिक सिद्धांतों के सूत्रीकरण के साथ उनके कार्यान्वयन और अंगीकरण के संबंध में भी कार्य करता है। बोर्ड चार्टर्ड अकाउंटेंटों के बीच नैतिक आचार का प्रवर्तन करने के लिए विभिन्न उपाय करता है । बोर्ड समय-समय पर सदस्यों के लिए 'नैतिक संहिता' का पुनर्विलोकन करता है और उसके पुनरीक्षित संस्करणों का प्रकाशन करता है । बोर्ड के अन्य प्रकाशन, अर्थात् 'नैतिक मुद्दों संबंधी एफएक्यू' का भी समय-समय पर पुनरीक्षण करता है । बोर्ड द्वारा विभिन्न अन्य एकल संस्करण प्रकाशनों को भी जारी किया जाता है, जो वृत्तिक नैतिकता के मुद्दों से संबंधित होते हैं ।

(I) महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- नैतिक मानक बोर्ड /परिषद् के निर्णयों संबंधी पुस्तिका को जारी किया गया । नैतिक मानक बोर्ड ने महत्वपूर्ण स्पष्टीकरणों और निर्णयों का संक्षिप्त सार तैयार किया है और तदनुसार नैतिक मानक बोर्ड /परिषद् के निर्णयों संबंधी पुस्तिका को जारी किया गया । इस पुस्तिका में नैतिक मुद्दों से संबंधित चुनिंदा पीएसपी के निर्णयों और परिषद् के निर्णयों को अंतर्विष्ट किया गया है और साथ ही उक्त निर्णयों के कारणों/औचित्यों को भी दर्शित किया गया है ।
- उस समय कोविड-19 महामारी के कारण विद्यमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 3 उपबंधों, अर्थात् विधियों और विनियमों (धारा 260 और 360) के अननुपालन के संबंध में प्रतिक्रिया, फीस – तुलनात्मक आकार (पैरा 410.3 से 410.6) और नैतिक संहिता, 2019 की जिल्द 1 में अंतर्विष्ट संपरीक्षा ग्राहकों को कर सेवाएं (उपधारा 604) को 1 जुलाई, 2020 से 30 सितंबर, 2022 तक आस्थगित कर दिया गया था, उन्हें कतिपय संशोधनों के साथ अब 1 अक्तूबर, 2022 से लागू किया गया है ।

- नैतिक संहिता की जिल्द 3 को अद्यतन बनाया गया है और इसमें मार्च, 2022 तक के महत्वूपर्ण अनुशासनिक मामलों को सूचीबद्ध करके सम्मिलित किया गया है ।
- नैतिक संहिता की जिल्द 2 के उपबंधों के अनुसार चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्में संस्थान के पीओयू द्वारा आयोजित किए जाने वाले समारोह को प्रायोजित कर सकती हैं, बशर्तें आयोजन को संस्थान के सीपीई निदेशालय द्वारा अनुमोदित किया गया है । इसके अनुसरण में, सभी फर्मों को एकसमान अवसर उपलब्ध कराने के लिए तथा शैक्षिक और वृतिक आदान-प्रदान के अवसरों का सृजन करने के लिए, अन्य बातों के साथ, सीए फर्मों को उक्त आयोजन को प्रायोजित करने का अवसर प्रदान किया गया था ।
- उदभासन प्रारूपों, प्रश्नोत्तरों और अन्य उदघोषणाओं के संबंध में टीका-टिप्पणियां – अंतर्राष्ट्रीय अकाउंटेंट्स फेडरेशन के अकाउंटेंटों संबंधी अंतर्राष्ट्रीय नैतिक मानक बोर्ड (आईईएसबीए) द्वारा जारी विभिन्न उदघोषणाओं के संबंध में टीका-टिप्पणियों को ईएसबी को अग्रेषित किया गया था ।

(II) अन्य क्रियाकलाप

- प्रत्येक मास जारी किए जाने वाले सीए जर्नल में नैतिकता जागरुकता संबंधी स्तंभ, अर्थात् "नो यूअर ऐथिक्स" को नियमित रूप् से उपलब्ध कराया जाता है ।
- ईएसबी ट्विटर पर भी मौजूद है, जहां नियमित रूप से सदस्यों की जागरुकता के लिए पुनरीक्षित नैतिक संहिता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों/मामलों को रखा जाता है । इसके पीछे ईएसबी का उद्देश्य सदस्यों द्वारा पुनरीक्षित नैतिक संहिता को उपयुक्त रूप से अपनाए जाने तथा उसके कार्यान्वयन के उद्देश्य की पूर्ति करना है ।
- ईएसबी ने नैतिक मुद्दों से संबंधित विभिन्न विषयों पर भिन्न-भिन्न स्पष्टीकरणों तथा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्नों को जारी किया है तथा वह नैतिक मुद्दों के विभिन्न विषयों पर वीडियो प्रस्तुतीकरणों को भी अपलोड करता है ।
- ईएसबी ने पुनरीक्षित नैतिक संहिता के उपबंधों के संबंध में सदस्यों के बीच जागरुकता का सृजन करने के लिए 9 वर्चुअल सीपीई कार्यक्रमों तथा वेबीनारों का आयोजन किया है ।
- ईएसबी ने सदस्यों द्वारा संपरीक्षक के रूप में उन्हें अनुचित रूप से हटाए जाने के विरुद्ध दर्ज की गई तीन शिकायतों पर भी तैयार की गई प्रक्रिया के अनुसार जांच और विचार किया है तथा उसने इस संबंध में आवश्यक कदम भी उठाए हैं ।
- सोशल मीडिया सहित सार्वजनिक रूप से वृत्तिक/गैर-वृत्तिक विषयों पर अपने मत व्यक्त करते समय सदस्यों द्वारा अपने नाम से पूर्व "चार्टर्ड अकाउंटेंट" या "सीए" का उपयोग करने के संबंध में सलाह जारी की गई ।
- 20 नवंबर, 2022 को डब्ल्यूसीओए के आयोजन के साथ ही जियो कन्वेशन सेंटर, बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, मुंबई में अकाउंटेंटों के अंतर्राष्ट्रीय नैतिक मानक बोर्ड (आईइएसबीए) के अध्यक्ष के साथ एक बैठक की गई । वहनीयता रिपोर्टिंग संबंधित मुद्दों, "लोक हित अस्तित्व" पद की परिभाषा में प्रस्तावित परिवर्तनों, एनओसीएलएआर के अंगीकरण और कार्यान्वयन तथा वृत्तिक हित के कतिपय अन्य नैतिक मुद्दों पर इस बैठक के दौरान विचार किया गया ।
- सदस्यों और पणधारियों के बीच सीए कनेक्ट को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न उपाय किए गए । सीए कनेक्ट पोर्टल आईसीएआई के मंच पर सीए फर्मों/व्यष्टिक सीए व्यवसायियों को सूचीबद्ध करने की एक देशी प्रणाली है । इस वेबसाइट/पोर्टल का उद्देश्य सूचीबद्ध किए जाने के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है । यह ग्राहकों/सेवा प्राप्त करने वाले व्यक्तियों/पणधारियों और चार्टर्ड अकाउंटेंटों के बीच एक अनिवार्य सेतु उपलब्ध कराता है ।
- सुसंगत अवधि में, अकाउंटेंटों के अंतर्राष्ट्रीय नैतिक मानक बोर्ड (आईइएसबीए) की 7 बैठकों का आयोजन किया गया था, जिसमें आईसीएआई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था ।

(III) नैतिक मानक बोर्ड द्वारा कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण

नैतिक मानक बोर्ड सदस्यों और अन्य पणधारियों द्वारा उठाए गए वृत्तिक नैतिकता से संबंधित मुद्दों के बारे में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराता है । बोर्ड द्वारा नैतिक संहिता के उपबंधों के अनुसार कुल 50 नैतिकता संबंधी मुद्दों के बारे में स्पष्टीकरण प्रदान किया गया था, जो संपरीक्षकों को स्वतंत्रता, व्यवसायरत सदस्यों को अनुज्ञेय वृत्तिक सेवाओं, हित का विरोध, अन्य कारबारों/व्यवसायों में नियोजित होने, अन्य पदों/हैसियतों को धारण करने, विज्ञापन और कार्य मांगने आदि जैसे विषयों से संबंधित थे । इसके अतिरिक्त, विभिन्न वृत्तिक नैतिकता संबंधी मुद्दों के संबंध में सदस्यों की

300 से अधिक शंकाओं का समाधान किया गया था और सचिवालय ने भी उनके संबंध में समाधान उपलब्ध कराए थे और उसके पश्चात् सरकारी अभिकरणों, जैसे कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), आरबीआई, आर्थिक अपराध खंड (ईओडब्ल्यू), सेबी, सीडीएसएल, आदि द्वारा की गई पूछताछ के उत्तर भी उपलब्ध कराए गए थे ।

स्पष्टीकरण

- यह स्पष्ट किया गया था कि किसी अस्तित्व के कानूनी संपरीक्षक को एसआरएस 4410 के अनुसार समेकन नियोजन के समनुदेशन में नियोजित होने की अनुमति प्राप्त नहीं है ।
- व्यवसायरत सदस्यों के लिए यह अनुज्ञात है कि वे किसी शैक्षिक संस्था द्वारा अनुदान में से व्यय की गई रकम (प्रयुक्त) को प्रमाणित करने के लिए किसी शैक्षिक संस्था द्वारा उपयोग की गई रकम के प्रतिशत पर फीस प्रभारित करें ।
- व्यवसायरत सदस्यों के लिए यह अनुज्ञात है कि वे आईबीबीआई के साथ रजिस्ट्रीकृत किसी भागीदारी फर्म या एलएलपी में किसी दिवाला वृत्तिक अस्तित्व/रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक अस्तित्व का भागीदार बन सकें और साथ ही वह परिषद् से पूर्व और विनिर्दिष्ट अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् दिवाला वृत्तिक अस्तित्व/रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक अस्तित्व के पूर्णकालिक निदेशक/प्रबंध निदेशक भी बन सकेंगे ।
- बोर्ड का मत यह था कि किसी भविष्य निधि और पेंशन निधि न्यास के संपरीक्षक को उक्त न्यास को निवेश संबंधी सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध नहीं करानी चाहिए क्योंकि न्यास की संपरीक्षा के दौरान संपरीक्षा से यह अपेक्षित होता है कि वह इस बारे में टिप्पणी करे कि न्यास द्वारा अपनी निधियों का किस प्रकार उपयोग/निवेश किया गया है । इस संबंध में, सलाह प्रदान किए जाने से स्व:पुनर्विलोकन का जोखिम उत्पन्न होगा और वह संपरीक्षक की स्वतंत्रता को कम करेगा ।
- इस बात को भी स्पष्ट किया गया था कि व्यवसायरत सदस्यों को सेबी से निवेश सलाहकार के लिए अनुज्ञप्ति/रजिस्ट्रीकरण प्राप्त करना अनुज्ञात है । तथापि, सदस्यों के लिए यह अनुज्ञात नहीं है कि वे दलाली, अवलेखन, पोर्टफोलियो प्रबंध की सेवाओं में नियोजित हों और वे परस्पर निधियों आदि के अभिकरण को भी नहीं ले सकते । कानूनी संपरीक्षक संपरीक्षा ग्राहकों को निवेश परामर्श संबंधी सेवाएं उपलब्ध नहीं करा सकते क्योंकि इसके लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के उपबंधों के निबंधानुसार अनुमति प्राप्त नहीं है ।
- यह स्पष्ट किया गया था कि व्यवसायरत सदस्य सहकारी बैंकों के प्रबंधन बोर्ड में वृत्तिक निदेशक बन सकते हैं ।
- यह स्पष्ट किया गया था कि व्यवसायरत सदस्यों के लिए यह अनुज्ञात है कि वे किसी विश्वविद्यालय के अध्ययन बोर्ड में मानद विशेष आमंत्रिती की हैसियत को स्वीकार कर सकते हैं।
- यह स्पष्ट किया गया था कि चार्टर्ड अकाउंटेंटों की कोई फर्म अपना स्वयं का विजन और मिशन संबंधी कथन रख सकती है, बशर्ते इसके परिणामस्वरूप वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार का कोई विज्ञापन या कार्य की मांग नहीं करेगी । फर्म के लिए यह अनुज्ञात नहीं है कि वह पत्र शीर्ष, विजिटिंग कार्ड या लेखन सामग्री आदि पर अपने विजन या मिशन संबंधी कथन का प्रकाशन करे । विजन और मिशन संबंधी कथन को फर्म के प्रोफाइल पर मुद्रित नहीं कियाजा सकता और न ही किसी विनिर्दिष्ट अनुरोध की प्रतिक्रियास्वरूप उसे उपलब्ध कराया जा सकता है।

6.10 विशेषज्ञ सलाहकार समिति (ईएसी)

वर्ष 1975 में गठित विशेषज्ञ सलाहकार समिति लेखांकन/संपरीक्षा सिद्धांतों को लागू करने से संबंधित मुद्दों के संबंध में सुसंगत और विश्वसनीय मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है । इसके आरंभ से ही, समिति तत्परतापूर्वक उसे संस्थान के सभी उद्योगों में कार्यरत सदस्यों और साथ ही विनियामक और शासकीय निकायों जैसे कि भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) आदि द्वारा निर्दिष्ट किए गए मुद्दों पर अपनी राय उपलब्ध करा रही है । अर्थव्यवस्था के सतत विकास और कारबार के विविधीकरण के वर्तमान युग में नए प्रकार के संव्यवहार किए जा रहे हैं, जिनमें कभी-कभार लेखांकन वृत्तिकों को ऐसी जटिल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जो लेखांकन और/या संपरीक्षा सिद्धांतों को लागू करने से संबंधित होती हैं। इस परिदृश्य में, विशेषज्ञ सलाहकार समिति की भूमिका ऐसे जटिल मुद्दों के संबंध में समाधान उपलब्ध कराने हेतु महत्वपूर्ण हो जाती है,जो वित्तीय विवरण तैयार और प्रस्तुत करते समय अकाउंटेंटों के समक्ष आते हैं।

(I) विशेषज्ञ राय

समिति, सलाहकार सेवा नियमों के अनुसार प्रश्नों का उत्तर उपलब्ध कराती है । नियमों के अनुसार समिति लेखांकन और/या संपरीक्षा सिद्धांतों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर उपलब्ध कराती है और वह ऐसे प्रश्नों का उत्तर उपलब्ध नहीं कराती है, जिनमें विभिन्न अधिनियमितियों के विधिक निर्वचन संबंधी प्रश्न ही अंतर्वलित होता है । समिति ऐसे प्रश्नों का भी उत्तर उपलब्ध नहीं कराती है, जो संस्थान की अनुशासन समिति, विधि के किसी न्यायालय, आय-कर प्राधिकरणों या सरकार के किसी अन्य विभाग के समक्ष लंबित मामले से संबंधित हैं । ये नियम आईसीएआई की वेबसाइट पर https://www.icai.org/new_post.html?post_id=495&c_id=142 हाइपरलिंक के अधीन उपलब्ध हैं या उन्हें नई दिल्ली स्थित संस्थान के प्रधान कार्यालय से अभिप्राप्त किया जा सकता है ।

विशेषज्ञ सलाहकार समिति द्वारा अभिव्यक्त रायें उपलब्ध कराए गए तथ्यों पर आधारित होती हैं और साथ ही सुसंगत विधिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा प्रश्न पूछे जाने की तारीख को विद्यमान लेखांकन/संपरीक्षा सिद्धांतों को विचार में लेते हुए समिति द्वारा राय को अंतिम रूप प्रदान किया जाता है । अत:, समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रत्येक ईएसी राय, जिसमें उसे अंतिम रूप प्रदान किए जाने की तारीख अंतर्विष्ट होती है, को उस तारीख के पश्चात् किए गए किन्हीं संशोधनों/अभिवृद्धियों के आलोक में विचार में लिया जाना चाहिए ।

(II) ऐसी राय, जिन्हें अवधि के दौरान अंतिम रूप प्रदान किया गया है

समिति ने, विभिन्न लेखांकन संबंधी मुद्दों पर 50 रायों को अंतिम रूप प्रदान किया था ।

(III) रायों का सार-संग्रह/ज्ञान का प्रसार

किसी परिषद् वर्ष के दौरान, समिति द्वारा जारी रायों को नियमित रूप से एक प्रकाशन के रूप में प्रकाशित किया जाता है, अर्थात् 'रायों का सार-संग्रह' । अब तक रायों के सार-संग्रह की 42 जिल्दों का प्रकाशन किया गया है । इन जिल्दों का व्यापक रूप से वृत्तिकों द्वारा प्रतिनिर्देश किया जाता है तथा अवलंब लिया जाता है । सुगम संदर्भ हेतु इन रायों को संकलित किया गया है तथा आईसीएआई की वेबसाइट पर एक खोज एप्लीकेशन के रूप में रखा गया है । समिति की कुछ रायों को संस्थान के जर्नल 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' के प्रत्येक अंक में प्रकाशित किया जाता है । समिति की हाल ही की रायों को संस्थान की वेबसाइट पर भी रखा जाता है । सदस्यों और अन्य पणधारियों के बीच ईएसी रायों के संबंध में जागरुकता का सृजन करने तथा ज्ञान का प्रसार करने के लिए विशेषज्ञ सलाहकार समिति ने 2 नवंबर, 2022 को 'हाल ही की ईएसी राय' संबंधी एक वेबीनार का आयोजन किया था, जिसमें लगभग 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था ।

(IV) किए गए क्रियाकलापों के ब्यौरे

1.4.2022 से 30.06.2023 की अवधि के दौरान निम्नलिखित विषयों पर रायों को अंतिम रूप प्रदान किया गया:

- चालू पूंजी संकर्म से और साथ ही आधुनिकीकरण संकर्म की दशा में संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की एक मद के रूप में ट्रांसमिशन लाइनों और उप-केंद्रों के पूंजीकरण का समय ।
- कार्यसूची या संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर के रूप में 'स्टॉक आफ ट्रेक' का वर्गीकरण ।
- नकद प्रवाहों के विवरण में प्रोदभूत ब्याज की प्रस्तुति ।
- कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 (अब, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) की कंपनी के संबंध में इंड एएस 108, 'प्रचालन खंड' को लागू करना ।
- केंद्रीय पारेषण उपयोगिता (सीटीयू) की हैसियत में बिलिंग, संग्रहण और संवितरण (बीसीडी) से संबंधित संव्यवहारों के संबंध में लेखांकन उपचार ।
- इंड एएस 114 को लागू करना और 'विनियामक आस्थगन खातों' के संबंध में आस्थगित कर दायित्वों की प्रस्तुति ।
- लाभ और हानि विवरण में स्क्रैप की वस्तु-सूची में परिवर्तनों का प्रकटन ।
- कंपनी के वित्तीय विवरणों में छूट प्राप्त भविष्य निधि न्यासों के तनावग्रस्त निवेशों का लेखांकन उपचार ।
- दर विनियमों के अनुसार उद्भूत होने वाले ट्रू-अप मूल्य का लेखांकन उपचार ।
- साम्या लिखतों, जिनकी सक्रिय बाजार में कोई कोट की गई बाजार कीमत नहीं है, में निवेशों के उचित मूल्य का मापमान करने के लिए मूल्यांकन तकनीकों में से एक के रूप में 'शुद्ध बही मूल्य' पद्धति को अपनाना ।

- विलंबित संदाय प्रभारों का लेखांकन उपचार।
- परीक्षण के दौरान ऊर्जा जनन का लेखांकन उपचार, जिसे अंतिम उत्पादों के विनिर्माण में आंतरिक रूप से उपयोग किया गया है।
- नवीनीकरण के अधीन पीपीई का वर्गीकरण, उस पर अवक्षयण और उसका हानिकरण।
- एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 के अधीन ऋण आस्तियों का और पुन: कब्जे में ली गई परिसंपत्तियों का इंड एएस 105 के अनुसार 'बिक्री के लिए धारित गैर-चालू आस्तियों' के रूप में वर्गीकरण
- नगर गैस वितरण नेटवर्क को बिछाने के भागरूप में वे-लीव प्रभारों के मद्दे किए गए अग्रिम संदाय के लिए लेखांकन उपचार।
- कंपनी की लेखाबहियों में मूर्त/अमूर्त आस्ति के रूप में रेल कॉरिडोर आस्ति का वर्गीकरण और उसका अवक्षयण/परिशोधन। (2 रायों को सम्मिलित करें)
- लिग्नाइट हैंडिंग प्रणाली के पूंजीकरण का समय और उस पर अवक्षयण।
- गैर-राजस्व जनन संगठन में लाभ और हानि विवरण को तैयार करना।
- पीटीसी प्रतिभूतियों में प्रतिभूतिकरण ठहराव और निवेशों के लिए लेखांकन।
- नगर गैस वितरण नेटवर्क बिछाने के लिए एक भागरूप में हुकिंग-अप प्रभारों के मद्दे किए गए निश्चित/अग्रिम संदाय के लिए लेखांकन उपचार।
- राजस्व को मान्यता के लिए प्रधान बनाम अभिकर्ता का संबंध।
- सिंचाई आस्तियों के पूंजीकरण का समय।
- निर्यात प्रोत्साहनों का लेखांकन उपचार। (2 रायों को सम्मिलित करें)
- राज्य सरकार के कार्यान्वयन अभिकरण की दशा में राजस्व मान्यता।
- किसी संयंत्र में जनित प्रकीर्ण स्क्रैप मदों और इंड एएस ढांचे के अधीन निपटारे की प्रतीक्षा कर रही स्क्रैप आस्तियों को मान्यता।
- इंड एएस ढांचे के अधीन ग्राहकों की ओर से रखे गए नकद और नकद समतुल्यों की प्रस्तुति।
- इंड एएस ढांचे के अधीन परियोजना संविदाओं के प्रति जुटाए गए अग्रिम पर ब्याज की मान्यता।
- इंड एएस 16, 'संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर' के अनुसार पश्चातवर्ती व्यय का लेखांकन उपचार।
- पट्टा प्राप्यों का वर्गीकरण।
- इंड एएस ढांचे के अधीन पट्टाधृत भूमि को फ्रीहोल्ड भूमि में परिवर्तित करने पर राजस्व का लेखांकन उपचार।
- एएस ढांचे के अधीन सीएसआर व्यय के लिए लेखांकन।
- एएस ढांचे के अधीन सरकारी अनुदान का उपचार।
- मूल और अनुषंगी कंपनी द्वारा धारित समान पट्टाधृत आस्तियों का लेखांकन उपचार, जिनकी कार्यकरण मुद्राएं भिन्न-भिन्न हैं और उनका इंड एएस ढांचे के अधीन समेकन। (2 रायों को सम्मिलित करें)
- कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 3 की अपेक्षाओं के अनुसार चैनल वित्तपोषण सुविधा के अधीन प्राप्त रकमों की प्रस्तुति।
- एएस ढांचे के अधीन रियायत करार का लेखांकन उपचार।
- इंड एएस 116 के अनुसार पहचान की गई आस्तियों के रूप में पट्टाधृत परियोजना आस्तियों को मान्यता।
- निगम के वित्तों में पूंजी मोचन और वार्षिकी निश्चितता (सीआरएसी) के वित्तों की प्रस्तुति।
- इंड एएस ढांचे के अधीन कार्यसूची या अग्रिम के रूप में भूमि के अर्जन के लिए संदत्त रकम का वर्गीकरण/प्रस्तुति।

- इंड एएस ढांचे के अधीन प्राकृतिक गैस/एलपीजी पारेषण पाइपलाइन का अवशिष्ट मूल्य ।
- इंड एएस ढांचे के अधीन कंपनी द्वारा हाई स्पीड रेल परियोजना के निर्माण के लिए उपगत स्पेक्ट्रम प्रभारों, परियोजना संवर्धन व्ययों तथा अनुसंधान एवं विकास व्ययों का लेखांकन उपचार । (3 रायों को सम्मिलित करें)
- इंड एएस ढांचे के अधीन वित्तीय विवरणों में बीजकों के बट्टे के माध्यम से वसूल किए गए व्यापार प्राप्यों की प्रस्तुति ।
- लाभ और हानि विवरण में परियोजना में अप्रत्याशित घटना के दौरान उपगत स्टैंडबाय, स्टापेज और संबद्ध लागतों की प्रस्तुति ।
- इंड एएस फ्रेमवर्क के अधीन अर्हित संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) निधियों और क्यूआईपी निर्गम व्ययों में से किए गए सावधि निक्षेपों (एफडी) पर अर्जित ब्याज आय का लेखांकन ।
- इंड एएस ढांचे के अधीन अन्य आय का लेखांकन उपचार (रेल मंत्रालय (एमओआर) से प्राप्त अग्रिम में से निवेश की गई निधियों पर बैंक ब्याज, जिसे बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना (ईएपी) कहा गया है)
- भारत सरकार (जीओआई) द्वारा प्रायोजित और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा प्रबंधित विभिन्न स्कीमों और निधियों के संबंध में वित्तीय प्रस्तुति ।

6.11 वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन बोर्ड (एफआरआरबी)

वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन बोर्ड (एफआरआरबी) भारत में विद्यमान वित्तीय रिपोर्टिंग व्यवहारों के सुधार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । इस बोर्ड का गठन आईसीएआई द्वारा एक गैर-स्थायी समिति के रूप में जुलाई, 2002 में किया गया था और इसका गठन देश में वित्तीय रिपोर्टिंग व्यवहारों में सुधार लाने और चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा की जाने वाली संपरीक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए एक सक्रिय उपाय के रूप में किया गया था । एफआरआरबी विभिन्न उद्यमों के साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन करता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे यथासंभव सीमा तक वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उन्हें प्रस्तुत करने के लिए साधारण रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों का अनुपालन करते हैं, विनियामक निकायों, कानूनों/नियमों और उद्यमों से सुसंगत विनियमों द्वारा विहित प्रकटन अपेक्षाओं का अनुपालन करते हैं तथा उद्यम और साथ ही संपरीक्षक की रिपोर्टिंग बाध्यताओं का भी अनुपालन करते हैं । बोर्ड में, आईसीएआई की केंद्रीय परिषद् के सदस्य सम्मिलित होते हैं, जिनके अंतर्गत भारत सरकार के नामनिर्देशिती भी हैं । इस अवधि के दौरान, बोर्ड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी), केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) से अभ्यावेदन प्राप्त हुए ।

वर्ष की उपलब्धियां :

(I) किए गए पुनर्विलोकन (स्व:विवेकानुसार या विशेष रूप से चुने गए मामलों का पुनर्विलोकन)

बोर्ड ने स्व:विवेकानुसार चुने गए या विशेष मामलों के रूप में चुने गए 125 मामलों का पुनर्विलोकन किया है । इसके अंतर्गत, 23 ऐसे वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन किया गया, जिन्हें विशेष मामलों के रूप में लिया गया था और साथ ही इंड एएस वित्तीय विवरणों के 88 मामलों का भी पुनर्विलोकन किया गया । इन कुल 125 मामलों में से 14 मामलों को संबद्ध विनियामकों और निदेशक (अनुशासन) को आगे और कार्रवाई हेतु निर्दिष्ट किया गया है तथा 78 मामलों में बोर्ड ने उद्यम के संपरीक्षक को सलाह जारी करने का विनिश्चय किया था ।

(II) समाज के प्रति योगदान - राष्ट्र के लिए प्रतिबद्धता

विनियामकों का समर्थन करने और साथ ही वित्तीय रिपोर्टिंग में पारदर्शिता लाने के अपने प्रयास में एफआरआरबी ने अवधि के दौरान विशेष मामलों के रूप में विभिन्न उद्यमों के 29 साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों और उनके संबंध में संपरीक्षकों की रिपोर्ट का पुनर्विलोकन किया है जिन्हें विनियामकों द्वारा मीडिया की रिपोर्टों और प्राप्त हुए अन्य निर्देशों के आधार पर निर्दिष्ट किया गया था और जो पुनर्विलोकन के विभिन्न प्रक्रमों पर हैं ।

- **विनियामकों द्वारा निर्दिष्ट मामलों के पुनर्विलोकन की प्रास्थिति**
  - भारत निर्वाचन आयोग ने बोर्ड से यह अनुरोध किया था कि वह कम से कम छह राष्ट्रीय राजनैतिक दलों और मान्यताप्राप्त दलों के वार्षिक संपरीक्षित लेखाओं का पुनर्विलोकन आरंभ करे, जिनकी आय/व्यय 10 करोड़ रुपए

से अधिक है । तदनुसार, भारत निर्वाचन आयोग बोर्ड को प्रत्येक वर्ष ऐसे राजनैतिक दलों के वार्षिक संपरीक्षित लेखाओं को अग्रेषित करता है । इस अवधि के दौरान एक राजनैतिक दल के वार्षिक संपरीक्षित लेखाओं को एफआरआरबी को अग्रेषित किया गया है, जिस पर बोर्ड विचार करेगा ।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के कार्यालय से आईसीएआई को ऐसी सीए फर्मों की एक सूची प्राप्त हुई थी, जिनकी "पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के संपरीक्षकों के रूप में असंतोषप्रद कार्यपालन" के रूप में पहचान की गई थी । एफआरआरबी ने ऐसे 6 समुत्थानों के एक साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन आरंभ किया है, जिनकी संपरीक्षा उक्त सूची में सम्मिलित किए गए संपरीक्षकों द्वारा की गई है और इनमें से बोर्ड ने चार मामलों में पुनर्विलोकन प्रक्रिया को पूरा कर दिया है और शेष दो मामलों पर बोर्ड द्वारा विचार किया जाएगा ।

○ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) से प्राप्त परिसमापनाधीन कंपनियों की सूची के आधार पर बोर्ड ने इस अवधि के दौरान चुनी गई 15 कंपनियों के पुनर्विलोकन पर विचार किया है । इनमें से छह मामलों को आगे और अन्वेषण हेतु निदेशक (अनुशासन) को निर्दिष्ट किया गया है और चार मामलों में बोर्ड ने समुत्थान के संपरीक्षक को सलाह जारी करने का विनिश्चय किया है ।

(III) एफआरआरबी के वेब पोर्टल का शुभारंभ : एफआरआरबी के कार्य का नियम आधारित विश्लेषण का उपयोग करते हुए स्वचालन

एफआरआरबी के वेब पोर्टल का शुभारंभ जनवरी, 2022 में किया गया, जिसका उद्देश्य एफआरआरबी के कार्य को स्वचालित बनाना और नियम आधारित विश्लेषण का उपयोग करते हुए एक्सबीआरएल वित्तीय विवरणों के आधार पर सामान्य अननुपालनों की पहचान करना है । तकनीकी पुनर्विलोककों और वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन समूह (एफआरआरजी) को आनलाइन व्यापक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के पश्चात् पोर्टल के माध्यम से अवधि के दौरान निर्दिष्ट पुनर्विलोकन संबंधी मामलों का पुनर्विलोकन आरंभ किया गया, जो वर्तमान में विभिन्न प्रक्रमों पर है ।

(IV) प्रकाशन

बोर्ड ने, वित्तीय विवरणों को तैयार करने वाले व्यक्तियों, संपरीक्षकों और अन्य सदस्यों को विभिन्न वित्तीय रिपोर्टिंग अपेक्षाओं के अनुपालन के संबंध में शिक्षित करने के उद्देश्य से अक्तूबर, 2022 में 'वित्तीय रिपोर्टिंग अपेक्षाओं (इंड एएस ढांचा) के अनुपालन संबंधी अध्ययन' की दूसरी जिल्द का विमोचन किया और इस प्रकार उसने वित्तीय विवरणों की गुणवत्ता में अभिवृद्धि करने और साथ ही सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने का मार्ग प्रशस्त किया है । इसमें इंड एएस, संपरीक्षा संबंधी मानकों और लागू मार्गदर्शन टिप्पणों और साथ ही अन्य सुसंगत विधियों तथा कानूनों के संदर्भ में बोर्ड के अनिवार्य संप्रेक्षण अंतर्विष्ट हैं । यह प्रकाशन सदस्यों और अन्य पणधारियों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा, जिससे उन्हें इन मानकों (इंड एएस) को उसी भावना के साथ कार्यान्वित करने में समर्थ बनाया जा सके, जिस भावना से उन्हें तैयार किया गया है ।

(V) जर्नल में लेख

संस्थान के सदस्यों और अन्य संबद्ध व्यक्तियों को पुनर्विलोकन के दौरान पाए गए अननुपालनों से अवगत कराने के विचार से बोर्ड ने 'विभिन्न रिपोर्टिंग बाध्यताओं का अननुपालन' विषय पर सीए जर्नल में लेखों की एक श्रृंखला का प्रकाशन आरंभ किया है । इसे ध्यान में रखते हुए संस्थान के जर्नल 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' के अप्रैल, 2022, मई, 2022, जून, 2022, सितंबर, 2022, अक्तूबर, 2022, जनवरी, 2023 और फरवरी, 2023 के अंकों में 'इंड एएस वित्तीय विवरणों में पाए गए अननुपालन' शीर्षक वाले सात लेखों का प्रकाशन किया गया है । इन लेखों में "वित्तीय रिपोर्टिंग व्यवहारों में सुधार लाने की दिशा में एफआरआरबी की भूमिका" और "तुलन-पत्र के आस्ति पक्ष" से संबंधित बोर्ड के संप्रेक्षण, "तुलन-पत्र में साम्या और दायित्व", "लाभ और हानि के घटक", "नकद प्रवाह संबंधी विवरण", "अन्य प्रकटन" और सीएआरओ 2016 से संबंधित लेखों को सम्मिलित किया गया है । एफआरआरबी की अद्यतन जानकारी (आईसीएआई जर्नल में) की अंतर्वस्तु को पाठकों से अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई है ।

(VI) अन्य लेख : बड़ी संख्या में मेल भेजकर सदस्यों के बीच जागरुकता का प्रसार

सदस्यों को वित्तीय विवरणों के पुनर्विलोकन के दौरान पाए गए विभिन्न अननुपालनों के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने हेतु एक नई पहल आरंभ की गई है । इस पहल के अनुसरण में समय-समय पर सदस्यों को बड़ी संख्या में मेल भेजी जा रही हैं । इस पहल के अधीन फरवरी, 2023 और मई, 2023 में "बैंकों के वित्तीय विवरणों में

सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालन" तथा जून, 2023 में "कंपनियों के वित्तीय विवरणों में सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालन – संपरीक्षक की रिपोर्ट और सीएआरओ, 2016" विषयों से संबंधित बड़ी संख्या में तीन मेल भेजी गई हैं ।

(VII) ट्विटर हैंडल – एफआरआरबी

सदस्यों के बीच एफआरआरबी के द्वारा पाए गए अननुपालनों के संबंध में जागरुकता का प्रसार करने और उसके संबंध में नियमित रूप से अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अगस्त, 2020 में एफआरआरबी के लिए एक ट्विटर अकाउंट का सृजन किया गया, जिस पर 'डिड यू नो' शीर्ष से एक श्रृंखला चलाई जा रही है, जिसके आज की तारीख तक 3830 फोलोअर्स हैं । आज की तारीख तक लेखांकन मानकों से संबंधित अनुपालनों के संबंध में पाई गई त्रुटियों के संबंध में 396 ट्वीट पोस्ट किए गए हैं ।

(VIII) महत्वपूर्ण घटनाएं

- **अकाउंटेंटों की 21वीं विश्व कांग्रेस – आईसीएआई पैवेलियन – एफआरआरबी**

  वैश्विक लेखांकन वृत्ति के लिए अकाउंटेंटों की 21वीं विश्व कांग्रेस का आयोजन एक ऐतिहासिक घटना थी, जिसमें अन्य बातों के साथ, आईसीएआई के पैवेलियन में सभी छह क्षेत्रों में आईसीएआई की भूमिका को प्रदर्शित किया गया । ये क्षेत्र, "सीए वृत्ति के विनियमन के लिए आईसीएआई", "आईसीएआई - राष्ट्रीय निर्माण में भागीदार", "आईसीएआई - मानक निर्धारक", "वित्तीय अनुशासन के लिए आईसीएआई", "आईसीएआई-एक उत्कृष्ट शिक्षक" के रूप में नामित थे । आईसीएआई पैवेलियन, आईसीएआई के लिए एक उत्तम ब्रांडिंग प्रयोग सिद्ध हुआ और उसके कारण आईसीएआई की विभिन्न समितियों को वैश्विक संगतता के अपने क्रियाकलापों को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ । एफआरआरबी – आईसीएआई ने भी "सीए वृत्ति के विनियमन के लिए आईसीएआई" क्षेत्र के तत्वाधान में आईसीएआई पैवेलियन के प्रति अपना योगदान दिया । प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करने तथा इस कार्यक्रम को परस्पर क्रियाशील बनाने के लिए फ्लैश कार्ड पद्धति के माध्यम से क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें आईजीएएपी, इंड एएस, सीएआरओ, संपरीक्षा संबंधी मानकों, कंपनी अधिनियम के संदर्भ में सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालनों के संबंध में प्रश्न पूछे गए । एफआरआरबी के प्रकाशन, अर्थात् 'वित्तीय रिपोर्टिंग अपेक्षाओं (इंड एएस ढांचा) के अनुपालन संबंधी अध्ययन की दूसरी जिल्द' की प्रतियां प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई ताकि वित्तीय रिपोर्टिंग व्यवहारों में सुधार को समर्थ बनाया जा सके और साथ ही उक्त प्रतियां इस बृहत्त आयोजन के स्मृति चिह्न के रूप में भी उपलब्ध कराई गई ।

- **पश्चिमी क्षेत्र के लिए मुंबई में, दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र के लिए हैदराबाद में और उत्तरी तथा मध्य क्षेत्र के लिए अमृतसर में एकेएएम क्रियाकलाप के रूप में तकनीकी पुनर्विलोककों और एफआरआरजी सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन –** तकनीकी पुनर्विलोककों (टीआर) तथा वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन समूह (एफआरआरजी) के सदस्यों को इंड एएस के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने तथा उन्हें इंड एएस आधारित वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन करने के लिए अपेक्षित कौशलों से सज्जित करने के लिए एफआरआरबी द्वारा 12-13 मई, 2023 के दौरान मुंबई में, 25-26 अगस्त, 2023 के दौरान हैदराबाद तथा 2-3 जून, 2023 के दौरान अमृतसर में एकेएएम क्रियाकलापों के रूप में तकनीकी पुनर्विलोककों और एफआरआरजी सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

- **वेबीनार, संगोष्ठियां, वीसीएम और कार्यक्रम**

  बोर्ड ने क्रमश :'वित्तीय रिपोर्टिंग अपेक्षाओं के सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालनों' और 'वित्तीय रिपोर्टिंग व्यवहारों' के विषय पर वर्चुअल सीपीई बैठकों और संगोष्ठियों/कार्यक्रमों का आयोजन किया ।

6.12 जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति (जीएसटी एंड आईडीटीसी)

आईसीएआई की जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति (जीएसटी एंड आईडीटीसी), अपनी समृद्ध बौद्धिक क्षमता तथा तकनीकी गुणवत्ताओं के माध्यम से भारत में एक निष्पक्ष और साधारण अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था स्थापित करने में सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है । जीएसटी के कार्यान्वयन के दौरान समिति के सहयोग को सरकार द्वारा अभिस्वीकृति प्रदान की गई है । समिति को सदस्यों के साथ उसके गहरे संबंधों के कारण व्यापक रूप से सराहना प्राप्त होती है । वर्ष के दौरान, समिति ने अपने कृत्यकरण के विस्तार क्षेत्र के दोनों क्षेत्रों, अर्थात् सरकार के साथ भागीदारी करना और सदस्यों को सशक्त बनाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय रूप से योगदान दिया है ।

(I) राष्ट्र निर्माण में सरकार के साथ भागीदारी

केंद्र, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को उनकी जीएसटी की यात्रा पर विचार-विमर्श करने तथा इस यात्रा के दौरान हुए अनुभवों का आदान-प्रदान करने में समृद्ध बनाना – राष्ट्रीय जीएसटी विचार-गोष्ठी, 2022 – सिनर्जी को पुन: स्थापित करना।

समिति ने, 15 और 16 दिसंबर, 2022 के दौरान चेन्नई में सीजीएसटी, एसजीएसटी और यूटी जीएसटी के अधिकारियों के लिए एक राष्ट्रीय जीएसटी विचार-गोष्ठी, 2022 का आयोजन किया। तमिलनाडु सरकार के माननीय वित्त और मानव संसाधन प्रबंध मंत्री डा. पलानीवेल त्यागराजन ने इस विचार-गोष्ठी का उदघाटन किया। इस विचार-गोष्ठी के माध्यम से केंद्रीय कर, राज्य कर और संघ राज्यक्षेत्र कर से संबंधित अधिकारियों को एक मंच पर लाया गया, जिससे सिनर्जी, विचार-विमर्श और विचारों के आदान-प्रदान को सुकर बनाया जा सके तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करके उनके समाधानों को तैयार किया जा सके। 20 राज्यों और 2 संघ राज्यक्षेत्रों से जीएसटी परिषद्, जीएसटीएन, सीबीआईसी और केंद्रीय जीएसटी कमिशनरियों और राज्य वाणिज्य कर विभागों के उच्च पंक्ति के अधिकारियों जैसे कि आयुक्तों, अपर आयुक्तों, संयुक्त आयुक्तों ने इस विचार-गोष्ठी में भाग लिया।

"कर्तव्य", करदाताओं, व्यापार और अन्य पणधारियों के लिए एक कर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार के साथ सहयोग

राज्य कर विभाग, जम्मू-कश्मीर ने आईसीएआई की जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति के सहयोग से करदाताओं, व्यापार संघों और अन्य पणधारियों की जागरुकता के लिए 1 मार्च, 2023 को कन्वेशन सेंटर, जम्मू में "कर्तव्य: एक कर जागरुकता पहल" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 450 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें राज्य कर विभाग, जम्मू-कश्मीर के अधिकारी, आहरण और संवितरण अधिकारी, करदाता, चार्टर्ड अकांउटेंट और विभिन्न व्यापार संघों के प्रतिनिधि आदि सम्मिलित थे। जम्मू-कश्मीर के माननीय लेफ्टिनेंट गर्वनर श्री मनोज सिन्हा ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव डा. अरुण कुमार मेहता, लेफ्टिनेंट गर्वनर के सलाहकार श्री राजीव राय भटनागर और आयुक्त, राज्य कर विभाग, जम्मू-कश्मीर डा. रश्मि सिंह ने इस उद्घाटन सत्र में भाग लिया था।

जीएसटी नीति निर्धारण, कार्यान्वियन और अनुसंधान की पुन:स्थापना – तकनीकी अंत:निवेश

(i) **प्रारूप जीएसटीआर – 3ख प्ररूप के संबंध में सुझाव :** समिति ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जारी प्रारूप जीएसटीआर – 3ख प्ररूप के संबंध में तारीख 15 सितंबर, 2022 को अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त, इस प्रकार प्रस्तुत सुझावों के संबंध में 20 सितंबर, 2022 को नार्थ ब्लॉक में आयोजित एक निजी बैठक में श्री संजय मंगल, प्रधान आयुक्त, जीएसटी नीति खंड, सीबीआईसी को स्पष्टीकरण उपलब्ध कराए गए। बैठक में हुई परिचर्चा के अनुसरण में, तारीख 4 अक्तूबर, 2022 को इस मुद्दे पर कि प्ररूप जीएसटीआर-1 और प्ररूप जीएसटीआर-3ख में सुमेलन न हो पाने को किस प्रकार स्पष्ट किया जा सके और प्ररूप जीएसटीआर-9 और प्ररूप जीएसटीआर-9ग को संशोधित प्ररूप जीएसटीआर-3ख के साथ सुमेलित करने के लिए अपेक्षित परिवर्तनों के संबंध में प्रधान आयुक्त, सीबीआईसी को अतिरिक्त सुझाव उपलब्ध कराए गए।

(ii) **जीएसटी के अधीन सकल आवर्त संबंधी अवधारणा टिप्पण :** समिति ने विभिन्न देशों के जीएसटी/वेट विधानों के अधीन "सकल आवर्त" पद के संबंध में समीक्षा की और अपने निष्कर्षों तथा सिफारिशों को 'जीएसटी के अधीन सकल आवर्त संबंधी अवधारणा टिप्पण' में अंतर्विष्ट किया और उसके पश्चात् तारीख 4 जुलाई, 2022 को उसे विचारार्थ सरकार को प्रस्तुत किया गया। यह सिफिारिश की गई थी कि छूट प्राप्त परिदानों को सकल आवर्त की परिभाषा से बाहर रखा जाए।

(iii) **कठिनाईयों को दूर किए जाने संबंधी आदेश, 2022 के संबंध में सुझाव :** केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 172 केंद्रीय सरकार को, अधिनियम के किन्हीं उपबंधों को प्रभावी करने में उद्भूत होने वाली कठिनाईयों को दूर करने के प्रयोजन के लिए यथा आवश्यक रूप से किसी साधारण या विशेष आदेश को जारी करके ऐसे उपबंध करने हेतु सशक्त करती है। तारीख 29 जून, 2022 को सरकार को ऐसे सुझाव प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें ऐसे कतिपय विषयों को प्रमुख रूप से दर्शित किया गया था, जिनके लिए कठिनाईयों को दूर किए जाने संबंधी आदेश को जारी किया जा सकेगा क्योंकि ऐसा कोई आदेश जारी करने की शक्ति 30 जून, 2022 को समाप्त हो रही थी।

(iv) **मध्य प्रदेश के जीएसटी संपरीक्षा मानक प्रचालन व्यवहारों और मैनुअल का पुनर्विलोकन :** वाणिज्यिक कर विभाग, मध्य प्रदेश से प्राप्त अनुरोध के आधार पर समिति ने विभाग के जीएसटी संपरीक्षा मानक प्रचालन व्यवहारों और मैनुअल का पुनर्विलोकन किया।

देश में अप्रत्यक्ष कर विधियों को सरल, पारदर्शी, निश्चित और साम्यापूर्ण बनाने का प्रयास – सरकार को अभ्यावेदन

(i) राज्य कर आयुक्त, महाराष्ट्र के कार्यालय द्वारा जारी अंतरिम परिपत्र की रुपरेखा के अनुसार एक परिपत्र जारी करने का अनुरोध करते हुए अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से 2017-18 और 2018-19 की कर अवधियों के लिए विवरणियों की संवीक्षा से संबंधित विधिक मुद्दों के संबंध में दिशानिर्देश उपलब्ध कराए जा सकें ।

(ii) चार्टर्ड अकाउंटेंटों को जीएसटी अपील अधिकरण में तकनीकी सदस्य के रूप में सम्मिलित किए जाने संबंधी अभ्यावेदन ।

(iii) जीएसटीएन को यह अनुरोध करते हुए एक अभ्यावेदन कि सीजीएसटी नियम, 2017 के संशोधित नियम 89(5) के अधीन यथाउपबंधित अवतरण कर संरचना के अधीन इनपुट कर प्रत्यय के प्रतिदाय हेतु जीएसटी पोर्टल पर एक नया सूत्र तैयार किया जाए ।

(iv) चार्टर्ड अकाउंटेंटों को मध्य प्रदेश एसजीएसटी अधिनियम, 2017 के अधीन विशेष संपरीक्षा के लिए पैनलबद्ध किए जाने का अनुरोध करते हुए अभ्यावेदन ।

संघीय बजट की समृद्धिकारी कार्यसूची

बजट-पूर्व ज्ञापन, 2023 – अप्रत्यक्ष कर – समिति ने तारीख 30 नवंबर, 2022 को अपना बजट-पूर्व ज्ञापन, 2023 प्रस्तुत किया, जिसमें ऐसे विभिन्न मुद्दों के संबंध में सुझाव अंतर्विष्ट थे, जो सरकार की सीमा-शुल्क विधि से संबंधित थे ।

केंद्रीय जीएसटी, राज्य जीएसटी और अन्य सरकारी विभागों और पीएसयू के पदधारियों के लिए सक्षमता निर्माण कार्यक्रम – रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान समिति ने केंद्रीय जीएसटी, राज्य जीएसटी और अन्य सरकारी विभागों और पीएसयू के पदधारियों के लिए 30 सक्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनके माध्यम से 2600 से अधिक अधिकारियों के कौशल को सुदृढ़ किया गया ।

विधायकियों के साथ बैठक

जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति के तत्कालीन अध्यक्ष ने 6 जुलाई, 2022 को गोवा के माननीय मुख्य मंत्री डा. प्रमोद सावंत तथा 27 जुलाई, 2022 को ओडिशा सरकार के माननीय वित्त मंत्री श्री निरंजन पुजारी के साथ बैठक की थी ।

समिति द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग, बिहार के अधिकारियों के लिए 25 से 29 अप्रैल, 2022 के दौरान एक पांच दिवसीय सक्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा किया गया था । समिति द्वारा 15 और 16 दिसंबर, 2022 के दौरान राष्ट्रीय जीएसटी विचार-गोष्ठी की मेजबानी की गई थी, जिसका उदघाटन तमिलनाडु सरकार के माननीय वित्त और मानव संसाधन मंत्री डा. पलानीवेल त्यागराजन द्वारा किया गया था । माननीय मंत्री ने 30 और 31 जनवरी, 2023 को चेन्नई के दौरान तमिलनाडु सरकार के खजाना और लेखा विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित एक दो दिवसीय सक्षमता निर्माण कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया था ।

मंत्रियों ने आईसीएआई द्वारा उसकी जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति के माध्यम से विभिन्न राज्य सरकारों के जीएसटी विभागों के अधिकारियों के लिए सक्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन करने की पहल की अनुशंसा की है और साथ ही जीएसटी संबंधी ज्ञान के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य के प्रति समिति के योगदान की भी सराहना की है ।

राज्य सरकारों के कृत्यकारियों के साथ बैठकें

समिति केंद्रीय और राज्य सरकारों, दोनों तक पहुंच बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और साथ ही वह ऐसे मार्गों और उपायों के संबंध में भी विचार-विमर्श कर रही है, जिनके माध्यम से समिति जीएसटी संबंधी नीति निर्माण और उसके कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से सरकारों का समर्थन कर सकती है । रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, समिति ने राज्य कर/जीएसटी की विभिन्न कमिशनरियों के साथ तथा विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकारों के विशिष्ट अधिकारियों के साथ अनेक बैठकें की, जिनके दौरान उन्हें आईसीएआई द्वारा जीएसटी के संबंध में की गई विभिन्न पहलों के संबंध में अवगत कराया गया और साथ ही ऐसे मार्गों और उपायों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया, जिनके माध्यम से जीएसटी और आईडीटी समिति जीएसटी के क्षेत्र में सरकार को अपना सक्रिय समर्थन उपलब्ध करा सकती है ।

राजस्व सचिव के साथ बैठक

जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने 17 जून, 2023 को जीएसटी नीति खंड, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा-शुल्क बोर्ड द्वारा आयोजित एक बैठक में भाग लिया, जिसमें नकली आईटीसी और नकली रजिस्ट्रीकरणों की बढ़ी संख्या पर रोक लगाने के लिए किए जाने वाले उपायों के संबंध में चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राजस्व सचिव श्री संजय मल्होत्रा द्वारा की गई थी।

(II) सदस्यों को सशक्त बनाना

ई-पहलें :

- **10 बिन्दु जीएसटी श्रृंखला – जीएसटी संबंधी ज्ञान के प्रचार-प्रसार के प्रति एक नई पहल :** समिति द्वारा सभी पणधारियों के बीच जीएसटी के संबंध में जागरुकता का सृजन करने और ज्ञान का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से "10 बिन्दु जीएसटी श्रृंखला" नामक एक लघु वीडियो श्रृंखला को तैयार किया गया है। जीएसटी विधि को इन लघु वीडियो में यथा संभव सरल रीति में स्पष्ट किया गया है, जिससे कि साधारण जनता को जीएसटी के संबंध में आधारिक समझ प्राप्त हो सके। इस वीडियो श्रृंखला में जीएसटी विधि के भिन्न-भिन्न पहलूओं को सम्मिलित किया गया है, जिसमें से प्रत्येक पहलू को एक वीडियो के माध्यम से 10 बिन्दूओं में स्पष्ट किया गया है। यह श्रृंखला एक निरंतर चलने वाला फीचर है जहां नियमित अंतरालों पर वीडियो को अपलोड किया जा रहा है। कुल मिलाकर 15 लघु वीडियो तैयार किए गए हैं और उन्हें समिति की वेबसाइट और आईसीएआई डिजीटल पठन केंद्र पर रखा गया है।

- **लाइव वेबकास्ट/वेबीनार/वीसीएम :** समिति ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, जीएसटी में अंतर्वलित विभिन्न समकालीन विषयों के संबंध में 12 लाइव वेबकास्टों/वेबीनारों तथा 7 वर्चुअल सीपीई बैठकों का आयोजन किया, जिसमें 12384 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

- **जीएसटी संबंधी आईसीएआई न्यूज लैटर :** रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान आईसीएआई – जीएसटी संबंधी न्यूज लैटर के चार संस्करणों का प्रकाशन किया गया है। सामान्य व्यवहार के अनुसार इनमें से प्रत्येक संस्करण की 3000 प्रतियों को मुद्रित किया गया तथा उन्हें संसद् सदस्यों, जीएसटी परिषद् सदस्यों, राज्य के कैबिनेट मंत्रियों तथा सरकारी पदधारियों को अग्रेषित किया गया।

- **जीएसटी संबंधी अद्यतन जानकारी :** जीएसटी विधि एक अत्यधिक क्रियाशील विधि है, जिसमें बार-बार बड़ी संख्या में अधिसूचनाएं/परिपत्र/ आदेश/अनुदेश जारी किए जाते हैं। सदस्यों को इस क्षेत्र में तेजी से होने वाले परिवर्तनों से लगातार अवगत कराने के विचार से जीएसटी से संबंधित अद्यतन जानकारी, जिसमें ऐसे परिवर्तनों के सार को उस समय अंतर्विष्ट किया जाता है, जिस समय सीबीआईसी द्वारा ऐसी कोई अधिसूचना/परिपत्र/आदेश/अनुदेश जारी किया जाता है, संबंधित दस्तावेज समिति द्वारा तैयार किया जाता है तथा उसे समिति की वेबसाइट पर रजिस्ट्रीकृत 50000 उपयोक्ताओं को मेल किया जाता है और साथ ही उसे समिति की वेबसाइट पर अपलोड भी किया जाता है।

- **ई-प्रकाशन – सदस्यों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक उपकरण :** समिति ने अपने सभी प्रकाशनों, जीएसटी न्यूज लैटर के सभी अंकों आदि को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है, जिसे किसी भी पणधारी द्वारा नि:शुल्क रूप से डाउनलोड किया जा सकता है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान ऐसे प्रकाशनों की कुल 15000 प्रतियों को विभिन्न पणधारियों द्वारा डाउनलोड किया गया।

- **माल और सेवा कर संबंधी ई-पठन तथा यूएई वेट** : जीएसटी के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को सम्मिलित करने वाले ई-पठन माड्यूल को आईसीएआई के डिजिटल पठन केंद्र पर रखा गया है। यह सुविधा सभी सदस्यों को नि:शुल्क रूप से उपलब्ध है जो उनके द्वारा किसी भी समय तथा कहीं से भी पठन को सुकर बनाता है। इस ई-पठन हेतु 13,636 सदस्यों ने ग्राहकी प्राप्त की है। यूएई वेट से संबंधित एक ई-पठन माड्यूल, जिसमें यूएई वेट से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को सम्मिलित किया गया है, आईसीएआई के डिजिटल पठन केंद्र पर रखा गया है। यह सुविधा सभी सदस्यों को नि:शुल्क रूप से उपलब्ध है जो उनके द्वारा किसी भी समय तथा कहीं से भी पठन को सुकर बनाती है। इस ई-पठन हेतु 2,182 सदस्यों ने ग्राहकी प्राप्त की है।

- **समिति की वेबसाइट :** समिति के पास https://idtc.icai.org/ पोर्टल पर अपनी वेबसाइट उपलब्ध है, जो ऐसे सभी व्यक्तियों के लिए एकल समाधान के रूप में कार्य करती है, जो अप्रत्यक्ष कर और जीएसटी के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं। समिति द्वारा तैयार/पुनरीक्षित किए गए सभी तकनीकी प्रकाशनों को

इस वेबसाइट पर रखा जाता है, जो सभी पणधारियों द्वारा नि:शुल्क डाउनलोड हेतु उपलब्ध हैं । यह वेबसाइट समिति की अन्य पहलों के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराती है जैसे कि जीएसटी संबंधी अद्यतन जानकारी, बजट-पूर्व और पश्च ज्ञापन, सरकार को प्रस्तुत किए गए सुझाव और अभ्यावेदन, जीएसटी संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, समिति द्वारा आयोजित विभिन्न सीपीई आयोजन और अन्य कार्यक्रम आदि । इस वेबसाइट के 50000 उपयोक्ता सबसक्राइबर है और औसतन समिति की वेबसाइट को प्रतिदिन 300 (लगभग) उपयोक्ता देखते हैं ।

(III) अंतर्राष्ट्रीय पहलें

- **यूएई वेट संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम :** समिति ने अपने दुबई चैप्टर के माध्यम से दुबई और ओमान में यूएई वेट संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के दो बैचों का आयोजन किया, जिनके दौरान 20 सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त, यूएई वेट संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के लिए आनलाइन रूप से एक निर्धारण परीक्षा का भी 11 दिसंबर, 2022 को आयोजन किया गया, जिसमें 13 सदस्यों ने सफलतापूर्वक इस निर्धारण परीक्षा को उत्तीर्ण किया ।
- **प्रगतिशील वेट के संबंध में वेबीनार :** समिति ने 9 जून, 2022 को प्रगतिशील वेट के संबंध में एक वेबीनार का आयोजन किया, जिसमें 1400 सदस्यों ने भाग लिया । इस वेबीनार को प्रोफेसर रीटा डे ला फेरिया, स्कूल आफ लॉ में टैक्स लॉ की अध्यक्ष, लीड्ज़ विश्वविद्यालय ने संबोधित किया ।

(IV) प्रकाशन – एक अनुसंधान पहल :

- जीएसटी संबंधी पृष्ठभूमि सामग्री - अप्रैल (11) 2023 पुनरीक्षित संस्करण
- जीएसटी अधिनियम और नियम - बेयर विधि - अप्रैल 2023 पुनरीक्षित संस्करण
- जीएसटी के अधीन अवरुद्ध क्रेडिट संबंधी हैंडबुक - जनवरी, 2023 – नया
- जीएसटी में महत्वपूर्ण न्यायिक और अग्रिम विनिर्णय - एक संकलन - दिसंबर, 2022 - नया
- जीएसटी के अधीन निरीक्षण, तलाशी, अधिहरण और गिरफ्तारी संबंधी हैंडबुक - अगस्त, 2022 – नया
- जीएसटी के अधीन छूट प्राप्त प्रदायों संबंधी हैंडबुक - जनवरी, 2023 - पुनरीक्षित संस्करण
- जीएसटी के अधीन बीजक संबंधी हैंडबुक - दिसंबर, 2022 - पुनरीक्षित संस्करण
- जीएसटी के अधीन विवरणियों और संदायों संबंधी हैंडबुक - अक्टूबर, 2022 - पुनरीक्षित संस्करण
- जीएसटी के अधीन वार्षिक विवरणी संबंधी हैंडबुक - अक्टूबर, 2022 - पुनरीक्षित संस्करण
- जीएसटी के अधीन रचना स्कीम संबंधी हैंडबुक - अगस्त, 2022 - पुनरीक्षित संस्करण
- जीएसटी के अधीन लेखा और अभिलेखों संबंधी हैंडबुक - जून, 2022 - पुनरीक्षित संस्करण ।

(V) कार्यक्रम और पाठ्यक्रम

- **जीएसटी संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम :**

  रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान समिति ने पूरे भारत वर्ष में जीएसटी संबंधी प्रमाणपत्र के 12 भौतिक बैचों का संचालन किया, जिनमें 418 सदस्यों ने भाग लिया । इसके अतिरिक्त, 209 सदस्यों ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान समिति द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम की निर्धारण परीक्षा को उत्तीर्ण किया तथा उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

- **जीएसटी संबंधी सीपीई आयोजन**

  समिति ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान सदस्यों को जीएसटी और अन्य अप्रत्यक्ष विधियों के क्षेत्र में नवीनतम घटनाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के विचार से 49 भौतिक सीपीई आयोजनों (राष्ट्रीय सम्मेलनों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि) का आयोजन किया, जिनके दौरान 8591 से अधिक सदस्यों के कौशलों को समुन्नत किया गया ।

6.13 आंतरिक संपरीक्षा और प्रबंध लेखा बोर्ड (बीआईएएमए)

आंतरिक संपरीक्षा किसी भी संगठन में शासन ढांचे की एक अत्यधिक महत्वपूर्ण नींव है । भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ने दूरदर्शिता का उपयोग करते हुए पहले ही वृत्ति में आंतरिक संपरीक्षा के बढ़ते महत्व को महसूस कर लिया था और इसके परिणामस्वरूप उसने 19 वर्ष पूर्व फरवरी, 2004 में "आंतरिक संपरीक्षा संबंधी समिति" का गठन किया था । उसके पश्चात्, नवंबर, 2008 में उस समय इस समिति को "आंतरिक संपरीक्षा मानक बोर्ड" के रूप में पुन: नामित किया गया जब आंतरिक संपरीक्षा मानकों को जारी करने के महत्व को मान्यता प्रदान की गई । उस समय से ही बोर्ड आंतरिक संपरीक्षा वृत्ति के क्षेत्र में उदाहरणात्मक कार्य कर रहा है और इसके अतिरिक्त वह संपूर्ण समवर्ती बैंक संपरीक्षा कार्यसूची का भी पर्यावलोकन कर रहा है । अभी तक आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी और जेनेरिक गाइडों के साथ कुल 22 मानकों को जारी किया गया है, जिनमें विभिन्न विषयों और उद्योगों को सम्मिलित किया गया है और साथ ही समवर्ती संपरीक्षा, आंतरिक संपरीक्षा और जोखिम प्रबंध संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों का भी समय-समय पर बोर्ड द्वारा संचालन किया गया । इसके अतिरिक्त, प्रबंध लेखा संबंधी समिति को आंतरिक संपरीक्षा मानक बोर्ड में सम्मिलित कर दिया गया और इसके परिणामस्वरूप बोर्ड को, आंतरिक संपरीक्षा और प्रबंध लेखा बोर्ड (बीआईएएमए) के रूप में पुन:नामित किया गया ।

(I) आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए)

आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) आंतरिक संपरीक्षकों के लिए सर्वोत्तम व्यवहारों के संहिताकरण को उपलक्षित करते हैं ।

बोर्ड ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित छह मानकों को जारी किया है :

- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 130, जोखिम प्रबंध
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 520, सूचना प्रौद्योगिकी के आधुनिक युग में संपरीक्षा
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 530, वित्तीय पक्षकार सेवा प्रदाता
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 140, शासन
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 150, विधियों और नियमों का अनुपालन
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 250, शासन का प्रभार धारण करने वाले व्यक्तियों के साथ संपर्क

इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित मानक अभी प्रारूपण के प्रक्रम पर हैं :

- एसआईए 710, प्रचालनात्मक पुनर्विलोकनों का संचालन
- एसआईए 740, कर्मचारिवृंद और प्रबंध मंडल के कार्यपालन का पुनर्विलोकन

(II) उद्योग विनिर्दिष्ट और साधारण आंतरिक संपरीक्षा गाइड

बोर्ड ने आंतरिक संपरीक्षा संबंधी निम्नलिखित गाइडें जारी की थीं :

- खुदरा उद्योग की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड ।
- शैक्षिक संस्थाओं की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड ।
- कपड़ा उद्योग की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड ।

बोर्ड कोयला उद्योग की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड को मुद्रण हेतु अंतिम रूप प्रदान कर रहा है ।

बोर्ड ने निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए अध्ययन समूहों का गठन किया है :

- आंतरिक संपरीक्षा जांच सूची ।
- होटल उद्योग की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड ।
- भेषजीय उद्योग की आंतरिक संपरीक्षा ।

(III) प्रबंध और कारबार वित्त संबंधी डिप्लोमा (डीएमबीएफ)

आईसीएआई का आंतरिक लेखा परीक्षा और प्रबंध लेखांकन बोर्ड, प्रबंध और कारबार वित्त संबंधी डिप्लोमा (डीएमबीएफ) नामक एक अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम का संचालन कर रहा है, जिससे सदस्यों को प्रबंध और कारबार वित्त के क्षेत्रों में बौद्धिक ज्ञान, विशेषज्ञता और गहन जानकारी उपलब्ध कराई जा सके । यह सदस्यों को गहन नीतिगत और नेतृत्व क्षमताएं प्राप्त करने और साथ ही उनकी निर्णय करने की क्षमताओं में अभिवृद्धि करने तथा प्रबंधकीय सक्षमताओं को सुदृढ़ करने तथा ऐसे कौशलों को अर्जित करने में समर्थ बनाता है, जिससे वे ऐसे ग्राहकों/संगठनों/फर्मों, जिनके लिए वे कार्य करते हैं, के हित में प्रभावी और सफल योगदान प्रदान कर सकते हैं । 2022-23 की अवधि के दौरान, बोर्ड ने डीएमबीएफ पाठ्यक्रम के तीसरे बैच को सफलतापूर्वक पूरा किया और बोर्ड ने 28 जनवरी, 2023 से डीएमबीएफ के चौथे बैच का संचालन आरंभ किया है, जिसके अंतर्गत 100 घंटे का आनलाइन कक्षा प्रशिक्षण सत्र और तीन सप्ताहांत आनलाइन कार्यक्रम हैं, जिनका आयोजन डिजीटल पठन केंद्र के माध्यम से जमनालाल बजाज प्रबंध अध्ययन संस्थान (जेबीआईएमएस) के सहयोग से किया जाएगा ।

(IV) बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

आईसीएआई का आंतरिक संपरीक्षा और प्रबंध लेखांकन बोर्ड, सदस्यों को बैंकों द्वारा अधिकथित प्रक्रियाओं के साथ अनुपालन करने में संव्यवहारों की आंतरिक जांच और अन्य सत्यापन करने तथा अधिकथित प्रक्रियाओं का अनुपालन करने में बैंकों के प्रयास को अनुपूरित करने तथा बैंकों में समवर्ती संपरीक्षा प्रणाली की प्रभाविकता में सुधार करने, समवर्ती संपरीक्षा रिपोर्टों की गुणवत्ता और उसके अंतर्गत आने वाले विषयों में सुधार करने तथा बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा की जटिलताओं को समझने में सदस्यों को समर्थ बनाने के लिए बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का आयोजन कर रहा है । बोर्ड ने इस अवधि के दौरान बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी वर्चुअल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 16 बैचों का आयोजन किया और लगभग 2260 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक इस पाठ्यक्रम को पूरा किया है ।

(V) आंतरिक संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

आंतरिक संपरीक्षा एक अत्यंत क्रियाशील, तेज गति से विकसित होने वाली वैश्विक रूप से मान्यतप्राप्त वृत्ति है, जो संगठनों को उनके जोखिम, शासन और अनुपालन प्रक्रियाओं का प्रबंध करने में सहायता करती है । संस्थान अपने सदस्यों को उन्हें इस वृत्ति में सफलता के लिए अनिवार्य ज्ञान, कौशलों और विशेषज्ञता उपलब्ध कराकर उन्हें आंतरिक संपरीक्षा के उत्तम वृत्तिकों के रूप में तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है । संस्थान, सर्वोत्तम व्यवहार उपकरणों, तकनीकों और व्यवहारों के क्षेत्र में ऐसी अधिकाधिक सामग्रियों की प्रस्तावना करता है, जिनका उपयोग संगठनों द्वारा अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया जा सकता है । आईसीएआई के आंतरिक संपरीक्षा और प्रबंध लेखांकन बोर्ड ने आंतरिक संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का पूर्णरुपेण पुनरीक्षण करते हुए उसमें सुधार किया है और उसमें नए विषयों तथा आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी को सम्मिलित किया गया है और सभी पणधारियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उसे एक समकालीन अवतार में पुन: आरंभ किया जा रहा है । बोर्ड ने दिसंबर, 2022 में आंतरिक संपरीक्षा संबंधी पाठ्यक्रम के पहले बैच का आनलाइन पद्धति से आयोजन किया और इसके दौरान 41 सदस्यों ने सफलतापूर्वक इस पाठ्यक्रम को पूरा किया । बोर्ड, 7 जुलाई, 2023 से अपने डिजीटल पठन केंद्र के माध्यम से इस पाठ्यक्रम के दूसरे बैच का संचालन कर रहा है ।

(VI) आंतरिक संपरीक्षा के क्षेत्र में जागरुकता संबंधी कार्यक्रम, संगोष्ठियां, सम्मेलन और वेबीनार

सदस्यों के बीच ज्ञान के प्रसार के लिए एक मंच उपलब्ध कराने के विचार से बोर्ड ने इस अवधि के दौरान, आंतरिक संपरीक्षा संबंधी 40 वेबीनारों और 18 वर्चुअल सीपीई कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जिनकी विशिष्ट थीम – "आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक – सुधारों के साथ कदम मिलाकर चलना", "आंतरिक संपरीक्षा के क्षेत्र में वैश्विक प्रवृत्तियां – आगे कदम बढ़ाना", "प्रभावी आंतरिक संपरीक्षा तैयार करना - उद्योगवार", "डिजीटल युग में अनुपालन और संपरीक्षा – अवसर और चुनौतियां", "बैंकों, वित्तीय सेवाओं और बीमा सेक्टर में आंतरिक संपरीक्षा" थी और इसके अतिरिक्त, आंतरिक संपरीक्षकों संबंधी राष्ट्रीय सम्मेलन, कारबार के लिए नए युग के मूल्य सृजक (मिश्रित पद्धति), संकाय विकास कार्यक्रम – सितंबर, आंतरिक संपरीक्षा संबंधी चार दिवसीय संगोष्ठी, आंतरिक संपरीक्षा मानकों संबंधी सक्षमता निर्माण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया ।

(VII) पीएसयू के लिए आंतरिक संपरीक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोर्ड ने मार्च, 2023 के दौरान बीएचईएल के लिए आंतरिक संपरीक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । बीएचईएल के कुल 20 पदधारियों ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया ।

(VIII) भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के साथ बैठक

आंतरिक संपरीक्षा और प्रबंध लेखांकन बोर्ड, आईसीएआई के अध्यक्ष ने 3 अप्रैल, 2023 को दिल्ली में भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक कार्यालय के पदधारियों के साथ बैठक की ।

(IX) बोर्ड ने 18-21 नवंबर, 2022 के दौरान मुंबई में आयोजित "अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस" में भाग लिया और साथ ही मानक निर्धारक क्षेत्र के रूप में आईसीएआई पैवेलियन को भी स्थापित किया ।

(X) आंतरिक संपरीक्षा संबंधी ई-पठन – वर्तमान में, 3228 सदस्यों ने इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है ।

6.14 अंतरराष्ट्रीय कराधान संबंधी समिति (साईटैक्स)

अंतरराष्ट्रीय कराधान संबंधी समिति सदस्यों की अंतर्राष्ट्रीय कराधान के उपबंधों के संबंध में उनके कार्यकारी ज्ञान को विकसित करने में और साथ ही इस कार्यकारी ज्ञान को विभिन्न प्रकार की व्यवहारिक परिस्थितियों में विनिर्दिष्ट समस्या वाले क्षेत्रों में लागू करने हेतु विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अर्जित करने में सहायता करती है । यह कार्य महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाशनों को जारी करके, अंतर्राष्ट्रीय कराधान (जिसके अंतर्गत अंतरण कीमत निर्धारण भी है) संबंधी डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन करके, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों और आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों, ई-पठन या समान प्रकृति के कार्यक्रमों का आयोजन करके किया जाता है । समिति अंतर्राष्ट्रीय कराधान से संबंधित ऐसी कर विधियों, नियमों, परिपत्रों, अधिसूचनाओं, डीटीएए आदि की भी समीक्षा करती है, जिन्हें सरकार या अन्य संस्थाओं द्वारा समय-समय पर अधिनियमित या जारी किया जाता है और साथ ही समिति उपयुक्त प्राधिकारियों को उचित अभ्यावेदन भी अग्रेषित करती है ।

(I) सरकार को अभ्यावेदन/उसके साथ परस्पर संवाद

- बजट पूर्व ज्ञापन, 2023 के लिए अंतर्राष्ट्रीय कराधान से संबंधित सुझावों का प्रस्तुत किया जाना ।
- बजट-पश्च ज्ञापन, 2023 में सम्मिलित किए जाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कराधान से संबंधित बजट-पश्च सुझावों का प्रस्तुत किया जाना ।
- राष्ट्र निर्माण के भागीदार के रूप में, कर प्राधिकारियों से निम्नलिखित परस्पर क्रियाएं की गई हैं ताकि उन मार्गों का पता लगाया जा सके, जिन्हें कार्यान्वित करके करदाताओं और कर प्राधिकारियों के बीच होने वाली मुकदमेबाजी को कम से कम किया जा सके, राष्ट्र के कर आधार में अभिवृद्धि करने के उपायों का पता लगाया जा सके, कर अपवंचन को समाप्त किया जा सके, संगोष्ठियों/सम्मेलनों/वेबकास्टों/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों/पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों/कैप्सूल पाठ्यक्रमों आदि को संबोधित करने का निमंत्रण दिया जा सके, जिससे सदस्यों को ऐसे अवसर उपलब्ध कराए जा सकें जहां वे सरकार के मत को समझने के लिए कर नीति निर्धारकों को सुन सकें और उनके साथ परस्पर क्रिया कर सकें और साथ ही अपने विचारों को भी साझा कर सके :
    - उपाध्यक्ष, साईटैक्स ने श्री सुनील कुमार, डीजीआईटी (आईएनवी.), चेन्नई, श्री प्रेमानंद जे., अपर सीआईटी – I (अंतर्राष्ट्रीय कर) और श्री शिव शंकर, अपर सीआईटी – I (अंतर्राष्ट्रीय कर) के साथ 27.04.2022 को एक बैठक की ।
    - साईटैक्स के सदस्यों में से एक सदस्य ने 2.5.2022 को जयपुर में सुश्री रेणु जौहरी, डीजीआईटी (आईएनवी.) के साथ मुलाकात की ।
    - साईटैक्स के सदस्यों में से एक सदस्य ने 16.06.2022 को गुजरात में श्री रविन्द्र कुमार, प्रधान सीसीआईटी के साथ मुलाकात की ।

(II) विभिन्न विषयों पर प्रारूप ओईसीडी/यूएन पत्रों के संबंध में अभ्यावेदन/सुझाव

- वैश्विक कार्यान्वयन ढांचा (स्तंभ-2) के संबंध में लोक परामर्श के भागरूप में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश ।
- स्तंभ-1 की रकम क के अधीन विस्तार क्षेत्र संबंधी देशी विधान के लिए प्रारूप आदर्श नियम - आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश ।

- आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश – क्रिप्टो-आस्ति रिपोर्टिंग ढांचे के संबंध में प्रश्नोत्तर और स्तंभ-1 की रकम क के अधीन क्षेत्र संबंधी देशी विधान के लिए सामान्य रिपोर्टिंग मानक प्रारूप आदर्श नियम ।
- आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश – स्तंभ 1 की रकम क के अधीन निष्कर्णात्मक अपवर्जन ।
- स्तंभ 1 के संबंध में लोक परामर्श के भागरूप में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश – रकम क : विनियमित वित्तीय सेवा अपवर्जन ।
- बीईपीएस 2.0 स्तंभ 1 के संबंध में लोक परामर्श के भागरूप में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश – रकम क के लिए कर निश्चितता ढांचा और रकम क से संबंधित मुद्दों के लिए कर निश्चितता ।
- रकम क के तकनीकी डिजाइन के संबंध में लोक परामर्श के भागरूप में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश ।
- स्तंभ 1 की रकम क के प्रशासन और कर निश्चितता पहलूओं के संबंध में लोक परामर्श के भागरूप में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश ।
- स्तंभ 1 की रकम क के प्रारूप बहु पक्षीय अभिसमय (एमएलसी) उपबंधों संबंधी डिजीटल सेवाकर (जीएसटी) और अन्य समान उपायों के संबंध में लोक परामर्श के भागरूप में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश ।
- अंतरण कीमत निर्धारण नियमों के सरलीकरण से संबंधित स्तंभ 1 की रकम ख के डिजाइन तत्वों के संबंध में लोक परामर्श के भागरूप में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) को अंत:निवेश ।

(III) अंतर्राष्ट्रीय कराधान संबंधी सम्मेलन/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/वेबकास्ट

समिति ने अंतर्राष्ट्रीय कराधान संबंधी तीन संगोष्ठियों, तीन राष्ट्रीय सम्मेलनों, 'डिजीटल संव्यवहारों से संबंधित भारत की कर विधियों में हुए हाल ही के परिवर्तनों का प्रभाव और स्तंभ 1 और 2 के संबंध में ओईसीडी के प्रस्तावों – अधिकारिता संबंधी मुद्दों, कर व्यापकता और टीडीएस उपबंध – पैनल परिचर्चा', 'विषय 1 – ओमान में भारतीय निवेश के लिए कर व्यवहार और चुनौतियां – ध्यान में रखे जाने वाले प्रमुख क्षेत्र और विषय 2 – भारत द्वारा विदेशी निवेशों के लिए कर प्रोत्साहन और विदेशों में निवेश करते समय ध्यान में रखे जाने वाले प्रमुख क्षेत्र – भारत और ओमान के बीच डीटीएए के विशेष प्रतिनिर्देश से – पैनल परिचर्चा', 'कनाडा में भारतीय निवेश के लिए कर व्यवहार और चुनौतियां – ध्यान में रखे जाने वाले प्रमुख क्षेत्र और विषय 2 – भारत द्वारा विदेशी निवेशों के लिए कर प्रोत्साहन और विदेशों में निवेश करते समय ध्यान में रखे जाने वाले प्रमुख क्षेत्र – भारत और कनाडा के बीच डीटीएए के विशेष प्रतिनिर्देश से – पैनल परिचर्चा', 'सिंगापुर में भारतीय निवेश के लिए कर व्यवहार और चुनौतियां – ध्यान में रखे जाने वाले प्रमुख क्षेत्र और विषय 2 – भारत द्वारा विदेशी निवेशों के लिए कर प्रोत्साहन और विदेशों में निवेश करते समय ध्यान में रखे जाने वाले प्रमुख क्षेत्र – भारत और सिंगापुर के बीच डीटीएए के विशेष प्रतिनिर्देश से, संघीय बजट 2023-24 के कर प्रस्तावों की प्रमुख विशिष्टियां – पैनल परिचर्चा', संघीय बजट – 2023 (कराधान) पर पैनल परिचर्चा संबंधी 7 लाइव वेबीनारों, तीन वर्चुअल सीपीई बैठकों, बजट अवलोकन सत्र (संघीय बजट – 2023-24) संबंधी एक कार्यशाला और अंतर्राष्ट्रीय कराधान संबंधी पांच दिवसीय वर्चुअल पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन किया ।

(IV) अंतर्राष्ट्रीय कराधान में अर्हता-पश्च डिप्लोमा/यूएई कारपोरेट कर संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

समिति ने, अंतर्राष्ट्रीय कराधान के क्षेत्र में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के निम्नलिखित बैचों का संचालन किया :

आनलाइन और भौतिक पद्धति के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय कराधान में डिप्लोमा

बैच सं.	बैच का स्थान	बैच के प्रारंभ होने की तारीख	भाग लेने वालों की संख्या	प्रास्थिति
नवां	आनलाइन	20.06.2022	140	पूरा किया गया
दसवां	आनलाइन	20.03.2023	182	पूरा किया गया
26वां	अहमदाबाद	28.01.2023	40	पूरा किया गया
27वां	दिल्ली	29.04.2023	65	अभी चल रहा है

समिति ने, फरवरी, 2023 में यूएई कारपोरेट कर संबंधी एक नए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया है।

यूएई कारपोरेट कर संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम – भौतिक पद्धति

बैच सं.	बैच का स्थान	बैच के प्रारंभ होने की तारीख	भाग लेने वालों की संख्या	प्रास्थिति
पहला	आबू धाबी	4.02.2023	16	पूरा किया गया
दूसरा	दुबई	5.02.2023	41	पूरा किया गया

(V) अन्य पहलें

- समिति ने अपना नया पाठ्यक्रम, अर्थात् यूएई कॉरपोरेट कर संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को 4 फरवरी, 2023 और 5 फरवरी, 2023 से क्रमशः अबू धाबी और दुबई में आरंभ किया।
- अंतर्राष्ट्रीय कराधान निर्धारण परीक्षा (आईएनटीटी-एटी) के परीक्षा पैटर्न को परिवर्तित किया गया है ताकि इसे आईएनटीटी-एटी आधारित ओपन बुक मामला अध्ययन परीक्षा बनाया जा सके।
- समिति ने अपने निम्नलिखित प्रकाशनों को पुनरीक्षित किया है :
  - प्रवासी कराधान संबंधी तकनीकी गाइड
  - तकनीकी सेवाओं के लिए स्वामिस्व और फीस संबंधी तकनीकी गाइड
  - आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 92ङ (अंतरण कीमत निर्धारण) के अधीन रिपोर्ट संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण (वित्त अधिनियम, 2022 द्वारा यथा संशोधित विधि पर आधारित)
  - अंतर्राष्ट्रीय कराधान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पृष्ठभूमि सामग्री, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं

    प्रश्न-पत्र 1 अंतर्राष्ट्रीय कराधान – कीमत अंतरण निर्धारण
  - प्रश्न-पत्र 2 अंतर्राष्ट्रीय कराधान – व्यवहार (भाग I और भाग II)
- समिति ने अपने तकनीकी सेवाओं के लिए स्वामिस्व और फीस संबंधी तकनीकी गाइड, शीर्ष वाले प्रकाशन का पुनरीक्षण किया और इसे अंतिम रूप देकर इसका विमोचन किया।
- समिति ने इंदौर, मध्य प्रदेश में प्रवासी भारतीय सम्मेलन और वैश्विक निवेश संबंधी शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उसने अपने बूथ को कराधान के प्रति समर्पित किया।
- समिति ने कैपिटल मार्किट के साथ परस्पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें यह करार किया गया है कि वह व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउंटेंटों और सीए फर्मों को विशेष पट्टा प्राप्त प्रस्थापना के आधार पर अगले तीन वर्षों के लिए केपिटालाइन एडब्ल्यूएसटीपी कारपोरेट डाटा बेस (अद्यतन) पाठ की अनुज्ञप्तियां प्रदान करेगा, जिसके ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :
  - केपिटालाइन एडब्ल्यूएसटीपी (क्लाउड और ब्राउजर आधारित) – 25,000 रुपए प्रति लॉगिन प्रति वर्ष धन जीएसटी एक वर्ष के लिए।
  - केपिटालाइन एडब्ल्यूएसटीपी (क्लाउड और ब्राउजर आधारित) – 55,000 रुपए प्रति लॉगिन धन कर, यदि अग्रिम संदाय के साथ तीन वर्ष के लिए लिया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय कराधान और अंतरण कीमत निर्धारण के विषयों पर आईसीएआई के सदस्यों को क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों से अवगत कराने के लिए नियमित रूप से अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना।

6.15 उद्योग और कारबार में लगे सदस्यों संबंधी समिति (सीएमआईएंडबी)

कैम्पस नियोजन कार्यक्रम (जिसका आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है) नए अर्हित चार्टर्ड अकाउंटेंटों (एनक्यूसीए) और अपनी मानव संसाधन अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु सर्वोत्तम योग्यता को चुनने के लिए उत्सुक संगठनों, दोनों को एक महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराता है। यह कार्यक्रम, जो एकल समाधान के रूप में कार्य करता है, नियोक्ताओं को एनक्यूएसी से

परस्पर क्रिया करने, योग्य वृत्तिकों के एक बड़े पूल की विशिष्टियों का परिशीलन करने और ऐसे उपयुक्त सीए को चुनने, जिसे सर्वोत्तम से भी बेहतर पाया जाता है, का अद्वितीय अवसर उपलब्ध कराता है।

कैम्पस नियोजन कार्यक्रम का 55वां संस्करण – फरवरी-मार्च, 2022

कैम्पस नियोजन कार्यक्रम के 55वें संस्करण में ऐसे अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया गया, जिन्होंने दिसंबर, 2021 में आयोजित परीक्षाओं में फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की थी। 21 केंद्रों (9 प्रमुख और 12 छोटे) पर साक्षात्कारों की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

कैम्पस नियोजन कार्यक्रमों के 55वें संस्करण के संक्षिप्त सांख्यिकी ब्यौर निम्नानुसार हैं :--

कैम्पस नियोजन कार्यक्रम	**कैम्पस नियोजन कार्यक्रम फरवरी-मार्च, 2022**
अर्हित सीए की संख्या	14186
रजिस्ट्रीकृत अभ्यर्थियों की संख्या	10197
भाग लेने वाली कंपनियों की कुल संख्या	173
भाग लेने वाले संगठनों द्वारा तैयार किए गए साक्षात्कार लेने वाले दलों की संख्या	504
भाग लेने वाली कंपनियों द्वारा प्रस्थापित नौकरियों की संख्या	7360
भाग लेने वाले अभ्यर्थियों द्वारा स्वीकार की गई नौकरियों की संख्या	5538
प्रस्थापित अधिकतम वेतन (कंपनी को कुल लागत)	घरेलू नौकरी के लिए डच सीआईबी केंद्र द्वारा 30.30 लाख रुपए एलपीए
औसत वेतन	10.57 रुपए एलपीए

9 अप्रैल, 2022 को 12 छोटे केंद्रों (भुवनेश्वर, चंडीगढ़, कोयंबटूर, दुर्गापुर, एर्नाकुलम, इंदौर, कानपुर, नागपुर, नोएडा, राजकोट, ठाणे और विशाखापत्तनम) पर रजिस्ट्रीकृत अभ्यर्थियों के लिए एक संयुक्त वर्चुअल अनुकूलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था।

कैम्पस नियोजन कार्यक्रम का 56वां संस्करण – अगस्त-सितंबर, 2022

कैम्पस नियोजन कार्यक्रम के 56वें संस्करण में ऐसे अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया गया, जिन्होंने मई, 2022 में आयोजित परीक्षाओं में फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की थी और ऐसे अभ्यर्थियों को भी सम्मिलित किया गया, जिन्होंने तुरंत पूर्ववर्ती परीक्षा में बैठकर फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की थी, किंतु उन्होंने उस समय कैम्पस नियोजन कार्यक्रम के लिए स्वयं को रजिस्टर नहीं किया था। 27 केंद्रों (9 प्रमुख और 18 छोटे) पर साक्षात्कारों की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया और 6 नए छोटे केंद्रों को भी जोड़ा गया (भोपाल, लखनऊ, पटना, रायपुर, रांची और वदोदरा) सभी 9 बड़े केंद्रों पर, पूर्ववर्ती व्यवहार, जिसमें 5 बड़े केंद्रों, अर्थात् दिल्ली, मुंबई, बंगलूरु, चेन्नई और कलकत्ता को प्रमुख दिवस स्लॉट दिए जाते थे, को समाप्त करके प्रमुख स्लॉट आबंटित किए गए। न्यूनतम सीटीसी सीमा को छह लाख रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर सभी विद्यमान 21 केंद्रों के लिए 9 लाख प्रतिवर्ष कर दिया गया था। 6 नए केंद्रों के लिए न्यूनतम सीटीसी को 7.2 लाख रुपए प्रतिवर्ष रखा गया था।

कैम्पस नियोजन कार्यक्रमों के 56वें संस्करण के संक्षिप्त सांख्यिकी ब्यौर निम्नानुसार हैं :--

कैम्पस नियोजन कार्यक्रम	**कैम्पस नियोजन कार्यक्रम फरवरी-मार्च, 2022**
रजिस्ट्रीकृत अभ्यर्थियों की संख्या	10253
भाग लेने वाले संगठनों की कुल संख्या	135
घोषित कुल रिक्तियां	9 बड़े केंद्रों पर 8595

	18 छोटे केंद्रों पर 3033
सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की कुल संख्या	9 बड़े केंद्रों पर 10150 18 छोटे केंद्रों पर 6033
भाग लेने वाली कंपनियों द्वारा प्रस्थापित नौकरियों की संख्या	5194
भाग लेने वाले अभ्यर्थियों द्वारा स्वीकार की गई नौकरियों की संख्या	3521
घरेलू नौकरी के लिए अधिकतम वेतन	डी.ई. शॉ इंडिया प्रा. लिमिटेड - 31.50 लाख रुपए प्रति वर्ष
अंतर्राष्ट्रीय नौकरी के लिए अधिकतम वेतन	स्विस सिंगापुर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड - 41 लाख रुपए प्रति वर्ष
औसत वेतन	12.48 लाख रुपए प्रतिवर्ष

अगस्त से 9 अगस्त, 2022 के दौरान 9 बड़े केंद्रों में अनुकूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था और 22 से 27 अगस्त, 2022 के दौरान 9 बड़े केंद्रों में वर्चुअल पद्धति से मोक साक्षात्कार का आयोजन किया गया था।

(I) अनुभव प्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए कैरियर उत्थान कार्यक्रम

सीएमआईएंडबी अनुभव प्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए एक विशेष रूप से तैयार किए गए कैम्पस नियोजन कार्यक्रम का प्रस्ताव करती है, जो चार्टर्ड अकाउंटेंटों को ऐसा मंच उपलब्ध कराता है, जहां वे प्रमुख संगठनों में अपने कैरियर में उत्थान को सुनिश्चित कर सके और साथ ही संगठनों को भी यह एक ऐसा उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जहां वे सर्वोत्तम वित्त और लेखा वृत्तिकों की भर्ती कर सकते हैं। यह अभियान विद्यमान कैम्पस नियोजन कार्यक्रम का एक विस्तारित आयाम है, जिसे सीएमआईएंडबी द्वारा वर्ष में दो बार नए अर्हित चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है। जून, 2022 में आयोजित इस कार्यक्रम के संक्षिप्त विवरण नीचे दिए गए हैं :

कैरियर उत्थान कार्यक्रम	2022
संगठनों की संख्या	98
रजिस्ट्रीकृत सदस्यों की संख्या	2241
प्रस्थापित रिक्तियों की संख्या	4654

(II) महिला सीए के लिए पहला नियोजन कार्यक्रम

आईसीएआई प्रभावी रूप से अपनी महिला सदस्यों की सक्षमताओं को विकसित करने के लिए अनेक उपाय कर रहा है, जिससे उनके वृत्तिक ज्ञान और विशेषज्ञता का प्रभावी रूप से उपयोग किया जा सके। महिला सदस्यों को सशक्त करने की भावना से आईसीएआई महिला सदस्य विनिर्दिष्ट पहलों को अपनी कार्यसूची में सर्वोपरि रखता है। सीएमआईएंडबी ने आईसीएआई की इस कार्यसूची को समर्थन प्रदान करने के लिए महिला सदस्य सशक्तिकरण समिति (डब्ल्यूएमईसी) के साथ संयुक्त रूप से महिला सीए के लिए पहले नियोजन कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला सदस्य सशक्तिकरण समिति (डब्ल्यूएमईसी) के साथ संयुक्त रूप से महिला सीए के लिए पहले नियोजन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन 31 अक्तूबर और 1 नवबंर, 2022 को वर्चुअल पद्धति से 9 बड़े और 12 छोटे केंद्रों पर किया गया। भर्ती करने वाले संगठनों और अभ्यर्थियों को नमनीय समय, अंशकालिक समय और घर से कार्य करने के विकल्प प्रदान किए गए थे। इस कार्यक्रम के संक्षिप्त सांख्यिकीय ब्यौरे निम्नानुसार है :

कुल रजिस्ट्रीकृत सदस्य	1613
संगठनों की कुल संख्या	81
साक्षात्कार दलों की कुल संख्या	133
घोषित रिक्तियां	1179

सूचीबद्ध अभ्यर्थी	1376
सहमति देने वाले अभ्यर्थी	1039
ऐसे अभ्यर्थियों की कुल संख्या, जिन्हें अद्वितीय प्रस्ताव किए गए	97
प्रस्ताव स्वीकार करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या	50

(III) विदेशी कैम्पस नियोजन कार्यक्रम

31 अक्तूबर, 2022 को दुबई और आबू धाबी में विदेशी एचआर बैठक

सीएमआईएंडबी ने सीडीआईटीएस एंड डब्ल्यूटीओ के साथ संयुक्त रूप से 31 अक्तूबर, 2022 को दुबई और आबू धाबी में एक विदेशी एचआर बैठक का आयोजन किया, जो कि जनवरी-फरवरी, 2023 में भौतिक-सह-वर्चुअल पद्धति से आयोजित किए जाने वाले विदेशी कैम्पस नियोजन कार्यक्रम की एक पूर्व घटना थी । इस कार्यक्रम का समर्थन यूएई में स्थित चार चैप्टरों, अर्थात् दुबई, आबू धाबी, फुजायराह और रास अल खैमा द्वारा किया गया । सीएमआईएंडबी ने जनवरी-फरवरी, 2023 में विदेशी कैम्पस नियोजन कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, सेवा के विकास और डब्ल्यूटीओ संबंधी समिति के साथ संयुक्त रूप से किया । इस कार्यक्रम के लिए कुल 2579 सदस्यों ने रजिस्ट्रीकरण कराया था, जिसमें से 222 रजिस्ट्रीकरण आबू धाबी में और 2357 दुबई में कराए गए थे । 36 संगठनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्होंने सदस्यों को कुल 150 नौकरियों हेतु प्रस्ताव किया । ये संगठन मुख्यत: मध्य-पूर्व में अवस्थित हैं ।

(IV) उद्योग और कारबार में सीए उपलब्धिकर्ताओं को मान्यता प्रदान करने के लिए वार्षिक पुरस्कार

आईसीएआई ने अपने ऐसे सदस्यों को मान्यता प्रदान करने के लिए, जिन्होंने सीए वृत्तिक के रूप में ऊंचाई छूने के लिए उत्कृष्टता और एक सुदृढ़ प्रतिबद्धता को उपदर्शित किया है, वर्ष 2007 में ही आईसीएआई पुरस्कारों को आरंभ किया था । ये पुरस्कार ऐसे व्यष्टियों को सम्मानित करने के लिए आरंभ किए गए थे, जिनके पास उत्कृष्ट कौशल, समर्पण की भावना, उत्साह, नेतृत्व वाले गुण तथा सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने का सामर्थ्य है और जिनके ऐसे गुणों को पाने के लिए हम सभी प्रयास करते हैं । इस वर्ष पुरस्कारों की प्रक्रिया 28 सितंबर, 2022 से प्रारंभ हुई जब 9 प्रमुख प्रवर्गों के अधीन नामांकनों की प्रक्रिया को आरंभ किया गया । उपरोक्त प्रवर्गों के लिए आनलाइन रूप से 178 नामांकन प्राप्त हुए और ज्यूरी पुरस्कार प्रवर्गों, अर्थात् लोक सेवा में सीए और सीए हाल ऑफ फेम के लिए तीन नामांकन आफलाइन रूप से प्राप्त हुए । 178 नामांकनों में से 132 नामांकनों को पात्र पाया गया और उन्हें नामांकन समिति के समक्ष रखा गया, जो नीचे उल्लिखित सदस्यों से मिलकर बनी है और जिसकी बैठक का आयोजन नई दिल्ली में 20 दिसंबर, 2022 को किया गया, जिसमें से उन्होंने ज्यूरी के समक्ष रखे जाने हेतु विभिन्न प्रवर्गों के अधीन 47 नामों को सूचीबद्ध किया ।

ज्यूरी की बैठक का आयोजन 28 दिसंबर, 2022 को मुंबई में किया गया, जिसकी अध्यक्षता सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री दिलीप सांघवी ने की और ज्यूरी ने पुरस्कारों के विभिन्न प्रवर्गों के अधीन 20 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया । लीडरशिप शिखर सम्मेलन, 2023 के साथ 16वें आईसीएआई पुरस्कारों का आयोजन 10 जनवरी, 2023 को ताज बंगाल, कोलकाता में किया गया । श्री सी.वी. आनंद बोस, पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे । लीडरशिप शिखर सम्मेलन का आयोजन सीए वृत्ति से सुसंगत अनिवार्य विषयों के संबंध में किया गया था, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों, विचारकों, उद्यमियों और वृत्तिकों ने भाग लिया । "संवहनीयता और स्केलेबिलिटी", "डिजिटल रूपांतरण" और "वित्त का भविष्य" विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में विभिन्न प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया ।

(V) वर्ष के दौरान सीएमआईएंडबी द्वारा आयोजित कार्यक्रम और अन्य आयोजन

"चार्टर्ड अकाउंटेंट्स – द ग्रोथ गियर्स" शीर्ष वाली टॉक शो श्रृंखला के दूसरे सीजन का निर्माण और टीवी चैनल पर टेलीकास्ट

सीएमआईएंडबी ने जी बिजनेस टीवी के लिए एक टॉक शो, "चार्टर्ड अकाउंटेंट्स – द ग्रोथ गियर्स" का निर्माण किया और उसे उक्त चैनल पर प्रसारित किया गया । इस टॉक शो के प्रत्येक ऐपिसोड में एक विख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट को दिखाया गया, जो उत्तम बुद्धिमता वाला है और जो एक विख्यात व्यक्तित्व का स्वामी है और उसने अपने जीवन में अपने परिश्रम और समर्पण से महान उपलब्धियां हासिल की हैं और जिसकी जीवन यात्रा में अनेक मील के पत्थर रहे हैं तथा जिसने वृत्तिक उपलब्धियों के एक नए स्तर को छुआ है । ऐसे टॉक शो के माध्यम से वृत्ति के सकारात्मक पहलूओं को दर्शाने का अवसर प्राप्त होता है और साथ ही वह सदस्यों को और अधिक ऊंचाई तक जाने के लिए प्रेरित करता है । इस शो से अनेक नए वृत्तिकों ने प्रेरणा प्राप्त की । इस शो का प्रसारण जी बिजनेस टीवी पर रविवार को प्रात: 11.26 पर किया जाता था ।

सीजन 2

एपिसोड	प्रसारण की तारीख	सीए प्रमुख की विशेषता
1ला	14 अगस्त, 2022	सीए. केकी एम मिस्त्री, उपाध्यक्ष और सीईओ, हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन
2रा	28 अगस्त 2022	सीए. नीलेश शाह, एमडी और सीईओ, कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड।
3रा	11 सितंबर, 2022	सीए. तजेंदर लूथरा, आईपीएस, संघ राज्यक्षेत्र, चंडीगढ़ के पुलिस प्रमुख, भारत सरकार
4था	25 सितंबर, 2022	सीए. विभा पडलकर, एमडी और सीईओ, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड।
5वां	9 अक्टूबर, 2022	सीए. ज़रीन दारूवाला, सीईओ, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक - इंडिया
6ठा	23 अक्टूबर, 2022	सीए. रंजन कुमार शर्मा, आईपीएस, डीआईजी, सीआईडी, पुणे
7वां	13 नवंबर, 2022	सीए. दीपक केडिया, आईपीएस, महानिरीक्षक (आईजी), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), गृह मंत्रालय
8वां	27 नवंबर, 2022	सीए. शेखर भंडारी, अध्यक्ष - ग्लोबल ट्रांजेक्शन बैंकिंग, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड।
9वां	11 दिसंबर, 2022	सीए. अनुज दयाल माथुर, एमडी और सीईओ, केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड।
10वां	25 दिसंबर, 2022	सीए. जॉर्ज अलेक्जेंडर मुथूट, एमडी, द मुथूट ग्रुप ऑफ कंपनीज
11वां	15 जनवरी 2023	सीए. सुभाष चंद अग्रवाल, सीएमडी, एसएमसी ग्रुप
12वां	29 जनवरी 2023	सीए. संजीव मेहता एमडी और सीईओ, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड।

(VI) सीए फाइनल रैंकधारकों के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम

सीएमआईएंडबी ने मई, 2022 की परीक्षाओं के रैंक धारकों के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम के सातवें बैच का आयोजन किया ताकि उनके प्रबंधकीय और नेतृत्व कौशलों में अभिवृद्धि की जा सके और उन्हें अच्छा वेतन प्राप्त करने हेतु समर्थ बनाया जा सके। इस बैच का आयोजन आईआईएम लखनऊ के सहयोग से भौतिक पद्धति के माध्यम से 3 से 13 अगस्त, 2022 के दौरान किया गया तथा नवंबर, 2022 परीक्षा के रैंकधारकों के लिए आठवें बैच का आयोजन 30 जनवरी, 2023 से 9 फरवरी, 2023 के दौरान भौतिक पद्धति के माध्यम आईआईएम, रायपुर, छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया।

(VII) नए अर्हित व्यक्तियों के लिए कार्यकारी विकास कार्यक्रम

सीएमआईएंडबी ने नए अर्हित व्यक्तियों के लिए ईडीपी का आयोजन करने संबंधी एक नई पहल को आरंभ किया है क्योंकि अभी तक एमडीपी का आयोजन केवल रैंकधारकों के लिए किया जा रहा था। गैर-रैंकधारकों के लिए इस प्रकार का कोई कार्यक्रम विद्यमान नहीं था और उनके लिए भी यह आवश्यक था कि वे अपने कौशलों को समुन्नत करें ताकि वे स्वयं को नौकरी हेतु बेहतर रूप से प्रस्तुत कर सकें। हमने पिछले वर्ष सफलतापूर्वक 10 बैचों का आयोजन किया। इस वर्ष समिति ने जुलाई, 2021 की सीए फाइनल परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए 11वें बैच का आयोजन किया है। यह एक 7 दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें प्रत्येक दिन 2 घंटे के सत्रों का आयोजन किया जाता है और इसका आयोजन 17 से 23 अप्रैल, 2021 के दौरान किया गया।

(VIII) मध्यम स्तर के प्रबंधकों के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम

सीएमआईएंडबी ने मध्यम स्तर के प्रबंधकों के लिए, विभिन्न प्रबंधकीय और नेतृत्व क्षमताओं के निबंधनानुसार विशेषीकृत रूप से सीए के लिए तैयार किए गए प्रबंध विकास कार्यक्रम को आरंभ करने की एक पहल की है। यह कार्यक्रम सदस्यों की कारबार संबंधी सकल समझ में वृद्धि करेगा और साथ ही उन्हें सुदृढ़ तकनीकी प्रवीणता उपलब्ध कराएगा और

अपने संगठन में उच्चतम हैसियत तक पहुंचने के लिए उनकी सक्षमता को समुन्नत करने में उनकी सहायता करेगा। समिति ने पिछले वर्ष 2 बैचों का संचालन किया था और इस वर्ष आईआईएम जम्मू के श्रीनगर परिसर में 7 से 9 दिसंबर, 2021 के दौरान एक तीन दिवसीय आवासीय प्रबंध विकास कार्यक्रम के रूप में इसके तीसरे बैच का आयोजन किया गया।

(IX) सीएफओ के साथ परस्पर क्रियाशील बैठकें

क्रम सं.	सीएफओ बैठक	तारीख एवं स्थान	विषय	मुख्य अतिथि
1	सीएफओ की वर्चुअल परस्पर क्रियाशील बैठक (2 संरचित सीपीई घंटे)	11 जून, 2022 (प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक)	जॉब 2.0 मेटा ईरा में रीबूट हो रहा है	--
2	सीएफओ की एक परस्पर क्रियाशील बैठक	26 अगस्त, 2022 को होटल रेडिसन ब्लू, रांची, झारखंड में	--	झारखंड राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और श्रीमती वंदना डाडेल, आईएएस, प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार और श्री जितेंद्र कुमार सिंह, आईएएस, निदेशक, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार सम्मानित अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।
3	सीएमआईएंडबी, साफा और डब्ल्यूबीआईडीसी द्वारा सीएफओ की संयुक्त बैठक	14 अक्टूबर 2022 आईटीसी रॉयल बंगाल, कोलकाता में	एस^3: संवहनीयता, स्केलेबिलिटी और रणनीति	पश्चिम बंगाल सरकार के उद्योग, वाणिज्य एवं उद्यम तथा सार्वजनिक उद्यम एवं औद्योगिक पुनर्निर्माण तथा महिला, बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री माननीय डॉ. शशि पांजा ने उद्योग जगत के शीर्ष नेताओं के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
4	सीएफओ की परस्पर क्रियाशील बैठक	21 अक्टूबर, 2022, होटल ली-मेरिडियन, दिल्ली में	--	सीए. एम.पी. मेहरोत्रा, वीएलएस फाइनेंस लिमिटेड के सीएमडी।
5	सीएफओ की परस्पर क्रियाशील बैठक	4 नवंबर, 2022 होटल ताज स्काईलाइन, अहमदाबाद में	--	आईसीएआई के तत्कालीन उपाध्यक्ष और तत्कालीन अध्यक्ष, सीएमआईएंडबी के साथ, केंद्रीय परिषद सदस्य, आईसीएआई, तत्कालीन उपाध्यक्ष, सीएमआईएंडबी, आईसीएआई, तत्कालीन अध्यक्ष, आईसीएआई की अहमदाबाद शाखा और तत्कालीन सचिव, आईसीएआई की अहमदाबाद

				शाखा ।
6	सीएफओ बैठक	19 नवंबर 2022, सायं 4:00 बजे से, काउंसिल हॉल, आईसीएआई, बीकेसी, मुंबई में	सीएफओ से सीईओ तक संपरिवर्तन संक्रमण	पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई और सदस्य, पीएआईबी, आईएफएसी, तत्कालीन अध्यक्ष, आईसीएआई, तत्कालीन उपाध्यक्ष, आईसीएआई और तत्कालीन अध्यक्ष, सीएमआईएंडबी, आईसीएआई के साथ ।
7	सीएफओ बैठक	24 नवंबर 2022, होटल ली-मेरिडियन, गुरुग्राम में	एस^3: संवहनीयता, स्केलेबिलिटी और रणनीति	तत्कालीन उपाध्यक्ष, सीएमआईएंडबी, आईसीएआई और तीन केंद्रीय परिषद सदस्य, आईसीएआई
8	सीएफओ बैठक	23 नवंबर 2022 को होटल फॉर्च्यून इन, नोएडा में	एस^3: संवहनीयता, स्केलेबिलिटी और रणनीति	तत्कालीन उपाध्यक्ष, सीएमआईएंडबी आईसीएआई, तीन केंद्रीय परिषद सदस्य, आईसीएआई, तत्कालीन अध्यक्ष, गुरुग्राम शाखा, आईसीएआई की एनआईआरसी और तत्कालीन सचिव, गुरुग्राम शाखा, आईसीएआई की एनआईआरसी ।
9	सीएफओ बैठक	8 दिसंबर, 2022, होटल प्राइड, नागपुर में	^3: संवहनीयता, स्केलेबिलिटी और रणनीति	तत्कालीन उपाध्यक्ष, आईसीएआई, पूर्व अध्यक्ष आईसीएआई के साथ, तत्कालीन अध्यक्ष, सीएमआईएंडबी, आईसीएआई, तत्कालीन उपाध्यक्ष, सीएमआईएंडबी, आईसीएआई, तत्कालीन अध्यक्ष, नागपुर शाखा, आईसीएआई की डब्लूआईआरसी, तत्कालीन उपाध्यक्ष, नागपुर शाखा, आईसीएआई की डब्लूआईआरसी और तत्कालीन सचिव, नागपुर शाखा, आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी ।
10	सीएफओ बैठक	23 दिसंबर, 2022 एम के होटल, अमृतसर में	एस^3: संवहनीयता, स्केलेबिलिटी और रणनीति	--
11	सीएफओ बैठक	6 जनवरी, 2023 को जे डब्ल्यू मैरियट	एस^3: संवहनीयता, स्केलेबिलिटी और	सीए. संजय टंडन, सीएमडी, कंपीटेंट समूह, तत्कालीन

		होटल, चंडीगढ़ में	रणनीति	उपाध्यक्ष, सीएमआईएंडबी, आईसीएआई, तत्कालीन अध्यक्ष, चंडीगढ़ शाखा, आईसीएआई की एनआईआरसी, तत्कालीन उपाध्यक्ष, चंडीगढ़ शाखा, आईसीएआई की एनआईआरसी और तत्कालीन कोषाध्यक्ष, चंडीगढ़ शाखा, आईसीएआई की एनआईआरसी

(X) अन्य कार्यक्रम

क्रम सं.	कार्यक्रम	विषय	तारीख और जगह
1	बैठक	भारतीय उद्योगों पर मुद्रास्फीति का प्रभाव	4 जुलाई, 2022 को कोलकाता में
2	वेबीनार	सेवारत सदस्यों के लिए एनओसीएलएआर और आचार संहिता के अन्य लागू उपबंध	30 जुलाई, 2022
3	सभा	उद्योग में लगे सदस्यों की सभा	24 सितंबर, 2022 को इंदौर में
4	संगोष्ठी	उद्योग में लगे सदस्यों की एक दिवसीय संगोष्ठी	24 दिसंबर, 2022 को जामनगर में
5	प्रतियोगिता	उद्योग और व्यापार में सदस्यों के लिए "आइडिया@75" थीम के अधीन त्रिस्तरीय प्रतियोगिता	--

(XI) आईसीएआई और स्कोप, स्कोप सभागार, नई दिल्ली में 14 जुलाई, 2022 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

14 जुलाई, 2022 को स्कोप सभागार, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान और लोक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन (स्कोप) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।

(XII) विभिन्न राज्यों के उद्योगों के कार्यपालन संबंधी अध्ययन रिपोर्ट

सीएमआईएंडबी ने विख्यात संस्थाओं, अर्थात् सेंट जेवियर्स महाविद्यालय, कोलकाता, प्रबंध विकास संस्थान, गुरुग्राम, आईआईएम, लखनऊ और लोयोला कारबार प्रशासन संस्थान, तमिलनाडु के साथ विभिन्न राज्यों में उद्योगों के कार्यपालन के संबंध में अध्ययन करने के लिए सहयोग किया है । इस संबंध में, अर्थशास्त्रियों और शिक्षाविदों के साथ पश्चिमी बंगाल के उद्योगों पर अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के लिए 19 दिसंबर, 2022 को वर्चुअल परिचर्चा का आयोजन किया गया और साथ ही हरियाणा के उद्योगों के संबंध में अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के लिए 26 दिसंबर, 2022 को वर्चुअल परिचर्चा का आयोजन किया गया ।

(XIII) 40 वर्ष से कम आयु के 40 सीए कारबार नेताओं को – "40 अंडर 40 – सीए कारबार नेता" शीर्षक वाले आयोजन के अधीन मान्यता प्रदान करना

सदस्यों के बीच युवा उत्कृष्ट कार्यपालन करने वाले सीए के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता प्रदान करने और उन्हें पुरस्कृत करने के लिए भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों की पूर्व संध्या पर सीएमआईएंडबी ने सीएनबीसी–टीवी 18 के सहयोग से "40 अंडर 40 – सीए कारबार नेता" शीर्षक वाले कार्यक्रम को आयोजित करने का विनिश्चय किया । इन पुरस्कारों के माध्यम से सीएमआईएंडबी ने 40 वर्ष से कम आयु के युवा और क्रियाशील चार्टर्ड अकाउंटेंटों की उद्योग से उद्यमशीलता से लोक सेवा तक के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शित उत्कृष्टता की भावना का उत्सव मनाया । 16 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित "40 अंडर 40 – सीए कारबार नेता" कार्यक्रम में 40 सीए को पुरस्कार प्रदान किए गए ।

6.16 पियर पुनर्विलोकन बोर्ड (पीआरबी)

वर्ष 2002 में स्थापित पियर पुनर्विलोकन बोर्ड अपनी स्थापना के समय से ही निरंतर सदस्यों को, उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली आश्वासन सेवाओं की दक्षता में अभिवृद्धि करने के लिए उन्हें मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहा है । पियर पुनर्विलोकन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संस्थान के सदस्य आश्वासन सेवा समनुदेशनों को पूरा करते समय

(क) यथालागू तकनीकी, वृत्तिक और नैतिक मानकों, जिसके अंतर्गत उनसे संबंधित अन्य विनियामक अपेक्षाएं भी हैं, का अनुपालन करते हैं और (ख) उनके द्वारा दी जाने वाली आश्वासन सेवाओं की गुणवत्ता को पर्याप्त रूप से उपदर्शित करने के लिए दस्तावेजीकरण सहित समुचित प्रणालियां भली-भांति सुस्थापित हैं। किसी व्यवसायी इकाई के पियर पुनर्विलोकन का संचालन, पियर पुनर्विलोकक के रूप में ज्ञात एक स्वतंत्र मूल्यांकक द्वारा किया जाता है।

बोर्ड के प्रयास की विनियामकों द्वारा मान्यता संबंधी अपेक्षाओं का नीचे कथन किया गया है :-

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचीबद्ध अस्तित्वों के लिए 1 अप्रैल, 2010 से यह आज्ञापक बना दिया है कि संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत सीमित पुनर्विलोकन/कानूनी संपरीक्षा रिपोर्ट केवल उन संपरीक्षकों द्वारा तैयार की जाएगी, जिन्होंने स्वयं को पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया के अध्यधीन किया है और जो संस्थान के 'पियर पुनर्विलोकन बोर्ड' द्वारा जारी विधिमान्य प्रमाणपत्र धारण कर रहे हैं।
- भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) ने भी सीए फर्मों/एलएलपी को पैनलबद्ध करने की और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) और 139(7) के अधीन संपरीक्षकों की नियुक्ति और संबद्ध अधिनियमों के उपबंधों के अनुसार कानूनी निगमों/स्वायत्त निकायों द्वारा अनुसरित की जाने वाली नीति को पुनरीक्षित किया है। ऐसी फर्मों को अधिकतम 25 अंक आबंटित किए गए हैं, जिनके पास पैनलबद्ध किए जाने के लिए आवेदन करने की तारीख को एक विधिमान्य पियर पुनर्विलोकन प्रमाणपत्र मौजूद है।

(I) व्यवसायरत यूनिटों का पियर पुनर्विलोकन :

बोर्ड पियर पुनर्विलोकन तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने और साथ ही अधिकाधिक व्यवसायरत यूनिटों को पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया के अधीन लाने के लिए सतत प्रयास कर रहा है। पिछले 21 वर्षों के दौरान सृजित की गई जागरुकता के स्तर के कारण हमारे सदस्यों द्वारा प्रदान की जा रही अधिप्रमाणन सेवाओं की गुणवत्ता में सकल सुधार हुआ है। पियर पुनर्विलोकन बोर्ड ने 30 जून, 2023 तक 15255 मामलों पर विचार किया है और पियर पुनर्विलोकन प्रमाणपत्र जारी किए हैं।

(II) पियर पुनर्विलोकन आज्ञा के चरण 2 का आस्थगन

व्यवसाय इकाईयों के लिए पूर्व में पियर पुनर्विलोकन आज्ञा के दूसरे चरण को 1 अप्रैल, 2023 से लागू किया जाना था, जिसके अधीन वे 500 करोड़ से अन्यून समादत्त पूंजी वाली असूचीबद्ध पब्लिक कंपनियों या 1000 करोड़ से अन्यून वार्षिक आवर्त कंपनियों या ऐसी कंपनियों, जिनके बकाया ऋण, डिबेंचर और निक्षेप पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के तुरंत पूर्व वाले 31 मार्च को 500 करोड़ रुपए से कम नहीं थे या अधिप्रमाणन सेवाएं प्रदान करने वाली व्यवसायी यूनिटें, जिनके 5 या अधिक सदस्य हैं, की कानूनी संपरीक्षा करने का प्रस्ताव कर सकती थी। इस बात को विचार में लेते हुए कि कुछ व्यवसायी इकाईयां, जिनके द्वारा पियर पुनर्विलोकन आज्ञा के दूसरे चरण के अधीन अपना पियर पुनर्विलोकन कराया जाना अपेक्षित है, तैयार नहीं थी इसलिए परिषद् ने आज्ञा के दूसरे चरण को लागू करने की तारीख को तीन मास के लिए आस्थगित करके उसे 1 जुलाई, 2023 से लागू बनाया है। तथापि, चूंकि आज्ञा के दूसरे चरण के अंतर्गत आने वाली अधिकांश फर्मों का अभी तक पियर पुनर्विलोकन नहीं हो सका था इसलिए परिषद् ने आगे और यह विनिश्चय किया है कि इस आज्ञा को अब 31 मार्च, 2024 से लागू किया जाए।

(III) पियर पुनर्विलोककों का प्रशिक्षण और उन्हें पैनलबद्ध करना

•पियर पुनर्विलोककों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोर्ड सदस्यों को पियर पुनर्विलोककों के रूप में पैनलबद्ध करने हेतु सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करता है। ये प्रशिक्षण सत्र सदस्यों को पियर पुनर्विलोकन का संचालन करने की पद्धति के संबंध में मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं। 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून, 2023 तक की अवधि के दौरान बोर्ड ने भौतिक रूप से 67 पियर पुनर्विलोकन प्रशिक्षण कार्यक्रमों और वर्चुअल पद्धति से ऐसे 9 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

•पियर पुनर्विलोककों को पैनलबद्ध किए जाने के लिए ऑनलाइन परीक्षा

बोर्ड के ऐसे सदस्यों को, जिन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया है और जो पियर पुनर्विलोकक बनने हेतु पात्र हैं, पियर पुनर्विलोककों के रूप में पैनलबद्ध करने के लिए प्रत्येक मास आनलाइन परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। फाइनल निर्धारण परीक्षाओं का आयोजन एक शुक्रवार को छोड़कर प्रत्येक दूसरे शुक्रवार को किया जाता है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक पूर्ववर्ती शुक्रवार को प्रत्येक फाइनल परीक्षा के लिए मोक परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इन परीक्षाओं का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को दो बार किया जाता है – एक प्रात: और दूसरी दोपहर में। तदनुसार, एक वर्ष

में 52 फाइनल और 52 मोक परीक्षाएं आयोजित करने के लक्ष्य को चुना जाता है । बोर्ड द्वारा आयोजित इन आनलाइन परीक्षाओं को अभी तक कुल 2679 सदस्यों ने उत्तीर्ण किया है ।

6.17 वृत्तिक विकास समिति (पीडीसी)

वृत्तिक विकास समिति (पीडीसी) की स्थापना वर्ष 1962 में की गई थी, जिसका उद्देश्य हमारे संस्थान के सदस्यों के कौशल सेटों की विद्यमान और नए क्षेत्रों के अनुरूप अभिवृद्धि करना है । पीडीसी ने 18 अप्रैल, 2023 को अपनी 250वीं बैठक का आयोजन किया था, जिसमें सदस्यों के लिए बैंककारी, वित्तीय सेवाओं, बीमा आदि के क्षेत्रों में नए अवसरों का सृजन करने के संबंध में परिचर्चा की गई थी । यह भी परिकल्पना की गई थी कि संस्थान की अन्य गैर-स्थायी समितियों के सहयोग से संयुक्त रूप से व्यवसाय के विद्यमान और पारंपरिक क्षेत्रों को सुदृढ़ किया जाए । इसके अतिरिक्त, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वर्तमान में कृत्रिम बुद्धिमता मुख्य रूप से कार्यकरण परिस्थितियों को तेजी से बदल रही है, यह महसूस किया गया था कि अब वह समय आ गया है जब प्रक्रिया संपरीक्षा से कार्यपालन संपरीक्षा तक के गैर-वित्तीय संपरीक्षा के क्षेत्रों का और अन्य बातों के साथ, नीतियों या स्कीमों की प्रभाविकता का मापमान करने हेतु जांच और संतुलनों का मापमान करने के तंत्र का दोहन किया जाए ।

(I) विभिन्न विनियामकों और अन्य बाहरी निकायों के साथ बैठकें :

पीडीसी वृत्तिक अवसरों के लिए अनछुए क्षेत्रों का पता लगाने के अपने प्रयासों में सरकार, विनियामक प्राधिकरणों आदि के साथ परस्पर क्रिया करता है और उनसे चार्टर्ड अकाउंटेंटों की विशेषज्ञता और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सेवाओं का लाभ उठाने का अनुरोध करता है ।

- **माननीय सीवीसी के साथ बैठक -** 8 अप्रैल, 2022 को माननीय सीवीसी के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें आईसीएआई ने समुचित दिशानिर्देशों को जारी किए जाने संबंधी एक अनुरोध प्रस्तुत किया था, जिससे निविदाओं में वृत्तिक समनुदेशनों की न्यूनतम फीस को उल्लिखित किया जा सके और साथ ही न्यूनतम लागत पद्धति की बजाए क्वालिटी और लागत आधारित चयन की पद्धति का उपयोग करते हुए कानूनी संपरीक्षा सेवाएं समनुदेशित की जा सकें । इसके साथ ही आईसीएआई ने बैठक के दौरान मंत्रालय को सभी राज्यों में सहकारिताओं के लिए एकसमान ढांचा तैयार करने में समर्थन किए जाने संबंधी करार भी किया था । इसके पश्चात्, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने परामर्शी और अन्य सेवाओं के उपापन के लिए एक मैनुअल (जून, 2022 तक अद्यतन) जारी किया है, जिसमें उन्होंने उसके पैरा 3.8, जिसका शीर्षक "कीमत आधारित प्रणाली – न्यूनतम लागत चयन (एलसीएस)" है, के अधीन मानक या रुटीन समनुदेशनों के वर्णन से "संपरीक्षा" पद को हटा दिया है । इस प्रकार, न्यूनतम लागत चयन, अर्थात् एल 1 को अब संपरीक्षकों के नियोजन के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता ।
- **श्री ज्ञानेश कुमार, आईएएस, सचिव, सहकारिता मंत्रालय के साथ बैठक -** 17 मई, 2022 को श्री ज्ञानेश कुमार, आईएएस, सचिव, सहकारिता मंत्रालय के साथ एक बैठक की गई थी । बैठक के दौरान आईसीएआई ने मंत्रालय के लिए एक अद्यतन लेखांकन और प्रशिक्षण मैनुअल तैयार करने और साथ ही मंत्रालय के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव किया था ।
- **सुश्री किम गुइटे, महाप्रबंधक, पर्यवेक्षण विभाग, आरबीआई के साथ 1 अगस्त, 2022 को बैठक -** सुश्री किम गुइटे, महाप्रबंधक, पर्यवेक्षण विभाग, आरबीआई और श्री सुभेन्दु भट्टाचार्य, महाप्रबंधक, पर्यवेक्षण विभाग, आरबीआई के साथ 1 अगस्त, 2022 को बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें पब्लिक सेक्टर बैंकों में कानूनी शाखा संपरीक्षकों के पात्रता संनियमों, पात्रता संबंधी संनियमों में यथा उल्लिखित 'फर्म की ख्याति' पद की परिभाषा, अन्य बातों के साथ, कानूनी संपरीक्षकों को पैनलबद्ध करने और उनकी नियुक्ति करने से संबंधित विषयों पर परिचर्चा की गई थी ।
- **नाबार्ड, पश्चिमी बंगाल के साथ बैठक –** नाबार्ड, पश्चिमी बंगाल के साथ 25 अगस्त, 2022 को एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें नाबार्ड, पश्चिमी बंगाल ने आईसीएआई से आरओसी अनुपालन, संपरीक्षा, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)/किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) के सामने आने वाले अन्य मुद्दों के संबंध में अंत:निवेश उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था और साथ ही नाबार्ड ने उत्पादक कंपनी अधिनियम के अधीन सुसंगत अनुपालनों के संबंध में जागरुकता का सृजन करने हेतु सहायता की ईप्सा भी की थी और साथ ही अन्य विषयों तथा समय पर की जाने वाली प्रस्तुतियों, लेखांकन संबंधी एफपीओ कार्मिकों का प्रशिक्षण, लेखा बहियां तैयार करने, निधि प्रबंध तकनीकों/प्रक्रियाओं ; प्रणाली जनित (स्वत: जनित) चालानों या लेखांकन, क्रय, स्टॉक,

विक्रय आदि संबंधी रिपोर्टों के लिए समुचित साफ्टवेयर ऐप्लिकेशन का विकास और व्यवस्था किए जाने के संबंध में भी सहायता की मांग की गई थी। इसके अतिरिक्त, सरकार से क्रेडिट समर्थन/सहायता के लिए किसी कारबार क्रियाकलाप हेतु कारबार योजना तैयार करने और सीए द्वारा फाइल की जाने वाली भिन्न-भिन्न विवरणियों के लिए आधारिक प्रभारों को समझने के लिए भी सहायता की ईप्सा की गई थी।

- **सीएंडएजी के कार्यालय द्वारा आयोजित "केंद्रीय पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के लिए संपरीक्षा बोर्ड" की बैठक -** सीएंडएजी के कार्यालय द्वारा 6 सितंबर, 2022 को आयोजित "केंद्रीय पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के लिए संपरीक्षा बोर्ड" की बैठक में आईसीएआई ने सीएंडएजी के कार्यालय को पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में संपरीक्षकों की नियुक्ति के लिए नए वृत्तिकों को पैनलबद्ध किए जाने संबंधी संनियमों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए थे।

- **नाबार्ड, मुंबई के साथ पीएसीएस के लिए सामान्य लेखांकन प्रणाली के संबंध में बैठक –** 19 सितंबर, 2022 को नाबार्ड, मुंबई और आईसीएआई के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें नाबार्ड, मुंबई ने देश में विद्यमान सभी सहकारिताओं के लिए एक ऐसी सामान्य लेखांकन प्रणाली के संबंध में आईसीएआई से अंत:निवेश उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया था, जिसे राष्ट्रीय पीएसीएस साफ्टवेयर में अंगीकृत और सम्मिलित किया जा सके ताकि इस बात को सुनिश्चित किया जा सके कि साफ्टवेयर ऐसी उपयुक्त लेखांकन प्रणाली से सज्जित होगा,जो सभी लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन करेगी।

- **नीति आयोग और आईसीएआई द्वारा महिला उद्यमियों के बीच जागरुकता का सृजन करने के लिए की जाने वाली पहल -** नीति आयोग ने आईसीएआई के साथ संयुक्त रूप से महिला उद्यमियों के लिए सूचना के असमान प्रसार की समस्या का समाधान करने और एक उत्तम उद्यम संबंधी वातावरण का सृजन करने के लिए एक पहल की है। 24 जनवरी, 2023 को आईसीएआई और नीति आयोग के बीच एक बैठक (डब्ल्यूईपी) का आयोजन किया गया, जिसमें पद्धतियों और परिदेयों के संबंध में चर्चा की गई और इस संबंध में परस्पर रूप से आगे कार्यवाही की जा रही है और तदनुसार आईसीएआई और नीति आयोग के बीच एक एसओआई पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

- **28 फरवरी, 2023 को मुंबई में श्री टी.के. राजन, मुख्य महाप्रबंधक, पर्यवेक्षण विभाग, आरबीआई के साथ बैठक -** 28 फरवरी, 2023 को मुंबई में श्री टी.के. राजन, मुख्य महाप्रबंधक, पर्यवेक्षण विभाग, आरबीआई के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें संपूर्ण आईएस संपरीक्षा वृत्तिकों (चाहे वे सदस्यों हों या गैर-सदस्य) के लिए एक पृथक् शासी निकाय को विकसित करने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया था। इस बैठक में आईसीएआई ने आईएस संपरीक्षाओं की रिपोर्टिंग में गैर-मानकीकरण, आईएस संपरीक्षा करने के लिए अत्यधिक निम्न फीस संरचना जैसे मुद्दों को उठाया।

- **20 जून, 2023 को श्री आर.जी. विश्वनाथन, उप सीएंडएजी तथा सुश्री कविता प्रसाद, महानिदेशक के साथ बैठक का आयोजन -** 20 जून, 2023 को श्री आर.जी. विश्वनाथन, उप सीएंडएजी तथा सुश्री कविता प्रसाद, महानिदेशक के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें सीएंडएजी की पैनलीकरण प्रक्रिया में यूडीआईएन डाटा का मिलान न होने से संबंधित एक मुद्दे के संबंध में जानकारी दी गई। इस मुद्दे का समाधान करने के लिए यह विनिश्चय किया गया कि पीडीसी ऐसे कृत्यकरण को विकसित करेगी, जिसमें आवेदकों को एकल समाधान विंडों उपलब्ध कराई जाएगी और उन्हें 1.4.2020 से 31.03.2022 की अवधि के दौरान जनित यूडीआईएन से संबंधित जानकारी को सीएंडएजी के कार्यालय द्वारा पहले से उदघोषित विनिर्दिष्ट प्रवर्गों के अधीन उपांतरित करने की अनुज्ञा दी जाएगी।

- **28 जून, 2022 को आरबीआई के साथ गोलमेज बैठक –** आरबीआई और आईसीएआई के बीच एक संरचित आवधिक परस्पर क्रिया का मंगलवार, 28 जून, 2022 को आयोजन किया गया था, जिसमें वृत्तिक संगतता और नीतिगत महत्व के विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा की गई थी। इसके साथ ही भारत और विश्व भर में संपरीक्षाओं और लेखांकन के क्षेत्र में हुई नवीनतम घटनाओं के संबंध में भी इस बैठक के दौरान चर्चा की गई थी।

- **तारीख 27 अप्रैल, 2021 के परिपत्र के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए आरबीआई के प्रश्नोतरों पर आईसीएआई के अंत:निवेश –** आईसीएआई ने आरबीआई द्वारा संपरीक्षा बाजार और संबद्ध विनियमित अस्तित्वों (आरई) के संबंध में किए गए अध्ययन, जो आरबीआई के तारीख 27 अप्रैल, 2021 के परिपत्र पर आधारित था और जो कानूनी केंद्रीय संपरीक्षकों (एससीए)/ वाणिज्यिक बैंकों (आरआरबी) को छोड़कर, के कानूनी संपरीक्षकों (एसए), यूसीबी और एनबीएफसी (एचएफसी सहित) के कानूनी संपरीक्षकों की नियुक्ति के लिए दिशानिर्देशों के विषय से संबंधित था, पर अपने अंत:निवेश उपलब्ध कराए। उक्त अध्ययन में आईसीएआई ने कानूनी केंद्रीय संपरीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति, कानूनी संपरीक्षकों की स्वतंत्रता, कानूनी संपरीक्षा क्वालिटी, संयुक्त संपरीक्षा प्रणाली,

संपरीक्षकों का कार्यकाल और चक्रानुक्रम तथा एससीए/एसए द्वारा गैर-संपरीक्षा कार्यों पर निर्बंधन की प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार उपलब्ध कराए ।

- **राज्य स्तरीय समन्वयन समिति (एसएलसीसी)–** वर्ष के दौरान आरबीआई द्वारा 40 से अधिक एसएलसीसी बैठकों का आयोजन किया गया था, जिनमें आईसीएआई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था ।

(II) उपलब्धियां

- **तारीख 24 अप्रैल, 2023 का पुनरीक्षित परिपत्र (पैरा 4) –** आरबीआई ने (i) पब्लिक सेक्टर बैंकों के कानूनी शाखा संपरीक्षकों की नियुक्ति/पुन: नियुक्ति के लिए पुनरीक्षित दिशानिर्देशों ; और (ii) पब्लिक सेक्टर बैंकों की कानूनी शाखा संपरीक्षा के अधीन कारबार समावेशन संबंधी संनियमों के संबंध में एक परिपत्र संदर्भ डीओएस.सीओ.एआरजी/एस8213/08.91.001/2022-23, तारीख 6 मार्च, 2023 को जारी किया था, जिसके संबंध में सदस्यों द्वारा उक्त परिपत्र के पैरा 4 के लागू होने के संबंध में विभिन्न चिंताएं व्यक्त की गई थी । आईसीएआई ने आरबीआई को इनके संबंध में एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था तथा आरबीआई ने 24 अप्रैल, 2023 को पब्लिक सेक्टर बैंकों को उक्त परिपत्र के पैरा 4 के संबंध में पुनरीक्षित अनुदेश जारी किए थे, जो किसी संपरीक्षा अस्तित्व को किसी अन्य पीएसबी के एसबीए के रूप में अपना त्यागपत्र देने के पश्चात् किसी पीएसबी में एससीए के रूप में नियुक्ति स्वीकार करने से निवारित नहीं करते हैं ।

- **काफी कम समय सीमा के कारण नियुक्ति पत्र में पुनरीक्षण –** पब्लिक सेक्टर बैंक (बैंक आफ इंडिया) ने एसबीए को नियुक्ति पत्र जारी किया था, जिसके द्वारा यह उल्लेख किया गया था कि अधिमानी रूप से शाखाओं की कानूनी संपरीक्षा 6 अप्रैल, 2023 को या उससे पूर्व पूरी की जाए और किसी भी दशा में 8 अप्रैल, 2023 से परे शाखा संपरीक्षा को पूरा करने की अनुमति नहीं है । आईसीएआई ने इस संबंध में बैंक आफ इंडिया को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था और तदनुसार, इस संबंध में पुनरीक्षित पत्र जारी किया गया था ।

- **31 मार्च, 2023 को एससीए और सीएफओ को किए गए कार्य की सभी अन्य मदों के लिए फीस नियत करने के संबंध में सलाह जारी की गई –** आरबीआई द्वारा "वित्तीय वर्ष 2022-23 से राष्ट्रीयकृत बैंकों (एनबी) के कानूनी केंद्रीय संपरीक्षकों (एससीए) और कानूनी शाखा संपरीक्षकों (एसबीए) को संदेय पारिश्रमिक" के संबंध में एक परिपत्र सं. डीओएस.सीओ.एआरजी/एस8056/08.92.001/2022-23, तारीख 1 मार्च, 2023 को जारी किया गया था, जिसका पैरा सं. 2.3 "कानूनी संपरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य की सभी अन्य मदों के लिए फीस" से संबंधित है । उक्त परिपत्र के संबंध में मुद्दा उठाए जाने के पश्चात् तथा परिषद् द्वारा पुनरीक्षित फीसों की सिफारिश जारी किए जाने के पश्चात् एक सलाह तैयार की गई और उसे 31 मार्च, 2023 को कानूनी केंद्रीय संपरीक्षकों और सीएफओ को जारी किया गया । इस सलाह को बैंकों द्वारा उसकी सही भावना के अनुरूप स्वीकार किया गया है ।

- **17वां प्रवासी भारतीय दिवस, 8-10 जनवरी, 2023, इंदौर, मध्य प्रदेश –** मध्य प्रदेश सरकार ने इंदौर, मध्य प्रदेश में 8 से 12 जनवरी, 2023 के दौरान प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया, जिसकी शोभा माननीय प्रधानमंत्री ने बढ़ाई और जिसमें आईसीएआई ने भी अपनी उपस्थिति को दर्ज किया । इसके अतिरिक्त, आयोजन के दौरान स्थापित किया गया आईसीएआई पैवेलियन अनिवासी भारतीयों, राज्य सरकार के पदधारियों और अन्य प्रदर्शकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय बना रहा । इसके सौंदर्यबोद्धक डिजाइन के अलावा इसकी इस बात के लिए भी अनुशंसा की गई कि उसे अत्यंत बुद्धिमता से व्यक्तिगत प्रतिनिधियों की क्रियाशील आवश्यकताओं की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है । पैवेलियन ने अपने 3 विशेषज्ञ जोनों, अर्थात् कराधान, एमएसएमई और स्टार्ट अप तथा अनुपालन के साथ अपने अधिकारिता संबंधी विशेषज्ञों के माध्यम से आयोजन के स्थल पर ही अनिवासी भारतीयों की शंकाओं का समाधान उपलब्ध कराया । पैवेलियन में मौजूद विशेषज्ञों ने प्रतिनिधियों की भिन्न-भिन्न शंकाओं का समाधान किया, जो कराधान, लेखांकन, सेक्टर विनिर्दिष्ट निवेश आयामों के विधिक अनुपालनों जैसे विविध क्षेत्रों से संबंधित थी ।

- **वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन, 2023, 11-12 जनवरी, 2023, मध्य प्रदेश, इंदौर –** मध्य प्रदेश सरकार ने 11-12 जनवरी, 2023 के दौरान इंदौर में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन, 2023 का आयोजन किया, जिसमें 12 जनवरी, 2023 को इंदौर में आईसीएआई ने अपनी वृत्तिक विकास समिति के माध्यम से 'मध्य प्रदेश तक पहुंच (एएमपी) – संपूर्ण कारबार समाधान' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया ।

- **बहु प्रयोजन पैनलीकरण प्ररूप (एमईएफ), 2022-23 -** 6 अक्तूबर, 2022 को एमईएफ, 2022-23 को संस्थान की वेबसाइट पर रखा गया, जिसे आनलाइन रूप से प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तारीख 28 अक्तूबर, 2022 थी ।

इसके अतिरिक्त, एमईएफ पोर्टल का भी इस वर्ष सुधार किया गया है और क्रम-विकास साइट पुन: डिजाइन (ईएसआर) अवधारणा के साथ इसके संपूर्ण अंत:पृष्ठ को पूर्णतया परिवर्तित किया गया है।

- **रेड फ्लैग की परीक्षा संबंधी कृत्य –** एमईएफ आवेदकों के वित्तीय डाटा की परीक्षा करने तथा रेड फ्लैग (अपवादों) को जनित करने के लिए मानदंड तैयार करने हेतु एक स्वचालित प्रणाली को विकसित किया गया है। वर्ष 2022-23 के लिए प्राप्त हुए एमईएफ आवेदनों की संपरीक्षा विनिर्दिष्ट रेड फ्लैगों के आधार पर की गई थी, जिन्हें विभिन्न पैरामीटरों से जोड़ा गया है।
- **एमईएफ 2022-23 के संबंध में बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) –** एमईएफ को भरे जाने के समय सदस्यों द्वारा बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों के समाधान को सुकर बनाने के प्रयास के रूप में 50 प्रश्नों को जोड़कर एमईएफ 2022-23 के लिए एफएक्यू को अद्यतन बनाया गया है। कार्यालय द्वारा समय-समय पर प्राप्त भिन्न-भिन्न मामलों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त प्रश्नों को तैयार किया गया है। उन्हें भी सुगम और शीघ्र संदर्भ हेतु एमईएफ पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

➢ **पुनरीक्षित पीडी प्रकाशनों का विमोचन –** पीडीसी ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित पुनरीक्षित प्रकाशनों का विमोचन किया है :

- चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए वृत्तिक अवसरों के संबंध में त्वरित अंत:दृष्टि (पुनरीक्षित जुलाई, 2022)
- वृत्तिक सेवाओं को प्रदान किया जाना – ऐसी सभी जानकारी, जो आपको ज्ञात होनी चाहिए (पुनरीक्षित 2022)
- एमपी संबंधी पुस्तिका (2023 संस्करण)
- एसएचजी सुविधा प्रदाता के लिए टूल किट (पुनरीक्षित 2023)
- एफसीआरए विधियों संबंधी एनपीओ के लिए बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) (पुनरीक्षित 2023)

➢ **विभिन्न प्राधिकारियों को पैनल प्रस्तुत किया जाना –** चार्टर्ड अकाउंटेंटों/फर्मों का पैनल अन्य प्राधिकरणों/ अभिकरणों को उपलब्ध कराया गया है। 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून, 2023 की अवधि के दौरान प्रस्तुत पैनलों की एक सूची नीचे दी गई है :

क्रम सं.	**पैनल प्रस्तुत करने की तारीख**	**प्राधिकरण/अभिकरण**
1	27 मई, 2022	श्री पबित्रा कुमार दास, प्रबंधक, पर्यवेक्षण विभाग, आरबीआई, भुवनेश्वर
2	30 जून, 2022	श्री जोगिंदर सिंह (आरईजी-डीआरओ), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
3	30 जून 2022	उपमहानिरीक्षक (कल्याण), एफएचक्यू बीएसएफ, नई दिल्ली
4	26 अगस्त, 2022	श्री प्रवीण कुमार बोथरा, सहायक महाप्रबंधक (आईएंडए), इंडियन बैंक, चेन्नई
5	7 सितंबर, 2022	श्रीमती निर्मला विंसेंट, सहायक रजिस्ट्रार (आईसी), एनसीएलटी, प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली
6	9 सितंबर, 2022	श्रीमती निर्मला विंसेंट, सहायक रजिस्ट्रार (आईसी), एनसीएलटी, प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली
7	9 सितंबर, 2022	श्री वी. शिवकुमार, सहायक महाप्रबंधक, निरीक्षण एवं संपरीक्षा विभाग, तमिलनाडु ग्राम बैंक, प्रधान कार्यालय-सलेम
8	8 दिसंबर 2022	मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सुंदरगढ़ डीसीसी बैंक लिमिटेड
9	16 फरवरी, 2023	श्री बी. रामचन्द्रैया, महाप्रबंधक, आंध्र प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, विजयवाड़ा
10	16 फरवरी 2023	डॉ. समीर आर. सामंत्रा, नाबार्ड, ओडिशा प्रादेशिक कार्यालय, भुवनेश्वर
11	21 फरवरी, 2023	श्री. महेंद्र ओझा, उप महाप्रबंधक-लेखा, मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, मुंबई

12	3 मार्च 2023	सहायक रजिस्ट्रार (मुख्यालय), सहकारी सोसाइटियां, जम्मू-कश्मीर
13	21 मार्च 2023	श्रीमती वसुदा तोरसेकर, उप निदेशक, एफआईयू-इंडिया, नई दिल्ली
14	13 अप्रैल, 2023	श्री एच.आर. पटेल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पर्यवेक्षण एवं संपरीक्षा समिति सहकारिता विभाग, गुजरात राज्य, अहमदाबाद
15	2 मई, 2023	डॉ. के.एन. खेर, रजिस्ट्रार, गुजरात टेक्नोलॉजिकल, विश्वविद्यालय, गांधीनगर हाईवे, चांदखेड़ा, अहमदाबाद
16	23 जून 2023	श्री प्रीतम दत्ता, उप सचिव, भारत सरकार, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), (राष्ट्रीय कौशल विकास निधि), नई दिल्ली
17	15 जून 2023	सुश्री रजनी अगाड़ी, उप महाप्रबंधक - प्रभाग 2, एसईसी वर्टिकल - निवेश प्रबंधन विभाग, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, मुंबई-400051
18	6 जून, 2023	निदेशक (प्रशासन), द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), 8 गोखले रोड, कोलकाता
19	31 मई, 2023	उप महाप्रबंधक, इंडियन बैंक, चेन्नई
20	26 मई, 2023	पंजाब राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, चंडीगढ़

(III) अन्य क्रियाकलाप

- **कार्यक्रम और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

बैंकों के एमडी और सीईओ, ईडी (संपरीक्षा और लेखाओं के प्रभारी), सीएफओ के साथ परस्पर क्रियाशील बैठकें

समिति ने, 20 दिसंबर, 2022 को, मुंबई में वाणिज्यिक बैंकों के निदेशकों, संपरीक्षा समिति के अध्यक्षों और सदस्यों तथा सीएफओ के साथ एक परस्पर क्रियाशील बैठक का आयोजन किया था । इस कार्यक्रम का उदघाटन इसके मुख्य अतिथि श्री सतीश काशीनाथ मराठे, माननीय निदेशक, केंद्रीय बोर्ड, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया गया । इस बैठक को अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जिससे यह साबित हुआ कि आईसीएआई ज्ञान को साझा करने तथा भारत के बैंककारी सेक्टर में महत्वपूर्ण पदों को धारण करने वाले प्रमुख व्यक्तियों के बीच वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में हुए नवीनतम परिवर्तनों के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । इसके अलावा, बैठक से इसके प्रतिभागियों को बैंककारी क्षेत्र में वृत्तिक उत्कृष्टता अभिप्राप्त करने में नई अंतर्दृष्टि भी प्राप्त हुई ।

- **केंद्रीय कानूनी संपरीक्षकों की बैठक**

14 मार्च, 2023 को मुंबई में मिश्रित पद्धति के माध्यम से बैंकों के कानूनी केंद्रीय संपरीक्षकों के लिए एक परस्पर क्रियाशील बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत रूप से तथा लगभग 50 व्यक्तियों ने वर्चुअल पद्धति से भाग लिया ।

- **प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम/अर्हता-पश्च पाठ्यकर्म**

  - सहकारिता संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम – समिति ने 21 मई, 2022 से 18 जून, 2022 की अवधि के दौरान सहकारिताओं संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के पहले आनलाइन बैच का संचालन किया और लगभग 80 प्रतिभागियों ने इस बैच में प्रवेश लिया था । उक्त पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा का आयोजन 7 अगस्त, 2022 को किया गया था, जिसमें 64 अभ्यर्थी बैठे थे, जिसमें से 63 अभ्यर्थियों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया ।

  - एनपीओ संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम - समिति ने 9 जुलाई, 2022 से 6 अगस्त, 2022 की अवधि के दौरान एनपीओ संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के पहले आनलाइन बैच का संचालन किया और लगभग 60 प्रतिभागियों ने इस बैच में प्रवेश लिया था । उक्त पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा का आयोजन 6 नवंबर, 2022 को किया गया था । समिति ने 26 नवंबर, 2022 से 24 दिसंबर, 2022 की अवधि के दौरान एनपीओ संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के दूसरे आनलाइन बैच का संचालन किया और लगभग 80 प्रतिभागियों ने इस बैच में प्रवेश लिया था । समिति एनपीओ संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के दूसरे बैच के लिए आनलाइन परीक्षा का आयोजन 28 जनवरी, 2023 को करेगी ।

- डीआईआरएम पाठ्यक्रम – समिति ने 17 मार्च और 12 मई, 2023 को अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम करने वाले सदस्यों के लिए आनलाइन पात्रता परीक्षाओं का आयोजन किया था । समिति ने ऐसे 19 सदस्यों को पात्रता प्रमाणपत्र जारी किए थे, जिन्होंने उक्त आनलाइन पात्रता परीक्षाओं को उत्तीर्ण किया था । ये सदस्य अब नवंबर, 2023 और उसके पश्चात् आयोजित की जाने वाली तकनीकी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र हो गए हैं । समिति बीमा और जोखिम प्रबंध के क्षेत्र में एक अर्हता-पश्च डिप्लोमा पाठ्यक्रम का भी प्रशासन करती है । समिति संस्थान के सदस्यों के बीच इस डीआईआरएम पाठ्यक्रम को लोकप्रिय बनाने के लिए उपयुक्त उपाय कर रही है । तारीख 18 मई, 2023 तक उक्त पाठ्यक्रम के लिए 5496 रजिस्ट्रीकरण हो चुके थे, जिनके क्षेत्रवार आंकड़े नीचे दिए गए हैं :

18 मई 2023 तक पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकृत सदस्य					**योग**
मध्य क्षेत्र	**पूर्वी क्षेत्र**	**उत्तरी क्षेत्र**	**दक्षिणी क्षेत्र**	**पश्चिमी क्षेत्र**	
1177	668	825	1552	1274	5496

5496 रजिस्ट्रीकृत सदस्यों में से 1023 सदस्यों ने इस पाठ्यक्रम को अर्हित कर लिया है, अन्य 95 सदस्यों ने तकनीकी परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया है किंतु उन्हें अभी अनुकूलन कार्यक्रम में भाग लेना है ।

6.18 लोक और शासकीय वित्त प्रबंध संबंधी समिति (सीपीएंडजीएफएम)

आईसीएआई ने अपने मिशन और लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए लोक और शासकीय वित्त प्रबंध संबंधी समिति (सीपीएंडजीएफएम) का गठन किया है, जो केंद्रीय और राज्य सरकारों तथा स्थानीय निकायों की लेखांकन, वित्तीय रिपोर्टिंग और स्थानीय निकायों सहित भारत सरकार के सभी क्षेत्रों में प्रबंध सुधारों के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन और लोक वित्त संबंधी बेहतर प्रबंध को सुकर बनाने में सहायता करने का अथक प्रयास करती है । स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानक (एएसएलबी) को तैयार करने के अलावा, समिति अपना ध्यान मुख्य रूप से भारत सरकार के विभिन्न टियरों में वित्त से संबंधित पदधारियों की सक्षमता निर्माण पर केंद्रित करती है और इसके लिए समिति विभिन्न उपाय करती है, जैसे कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों, वेबीनारों, ई-पठन माड्यूलों आदि का आयोजन । समिति लोक वित्त और शासकीय लेखांकन संबंधी एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का भी संचालन करती है, जिसमें सरकारी पदधारी भी भाग ले सकते हैं । चार्टर्ड अकाउंटेंटों को कारपोरेट सेक्टर से परे अपनी वृत्तिक सेवाएं उपलब्ध कराके तथा साधारण जनता के लिए कार्य करके अपनी सामाजिक बाध्यताओं को पूरा करने संबंधी आईसीएआई की यह एक महत्वपूर्ण पहल है और इस प्रकार वह राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की अपनी भूमिका के प्रति खरा उतरता है ।

(I) निकाले गए प्रकाशन :

- ➢ लोक वित्त और शासकीय लेखांकन में सामान्य रूप से प्रयुक्त पद का पुनरीक्षित संस्करण (1 जुलाई, 2022)
- ➢ 'प्रोदभवन लेखांकन की ओर संपरिवर्तन : शहरी स्थानीय निकायों के लिए मॉडल और पठन' विषय पर आईसीएआई (सीपीएंडजीएफएम) और आईसीएआई एआरएफ द्वारा नीति आयोग के साथ संयुक्त रूप से अनुसंधान अध्ययन (24 जनवरी, 2023)

(II) स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों (एएसएलबी) को जारी करना :

- एएसएलबी 40, 'अस्तित्व संयोजन' ।

(III) प्रस्तुत की गई तकनीकी टीका-टिप्पणियां :

- ➢ अंतर्राष्ट्रीय पब्लिक सेक्टर लेखांकन मानक बोर्ड (आईपीएसएएसबी) को निम्नलिखित प्रारूपों के संबंध में टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत की गई :
  - उदभासन प्रारूप 82, सेवानिवृत्ति फायदे योजनाएं
  - उदभासन प्रारूप 83, 'रिपोर्टिंग संवहनीयता कार्यक्रम जानकारी-आरपीजी 1 और 3 : अतिरिक्त गैर-प्राधिकृत मार्गदर्शन'
  - उदभासन प्रारूप 84, रियायती पट्टे और वस्तु रूप में आस्ति के उपयोग का अधिकार (आईपीएसएएस 43 और आईपीएसएएस 23 का संशोधन)

- पब्लिक सेक्टर संवहनीयता रिपोर्टिंग को आगे बढ़ाने संबंधी परामर्श पत्र ; और
- 'प्राकृतिक संसाधनों' संबंधी परामर्श पत्र

➢ निम्नलिखित जीएएसएबी दस्तावेजों/प्रारूप मानकों के संबंध में टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत की गई :

- जीएएसएबी की 36वीं बोर्ड बैठक की कार्यसूची
- 'लोक ऋण और सरकार के अन्य दायित्व : प्रकटन अपेक्षाएं' विषय पर प्रारूप आईजीएएस 10
- राजस्व प्राप्तियों की मान्यता : गैर-विनिमय और विनिमय संव्यवहारों से ; और
- प्रारूप 'लोक आस्तियों के विनिवेश संबंधी प्रकटन'
- नीतिगत विकास योजना (एसडीपी) 2023-26

(IV) प्रशिक्षण कार्यक्रम :

समिति ने जीएसटी के उपबंधों/सीएमडब्ल्यूएसएसबी को लागू लेखांकन मानकों के उपबंधों, प्रत्यक्ष कर उपबंधों, जीएटी संबंधी सक्षमता निर्माण कार्यक्रमों/ आईसीटी परिस्थितियों में लेखांकन आदि विषयों पर शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया था ।

(V) वेबीनार/वर्चुअल सीपीई बैठकें (वीसीएम) :

आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के अधीन स्थानीय शासकीय कराधान विषयों पर विभिन्न वेबीनारों/वीसीएम का आयोजन किया गया ।

प्रास्थिति और अनुपालन (भाग 1 और 2)

- सरकारी की कल्याण स्कीमों की संपरीक्षा ।
- स्थानीय निकायों में लेखांकन मानकों को लागू किया जाना ।
- सरकारी वित्तीय रिपोर्टिंग और प्रबंध, ई-ग्राम स्वराज में पारदर्शिता तथा जवाबदेही में अभिवृद्धि करने के लिए डिजीटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग ।
- पंचायतों का लेखांकन और संपरीक्षा ।
- लोक वित्त और शासकीय लेखांकन के क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए वृत्तिक अवसर ।
- पीआरआई में लेखांकन और संपरीक्षा ।
- लोक ऋण संबंधी अंतर्दृष्टि ।
- लेखांकन /संपरीक्षा में बेहतर पारदर्शिता किस प्रकार से सरकार की कठोर निर्णय, विशेष रूप से कोविड-19 के पश्चात्, लेने में सहायता कर सकती है ।
- लोक वित्त संबंधी अंतर्दृष्टि ।
- प्रोदभवन लेखांकन में संपरिवर्तन संबंधी अनुसंधान अध्ययन की सिफारिशें ।
- शहरी स्थानीय निकायों के माडल और पठन ।

(VI) स्थानीय निकायों के लिए ई-पठन माड्यूल

समिति ने, आय-कर और माल और सेवाकर के स्थानीय निकायों में लागू होने : प्रास्थिति और अनुपालन अपेक्षाएं तथा किस प्रकार हमारे शहर आत्मनिर्भर बन सकते हैं, विषयों के संबंध में आईसीएआई टीवी पर ई-व्याख्यानों को प्रस्तुत किया है ।

(VII) लघु वीडियो

समिति ने, निम्नलिखित विषयों पर लघु वीडियो तैयार किए और उन्हें आईसीएआई तथा समिति की वेबसाइट और साथ ही आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र पर भी रखा :

- लोक और शासकीय वित्त प्रबंध संबंधी समिति के क्रियाकलाप ।

- स्थानीय निकायों में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए अवसर ।
- स्थानीय निकायों में लेखांकन मानकों को लागू किया जाना ।
- शासकीय लेखांकन का पर्यावलोकन ।
- आत्मनिर्भर शहरी भारत के लिए नगरपालिक बंधपत्र ।,

(VIII) लोक वित्त और शासकीय लेखांकन संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

- **प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम की पाठ्यक्रम संरचना तथा पाठ्यक्रम सामग्री का पुनरीक्षण –** प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में दो नए माड्यूल, अर्थात् लोक वित्त प्रबंध प्रणाली (पीएफएमएस) और पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को सम्मिलित किया गया है ताकि लोक वित्त और शासकीय लेखांकन के क्षेत्र में नवीनतम जानकारियों और नव परिवर्तन को पाठ्यक्रम का भाग बनाया जा सके । प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम की पुनरीक्षित पाठ्यक्रम संरचना और पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या को 1 जुलाई, 2022 को 74वें सीए दिवस के अवसर पर शुभारंभ किया गया ।
- **सरकारी और स्वायत्त निकायों के पदधारियों के लिए खोला जाना –** विभिन्न सरकारी विभागों के अनुरोध पर इस प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को सरकारी विभागों तथा किसी सरकारी मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्वायत्त निकायों के पदधारियों के लिए खोल दिया गया है ।
- **आनलाइन बैच –** रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, लोक वित्त और शासकीय लेखांकन संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 7 बैचों का संचालन किया गया ।
- **आनलाइन परीक्षा –** प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम की 6 आनलाइन परीक्षाओं का आयोजन किया गया ।

(IX) विभिन्न पणधारियों के साथ बैठकों का आयोजन :

क्रम सं.	गणमान्य व्यक्ति का नाम	तारीख
1	श्री विजय कुमार, उप सचिव, पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) और श्री सुबोध गुर्जर, सलाहकार, एमओपीआर	25 अगस्त, 2022
2	श्री आर.एम. जौहरी, अपर उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक एवं एडीएआई (जीएएसएबी)	15 सितंबर, 2022, 13 जनवरी, 2023 और 30 मई, 2023
3	सुश्री ममता वर्मा, संयुक्त सचिव, एमओपीआर	22 सितंबर, 2022
4	श्री मनोज सेठी, संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, युवा मामले और खेल मंत्रालय	14 अक्टूबर, 2022
5	श्री नवीन जैन, आईएएस, सचिव, पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार और श्री देवकी नंदन शर्मा, वित्तीय सलाहकार	15 नवंबर, 2022
6	श्री जोगा राम, आईएएस, सचिव, स्थानीय स्वशासन विभाग, राजस्थान	15 नवंबर, 2022
7	श्री कुंजी लाल मीना, आईएएस, प्रधान सचिव, शहरी विकास एवं आवास विभाग, राजस्थान सरकार	15 नवंबर, 2022
8	श्री. कुन्दन कुमार, आईएएस, सलाहकार, नीति आयोग	16 नवंबर, 2022 और 20 जनवरी, 2023
9	सुश्री डी तारा, अपर सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए)	20 मार्च 2023
10	श्री सुबीर मलिक, उप सीएंडएजी (स्थानीय निकाय)	22 मार्च 2023
11	श्री संजीत, संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, आवासन और	28 अप्रैल 2023

	शहरी कार्य मंत्रालय	
12	श्री नीरज मंडलोई, आईएएस, प्रधान सचिव, शहरी विकास एवं आवास विभाग, मध्य प्रदेश सरकार	1 मई, 2023
13	श्री बक्की कार्तिकियन, आईएएस, उप सचिव एवं निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, मध्य प्रदेश सरकार	1 मई, 2023
14	श्री ई.वी. भास्कर आईआरएस, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री के निजी सचिव	8 मई, 2023
15	श्री वी. केज़ो, आयुक्त एवं सचिव, वित्त, भूमि संसाधन, नागालैंड सरकार	23 मई, 2023

(X) सरकार को सहायता –

- समिति ने नि:स्वार्थ आधार पर शासकीय लेखांकन में नकद आधारित अंतर्राष्ट्रीय पब्लिक सेक्टर लेखांकन मानक (आईपीएसएएस) को अंगीकार करने की सीएंडएजी के कार्यालय की परियोजना के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई है। इस संबंध में सीएंडएजी के कार्यालय द्वारा एक संयुक्त समिति का गठन किया गया था, जिसमें आईसीएआई के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए थे और जिसकी एक बैठक का आयोजन 22 मार्च, 2023 को किया गया।
- समिति सीएंडएजी के कार्यालय को भारत की पंचायतों और नगरपालिक निकायों के लेखांकन और संपरीक्षा में सुधार लाने के लिए भी सहायता उपलब्ध करा रही है।
- राजस्थान की पंचायतों की विद्यमान लेखांकन और संपरीक्षा प्रणाली के अध्ययन संबंधी परियोजना को भी आरंभ किया गया है ताकि राजस्थान की पंचायतों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सके।

(XI) सरकार को अभ्यावेदन/तकनीकी अंत:निवेश

निम्नलिखित को अभ्यावेदन प्रस्तुत किए गए थे :

- शहरी विकास प्राधिकरण (यूडीए) को : शहरी स्थानीय निकायों के पदधारियों के लिए सक्षमता निर्माण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए, स्थानीय निकायों में प्रोदभवन लेखांकन प्रणाली को कार्यान्वित करने के संबंध में संबद्ध नगरपालिक अधिनियमों में संशोधन करने की आवश्यकता पर बल देने तथा यूएलबी में प्रोदभवन लेखांकन तथा एएसएलबी के कार्यान्वयन के लिए अग्रणी परियोजनाएं आरंभ करने के लिए अनुरोध भी प्रस्तुत किए गए थे।
- सभी राज्यों के वित्त विभागों को, उन्हें उनके अपने-अपने वित्त विभागों के पदधारियों के कौशल विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव देते हुए।

6.19 जन संपर्क समिति (पीआरसी)

जनसंपर्क समिति का उद्देश्य विभिन्न मार्गों और उपायों के माध्यम से, जिन्हें चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम के ढांचे के अंतर्गत उपयुक्त समझा जाए, एक अतिविशिष्ट लेखांकन निकाय और भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंसी की वृत्ति के लिए एकमात्र विनियामक प्राधिकरण के रूप में आईसीएआई की छवि को विकसित करना, उसे सुदृढ़ बनाना तथा उसमें अभिवृद्धि करना है। पीआर समिति बेहतर संबंधों को स्थापित करने के लिए प्रयास करती हैं और बेहतर नेटवर्किंग अवसर उपलब्ध कराती है और साथ ही उसका उद्देश्य आईसीएआई की छवि को ऊंचा उठाने हेतु बोद्धात्मक खाई को भरने के लिए अनेक उपाय करना भी है।

महत्वपूर्ण पहलें/उपलब्धियां

(I) चार्टर्ड अकांउटेंट दिवस, 2022

चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस, 2022 को मुद्रण/इलैक्ट्रानिक और रेडियो मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से विज्ञापित किया गया था :--

- मुद्रण मीडिया : जनसाधारण के बीच जागरुकता का सृजन करने और सीए दिवस का विज्ञापन करने के लिए एक आयोजन पूर्व विज्ञापन तथा 1 जुलाई को एक अन्य विज्ञापन वित्तीय/प्रमुख प्रकाशनों में प्रकाशित किया गया था।

- इलैक्ट्रानिक मीडिया : सीए दिवस को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न कारबार/समाचार चैनलों पर उसके प्रोमो का प्रसारण किया गया । जी बिजनेस चैनल सीए दिवस आयोजनों से संबंधित उद्धरणों को रिकार्ड करने के लिए संस्थान से सहबद्ध था और उसके पश्चात् उनका एक आधे घंटे के ऐपिसोड के रूप में चैनल पर प्रसारण किया गया ।
- रेडियो : 29, 30 जून तथा 1 जुलाई को 5 रेडियो चैनलों पर सीए दिवस, 2022 के संबंध में विज्ञापनों का प्रसारण करके सीए दिवस को लोकप्रिय बनाया गया ।
- सदभावना संदेश : आईसीएआई जर्नल के विशेष अंक, अर्थात् जुलाई, 2022 अंक में प्रकाशन हेतु विख्यात व्यक्तियों से सदभावना संदेशों की ईप्सा की गई थी और उन्हें ई-बोर्ड के साथ साझा किया गया था ।
- सोशल मीडिया : सीए दिवस को लोकप्रिय बनाने के लिए सोशल मीडिया मंचों पर भी व्यापक रूप से विज्ञापन और प्रचार किया गया ।
- सीए दिवस वीडियो संदेश : संस्थान के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के संदेशों को रिकार्ड किया गया तथा उक्त वीडियो क्लिपों को सभी प्रादेशिक समितियों तथा शाखाओं के साथ साझा किया गया और उन्हें यह अनुरोध किया गया कि कि वे उक्त वीडियो को सीए दिवस समारोह के दौरान चलाएं । ये वीडियो आईसीएआई की वेबसाइट पर भी अपलोड किए गए थे ।

(II) हर घर तिरंगा अभियान – प्रचार

समिति ने "हर घर तिरंगा" अभियान का व्यापक रूप से प्रचार किया क्योंकि यह एक ऐसा उचित अवसर था, जिससे आईसीएआई सरकार के विभिन्न अभियानों के प्रचार-प्रसार के मद्दे अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध कर सकता था । तदनुसार, इस अभियान का संवर्धन करने और उसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के लिए निम्नलिखित कार्रवाई की गई :

- सभी प्रादेशिक परिषदों/शाखाओं के साथ एक संसूचना को साझा किया गया, जिसमें उन्हें यह संदेश दिया गया कि वे अभियान का संवर्धन करने के लिए विनिर्दिष्ट/उपयुक्त क्रियाकलाप आरंभ करें ।
- पूरे भारत में 41 प्रकाशनों को सम्मिलित करते हुए डीएवीपी के माध्यम से एक-चौथाई पृष्ठ के रंगीन विज्ञापन का प्रकाशन किया गया ।
- ईटी-मेट्रो संस्करणों के माध्यम से भी एक-चौथाई पृष्ठ के रंगीन विज्ञापन का प्रकाशन किया गया ।
- सभी भारतीय सदस्यों को बड़ी संख्या में मेल और एसएमएस भेजे गए ।
- इस पहल का सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया गया ।

(III) एमएसएमई यात्रा – प्रचार और संवर्धन

समिति ने विभिन्न माध्यमों से एमएसएमई यात्रा का प्रचार-प्रसार किया । तदनुसार, एमएसएमई यात्रा के आरंभ की तारीख, अर्थात् 18 अगस्त, 2022 को एकचौथाई पृष्ठ के रंगीन विज्ञापन का प्रकाशन- किया गया । उसके पश्चात् जब कभी एमएसएमई यात्रा एक नए राज्य में प्रविष्ट हुई तो डीएवीपी के माध्यम से विज्ञापन का प्रकाशन किया गया । इसके साथ ही प्रत्येक राज्य में रेडियो के माध्यम से भी एमएसएमई यात्रा का प्रचार-प्रसार किया गया ।

(IV) अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस (डब्ल्यूसीएओ), 2022 – प्रचार-प्रसार और संवर्धन

समिति, जो डब्ल्यूसीएओ की ब्रांडिंग और संवर्धन संबंधी उप समिति का भाग है, द्वारा डब्ल्यूसीएओ के प्रचार और संवर्धन के लिए निम्नलिखित क्रियाकलाप किए गए :

- विज्ञापन – 12 नवंबर, 2022 को एक आयोजन-पूर्व पूर्ण पृष्ठ के विज्ञापन का प्रकाशन किया गया तथा उद्घाटन के दिन, अर्थात् 18 नवंबर, 2022 को प्रमुख प्रकाशनों में एक अन्य पूर्ण पृष्ठ के विज्ञापन का प्रकाशन किया गया ।
- इकनोमिक टाइम्स – 12, 14, 15, 18 और 22 नवंबर, 2022 को 7 पूर्ण पृष्ठों के विज्ञापन को इकनोमिक टाइम्स में प्रकाशित किया गया ।
- रेडियो अभियान – बिग एफएम और फीवर एफएम के सभी प्रमुख रेडियो स्टेशनों पर डब्ल्यूसीओए का संवर्धन करने वाले 7 दिवसीय अभियान का प्रसारण किया गया ।

- इलैक्ट्रानिक मीडिया पर अभियान – तीन बिजनेस चैनलों, अर्थात् सीएनबीसी टीवी 18, सीएनबीसी टीवी 18 एचडी, सीएनबीसी आवाज, जी बिजनेस, एनडीटीवी प्राफिट और आज-तक+ इंडिया टुडे टीवी पर डब्ल्यूसीओए के प्रचार-प्रसार के लिए अभियान चलाया गया।
- आउटडोर प्रचार-प्रसार – आईसीएआई और डब्ल्यूसीओए की ब्रांड छवि बनाने के लिए सृजनात्मक सामग्रियां तैयार की गई और उन्हें आईटीओ, एचओ, प्रगति मैदान और आसपास के क्षेत्रों में होर्डिंग के माध्यम से भिन्न-भिन्न प्रमुख अवस्थानों पर प्रदर्शित किया गया।
- 18 से 21 नवंबर, 2022 के दौरान आयोजित 4 दिवसीय आयोजन के प्रत्येक दिन के संबंध में दैनिक आधार पर प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गई। मीडिया ने डब्ल्यूसीओए से संबंधित समाचारों को प्रमुखता से दिखाया।
- डब्ल्यूसीओए आयोजन को सोशल मीडिया पर विभिन्न सृजनात्मक सामग्रियों, ट्विट आदि को पोस्ट करके भी लोकप्रिय बनाया गया।
- आडियो वीडियो प्रचार – विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर 4 एवी तैयार किए गए, जिन्हें भिन्न-भिन्न सोशल मीडिया मंचों पर पोस्ट किया गया और साथ ही उन्हें डब्ल्यूसीओए आयोजन के दौरान चलाया गया।
- विमानपत्तन प्रचार-प्रसार – डब्ल्यूसीओए का संवर्धन करने वाली सृजनात्मक सामग्री को मुंबई, अहमदाबाद और गुवाहाटी विमानपत्तनों पर होर्डिंग/स्क्रीनों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।
- आयोजन-पश्च ऐपिसोड – महत्वपूर्ण सत्रों को रिकार्ड किया गया तथा उन्हें एक आधे घंटे के ऐपिसोड के रूप में सीएनबीसी टीवी 18 और जी बिजनेस पर प्रसारित किया गया।
- मीडिया परस्पर क्रियाएं–आयोजन के दौरान अध्यक्ष, आईसीएआई की मीडिया के साथ परस्पर क्रियाओं को हिन्दू बिजनेस लाइन,न्यू इंडियन ऐक्सप्रेस और ईटी नाउ जैसे प्रकाशनों के साथ नियत किया गया।

(V) फोटो फ्रेम और काफी टेबल बुक

फोटोग्राफों का एक कोलाज तैयार किया गया था, जिसमें डब्ल्यूसीओए आयोजन के चुनिंदा फोटोग्राफों का चयन करके प्रदर्शन किया गया था। कोलाज के फोटो फ्रेमों को सभी केंद्रीय परिषद् सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ साझा किया गया था। डब्ल्यूसीओए आयोजन के दौरान गणमान्य व्यक्तियों/वक्ताओं के सभी महत्वपूर्ण फोटोग्राफों को अंतर्विष्ट करके एक काफी टेबल बुक तैयार की गई थी और उसका विमोचन किया गया। चूंकि, आईसीएआई के इतिहास में उक्त आयोजन एक ऐतिहासिक क्षण था इसलिए फोटोग्राफों को स्मृति चिह्नों के रूप में परिरक्षित किया गया।

(VI) हृदय स्वास्थ्य और तनाव प्रबंध विषयों पर वर्चुअल चिकित्सा जागरुकता कार्यक्रम

वर्तमान समय में बढ़ते हृदय रोगों की समस्या का समाधान उपलब्ध कराने के लिए समिति ने 30 जनवरी, 2023 को "हृदय स्वास्थ्य और तनाव प्रबंध विषयों पर वर्चुअल चिकित्सा जागरुकता कार्यक्रम" कार्यक्रम का आयोजन किया ताकि सदस्यों को हृदय स्वास्थ्य और तनाव प्रबंध के संबंध में सदस्यों, छात्रों और उनके कुटुंबों तथा साधारण रूप से पूरे समाज को जागरुक तथा शिक्षित किया जा सके। बेहतर निवारक उपायों के माध्यम से एक स्वस्थ समाज का सृजन करने के उद्देश्य से समिति ने आपातकाल और ट्रामा देखभाल संबंधी डब्ल्यूएचओ सहयोगी केंद्र, जयप्रकाश नारायण ऐपेक्स ट्रामा सेंटर, आपातकाल मेडिसिन विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से चिकित्सा वृत्तिकों के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव (एकएएम) की पहल के अधीन एक बृहत्त निःशुल्क वर्चुअल राष्ट्रव्यापी "चिकित्सा जागरुकता कार्यक्रम" का आयोजन किया। विशेषज्ञों ने हृदय रोग/आघात को रोकने, आपातकाल सहायता, हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवित करना (सीपीआर) और तनाव प्रबंध संबंधी सलाह उपलब्ध कराने के लिए उपायों का प्रदर्शन किया।

(VII) वार्षिक समारोह

- मुद्रण मीडिया – आईसीएआई के 73वें वार्षिक समारोह का पीआर समिति द्वारा मुद्रण मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। प्रमुख प्रकाशनों में आधे पृष्ठ के एक रंगीन विज्ञापन को प्रकाशित किया गया था ।
- आईसीएआई की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के संबंध में श्रव्य-दृश्य वीडियो – उक्त एवी में वर्ष 2022-23 के दौरान आईसीएआई की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को सम्मिलित करते हुए समिति द्वारा तैयार किया गया था और इसे वार्षिक समारोह के दौरान चलाया गया।
- ईयर बुक 2022-23 – प्रत्येक वर्ष आईसीएआई द्वारा उसकी समितियों/विभागों/प्रादेशिक कार्यालयों और शाखाओं द्वारा वर्ष के दौरान किए गए महत्वपूर्ण क्रियाकलापों को समाविष्ट करते हुए एक व्यापक दस्तावेज "ईयर-बुक" नामक प्रकाशन को तैयार किया जाता है। समिति ने, सभी समितियों/शाखाओं/प्रादेशिक कार्यालयों से प्राप्त

जानकारी को समेकित, संपादित किया और उसके प्रूफ को पढ़ा और इस प्रकार “ईयर-बुक 2022-23” तैयार की गई, जिसका विमोचन वार्षिक समारोह के दौरान किया गया।

(VIII) दिल्ली में आईसीएआई प्रेस सम्मेलन – मीडिया के साथ परस्पर क्रिया

पीआर समिति ने 20 अप्रैल, 2022 को नई दिल्ली में नए निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा मीडिया से परस्पर क्रिया करने की व्यवस्था की। मुद्रण/इलैक्ट्रानिक/डिजीटल मीडिया से विभिन्न विख्यात संवाददाताओं ने इस प्रेस सम्मेलन में भाग लिया। परस्पर क्रिया के दौरान वर्ष के लिए कार्य योजना और पूर्विकता क्षेत्रों के संबंध में जानकारी को साझा किया गया और इस प्रेस सम्मेलन को समाचार-पत्रों में प्रमुख और व्यापक रूप से कवरेज प्रदान की गई और इससे संबंधित समाचार को पचास से अधिक प्रकाशनों/आनलाइन पोर्टलों पर प्रकाशित किया गया।

(IX) आईसीएआई की भारतीय उद्योग संघ (सीआईआई) के साथ बी20 के लिए प्रमुख भागीदारी

आईसीएआई बी20 के लिए सीआईआई का एक प्रमुख भागीदार बना है। आईसीएआई से यह अपेक्षित है कि वह अंतर्राष्ट्रीय कराधान और सेवाओं के विकास के लिए संपरीक्षा, संवहनीय रिपोर्टिंग मानकों और डिजीटल लेखांकन के क्षेत्र में नेतृत्व उपलब्ध कराए। इस भागीदारी के माध्यम से आईसीएआई, ईएसजी कार्य परिषद् का भाग बनेगा और वह बी20 की विभिन्न नीति निर्धारक पहलों में सम्मिलित होगा। आईसीएआई की इस प्रमुख पहल का प्रचार-प्रसार करने के लिए समिति द्वारा निम्नलिखित क्रियाकलाप किए गए हैं :

- पहल का प्रचार-प्रसार करने के लिए विज्ञापन – प्रमुख प्रकाशनों में एक आधे पृष्ठ के विज्ञापन का प्रकाशन किया गया।
- प्रेस विज्ञप्ति – इस विषय पर जागरुकता का सृजन करने के लिए मीडिया को ‘आईसीएआई द्वारा बी20 के लिए प्रमुख भागीदार के रूप में सीआईआई के साथ जुड़ना’ नामक एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी। उक्त प्रेस विज्ञप्ति को आईसीएआई की वेबसाइट पर भी रखा गया था।
- पीआर समिति द्वारा सीआईआई की भागीदारी सम्मेलन पुस्तिका, जो एक सृजनात्मक कृति है, का प्रकाशन किया गया।

इस श्रृंखला में नई दिल्ली में मई मास में सीआईआई की वार्षिक साधारण बैठक का आयोजन नियत किया गया है, जिसके लिए आईसीएआई को विज्ञापन सामग्री के रूप में विभिन्न ब्रांड छवि अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

(X) इंडिया टूडे – काफी टेबल बुक

प्रत्येक वर्ष इंडिया टूडे समूह एक काफी टेबल बुक (सीटीबी) निकालता है, जिसका वितरण वर्षों से क - सूचीबद्ध व्यक्तियों, सभा के आमंत्रितियों के बीच किया जाता है। इस काफी टेबल बुक की प्रतियों को विमानपत्तन लाउंजों और प्रमुख पुस्तक विक्रेता दुकानों पर उपलब्ध कराया जाता है। संस्थान की ब्रांड छवि बनाने तथा उद्योग/मीडिया को लक्ष्यित करने हेतु सीटीबी में एक दोहरे पृष्ठ का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

(XI) मीडिया आवासीय बैठक, आगरा

संस्थान की ब्रांड छवि में अभिवृद्धि करने तथा मीडिया, पणधारियों और साधारण जनता के बीच विश्वास का निर्माण करने के उद्देश्य से समिति ने 4 जून, 2023 को आगरा में मीडिया के लिए एक दिवसीय आवासीय बैठक का आयोजन किया। इस आवासीय बैठक का उद्देश्य मीडिया को ऐसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, जिनके संबंध में संस्थान कार्यवाही कर रहा है, के संबंध में संवेदनशील बनाना और राष्ट्र निर्माण के भागीदार के रूप में और अर्थव्यवस्था के विकास के प्रति आईसीएआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को विशिष्ट रूप से उपदर्शित करना था। विभिन्न तकनीकी सत्रों का अत्यंत दक्षतापूर्वक आयोजन किया गया, ताकि तकनीकी विषयों, आईसीएआई द्वारा की जाने वाली नई पहलों और उसकी उपलब्धियों के संबंध में साधारण और स्पष्ट समझ स्थापित की जा सके। यह मीडिया आवासीय बैठक अत्यंत सफल सिद्ध हुई थी क्योंकि दिल्ली के लगभग सभी 19 विख्यात राष्ट्रीय मीडिया समूहों (मुद्रण/इलैक्ट्रानिक/आनलाइन) ने इस बैठक में भाग लिया और उन्होंने विभिन्न पहलूओं पर रिपोर्टें जारी की। इसके अतिरिक्त, कुछ स्थानीय मीडिया ने भी इस आयोजन में भाग लिया। 25 से अधिक सकारात्मक मुद्रण और आनलाइन समाचार प्रकाशित हुए थे और इस बैठक से मीडिया के साथ परस्पर क्रिया करने के अनेक नए आयाम भी खुले।

(XII) लेपल पिन – प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं की प्रबंध समिति सदस्य

अद्वितीय पहचान का सृजन करने, प्रतिस्पर्धात्मक अग्रता प्राप्त करने और सभी पधधारियों के मस्तिष्क में सकारात्मक छवि का सृजन करने के लिए एक समान ब्रांडिंग अत्यधिक महत्वपूर्ण है। तद्नुसार, पीआर समिति द्वारा विशेष रूप से लेपल पिनों को तैयार किया गया और उन्हें सभी 5 प्रादेशिक परिषदों और 168 शाखाओं के ‘प्रबंध समिति सदस्यों’ को वितरित किया गया।

(XIII) 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आईसीएआई, राष्ट्र निर्माण में एक भागीदार के रूप में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) को मनाता रहा है और साथ ही अपने सदस्यों और छात्रों को इस बात हेतु प्रोत्साहित करता रहा है कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का भाग बनाएं । इस वर्ष आईडीवाई, 2023 यात्रा अत्यधिक विशेष रही क्योंकि भारत गौरवान्वित जी20 शिखर सम्मेलन का "वसुधैव कुटुम्बक्म" की थीम से मेजबानी कर रहा है, जो 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम से मिलती-जुलती है, अर्थात् "वसुधैव कुटुम्बक्म के लिए योग" । संस्थान ने एनआईआरसी के साथ संयुक्त रूप से 21 जून, 2023 को इंदिरा गांधी स्टेडियम में एक प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन किया । योग गुरुओं ने 350 से अधिक भौतिक रूप से उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया और इस आयोजन का पूरे देश में लाइव वेबकास्ट किया गया । अपने-अपने अवस्थानों से योगाभ्यास से संबंधित सभी शाखाओं की वीडियो फीड को भी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया ।

(XIV) बीडब्ल्यू-बिजनेस वर्ल्ड द्वारा आयोजित संवहनीय विश्व सभा

आईसीएआई, जो भारत में संवहनीय रिपोर्टिंग का संवर्धन करने के लिए एक प्रमुख संस्थान है, ने बीडब्ल्यू-बिजनेस वर्ल्ड द्वारा आयोजित संवहनीय विश्व सभा के तीसरे संस्करण के लिए ज्ञान भागीदार के रूप में सहबद्धता की है । यह दो दिवसीय आयोजन 20 और 21 जून, 2023 को द पार्क, नई दिल्ली में आयोजित किया गया । इस सभा में अनेक विशेषज्ञों, उद्योग के नेताओं, नीति निर्धारकों और देश भर से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिन्होंने "जी20 की अध्यक्षता के साथ भारत की बड़ी छलांग" थीम पर परिचर्चा में भाग लिया । श्री भूपेन्द्र यादव, संघ के माननीय मंत्री पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, श्रम और नियोजन मंत्री, भारत सरकार 20 जून, 2023 को आयोजन पलेनरी सत्रों के मुख्य अतिथि थे । संवहनीय विकास के उद्देश्य की पूर्ति के प्रति आईसीएआई की पहलों को अग्रसर करते हुए अध्यक्ष, पीआर समिति और उपाध्यक्ष, संवहनीय रिपोर्टिंग मानक बोर्ड (एसआरएसबी) ने "आईसीएआई : भरोसे का निर्माण और संवहनीयता को समर्थ बनाना" विषय पर एक सत्र को संबोधित किया ।

6.20 अनुसंधान समिति

अनुसंधान समिति भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की सबसे अधिक पुरानी तकनीकी समितियों में एक है, जिसकी स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी । अनुसंधान समिति का मुख्य उद्देश्य, वृत्ति द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यवर्धन करने के विचार से अनुसंधान का सृजन करना और अनुसंधान संस्कृति का समर्थन करना है । अनुसंधान समिति का प्रमुख उद्देश्य वृत्ति और साधारण रूप से राष्ट्र के फायदे को ध्यान में रखते हुए लेखांकन और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य करना तथा संस्थागत सक्षमता को मजबूत बनाना है । अनुसंधान समिति वृत्ति में अनुसंधान और नवीनता लाए जाने संबंधी क्रियाकलापों का संवर्धन करने के लिए अपनी विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं, कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि के माध्यम से एक अनुकूल वातावरण तैयार करने का भी प्रयास करती है । समिति अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोगात्मक वैश्विक अनुसंधान का संवर्धन करने के लिए ज्ञान का आदान-प्रदान करने और रणनीतियां विकसित करने के प्रति समर्पित है । समिति सतत आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में समवर्ती विषयों पर अनुमोदित अनुसंधान परियोजनाएं आरंभ करती है, जिन्हें साधारण रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों से संबंधित मार्गदर्शन टिप्पणों, तकनीकी गाइडों, अध्ययनों, मोनोग्राफों आदि के रूप में प्रकाशित किया जाता है ।

(I) प्रगतिशील परियोजनाएं

- इंड एएस के अधीन पूंजी आरक्षितियों के लेखांकन संव्यवहार संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण ।
- अनिवासी खिलाड़ी या खिलाड़ियों के संगम पर कराधान – घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रूप से ।

(II) वर्ष के दौरान जारी प्रकाशन

- जोखिम प्रबंध : एक नया परिप्रेक्ष्य, के समाधान में संपरीक्षकों और सीएफओ की उभरती भूमिका ।
- वित्त और कर साक्षरता स्टार्ट-अप ।

(III) पुरस्कार

वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार

अनुसंधान समिति वार्षिक पुरस्कार प्रतिस्पर्धा, अर्थात् 'वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार' के माध्यम से उच्च क्वालिटी की रिपोर्टिंग का संवर्धन करने के लिए वर्ष 1958 से अथक प्रयास कर रहा है,

जिसमें अस्तित्वों को उत्तम रिपोर्टिंग व्यवहारों का अनुसरण करने के लिए मान्यता प्रदान की जाती है । विनिर्दिष्ट प्रवर्गों में पुरस्कार विजेताओं का चयन एक 3 टियर ठोस मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है : सर्वप्रथम प्रारंभिक मूल्यांकन तकनीकी पुनर्विलोककों द्वारा किया जाता है, जिसके पश्चात् शील्ड पैनल द्वारा सूचीबद्ध वार्षिक रिपोर्टों का पुनर्विलोकन किया जाता है और इनका अंतिम पुनर्विलोकन एक बाहरी ज्यूरी द्वारा किया जाता है ।

वर्ष 2021-22 की प्रतिस्पर्धा के लिए ज्यूरी की बैठक श्री सुजीत कुमार, संसद् सदस्य, ओडिशा की अध्यक्षता में बुलाई गई थी । वर्ष 2021-22 के पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार समारोह का आयोजन 20 जनवरी, 2023 को वाराणासी में किया गया था । इस समारोह में श्री दयाशंकर मिश्रा, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार और श्री दयाशंकर सिंह, परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार, सम्मानित अतिथियों के रूप में सम्मिलित हुए । इस समारोह के दौरान कुल 36 पुरस्कार – 7 स्वर्ण शील्ड, 16 रजत शील्ड और 13 पट्टिकाएं प्रदान की गईं ।

आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पुरस्कार

इन पुरस्कारों को विश्व की सबसे बड़ी सीमा पार प्रतिस्पर्धा के रूप में माना जा सकता है, जिसका उद्देश्य विश्व भर के अनुसंधान अध्येताओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें मान्यता प्रदान करना तथा नवीनता और मूल्यवान सृजन को बढ़ावा देने वाले अनुसंधान अध्ययनों को पूरा करने में उनके योगदान की अनुशंसा करना है । इस पुरस्कार का आयोजन लेखांकन, संपरीक्षा, वित्त, अर्थशास्त्र और कराधान के क्षेत्रों में अनुसंधान क्रियाकलापों में दिए गए योगदान को मान्यता तथा अभिस्वीकृति प्रदान करने के उद्देश्य से किया जाता है । 'आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, 2022' के लिए आयोजित ज्यूरी बैठक की अध्यक्षता श्री एलन जानसन, अध्यक्ष, आईएफएसी (2022) द्वारा की गई । ज्यूरी के अन्य सदस्यों में सुश्री असमा रेस मौकी, उपाध्यक्ष, आईएफएसी (2022), श्री वोरावित जनता नकुल, अध्यक्ष, एएफए (2022-23), श्री एच.एम. हेननायके बंडारा, अध्यक्ष, साफा (2022), सुश्री लेबोगैंग सन्ने, तकनीकी निदेशक, पीएएफए (2022), तत्कालीन अध्यक्ष, आईसीएआई और तत्कालीन उपाध्यक्ष, आईसीएआई सम्मिलित थे । पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार समारोह का आयोजन 21 अक्तूबर, 2022 को किया गया था । इस वर्ष पांच प्रवर्गों में कुल 13 पुरस्कार प्रदान किए गए ।

(IV) स्कीमें

आईसीएआई की डाक्टरेट संबंधी छात्रवृत्ति स्कीम

आईसीएआई की डाक्ट्रेट संबंधी छात्रवृत्ति स्कीम का उद्देश्य पात्र अभ्यर्थियों को, जिनका शैक्षिक पूर्ववृत उत्कृष्ट है और जिनमें आधारिक बौद्धिक जिज्ञासा विद्यमान है और जिनमें प्रतिभाशाली योगदान करने के लिए आवश्यक अनुशासन भी है, को मासिक छात्रवृत्ति के माध्यम से अपेक्षित समर्थन उपलब्ध कराना है । यह स्कीम संस्थान के ऐसे सभी सदस्यों के लिए खुली है, जो पीएचडी पाठ्यक्रम पूरा कर रहे हैं और जो आवेदन की अंतिम तारीख को 40 वर्ष से अधिक आयु के नहीं है । आईसीएआई की डाक्टरेट संबंधी छात्रवृत्ति स्कीम का उद्देश्य उत्कृष्ट शैक्षिक रिकार्ड वाले पात्र अभ्यर्थियों को, जिनमें संपरीक्षा, कराधान, वाणिज्य, प्रबंध और लेखांकन अनुशासन जैसे अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षिक अनुसंधान करने की प्रवृत्ति और प्रतिबद्धता है, छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना है । उनका योगदान न केवल कारबार व्यवहारों के प्रति होता है अपितु वह लोक नीति और शासन के क्षेत्र तक भी विस्तारित होता है । आईसीएआई डाक्टरेट संबंधी छात्रवृत्ति स्कीम, 2023 के अधीन प्रत्येक वर्ष पांच अध्येताओं को अधिकतम तीन वर्ष के लिए पिचतहर हजार रुपए प्रति मास छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

आईसीएआई अनुसंधान परियोजना स्कीम

आईसीएआई अनुसंधान परियोजना स्कीम का उद्देश्य ऐसे अनुसंधानकर्ताओं को प्रोत्साहित करना है, जो समकालीन विषयों पर अनुसंधान परियोजनाएं आरंभ करने के लिए इच्छुक हैं और जो लेखांकन तथा संबद्ध क्षेत्रों में अध्ययन का आगे और संवर्धन करने की ईप्सा करते हैं । यह स्कीम संस्थान के ऐसे सदस्यों के लिए खुली है, जिनके पास व्यवसाय या नियोजन में 10 वर्ष से अधिक का अनुभव है । दस लाख रुपए की अधिकतम रकम को प्रतिपूर्ति व्यय के रूप में प्रदान किया जाएगा । आवेदकों को, अनुसंधान समिति द्वारा अनुसंधान परियोजना के

अनुमोदन के पश्चात् अपनी अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने के लिए छह मास का समय दिया जाएगा । यह स्कीम पूरे वर्ष खुली रहती है । स्कीम के प्रारंभ होने के पश्चात् से, इसके अधीन मंजूर की गई विभिन्न परियोजनाओं और पूरी की गई परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

1. राज्य के स्वामित्व वाले विश्वविद्यालयों में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली : आंतरिक नियंत्रण मैनुअल तैयार करने के लिए एक अध्ययन
2. भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वित्तीय कार्यपालन पर डिजीटल रूपांतरण रणनीतियों का प्रभाव
3. भारतीय कंपनियां किस प्रकार आस्ट्रेलिया की प्रदाय श्रृंखला में एक केंद्रीय भूमिका निभा सकती हैं ?
4. कर निश्चितता की ओर कदम बढ़ाना : सीमा-पार कराधान के लिए नियोटेरिक घरेलू विवाद समाधान तंत्र
5. गैर-महानगरीय क्षेत्रों और चुनिंदा महानगरीय क्षेत्रों में भारतीय स्टार्ट-अप का विश्लेषण और मूल्यांकन – एक अनकही कहानी
6. भारत में बहुराज्य शहरी सहकारी प्रत्यय सोसाइटियों के "माध्यम" से धनशोधन और घोटाले
7. विनियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी परिपत्रों के कराधान संबंधी पहलू – आईआरडीए परिपत्रों का एक अध्ययन
8. कर्मचारी बर्नआउट के संबंध में वैज्ञानिक मध्यकता के प्रभाव का मूल्यांकन : एक बहु राष्ट्रीय अध्ययन
9. जोखिम प्रबंध : एक नया परिप्रेक्ष्य, के समाधान के संबंध में संपरीक्षकों और सीएफओ की उभरती भूमिका
10. स्टार्ट-अप के लिए वित्त और कर साक्षरता ।

इसके अतिरिक्त, कुछ अन्य परियोजनाएं भी तैयार की जा रही हैं ।

अल्पकालिक अनुसंधान अध्ययन – अनुसंधान प्रस्तावों का मांगा जाना

इस स्कीम को मई, 2023 मास से आरंभ किया गया है । इस स्कीम का उद्देश्य एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां संस्थान के सदस्यों को विभिन्न समकालीन विषयों पर नए विचारों, नवीन अनुसंधान निष्कर्षों और सोचने पर मजबूर करने वाली अंतर्दृष्टि साझा करने का अवसर प्राप्त होता है । ऐसे आवेदकों को पूर्विकता प्रदान की जाएगी, जिनके पास अनुसंधान क्षेत्र में न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव है और जो पीएचडी धारक हैं । अनुज्ञेय मानदेय की राशि एक लाख रुपए है, जिसे अभ्यर्थी को उपलब्ध कराया जाएगा । आवेदकों को अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने हेतु एक मास का समय प्रदान किया जाएगा । यह स्कीम पूरे वर्ष के दौरान खुली रहती है । इस स्कीम के अधीन निम्नलिखित विषयों पर तीन परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है, जो वर्तमान में प्रक्रियाधीन है :

1. ग्रीनवाशिंग की पहचान करने की आवश्यकता
2. भारत में सामाजिक वित्त के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन करने के लिए एसएसई की उत्प्रेरक क्षमता का नीतिगत रूप से उपयोग करने के लिए अन्वेषणात्मक उपकरण
3. कर अपवंचन – उसके निवारण के लिए पद्धतियां और उपाय

(V) संगोष्ठियां/कार्यशालाएं /आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम /राष्ट्रीय सम्मेलन

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, समिति द्वारा प्ररूप 3गघ की जटिलताओं के संबंध में अनुसंधान निष्कर्षों को साझा करने और आगे की कार्य योजना/ ऐसे मुद्दों तथा प्रत्यक्ष कर, प्रत्यक्ष कर में हाल ही में सामने आई जटिलताओं के संबंध में भावी कार्य योजना, विदेश कर नीति और प्रत्यक्ष करों के मुद्दों पर अनुसंधान निष्कर्षों को साझा करने, पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में वृत्तिकों के लिए सर्वोत्तम वृत्तिक रिपोर्टिंग के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने जैसे विषयों के संबंध में पांच ज्ञान साझा करने वाली संगोष्ठियों और कार्यशालाओं, दो आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों और एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था ।

(VI) वर्चुअल सीपीई बैठकें/वेबीनार

अनुसंधान समिति ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 4 वर्चुअल सीपीई बैठकों और 6 वेबीनारों का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न समकालीन विषयों को सम्मिलित किया गया था, जैसे कि अनुसंधान क्या है ?, भारतीय कंपनियां किस प्रकार आस्ट्रेलिया की प्रदाय श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, विषय पर हुए अनुसंधान अध्ययन को ध्यान में रखते हुए भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग और व्यापार करार (ईसीटीए) को समझना, अनुसंधान में डाटा विश्लेषण का महत्व, निवेश हेतु न्यूजीलैंड के संपत्ति बाजार के संबंध में अनुसंधान और "विभिन्न भू-संपदा संव्यहारों के संबंध में कर विवक्षाएं, समकालीन शैक्षिक अनुसंधान – चुनौतियां और योगदान, 'वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता – पढ़े गए पाठ, सर्वोत्तम व्यवहार और सामान्य रूप से पाई जाने वाली त्रुटियां' विषय पर वेबीनार श्रृंखला, विनिर्माण क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, बैंककारी क्षेत्र, बीमा क्षेत्र, वित्तीय सेवाएं आदि" ।

6.21 वहनीयता रिपोर्टिंग मानक बोर्ड (एसआरएसबी)

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा फरवरी, 2020 में वहनीय रिपोर्टिंग मानक बोर्ड (एसआरएसबी)का गठन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र वहनीय विकास लक्ष्यों (एसडीजी), 2030 हेतु किसी इकाई की प्रगति के बारे में गैर वित्तीय सूचना को-मापने और प्रकट करने हेतु विस्तृत, वैश्विक रूप से समतुलनीय और समझने योग्य मानकों को विरचित करना है । बोर्ड वहनीय रिपोर्टिंग, एकीकृत रिपोर्टिंग हेतु संपरीक्षा मार्गदर्शन के विकास के संबंध में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए अवसरों की पहचान करने तथा उन्हें विकसित करने तथा सदस्यों और अन्य पणधारियों के ज्ञान में वहनीय अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के आयोजन तथा तकनीकी साहित्य के प्रकाशन द्वारा तथा अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय निकायों और साथ ही विनियामकों के साथ परस्पर क्रिया करने हेतु पर्याप्त उपाय करके अपना कार्यकरण कर रहा है, जिससे वहनीय विकास के उद्देश्य की पूर्ति के लिए नीतियों और विनियमों का संवर्धन किया जा सके । इसके अतिरिक्त, वहनीय रिपोर्टिंग में सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों को बैचमार्क करने के अपने प्रयास के भागरूप में बोर्ड संवहनीय रिपोर्टिंग पुरस्कार प्रदान करता है, जिससे ऐसे कारबारों को मान्यता प्रदान करते हुए उन्हें उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए जा सकें, जो अपने क्रियाकलापों में अधिकाधिक वहनीय और समावेशी सिद्ध हो रहे हैं ।

महत्वपूर्ण उपलब्धियां और पहलें

जारी किए गए प्रकाशन/मानक

- वहनीय रिपोर्टिंग परिपक्वता माडल (एसआरएमएम) पाठ 2.0 का विकास
- वहनीय रिपोर्टिंग – उत्तम शासन का हृदय संबंधी एफएक्यू
- सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज की अवधारण संबंधी एक प्राइमर
- सामाजिक संपरीक्षा मानकों का सार-संग्रह
- वहनीय आश्वासन नियोजन संबंधी मानक (एसएसएई) 3000 – वहनीय सूचना संबंधी आश्वासन नियोजन

विनियामकों और अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ बैठकें/परस्पर क्रियाएं

- अध्यक्ष, एसआरएसबी (सीवाई 2022-23) ने व्यापार और विकास संबंधी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (अंकटाड) और अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन और मानक संबंधी अंत:शासकीय विशेषज्ञ कार्यकारी समूह के 39वें सत्र की अध्यक्षता की ।
- अध्यक्ष, एसआरएसबी (सीवाई 2022-23) ने 2-3 मार्च, 2022 के दौरान व्यापार और विकास संबंधी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (अंकटाड) द्वारा आयोजित उच्च गुणवत्ता वाली वहनीय रिपोर्टिंग के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना संबंधी परामर्शी समूह की बैठक में भाग लिया ।
- अध्यक्ष, एसआरएसबी (सीवाई 2022-23) ने नवंबर, 2022 में आयोजित सीओपी 27 में भाग लिया ।
- उपाध्यक्ष, एसआरएसबी (सीवाई 2022-23) ने दक्षिण एशियाई लेखापाल संघ (साफा) की वहनीय रिपोर्टिंग और आश्वासन संबंधी समिति की बैठक की अध्यक्षता की ।

सक्षमता निर्माण संबंधी पहलें

- कारबार उत्तरदायित्व और वहनीय रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम :

  बोर्ड ने कारबार उत्तरदायित्व और वहनीय रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 15 बैचों का सफलतापूर्वक संचालन किया, जिनमें 1300 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया । इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य

कारबार उत्तरदायित्व और वहनीयता रिपोर्टिंग के वर्तमान विनियामक ढांचे को समझना, भारतीय कंपनियों द्वारा किए गए प्रकटनों का विश्लेषण करना, आश्वासन पहलूओं को समझना तथा अपनाए जाने वाले सर्वोत्तम व्यवहार पर विचार-विमर्श करना है ।

- वेबीनार/संगोष्ठियां/कार्यक्रम :
  - वहनीयता से धुंध हटाना – ईएसजी, एसएसई और सामाजिक संपरीक्षा में अवसर विषय पर संगोष्ठी
  - वैश्विक वहनीय रिपोर्टिंग और आश्वासन परिदृश्य को परिवर्तित करने संबंधी विषय पर वेबीनार
  - 8 जून, 2022 को आइकोनिक दिवस के भाग रूप में "प्रेक्टिकल आइडिया टू गो ग्रीन एंड मेक अवर प्लेनेट सस्टेनेबल" विषय पर संगोष्ठी
  - वहनीय वित्त और ईएसजी रेटिंग विषय पर वेबीनार
  - नई दिल्ली, अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल और वदोदरा शाखाओं में भरोसे का निर्माण करने और वहनीयता को समर्थ बनाने हेतु सीए के लिए आउटरीच कार्यक्रम ।
- आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय वहनीय रिपोर्टिंग पुरस्कार

  आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय वहनीय रिपोर्टिंग पुरस्कारों को, ऐसे अस्तित्वों को मान्यता प्रदान करने हेतु वर्ष 2020-21 में आरंभ किया गया था, जिन्होंने वहनीय विकास के उद्देश्यों के प्रति उत्कृष्ट योगदान दिया है । वर्ष 2021-22 के लिए आईसीएआई वहनीय रिपोर्टिंग पुरस्कारों का आयोजन जनवरी, 2023 मास में किया गया था और मुख्यत: तीन प्रवर्गों में पुरस्कार प्रदान किए गए थे । पुरस्कारों का उद्देश्य अस्तित्वों, निगम और गैर-निगम, दोनों को वहनीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता दर्शित करने हेतु बढ़ावा देना और निवेशों तथा अन्य पणधारियों के साथ सर्वोत्तम व्यवहारों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना है । ये पुरस्कार ऐसे अस्तित्वों को मान्यता प्रदान करते हैं, जिन्होंने वहनीय रिपोर्टिंग में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं और जिन्होंने अपने प्रचालनों और व्यवहारों में वहनीयता के प्रति उत्कृष्ट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है ।

  राष्ट्रीय पुरस्कारों में तीन प्रवर्ग सम्मिलित हैं :

  - एकीकृत रिपोर्टिंग – विनिर्माण, सेवा और पब्लिक सेक्टर उपक्रम
  - एकीकृत रिपोर्टिंग के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले नए अस्तित्व
  - वहनीय विकास के उद्देश्यों संबंधी रिपोर्टिंग

  अंतर्राष्ट्रीय प्रवर्ग में दो प्रवर्ग सम्मिलित हैं :

  - लिंग भेद न होना
  - जलवायु परिवर्तन

  अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय वहनीय रिपोर्टिंग वार्षिक पुरस्कारों के लिए ज्यूरी पैनल में विख्यात संगठनों, जैसे कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संबंधी सभा (अंकटाड), विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के गणमान्य सदस्य और साथ ही भारत के प्रमुख निगम अस्तित्वों और बैंककारी संस्थाओं के गणमान्य प्रतिनिधि सम्मिलित थे ।

- **कारबार उत्तरदायित्व और वहनीय पुन: रिपोर्टिंग परीक्षण :**

  आईसीएआई और सेबी ने भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से 8 सूचीबद्ध कंपनियों के कारबार उत्तरदायित्व और वहनीय रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) के प्रमुख कार्यपालन सूचकों (केपीआई) की पुन: परीक्षा करने की एक संयुक्त पहल के लिए एक-दूसरे से सहयोग किया । वार्षिक रिपोर्टों, एकीकृत रिपोर्टों और बीआरएसआर रिपोर्टों से तकनीकी दल द्वारा उप-पैरामीटरों के विश्लेषण से अंतर्वलित कंपनियों के रिपोर्टिंग व्यवहारों के संबंध में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई । ऐसी परीक्षण प्रक्रियाएं वहनीय रिपोर्टों की विश्वसनीयता और समतुलनीयता को सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और वे पणधारियों के बीच विश्वसनीयता को स्थापित करने में सहायता प्रदान कर सकती हैं ।

- **आईसीएआई वहनीयता संबंधी साक्षरता अभियान**
- 18-21 नवंबर, 2022 के दौरान, आईसीएआई द्वारा मुंबई में अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस का आयोजन किया गया था। बोर्ड ने आईसीएआई की प्रथम कार्बन-न्यूट्रल कांग्रेस के आयोजन में सहायता की। इस कांग्रेस में दस हजार से अधिक सदस्यों ने भाग लिया था – छह हजार ने भौतिक रूप से और चार हजार ने वर्चुअल पद्धति से। यह डब्ल्यूसीओए आयोजन एक कार्बन-न्यूट्रल आयोजन था, जिसमें 18,000 मीट्रिक टन को समायोजित किया गया।
- देशव्यापी पौधा रोपण अभियान - गो ग्रीन का आयोजन, जिससे एक वहनीय भविष्य की ओर कदम बढ़ाया जा सके।
- विद्यालय और महाविद्यालयों के छात्रों के लिए आनलाइन प्रतिस्पर्धा – आईसीएआई की वहनीयता चुनौती को स्वीकार करें, का संचालन।
- ईएसजी वार्ता :

  एसआरएसबी ने एक ईएसजी वार्ता "सब का विकास, सतत प्रयास" को आरंभ किया है। ऐसी दस वार्ताओं का जी बिजनेस चैनल पर प्रसारण किया गया। इन वार्ताओं में अनेक विख्यात वक्ताओं ने भाग लिया।
- ईएसजी गोलमेज बैठक :

  एसआरएसबी ने एनआईएसएम के साथ संयुक्त रूप से स्वतंत्र निवेशकों और सीएफओ के लिए पूरे भारत वर्ष में ईएसजी गोलमेज बैठकों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। इन गोलमेज बैठकों का प्रयोजन निर्णय करने वाले व्यक्तियों के बीच ईएसजी/वहनीयता संस्कृति के प्रति जागरुकता का निर्माण करना है। इस प्रयोजन के लिए आईसीएआई के एसआरएसबी ने 30 मार्च, 2023 को होटल सहारा स्टार, मुंबई में "ईएसजी और वहनीयता संबंधी गोलमेज बैठक : सीए के लिए अवसर" विषय पर एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आउटरीच कार्यक्रम में कारबार उत्तरदायित्व और वहनीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर), कार्बन-न्यूट्रेलिटी के प्रति कार्य योजना, विश्व भर में एसआरएसबी और ईएसजी की पहलें और जीएसआई संबंधी तकनीकी सत्र सम्मिलित थे। पैनल परिचर्चा में विख्यात वक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें उपाध्यक्ष, सीएपीए और पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई, श्री रिचर्ड बोलविजन, निदेशक, निवेश अनुसंधान, अंकटाड और सीए राज मलिक, उपाध्यक्ष, रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, एसआरएसबी ने भी इस परिचर्चा में भाग लिया था।

6.22 वित्तीय बाजार और निवेशकों के संरक्षण संबंधी समिति (सीएफएमएंडआईपी)

वित्तीय बाजार और निवेशकों के संरक्षण संबंधी समिति (सीएफएमएंडआईपी) सरकार और विनियामकों को प्रस्तुत किए जाने हेतु, वित्तीय बाजारों से संबंधित विभिन्न विधेयकों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों और अन्य दस्तावेजों के संबंध में सुझाव उपलब्ध कराती है। इसके अतिरिक्त, यह समिति विभिन्न मुद्दों के संबंध में नियमित रूप से एमसीए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सेबी, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, गैर वित्त कंपनियों – एनबीएफसी (आरबीआई का गैर-बैंककारी वित्त कंपनियों संबंधी विभाग), वायदा बाजार आयोग और स्टॉक एक्सचेंजों से वित्तीय बाजारों, सीए की भूमिका और निवेशकों के संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर नियमित रूप से परस्पर क्रिया करती है।

(I) राष्ट्र निर्माण में भागीदारी

साधारण जनता के बीच जागरुकता का सृजन करने और निवेशकों की संरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समिति विभिन्न संसाधन व्यक्तियों (आरपी) तथा आईसीएआई के विभिन्न कार्यक्रम आयोजक यूनिटों, अर्थात् शाखाओं, प्रादेशिक परिषदों, अध्ययन सर्कलों के माध्यम से कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण, (आईईपीएफए) के तत्वाधान में निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों (आईएपी) का आयोजन करती है। साधारण जनता में जागरुकता का सृजन करने और निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समिति ने विभिन्न संसाधन व्यक्तियों (आरपी) तथा आईसीएआई के विभिन्न कार्यक्रम आयोजक यूनिटों, अर्थात् शाखाओं, प्रादेशिक परिषदों, अध्ययन सर्कलों के माध्यम से कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण, (आईईपीएफए) के तत्वाधान में 913 निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया था। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहयोग से समिति ने अखिल भारतीय आधार पर सीमा सुरक्षा बल के लिए अनेक निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों (आईएपी) का आयोजन किया और साथ ही समिति ने जागरुकता का सृजन करने और उनकी वित्तीय संरक्षा को सुनिश्चित करने तथा निवेशकों के वित्तीय बाजारों के व्यापक विकास को समझने के सामर्थ्य में अभिवृद्धि करने के लिए भारतीय सेना के कार्मिकों के लिए भी निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

ज्ञान दर्शन चैनल के माध्यम से वित्तीय साक्षरता का संवर्धन

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की वित्तीय बाजारों और निवेशकों की संरक्षा संबंधी समिति (सीएफएमआईपी) ने ज्ञान दर्शन चैनल पर 75 ऐपिसोड की लाइव टेली व्याख्यानों की श्रृंखला को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जिसका उद्देश्य जागरुकता का सृजन करना और साधारण जनता के वित्तीय साक्षरता संबंधी ज्ञान को अद्यतन बनाने की आवश्यकता के महत्व का प्रचार-प्रसार करना था । इस श्रृंखला को वर्ष 2022-23 के दौरान ज्ञान भागीदार के रूप में कारपोरेट कार्य मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया था ।

(II) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को टीका-टिप्पणियां/सुझाव

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को सूक्ष्म, लघु और मध्यम आरईआईटी (एमएसएम आरईआईटी) के लिए विनियामक ढांचे से संबंधित तारीख 12 मई, 2023 के परामर्श पत्र के संबंध में समिति द्वारा टीका-टिप्पणियां/सुझाव प्रस्तुत किए गए । इस परामर्श पत्र में ऐसे विनियामक मंचों, जो भू-संपदा आस्तियों के खंडात्मक स्वामित्व की प्रस्थापना कर रहे हैं, के लिए उन्हें सेबी (भू-संपदा निवेश न्यास), विनियम, 2014 के विस्तार क्षेत्र के अधीन एमएसएम आरईआईटी के रूप में सम्मिलित करके विनियमिति करने के प्रस्ताव पर टीका-टिप्पणियां/सुझाव/ विचार आमंत्रित किए गए थे ।
- संभाव्य बाजार दुरुपयोगों और कपटपूर्ण संव्यवहारों को दूर करने के लिए आस्ति प्रबंध कंपनियों के लिए संस्थागत तंत्र से संबंधित तारीख 20 मई, 2023 परामर्श पत्र के संबंध में समिति द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को टीका-टिप्पणियां/सुझाव प्रस्तुत किए गए थे । इस परामर्श पत्र में आस्ति प्रबंध कंपनियों द्वारा पर्याप्त निगरानी और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों को स्थापित करने और एएमसी तैयार करने तथा उनके वरिष्ठ प्रबंधकीय कार्मिकों की सतत आधार पर मानीटरी तथा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत तंत्र का कार्यान्वयन करके जवाबदेह बनाने और एएमसी संव्यवहारों से संबंधित संभाव्य बाजार दुरुपयोगों और कपटपूर्ण संव्यवहारों को दूर करने हेतु टीका-टिप्पणियां/विचार आमंत्रित किए गए थे ।

(III) सदस्यों के लिए पहलें

भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने नवीनतम परिपत्र (परिपत्र एनएसई/आईएनएसपी/54080, तारीख 14 अक्तूबर, 2022) को उदघोषित किया है, जिसमें आईसीएआई के वित्तीय बाजारों और प्रतिभूति विधियों (एफएमएसएल) संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को स्टॉक ब्रोकर अधिप्रमाणन के लिए तथा व्यापार/क्लियरिंग सदस्यों की आंतरिक संपरीक्षा करने के लिए आंतरिक संपरीक्षकों के रूप में कार्य करने के लिए पात्रता मानदंड के रूप में सम्मिलित किया गया है । वित्तीय बाजारों और निवेशकों की संरक्षा संबंधी समिति (सीएफएमआईपी) ने इस पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया था ।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम – 4 फरवरी, 2023 को विदेशी मुद्रा विनिमय और खजाना प्रबंध संबंधी पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया था । इस पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन इस क्षेत्र में होने वाले ऐसे परिवर्तनों/संशोधनों से अर्हित सदस्यों को अवगत कराने तथा उनके ज्ञान में अभिवृद्धि करने के लिए किया गया था, जो कि इस क्षेत्र के सक्रिय परिदृश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक है ।

प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

हमारे सदस्यों के कौशलों में अभिवृद्धि करने और उन्हें समुचित रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से समिति 4 निम्नलिखित प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों का संचालन करती है :

- विदेशी मुद्रा विनिमय और खजाना प्रबंध संबंधी पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (एफएक्सटीएम)
- व्युत्पन्नियों संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- साम्या अनुसंधान सहित स्टॉक का आधारभूत और तकनीकी विश्लेषण संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- वित्तीय बाजारों और प्रतिभूति विधियों (एफएमएसएल) संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

समिति ने, आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र के माध्यम से विदेशी मुद्रा विनिमय और खजाना प्रबंध संबंधी पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, व्युत्पन्नियों संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, साम्या अनुसंधान सहित स्टॉक का आधारभूत और तकनीकी विश्लेषण संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम और वित्तीय बाजारों और प्रतिभूति विधियों संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 8 आनलाइन बैचों का सफलतापूर्वक संचालन किया है । उक्त प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों हेतु आईसीएआई के कुल 637 सदस्यों ने

नामांकन किया है । इसके अतिरिक्त समिति ने हिन्दूस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कार्यकारियों के लिए विदेशी मुद्रा विनिमय और खजाना प्रबंध संबंधी पाठ्यक्रम(एफएक्सटीएम) से संबंधित वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया ।

(IV) सदस्यों के वृत्तिक संवर्धन के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/ वेबकास्ट/ आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (आरआरसी)

समिति ने विभिन्न वर्चुअल सीपीई बैठकों और वेबीनारों के माध्यम से सदस्यों के बीच ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया है । वित्तीय बाजारों और निवेशकों के संरक्षण संबंधी समिति ने आईसीएआई की शाखाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक विभिन्न राष्ट्रीय सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, वेबकास्टों और आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का आयोजन किया ।

6.23 संपरीक्षा समिति

संपरीक्षा समिति, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सत्य और उचित हैं, संस्थान की वित्तीय सूचना की रिपोर्टिंग प्रक्रिया और प्रकटन का पुनर्विलोकन करती है । यह समिति संस्थान की विभिन्न इकाईयों के लिए संपरीक्षकों की नियुक्ति करती है, संपरीक्षा रिपोर्टों का पुनर्विलोकन करती है, अनुवर्ती कार्रवाई करती है और संस्थान की विभिन्न इकाईयों के संपरीक्षकों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के संबंध में उपयुक्त कार्रवाई की सिफारिश करती है । पुनरीक्षित प्रक्रिया के अनुसार, संस्थान की विभिन्न इकाईयों के कानूनी संपरीक्षकों की नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंटों की फर्मों का पैनल भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के कार्यालय से प्राप्त किया जा रहा है । संपरीक्षा समिति सीएजी कार्यालय द्वारा दिए गए नामों में से संस्थान की विभिन्न इकाईयों हेतु संपरीक्षकों की नियुक्ति करते समय स्वतंत्रता और ईमानदारी को सुनिश्चित करती है । संपरीक्षा समिति, उसकी प्रत्येक प्रादेशिक परिषदों में अवस्थित पांच प्रादेशिक संपरीक्षा समितियों के माध्यम से प्रचालन करती है ।

6.24 अंकीय पुन: इंजीनियरी और संपरिवर्तन समिति (डीआरएंडटीसी)

(I) आईसीएआई डिजिटल पठन केंद्र – https://learning.icai.org/iDH/icai/

- वृत्तिक और शैक्षिक दोनों प्रकार के शिक्षण के लिए केंद्रीय भांडागार के रूप में एकल स्रोत
- लोगो एक रजिस्ट्रीकृत व्यापार चिह्न है

(II) आईसीएआई के अखिल भारत में स्थित अवस्थानों में आईसीएआई के अभिलेखों का अंकीयकरण

- आईसीएआई के प्रधान कार्यालय और आईसीएआई के प्रादेशिक कार्यालयों में विद्यमान सभी दस्तावेजों की हार्ड प्रतियों का अंकीयकरण
- ये अभिलेख किसी भी समय और कहीं से भी पहुंच के लिए उपलब्ध हैं और इससे सभी पणधारियों को दक्ष सेवाएं प्राप्त होने में लगने वाले समय में प्रभावी रूप से कमी लाने में सहायता प्राप्त होगी ।

(III) सदस्यों और छात्रों के लिए नई अंकीय पहचान – mail.CA.IN मेल बाक्स

(IV) आईसीएआई द्वारा वाट्सऐप सेवाओं का सफलतापूर्वक शुभारंभ – सभी सदस्यों और छात्रों के लिए एकतरफा संसूचना मंच

(V) आईसीएआई सोशल मीडिया मंच :

आईसीएआई सोशल मीडिया मंच, आईसीएआई के विभिन्न आयोजनों, आईसीएआई की प्रमुख उपलब्धियों और पहलों को बिना किसी लागत के आईसीएआई के छात्रों, सदस्यों और अन्य पणधारियों के बीच लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । आईसीएआई सोशल मीडिया नेटवर्किंग की उपस्थिति में सतत रूप से वृद्धि हो रही है और उसके फालोअर्स की कुल संख्या 20 लाख उपयोक्ताओं से अधिक हो गई है । अंकीय पुन: इंजीनियरी और संपरिवर्तन निदेशालय के समर्थ मार्गदर्शन के अधीन फालो करने वाले व्यक्तियों की संख्या में कई गुणा वृद्धि हुई है और वर्ष 2023-24 के दौरान और अधिक संख्या में व्यक्तियों को इससे जोड़ा जाएगा । डाउनलोड के लिए लिंक निम्नानुसार है – https://www.icai.org/followus

(VI) आईसीएआई मोबाइल ऐप – आईसीएआई नाउ – www.icai.org/mobile

- आईसीएआई की शासकीय मोबाइल ऐप
- आईओएस और एंड्रायड पर इसके अद्यतन वर्जन 2.0 का शुभारंभ
- लोगो एक रजिस्ट्रीकृत व्यापार चिह्न है

- ऐप को 9 लाख से अधिक उपयोक्ताओं द्वारा डाउनलोड किया गया है ।

डाउनलोड के लिंक इस प्रकार है - https://www.icai.org/mobile/

(VII) आईसीएआई के सदस्यों, छात्रों और आंतरिक पणधारियों के लिए सेवा परिदान की ऑनलाइन पद्धतियों को सुकर बनाया गया

- प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों और छात्रों को आनलाइन पद्धति के माध्यम से व्याख्यान उपलब्ध कराना ।
- आईसीएआई डिजीटल पठन केंद्र के माध्यम से कहीं से भी और किसी भी समय पठन का संवर्धन करना ।
- महामारी के समय में वर्चुअल बैठकों और वेबकास्टों की नई पद्धतियों का शुभारंभ करके आईसीएआई के समय की बचत सुनिश्चित होती है ।
- यह सुनिश्चित होता है कि आईसीएआई का सेवा प्रदाता तंत्र रुकेगा नहीं ।
- आईसीएआई के शासन में इन वर्चुअल बैठक पद्धतियों से महत्वपूर्ण फायदे प्राप्त हुए हैं ।

(VIII) आयोजनों का सफलतापूर्वक संचालन – उपलब्ध कराया गया समर्थन

- **डब्ल्यूसीओए 2022**
  - **प्रौद्योगिकी**
    - डब्ल्यूसीओए 2022 मोबाइल ऐप – 6500 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा डाउनलोड किया जाना ।
    - डब्ल्यूसीओए 2022 वर्चुअल मंच – 3500 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा पहुंच बनाना ।
    - डब्ल्यूसीओए 2022 के दौरान प्रदर्शित रोबोटिक्स की सभी द्वारा व्यापक रूप से सराहना।
    - अन्य प्रौद्योगिकी संबंधी पहलें ।
  - **सोशल मीडिया**
    - 18 नवंबर, 2022 को ट्वीटर पर भारत में डब्ल्यूसीओए हैश टैग, अर्थात् #wcoa 2022 तीसरे नंबर पर तथा 19 नवंबर, 2022 को उक्त हैश टैग कारबार प्रवर्ग में पहले नंबर पर ट्रेंड कर रहा था ।
    - आईसीएआई एचओ और डब्ल्यूसीओए अकाउंट्स पर भुगतान वाला संवर्धन आईसीएआई के सभी सोशल मीडिया मंचों पर चल रहा था, एचओएएंडडब्ल्यूसीओए अकाउंट : कुल पहुंच/देखा जाना – 1,41,72,918 ।
    - आर्गेनिक अंतर्वस्तु : आईसीएआई द्वारा आर्गेनिक अंतर्वस्तु का सृजन किया गया और उसे आईसीएआई के एचओ पर प्रकाशित किया गया तथा डब्लयूसीओए अकाउंट – कुल आर्गेनिक पोस्ट : 1450+ कुल पहुंच/देखा जाना – लगभग 5 करोड़ से अधिक ।
    - यह प्राक्कलन किया गया है कि कुल उपयोक्ताओं के 85 प्रतिशत उपयोक्ताओं ने डब्ल्यूसीओए की वेबसाइट https://www.wcoa2020mumbai.org/ को सोशल मीडिया के माध्यम से देखा (आर्गेनिक पोस्ट+ भुगतान वाला संवर्धन) ।
- **इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस और वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन का आयोजन – प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया संवर्धन**
- **नई दिल्ली में आयोजित आईसीएआई सीए दिवस**
- **नई दिल्ली में आयोजित आईसीएआई वार्षिक दिवस, 2023**

(IX) आईटी अवसंरचना संबंधी पहलें

- आईटीओ, नई दिल्ली पर वीडियो दीवार और साइड पैनलों का प्रतिष्ठापन
- डब्ल्यूसीओए 2022 के लिए मुंबई में नई वीसी प्रणाली का प्रतिष्ठापन
- डब्ल्यूसीओए 2022 के लिए मुंबई कार्यालय में नया वाईफाई सोल्यूशन

- अहमदाबाद कार्यालय में नई वीसी प्रणाली का प्रतिष्ठापन
- डाटा केंद्र सर्वरों का प्रतिस्थापन
- नई निविदाओं के साथ प्रपुंज एसएमएस और ई-मेल की लागत को आधा किया गया
- आई पैड और सहायिकियों का उपापन
- आईटीओ, नई दिल्ली पर संपूर्ण नेटवर्क पुन:संरचना
- सभी आईसीएआई अवस्थानों पर नया आईआईएल आरंभ किया जाना
- उपयोक्ताओं को नए डेस्कटाप/लैपटाप/प्रिंटर तथा अन्य सहायिकियां उपलब्ध कराया जाना
- विद्यमान हार्डवेयर और अवसंरचना का उन्नयन
- उपयोक्ताओं को डाटा कार्ड उपलब्ध कराना

(X) अन्य विभागों/आईसीएआई की समितियों को प्रौद्योगिकी समर्थन उपलब्ध कराना

- विधिक विभाग में नि:शुल्क रूप से एलआईएमबीएस (विधिक सूचना प्रबंध और संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत किए जाने की प्रणाली) का सफलतापूर्वक शुभारंभ ।
- Tracker.icai.org – आईसीएआई के प्रधान कार्यालय में संदाय को ट्रेक करने वाला पोर्टल स्थापित है और भंलीभांति कार्य कर रहा है ।
- कार्यालय ने सदस्यों और छात्रों से संबंधित सांख्यिकीय जानकारी के लिए डैश बोर्ड विकसित किया है ।
- कार्यालय ने सरकारी ई-उपापन (जीईएम) पोर्टल पर आईसीएआई के लिए जैम क्रेता अकाउंट के प्रशासनिक तंत्र का सफलतापूर्वक सृजन किया है ।
- कार्यालय ने सदस्यों और छात्रों से संबंधित सांख्यिकीय जानकारी के लिए डैश बोर्ड विकसित किया है ।

6.25 प्रबंधन समिति

परिषद् की अस्थायी समिति के रूप में 2015 में गठित प्रबंधन समिति के लिए, शाखाओं के गठन, विदेश में चैप्टरों की स्थापना, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ एमओयू/एमआरए, आईसीएआई के केंद्रीय संपरीक्षकों की नियुक्ति, संस्थान के वार्षिक लेखे, केंद्रीय सरकार और अन्य विनियामक निकायों द्वारा निर्दिष्ट मामले, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 में संशोधनों के प्रस्तावों, तद्धीन विरचित नियमों और विनियमों, प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं विषयक मामले, सदस्यों/सीए फर्मों/ एलएलपी/ विलयनों/ निर्विलयनों/नेटवर्किंग संबंधित विषयों और प्रशासनिक तथा नीतिगत विवक्षाओं वाली संस्थान की अन्य समितियों/विभागों से प्राप्त प्रस्तावों तथा जब कभी अपेक्षित हो, इसकी सिफारिशें परिषद् को करने से संबंधित विषयों पर विचार करने संबंधी कार्य करना आज्ञापक है ।

6.26 मूल्यांकन मानक बोर्ड

मूल्यांकन मानक बोर्ड, भारत में विद्यमान मूल्यांकन मानकों (आईसीएआई के मूल्यांकन मानक, 2018) को सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों के समरूप बनाने के लिए प्रयास करता है । इस विजन की पूर्ति हेतु बोर्ड का उद्देश्य भारत और भारत से बाहर, दोनों जगह आईसीएआई के मूल्यांकन मानक, 2018 के संबंध में जागरुकता का सृजन करना तथा उनके कार्यान्वयन को संवर्धित करना है । इसके अतिरिक्त, बोर्ड का उद्देश्य मूल्यांकन वृत्ति का संवर्धन करना तथा देशी और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर मूल्यांकन मानकों के क्षेत्र में अपने सदस्यों के लिए सक्रिय रूप से अवसरों की खोज करना है । ज्ञान के प्रचार-प्रसार के अलावा बोर्ड, अपने विजन की पूर्ति हेतु सरकार द्वारा की गई पहलों के संबंध में सरकार के साथ निकट रूप से कार्यकरण भी कर रहा है ।

महत्वपूर्ण उपलब्धियां और पहलें

(I) सरकार के साथ विधि निर्माण प्रक्रिया को सुकर बनाना

- **भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के साथ सहयोग**

  बोर्ड सक्रिय रूप से भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के साथ विनियामक पहलूओं के संबंध में कार्य कर रहा है, जिससे मूल्यांकन वृत्ति के संबंध में जागरुकता का सृजन किया जा सके । बोर्ड ने “मूल्यांकन – आईबीसी 2016 के अधीन प्रमुख पहलू और आईबीसी तथा मूल्यांकन संबंधी बृहत्त सभा” विषयों पर वेबकास्टों और वीसीएम का आयोजन किया ।

(II) सरकार/विनियामक निकायों को अभ्यावेदन/सुझाव/अंत:निवेश उपलब्ध कराना

- **भारतीय रिजर्व बैंक को यह अनुरोध करते हुए अभ्यावेदन प्रस्तुत करना कि रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों के मूल्यांकन के लिए आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को अपनाया जाए**

  आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को देश में विद्यमान विधि के अनुसार अपेक्षित उपांतरणों के अधीन रहते हुए वैश्विक रूप से अनुसरित किए जाने वाले व्यवहारों के ब्यौरेवार अध्ययन के आधार पर तैयार किया गया है। अंत:, देश भर में एकसमान व्यवहारों को सुनिश्चित करने हेतु आईसीएआई ने आरबीआई से यह अनुरोध किया था कि वह भारत में रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों के द्वारा मूल्यांकन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन मानकों की बजाए आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को अंगीकृत करे और तदनुसार बैंकों को निदेश जारी करे । इस संबंध में, आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को तैयार करने की यात्रा और अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन मानकों की तुलना में उसके विशिष्ट फीचरों के संबंध में चर्चा करने के लिए भी अनुरोध किया गया था।

(III) सदस्यों/छात्रों के लिए पहलें

- **आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 के संबंध में ई-पठन माड्यूलों/पाठ्यक्रमों को तैयार करना और उन्हें आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र पर अपलोड किया जाना**

  आईसीएआई मूल्यांकन मानक 2018 का संवर्धन करने और उसके संबंध में जागरुकता का सृजन करने के विचार से मूल्यांकन मानक बोर्ड ने अपनी 10वीं बैठक के दौरान यह विनिश्चय किया कि आईसीएआई मूल्यांकन मानक 2018 से संबंधित ई-पठन पाठ्यक्रमों को आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र पर अपलोड किया जाए। ई-पठन पाठ्यक्रमों में प्रत्येक मानक के संबंध में मशीन आडियो, बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्नों तथा स्वनिर्धारण हेतु बहु विकल्प वाले प्रश्नों के साथ एक परस्पर क्रियाशील प्रस्तुति भी अंतर्विष्ट है। आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र पर सदस्यों के पठन और फायदे के लिए एटीक्यू श्रृंखला – 15 को अपलोड किया गया है।

- **"वस्तु सूची मूल्यांकन – लेखांकन बनाम मूल्यांकन" विषय पर वेबकास्ट का आयोजन**

  आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड ने लेखांकन मानक बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से 12 अप्रैल, 2022 को "वस्तु सूची मूल्यांकन – लेखांकन बनाम मूल्यांकन" विषय पर वेबकास्ट का आयोजन किया, जिसमें वस्तु सूची के लेखांकन और मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न पहलों पर विचार-विमर्श किया गया। इस वेबकास्ट को सदस्यों से अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई थी।

- **मूल्यांकन – आईबीसी 2016 के अधीन प्रमुख पहलू विषय पर वेबकास्ट का आयोजन**

  आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति के साथ संयुक्त रूप से 19.04.2022 को मूल्यांकन – आईबीसी 2016 के अधीन प्रमुख पहलू विषय पर वेबकास्ट का आयोजन किया। इस वेबकास्ट को सदस्यों से अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई थी।

- **आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम**

  आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड ने, आईसीएआई की एसआईआरसी की तिरुवनंतपुरम् शाखा के साथ संयुक्त रूप से 28 मई, 2022 को मूल्यांकन संबंधी दृष्टिकोणों तथा पद्धतियों के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया था और इस कार्यक्रम के दौरान मूल्यांकन में किए जाने वाले और न किए जाने वाले कार्यों के संबंध में मामला अध्ययनों पर भी चर्चा की गई थी।

(IV) अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन निकायों को सहयोग और महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय बैठकें/सभाएं

- **अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन मानक परिषद्, यूके की सदस्यता**

  आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन मानक परिषद् का एक सक्रिय सदस्य है।

(V) प्रगतिशील अनुसंधान परियोजनाएं/कार्यक्रम

- आस्ति वर्ग वित्तीय आस्तियों और प्रतिभूतियों के विस्तार क्षेत्र के भीतर निम्नलिखित क्षेत्रों पर नए आईसीएआई मूल्यांकन मानकों/तकनीकी गाइडों/अवधारणा पत्रों को तैयार करना और निकालना :

  गैर वित्तीय दायित्व -

- जीव वैज्ञानिक आस्तियां

- आकस्मिक प्रतिफल

- अन्य दो आस्ति वर्गों, अर्थात् संयंत्र और मशीनरी तथा भूमि और भवन के लिए मूल्यांकन मानकों को तैयार करना । ब्रिक्स, साफा और कापा देशों के साथ मिलकर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करना और उन्हें आईसीएआई मूल्यांकन मानक 2018 को अंगीकृत तथा उनका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना ।
- कारपोरेट कार्य मंत्रालय की आईसीएलएस अकादमी के साथ संयुक्त रूप से आईसीएलएस अधिकारियों के लिए मूल्यांकन पाठ्यक्रम का संचालन ।
- शेष आईसीएआई मूल्यांकन मानक 2018 से संबंधित प्रकाशित की जाने वाली शैक्षिक सामग्री, जिससे मानकों की समझ और उनके कार्यान्वयन को सुगम बनाया जा सके ।

(VI) प्रकाशन

- मूल्यांकन : वृत्तिकों की अंत:दृष्टि, श्रृंखला - 7 ।
- टेलीकोम टावर उद्योग में कारबार के मूल्यांकन संबंधी तकनीकी गाइड
- मूल्यांकन : वीसीएम एटीक्यू श्रृंखला : 15 – "वस्तु-सूची मूल्यांकन – लेखांकन बनाम मूल्यांकन"
- मूल्यांकन के क्षेत्र में न्यायिक उदघोषणाएं – श्रृंखला 2
- निष्कर्षणात्मक उद्योगों में आस्तियों के मूल्यांकन संबंधी तकनीकी गाइड
- मूल्यांकन मानकों के लिए त्रैमासिक ई-न्यूज लैटर

(VII) कार्यक्रम/सम्मेलन/वेबकास्ट/पाठ्यक्रम

आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड ने, वस्तु-सूची का मूल्यांकन – लेखांकन बनाम मूल्यांकन पहलू, मूल्यांकन – आईबीसी 2016 के अधीन प्रमुख पहलू, मूल्यांकन और आईसीएआई मूल्यांकन मानक 2018, आईबीसी और मूल्यांकन संबंधी बृहत्त सभा, मूल्यांकन मंथन सत्रों संबंधी साप्ताहिक वेबीनार से संबंधित वेबकास्टों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया । आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकन संगठन (भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी) के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आईसीएआई आरवीओ ने आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से "मूल्यांकन इको प्रणाली के माध्यम से वहनीय लोकहित" विषय पर एक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया ।

6.27 कराधान संपरीक्षा गुणवत्ता पुनर्विलोकन बोर्ड (टीएक्यूआरबी)

विभिन्न कराधान विधियों के अधीन अनुपालन की रिपोर्टिंग (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष)में सुधार करने के लिए संस्थान द्वारा वर्ष 2018 में कराधान संपरीक्षा क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड का गठन किया गया । यह अनुकल्पना की गई है कि बोर्ड द्वारा किए गए पुनर्विलोकन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कराधान के अधीन विहित विभिन्न रिपोर्टों को प्रमाणित करते समय सदस्य अधिक सावधानी और तत्परता बरतेंगे तथा दीर्घ समय में उनके द्वारा की गई संपूर्ण रिपोर्टिंग तथा प्रमाणीकरण में सुधार होगा ।

क्रियाकलाप/पहलें

- **परिषद् वर्ष 2018-19 और 2020-21 के दौरान चयनित कर संपरीक्षा रिपोर्टों के पुनर्विलोकन की प्रास्थिति**

  बोर्ड ने स्व:विवेकानुसार (निर्धारण वर्ष 2022-23 से संबंधित) कंपनियों का 100, उनकी कर संपरीक्षा रिपोर्टों के पुनर्विलोकन के लिए चयन किया । अभी तक, बोर्ड को पुनर्विलोकन हेतु 74 कर संपरीक्षा रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं ।

पुनर्विलोकन के आधार पर :

- सदस्यों को इस संबंध में सलाह जारी की जा रही है कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस प्रकार की त्रुटियों को दोहराया न जाए ।
- कर संपरीक्षा रिपोर्ट ई-फाइलिंग उपयोगिता में परिवर्तनों के लिए सीबीडीटी को संप्रेक्षित किए जाने हेतु सुझावों की पहचान की गई है ।
- ऐसे सुझावों की पहचान की गई है, जिन्हें कर संपरीक्षा संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण के आगामी संस्करण में सम्मिलित किया जा सकता है ।

- सदस्यों के बीच जागरुकता का सृजन करने के प्रयोजन के लिए कर संपरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय सामान्य रूप से पाई जाने वाली अनियमितिताओं तथा किए गए अननुपालनों की पहचान की गई है ।

- **परिषद् वर्ष 2023-24 के दौरान चयनित कर संपरीक्षा रिपोर्टों के पुनर्विलोकन की प्रास्थिति**

बोर्ड ने स्व:विवेकानुसार (निर्धारण वर्ष 2022-23 से संबंधित) 100 कंपनियों का, उनकी कर संपरीक्षा रिपोर्टों के पुनर्विलोकन के लिए चयन किया । अभी तक, बोर्ड को पुनर्विलोकन हेतु 74 कर संपरीक्षा रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं ।

सदस्यों के लिए पहलें

(I) संगोष्ठियां

बोर्ड ने कर संपरीक्षा, धारा 44कख के अधीन कर संपरीक्षा में पाए जाने वाले सामान्य अननुपालनों और मुद्दों, आय-कर संपरीक्षा, कर संपरीक्षा में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए सुरक्षोपाय और कर संपरीक्षा क्वालिटी, कर संपरीक्षा के अधीन मुद्दों पर परिचर्चा, प्रत्यक्ष कर और अन्य कर विषयक मामलों के संबंध में 8 संगोष्ठियों का आयोजन किया ।

(II) वेबीनार

सदस्यों के बीच जागरुकता का सृजन करने के लिए बोर्ड ने 'आय-कर अधिनियम, 1961 के अधीन कर संपरीक्षा के व्यावहारिक पहलू', 'कर संपरीक्षा अभ्यास सत्र 1 - कर संपरीक्षा कार्यक्रम', 'कर संपरीक्षा अभ्यास सत्र 2 – कर संपरीक्षा में संपरीक्षा प्रतिफल संबंधी मानक' और 'कर संपरीक्षा अभ्यास सत्र 3 – कर संपरीक्षा दस्तावेजीकरण' विषयों पर चार लाइव वेबीनारों का आयोजन किया था ।

(III) बोर्ड के वेब पोर्टल का शुभारंभ

- नियम आधारित विश्लेषणों का उपयोग करते हुए कर संपरीक्षा रिपोर्टों के आधार पर सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालनों की प्रणालीगत पहचान करना ।
- तकनीकी पुनर्विलोककों के पैनलीकरण सहित पुनर्विलोकन के विभिन्न स्तरों के बीच टीएक्यूआरबी के विभिन्न कार्य प्रवाहों का स्वचालन ।
- बोर्ड द्वारा पाए गए अननुपालनों के भांडागार को बनाए रखना ।
- पुनर्विलोकन कार्य की प्रगति की मानीटरी करना ।
- टीएक्यूआरजी और साथ ही टीआर के डाटाबेस को बनाए रखना ।
- टीएक्यूआरबी के प्रकाशनों को उपलब्ध कराना, जर्नल में टीएक्यूआरबी के लेखों का योगदान, टीएक्यूआरबी द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/वेबकास्टों के ब्यौरे, डिड यू नो श्रृंखला आदि ।

(IV) अनुकूलन कार्यक्रम

बोर्ड ने कराधान संपरीक्षा क्वालिटी पुनर्विलोकन समूहों के सदस्यों के लिए तीन अनुकूलन कार्यक्रमों का आयोजन किया ।

(V) बोर्ड के शासकीय ट्विटर हैंडल का शुभारंभ

1 जुलाई, 2022 को चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस, 2022 के अवसर पर बोर्ड के शासकीय ट्विटर हैंडल, अर्थात् @taqrbicai का शुभारंभ किया गया । बोर्ड ने उक्त हैंडल पर "डिड यू नो श्रृंखला" को भी आरंभ किया ताकि सदस्यों को अनुपालनों के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जा सके ।

(VI) प्रकाशन

संस्थान के सदस्यों को उनके द्वारा की जाने वाली कर संपरीक्षाओं की क्वालिटी में अभिवृद्धि करने और उसमें सुधार लाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए बोर्ड ने 1 जुलाई, 2022 को चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस, 2022 के अवसर पर 'कर संपरीक्षा रिपोर्ट में रिपोर्टिंग में अनुपालनों पर अध्ययन' नामक एक प्रकाशन का विमोचन किया । ऊपर किए गए उपायों से यह आशा की जाती है कि उनके माध्यम से सदस्यों द्वारा की जाने वाली कर संपरीक्षा की क्वालिटी में सुधार आएगा ।

(VII) अन्य क्रियाकलाप

- आईसीएआई के डीएलएच पोर्टल के लिए कर संपरीक्षा रिपोर्टों के विभिन्न खंडों के संबंध में पहचान किए गए विभिन्न अननुपालनों/सामान्य त्रुटियों के संबंध में लघु ई-पठन वीडियो को रिकार्ड करना।
- 18-21 नवंबर, 2022 के दौरान मुंबई में आयोजित अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस, 2022 में 'उत्तम विनियामक ढांचा' थीम के अधीन आईसीएआई के अन्य विनियामक बोर्डों, उदाहरणार्थ क्यूआरबी, एफआरआरबी, पीआरबी और सीएक्यू के साथ टीएक्यूआरबी की उपस्थिति को भी आईसीएआई पैवेलियन में दर्ज किया गया।
- वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अधीन अद्वितीय सप्ताह के उदघाटन के अवसर पर आईसीएआई की सभी कराधान समितियों से उसमें भाग लेने हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए थे। उक्त समारोह में आईसीएआई की सभी कराधान समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।
- वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अधीन अद्वितीय सप्ताह के उदघाटन समारोह के दौरान एक साइक्लोथोन नामक कार्यक्रम का आयोजन करने की योजना बनाई गई थी, जिसके अधीन नगर के ऐतिहासिक स्मारकों के दौरे किए गए। उक्त आयोजन के लिए आईसीएआई से स्वैच्छिक प्रतिभागियों की ईप्सा की गई थी। आईसीएआई से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने इस आयोजन के लिए अपनी सहमति प्रदान की थी।

6.28 दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति (सीआईएंडबीसी)

आईसीएआई की दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति का गठन दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता विधियों पर विशेष बल देने के लिए किया गया है। यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है तथा इसने सदस्यों के लिए एक नए वृत्तिक अवसरों का सृजन किया है। समिति का उद्देश्य विधि के व्यवहारिक पहलुओं तथा प्रक्रिया पर बड़े पैमाने पर सदस्यों में दिवाला समाधान के क्षेत्र में व्यवहारों तथा सदस्यों के बीच इस नए क्षेत्र तथा विधि की प्रक्रियाओं तथा व्यवहारिक पहलूओं के संबंध में जागरुकता लाना तथा सदस्यों को शिक्षित करना है।

राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की ओर

आईसीएआई भारत सरकार द्वारा दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के कार्यान्वयन के पुनर्विलोकन हेतु स्थायी समिति के रूप में गठित दिवाला विधि समिति के सदस्य के रूप में योगदान दे रहा है।

क्रम सं.	परामर्श पत्र को जारी करना/आईबीबीआई/एमसीए द्वारा जनता की टीका-टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए सूचना जारी करना	आईबीबीआई पोर्टल पर आईसीएआई के सुझाव अपलोड करने की तारीख
1	आईबीबीआई ने 15 फरवरी, 2022 को कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में वृत्तिकों का नियोजन और नियुक्ति विषय पर एक परिचर्चा पत्र जारी किया और सीआईआरपी (कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमों के विनियमन 27 में प्रस्तावित संशोधन के संबंध में 30 मार्च, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 30 मार्च, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।
2	आईबीबीआई ने 31 मार्च, 2022 को "समाधान और प्रवर्तन तंत्र का पुनर्विलोकन" विषय पर परिचर्चा पत्र जारी किया और उस पर 21 अप्रैल, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 21 अप्रैल, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।
3	आईबीबीआई ने 8 अप्रैल, 2022 को "सूचना उपयोगिता की प्रभाविकता में अभिवृद्धि" विषय पर एक परिचर्चा पत्र जारी किया और उस पर 29 अप्रैल, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 28 अप्रैल, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।
4	आईबीबीआई ने 13 अप्रैल, 2022 को कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में विलंबों को कम करने से संबंधित मुद्दों पर	आईसीएआई के सुझावों को 2 मई, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर

	एक परामर्श पत्र जारी किया और उस पर 3 मई, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	अपलोड किया गया।
5	आईबीबीआई ने 9 जून, 2022 को दिवाला वृत्तिक के पारिश्रमिक विषय पर एक परिचर्चा पत्र जारी किया और उस पर 30 जून, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 30 जून, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।
6	आईबीबीआई ने 14 जून, 2022 को "अस्तित्वों को दिवाला वृत्तिक बनने में समर्थ बनाना" विषय पर एक परिचर्चा पत्र जारी किया और उस पर 5 जुलाई, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 5 जुलाई, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।
7	आईबीबीआई ने 14 जून, 2022 को "परिसमापन प्रक्रिया के सुव्यवस्थीकरण" पर एक परिचर्चा पत्र जारी किया और उस पर 5 जुलाई, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 5 जुलाई, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।
8	भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 14 जून, 2022 को भू-संपदा परियोजनाओं के प्रभावी और शीघ्र समाधान से संबंधित मुद्दों पर एक सूचना जारी की और उस पर 5 जुलाई, 2022 तक साधारण जनता की टीका-टिप्पणियां मांगी, जिन्हें आईबीबीआई द्वारा उपलब्ध कराई गई ईमेल आईडी पर प्रस्तुत किया जाना था।	आईसीएआई के सुझाव 5 जुलाई, 2022 को उक्त ईमेल आईडी पर प्रस्तुत किए थे।
9	आईबीबी ने 24 जून, 2022 को "भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड की वित्तीय आत्मनिर्भरता" पर एक परिचर्चा पत्र जारी किया और उस पर 15 जुलाई, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 15 जुलाई, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।
10	भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 27 जून, 2022 को "कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में विलंबों को दूर करने और समाधान मूल्य में सुधार करने के लिए परितर्वन" विषय पर एक परिचर्चा पत्र जारी किया और उस पर 17 जुलाई, 2022 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 17 जुलाई, 2022 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।
11	एमसीए ने अपनी तारीख 18 जनवरी 2023 की एक सूचना द्वारा साधारण जनता से दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 में विचाराधीन परिवर्तनों के संबंध में 7 फरवरी 2023 को सायं 5:30 बजे तक साधारण जनता से टीका-टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।	आईसीएआई के सुझावों को 7 फरवरी, 2023 को आईबीबीआई पोर्टल पर अपलोड किया गया।

(I) प्रकाशनों को जारी किया जाना

- समाधान वृत्तिक द्वारा निगम ऋणी के समुत्थान प्रबंध संबंधी हैंडबुक।
- दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अधीन न्यायिक उद्घोषाएं – श्रृंखला 4।
- दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अधीन विनियमों में वर्ष 2022 में किए गए संशोधनों का संक्षिप्त विवरण।
- लेनदारों की समिति की बैठकें – दिवाला वृत्तिक के मार्गदर्शन के लिए हैंडबुक।

(II) आईबीसी मामला विधियों संबंधी अद्यतन जानकारी

आईबीसी मामला विधियों संबंधी अद्यतन जानकारी नियमित आधार पर उपलब्ध कराए जाने संबंधी इस वर्ष की गई पहल के अनुसरण में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, एनसीएलएटी और एनसीएलटी द्वारा दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर दिए गए निर्णयों के आधार पर महत्वपूर्ण मामलों से संबंधित विश्लेषण को सम्मिलित करते हुए समिति ने मार्च 2021 से जनवरी, 2023 की अवधि के दौरान 23 मामला विधियों संबंधी अद्यतन प्रकाशनों को निकाला है।

(III) दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ

दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के महत्व को तथा उसमें विद्यमान वृत्तिक अवसरों को ध्यान में रखते हुए समिति ने साधारण रूप से सदस्यों के फायदे के लिए दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को आरंभ किया है। समिति ने अभी तक आनलाइन पद्धति से दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के पांच बैचों का संचालन किया है। समिति द्वारा उक्त प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के तीसरे बैच के पश्चात् से उनका संचालन भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के सहयोग से किया जा रहा है।

(IV) आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

वर्ष के दौरान, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (आरआरसी) का संचालन गोवा और पेंच, मध्य प्रदेश में किया गया। समिति ने 26 से 29 मई, 2022 के दौरान एक आईबीसी संबंधी चार दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का संचालन किया था, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की औरंगाबाद शाखा और आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की पिंपरी चिंचवाड़, अकोला और अहमदनगर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।

(V) विशेषीकृत पाठ्यक्रम

आईसीएआई के भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान (आईआईआईपीआई) के साथ संयुक्त रूप से सीमित दिवाला परीक्षा के लिए तैयारी कराए जाने संबंधी वर्चुअल पाठ्यक्रम

आईसीएआई की दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति (सीआईबीसी) और भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान (आईआईआईपीआई) ने संयुक्त रूप से सीमित दिवाला परीक्षा के लिए तैयारी कराए जाने संबंधी वर्चुअल पाठ्यक्रम के सात बैचों का संचालन किया है।

(VI) आयोजित सभाओं/परस्पर क्रियाशील बैठकों के ब्यौरे

- आईसीएआई की दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति (सीआईबीसी) और आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड ने आईसीएआई आरवीओ के सहयोग से 5 फरवरी, 2023 को आईसीएआई, बीकेसी, मुंबई में आजादी का अमृत महोत्सव की देशव्यापी पहलों के रूप में आईबीसी और मूल्यांकन संबंधी एक बृहत्त सभा का आयोजन किया, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी द्वारा की गई।
- आईसीएआई की दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति (सीआईबीसी) ने 8 जुलाई, 2022 को आईसीएआई, बीकेसी, मुंबई में दिवाला वृत्तिकों की कार्यकारी निदेशक, आईबीबीआई के साथ एक परस्पर क्रियाशील बैठक का आयोजन किया था, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी द्वारा की गई।
- भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ने तीन दिवाला वृत्तिक अभिकरणों के सहयोग से 20 जनवरी, 2023 को आईसीएआई भवन, चेन्नई में दिवाला वृत्तिकों की एक सभा का आयोजन किया। इस सभा की सह-मेजबानी आईसीएआई की दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति द्वारा की गई।

(VII) समिति द्वारा देशव्यापी आजादी का अमृत महोत्सव पहलों के भागरूप में आयोजित संगोष्ठियों/कार्यशाला ाओं के ब्यौरे

- समिति ने 20 अगस्त, 2022 को कोलकाता में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी एक संगोष्ठी का आयोजन किया था, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की ईआईआरसी द्वारा की गई। इस कार्यक्रम को एनसीएलटी के माननीय सदस्यों द्वारा भी संबोधित किया गया।
- आईसीएआई की दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति (सीआईबीसी) और भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान (आईआईआईपीआई) ने 28 जनवरी, 2023 को जम्मू में संयुक्त रूप से दिवाला और शोधन अक्षमता

संहिता संबंधी एक संगोष्ठी का आयोजन किया था, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की एनआईआरसी की जम्मू-कश्मीर शाखा द्वारा की गई। इस संगोष्ठी को श्री रोहित कपूर, माननीय सदस्य (न्या.), राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण ने संबोधित किया।

- समिति ने अहमदाबाद और लखनऊ में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 संबंधी दो संगोष्ठियों का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, आईबीसी विधि के अधीन आईबीसी - खोज अवसरों तथा आईबीबीआई सीमित दिवाला परीक्षा की तैयारी के लिए अजमेर और रायपुर में एक तीन दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया।

(VIII) समिति द्वारा देशव्यापी आजादी का अमृत महोत्सव पहलों के भागरूप में आयोजित सम्मेलनों के ब्यौरे

समिति ने 9 और 10 दिसंबर, 2022 के दौरान पुणे में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की पिंपरी चिंचवाड शाखा और सह-मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की पुणे शाखा और ओरंगाबाद शाखा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम को कार्यकारी निदेशक, आईबीबीआई द्वारा संबोधित किया गया।

(IX) समिति द्वारा देशव्यापी आजादी का अमृत महोत्सव संबंधी पहलों के भागरूप में आयोजित वेबकास्ट/वर्चुअल सीपीई बैठकें (वीसीएम)

(i) वर्चुअल सीपीई बैठकें :

समिति ने, 'मूल्यांकन – आईबीसी, 2016 के अधीन प्रमुख पहलू', 'आईबीसी के अधीन स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया – महत्वपूर्ण पहलू', 'आईबीसी के अधीन परिसमापन प्रक्रिया – महत्वपूर्ण पहलू' और 'आईबीसी के अधीन समाधान योजना - महत्वपूर्ण पहलू' विषयों पर चार वर्चुअल सीपीई बैठकों का आयोजन किया।

(ii) वीसीएम श्रृंखलाएं

समिति ने आईबीसी पर चार वीसीएम श्रृंखलाओं का आयोजन किया, श्रृंखला 1– कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी), श्रृंखला 2- पूर्व – पैकेज दिवाला, श्रृंखला 3– तनावग्रस्त आस्तियों और तनावग्रस्त आस्तियों के वित्तपोषण+ समाधान योजना में अवसर और श्रृंखला 4– परिसमापन।

(iii) वेबीनार

समिति ने, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के अधीन कंपनियों के लिए जीएसटी अनुपालन, लेनदारों की समिति की बैठकों, आईबीसी के अधीन कंपनियों के लिए कराधान पहलूओं, आईबीसी के अधीन स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया – महत्वपूर्ण व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और समाधान योजना – आईबीसी में सफलता की कुंजी के संबंध में पांच वेबीनारों का आयोजन किया। समिति ने आईबीसी के अधीन सफल समाधान मामलों के मामला अध्ययनों संबंधी वेबीनारों की एक श्रृंखला का भी आयोजन किया, अर्थात् आईबीसी के अधीन असम कंपनी इंडिया समाधान का मामला अध्ययन और आईबीसी के अधीन साई वर्धा पावर जनरेशन समाधान का मामला अध्ययन, समिति द्वारा डब्ल्यूसीओए 2022 के दौरान मुंबई स्थित आईसीएआई के पैवेलियन में भाग लेना, आदि।

(X) समिति द्वारा डब्ल्यूसीओए 2022 के दौरान मुंबई स्थित आईसीएआई के पैवेलियन में भाग लेना

आईसीएआई की दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति ने मुंबई में डब्ल्यूसीओए 2022 के दौरान आईसीएआई पैवेलियन के जोन 1 – 'राष्ट्र निर्माण में भागीदार' में भाग लिया। पैवेलियन में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 से संबंधित एक क्विज का आयोजन किया गया और इस क्विज में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने अति उत्साहपूर्वक भाग लिया।

6.29 महिला और युवा सदस्य उत्कृष्टता समिति (डब्ल्यूवाईएमईसी)

राष्ट्र के एक सच्चे भागीदार के रूप में आईसीएआई ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के विनियामक उपबंधों के अधीन महिला और युवा सदस्य उत्कृष्टता समिति (डब्ल्यूवाईएमईसी) (तत्कालीन महिला सदस्य सशक्तिकरण समिति) का गठन किया है, जो भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की एक गैर-स्थायी समिति है। समिति का सृजन वर्ष 2014 में किया गया था और उसके पश्चात् से वह महिला सदस्य सशक्तिकरण संबंधी समूह या महिला सदस्य सशक्तिकरण निदेशालय जैसे नामों के अधीन महिला सदस्यों के लिए कार्य कर रही थी। समिति के अधिकार क्षेत्र में युवा सदस्यों को सम्मिलित करने के पश्चात् समिति का अधिकार क्षेत्र और अधिक व्यापक हुआ और वह आज के परिवर्तनशील तथा

चुनौतीपूर्ण कार्य परिस्थितियों में महिलाओं और युवा दोनों प्रकार के सदस्यों के सशक्तिकरण और उनके कौशलों में अभिवृद्धि के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रही है । डब्ल्यूवाईएमईसी विशेष रूप से क्षमता निर्माण पहलों, कौशल विकास क्रियाकलापों, विभिन्न रोजगार के अवसरों के बारे में जागरुक करके तथा अन्य समान साधनों के माध्यम से महिला सदस्यों और युवा सदस्यों की क्षमता को बढ़ाने की दिशा में कार्य करती है ।

(I) महिला चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए सबसे पहला नियोजन कार्यक्रम, जिसमें नमनीय समय/अंशकालिक/घर से कार्य करने संबंधी नौकरियों के अवसरों को सम्मिलित किया गया था :

समिति ने, उद्योग और कारबार में लगे सदस्यों संबंधी समिति (सीएमआईबी) के साथ संयुक्त रूप से अनन्य रूप से महिला सदस्यों के लिए और अधिक समर्पित नियोजन अवसरों का पता लगाने के लिए, जो ऐसी अनुभव प्राप्त महिला चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए तात्पर्यित हैं, जो नमनीय समय/अंशकालिक रूप से/घर से कार्य करने की इच्छुक हैं, 31 अक्तूबर और 1 नवंबर, 2022 को विशेष नियोजन अभियान का आयोजन किया गया था । इस कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअल रूप से 9 बड़े और 12 छोटे केंद्रों पर किया गया था । इस सुविधा में नमनीय समय/अंशकालिक समय/घर से कार्य करने के विकल्प को सम्मिलित किया गया था और यह ऐसी महिला सदस्यों, जो पूर्णकालिक सीओपी को धारण नहीं कर रही और जिनके पास एक वर्ष से अधिक का अनुभव है, के लिए एक उत्कृष्ट अवसर था कि वे अपनी सुगमता और सामर्थ्य के अनुसार नौकरी के अवसरों को खोज सकें । इस नियोजन कार्यक्रम को अत्यधिक उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई और इसके दौरान 81 कंपनियां नमनीय समय/अंशकालिक समय/घर से कार्य करने के विकल्प वाली 1179 रिक्तियों के साथ इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुई । कुल 1613 महिला सदस्यों ने उक्त नियोजन कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकरण कराया, जिसमें से कंपनियों द्वारा 1376 अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान भर्तीकर्ताओं द्वारा 97 अद्वितीय प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से महिला सदस्यों ने 50 प्रस्तावों को स्वीकार किया ।

महिला सीए को प्रथम नियोजन कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकरण कराने, साक्षात्कार हेतु तैयारी करने और उनकी शंकाओं तथा संदेहों का समाधान करने के लिए समिति ने 28 अक्तूबर, 2022 को एक अनुकूलन कार्यक्रम का आयोजन किया । विख्यात वक्ताओं ने साक्षात्कार/परीक्षा से पहले सदस्यों का मार्गदर्शन करने के लिए संगत विषयों पर उन्हें संबोधित किया ।

(II) डब्ल्यूसीओए पैवेलियन

समिति ने, मुंबई में डब्ल्यूसीओए 2022 में स्थापित किए गए आईसीएआई पैवेलियन के प्रति भी अपना योगदान दिया । आईसीएआई पैवेलियन में भाग लेने का प्रयोजन, समिति द्वारा महिला चार्टर्ड अकाउंटेंटों के फायदे के लिए की जाने वाली विभिन्न पहलों के संबंध में जागरुकता का सृजन करना और साथ ही डब्ल्यूसीओए में भाग लेने वाले व्यक्तियों की मूल्यवान प्रतिक्रिया प्राप्त करना था । दौरा करने वाले प्रतिनिधियों के साथ परस्पर क्रिया के दौरान समिति की विभिन्न पहलों को विशिष्ट रूप से उपदर्शित किया गया । महिला चार्टर्ड अकाउंटेंटों को समिति के कार्यक्रमों/संगोष्ठियों/वेबीनारों/वीसीएम में सक्रिय रूप से भाग लेने और नियमित रूप से महिला पोर्टल को देखने हेतु उत्साहित किया गया, जिससे उन्हें समिति की आगामी पहलों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके । तीस प्रश्नों को अंतर्वलित करने वाली एक क्विज की अवधारणा बनाई गई और उसे अंतर्राष्ट्रीय तथा देशी प्रतिभागियों, दोनों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया । प्रत्येक प्रश्न के लिए सुंदर फ्लैश कार्डों को तैयार किया गया तथा उन्हें मुद्रित करने के पश्चात् क्विज में भाग लेने में दिलचस्पी रखने वाले व्यक्तियों को वितरित किया गया । समिति की कार्ययोजना के साथ समिति के क्रियाकलापों के संबंध में जागरुकता और दिलचस्पी उत्पन्न करने के लिए भारतीय और साथ ही विदेशी प्रतिभागियों, जिन्होंने क्विज में भाग लिया और उसमें दिलचस्पी दर्शित की, को वहनीय उपहार मदें वितरित की गई । पूरे विश्व से लगभग 1000 महिला वृत्तिकों ने पैवेलियन का दौरा किया और समिति की पहलों के संबंध में पूछताछ की ।

(III) स्वचालन और जोश के साथ सशक्तिकरण की ओर कदम विषय पर नेटवर्किंग बैठक

समिति ने, 16 नवंबर, 2022 को आईसीएआई सभागार, बीकेसी, मुंबई में डब्ल्यूसीओए आयोजनों के साथ-साथ स्वचालन और जोश के साथ सशक्तिकरण की ओर कदम विषय पर नेटवर्किंग बैठक का आयोजन किया । इस बैठक के दौरान, उपस्थित होने वाले गणमान्य वक्ताओं में सुश्री केट बूरर, अध्यक्ष, सीए एएनजेड, सुश्री ग्लेडिस जिल, ए.सेंटोस, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एसीपीएपीपी और सीए संध्या शर्मा, सीएफओ, शिन्डलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सम्मिलित थे । आईसीएआई के तत्कालीन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, डब्ल्यूसीओए की कार्यकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा केंद्रीय परिषद् के सदस्यों ने इस आयोजन की शोभा बढ़ाई तथा प्रतिभागियों को संबोधित किया । लगभग 80 महिला सदस्यों ने भौतिक रूप से इस बैठक में भाग लिया था ।

(IV) स्काई हाई सिम्पोजियम वेडनेसडे प्रोग्राम :

समिति प्रत्येक सप्ताह स्काई हाई सिम्पोजियम कार्यक्रमों का आयोजन करती है । यह संस्थान की महिला और युवा सदस्यों संबंधी समिति द्वारा संचालित वेडनेसडे श्रृंखला के कार्यक्रम हैं । महिला और युवा सदस्य उत्कृष्टता समिति की अनेक पहलों में से यह ऐसी पहल है, जो महिला और युवा सदस्यों के बीच न केवल तकनीकी जानकारी और गैर-तकनीकी कौशलों का प्रचार-प्रसार करती है अपितु लोक मंचों पर वह उनके मौखिक कौशलों को बढ़ावा देकर तथा उन्हें आगे आने के लिए उत्प्रेरित करके सशक्त करने का प्रयास करती है । आज की तारीख तक स्काई हाई सिम्पोजियम वर्चुअल साप्ताहिक श्रृंखला के अधीन 58 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिनमें 116 से अधिक महिला सदस्यों का तकनीकी और गैर-तकनीकी विषयों पर बोलने का अवसर प्रदान किया गया है और 230 से अधिक महिला सदस्यों ने इन कार्यक्रमों में समन्वयक की भूमिका निभाई है । कार्यक्रम के दौरान 27,000 से अधिक प्रतिभागियों को सशक्त बनाया गया और इस प्रकार प्रत्येक कार्यक्रम की औसत भागीदारी 500 सदस्यों से अधिक थी ।

(V) युवा उत्कृष्टता सिम्पोजियम

समिति युवा उत्कृष्टता सिम्पोजियम कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जो संस्थान के युवा सदस्यों को उनके वृत्तिक विकास में सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं और जो वृत्ति में होने वाली नवीनतम घटनाओं की जानकारी उपलब्ध कराकर युवा सदस्यों की बुद्धिमता में अभिवृद्धि करते हैं और ये कार्यक्रम फ्राइडे श्रृंखला के कार्यक्रम हैं । समिति ने इस फ्राइडे श्रृंखला का आयोजन 25 मार्च, 2023 से आरंभ किया था और आज की तारीख तक 13 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिनमें 6,000 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया और प्रत्येक कार्यक्रम की औसत प्रतिभागिता 460 सदस्यों से अधिक रही ।

(VI) अपनी संभावनाओं को अनावृत करें ..... सीखें – कौशल में वृद्धि करें – उत्कृष्ट बनें, विषय पर वर्चुअल श्रृंखला का आयोजन

समिति ने, अपनी संभावनाओं को अनावृत करें ..... सीखें – कौशल में वृद्धि करें – उत्कृष्ट बनें, विषय पर वर्चुअल श्रृंखला का आयोजन किया । यह श्रृंखला महिला और युवा सदस्य उत्कृष्टता समिति की एक ऐसी पहल है, जिसके माध्यम से उद्योग/ कारपोरेट जगत में कार्य करने वाले ऐसे सदस्यों, जो अपना व्यवसाय आरंभ करने का लक्ष्य रखते हैं और ऐसे सदस्यों, जिन्होंने कार्य से विराम लिया है, किंतु वे अपना वृत्तिक कैरियर पुन: आरंभ करने के इच्छुक हैं या ऐसे सदस्यों, जो संबद्ध वृत्तिक क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के दायरे को व्यापक करना चाहते हैं, के ज्ञान और सकल आत्म विश्वास में वृद्धि की जाती है । यह श्रृंखला साधारण रूप से सदस्यों को भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में हुए नवीनतम संशोधनो से अवगत कराके उनके ज्ञान और सकल आत्मविश्वास को समृद्ध बनाने में भी सहायता करती है । आज की तारीख तक प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर माड्यूलों को सम्मिलित करते हुए इस श्रृंखला के अधीन 9 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है ।

(VII) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

8 मार्च, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में समिति ने निम्नलिखित क्रियाकलाप किए :

- वैश्विक वेबीनार – विशेष स्काई हाई सिम्पोजियम : समिति ने 8 मार्च, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक वैश्विक स्काई हाई सिम्पोजियम का आयोजन किया, जिसमें अध्यक्ष, आईसीएआई, उपाध्यक्ष, आईसीएआई, अध्यक्ष – डब्ल्यूआईएमईसी और उपाध्यक्ष – डब्ल्यूआईएमईसी ने आईसीएआई द्वारा महिला और युवा सदस्यों की सक्षमता निर्माण और सशक्तिकरण के लिए डब्ल्यूआईएमईसी के तत्वाधान में किए जाने वाले विभिन्न क्रियाकलापों और पहलों के संबंध में चर्चा की गई । इस वेबीनार को संबोधित करने वाले गणमान्य वक्ताओं में सुश्री केट बूरर, पूर्व अध्यक्ष, सीए एएनजेड, सुश्री फियोना पियरमेन, संस्थापक – क्वांटम इंपटेक समूह और सीए कला सुब्रमनियन, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई सिंगापुर चेप्टर सम्मिलित थे । इस वेबीनार में लगभग 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया था ।
- **शाखाओं द्वारा महिला दिवस समारोह का आयोजन :** डब्ल्यूआईएमईसी द्वारा साधारण रूप से महिला सदस्यों के फायदे के लिए समारोह का आयोजन करने और उनके हित का संवर्धन करने के संबंध में शाखाओं को भेजी गई प्रपुंज मेलों के प्रत्युत्तर में देश भर की आईसीएआई की 50 से अधिक शाखाओं ने मार्च, 2023 मास के दौरान डब्ल्यूवाईएमईसी के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया ।
- **वीडियो बाइट :** अध्यक्ष, आईसीएआई और उपाध्यक्ष, आईसीएआई की वीडियो बाइट्स को रिकार्ड करके संस्था के विभिन्न सोशल मीडिया मंचों, समिति के वेब पृष्ठ और महिला पोर्टल पर अपलोड किया गया था, जिससे देश भर में मौजूद महिला और युवा सदस्यों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया जा सके ।

(VIII) आजादी का अमृत महोत्सव - आईकोनिक दिवस समारोह :

समिति ने 8 जून, 2022 को ललित होटल, नई दिल्ली में आईकोनिक दिवस समारोह के भागरूप में "महिलाएं – सशक्तिकरण से उत्कृष्टता तक – समकालीन परिप्रेक्ष्य" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया । इस संगोष्ठी को प्रख्यात वक्ताओं द्वारा संबोधित किया गया, जिनमें सुश्री तलवी कुमार, कार्यपालक निदेशक – मल्टी आर्गन हारवेस्टिंग ऐड नेटवर्क (मोहन) फाउंडेशन – दिल्ली एनसीआर और डा. बोरनाली भंडारी – सीनीयर फैलो ऐट नेशनल काउंसिल आफ एप्लाइड इकोनोमिक रिसर्च (एनसीएईआर) सम्मिलित थे ।

(IX) महिला सदस्यों के लिए वर्चुअल मार्गदर्शन कार्यक्रम :

समिति ने, 25 अगस्त, 2022 को सीपीई समिति के साथ संयुक्त रूप से महिला सदस्यों के लिए वर्चुअल मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया । इस सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया गया था – महिला सदस्यों के लिए आनलाइन अवसर, विकास संबंधी दृष्टिकोण को कैसे विकसित करें, स्वास्थ्य का महत्व – शारीरिक और मानसिक दोनों का स्वास्थ्य (भावना प्रबंध – उत्साह – उत्साह से पुन: कार्य आरंभ करना – सावधानी – सदैव ऊर्जावान बने रहना – अंदर से निडर बने रहना), छुट्टियां मनाना, वृत्तिक या उद्यमी जीवन से लंबे अक्रियाशील अंतराल को नुकसान की बजाए सकारात्मक रूप से देखना, कार्रवाई – अपने सामान्य रुटीन से बाहर आना, सहायिकियां – राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय – डब्ल्यूटीओ व्यवहार, उद्यमशीलता – वर्चुअल वैश्विक परामर्श और अध्यापन हेतु किस प्रकार आनलाइन पाठ्यक्रमों और प्रौद्योगिकी को तैयार करें । इस कार्यक्रम में इन आवश्यक विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए विख्यात वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था । समिति ने महिला सदस्यों के लिए पहले वर्चुअल राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी द्वारा की गई थी । सम्मेलन के सभी सत्रों का चयन क्रियाशील बाह्य कार्य परिस्थितियों, समकालीन व्यवहार के क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए तथा महिला सदस्यों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था । इस सम्मेलन को प्रतिभागियों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई

(X) आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

समिति ने महिला और युवा सदस्यों के लिए विभिन्न आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का भी आयोजन किया, जिनकी मेजबानी निम्नलिखित द्वारा की गई :

- 17 और 18 जून, 2023 को महिला सदस्यों के लिए पाठ्यक्रम का आयोजन, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की सीआईआरसी की भोपाल शाखा द्वारा की गई, जिसमें निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया गया – विभिन्न सहायक विधियों के अधीन महिला सीए के लिए वृत्तिक अवसर, जीएसटी में हाल ही में किए गए संशोधन, चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए वृत्तिक नैतिकता, स्टॉक मार्किट में इनसाइडर व्यापार, आईटी खतरे और प्रतिभूतियां, कार्य जीवन संतुलन आदि ।
- 24 और 25 जून, 2023 को पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की पिंपरी चिंचवाड शाखा द्वारा की गई, जिसमें युवा सदस्यों के लिए निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया गया – अतुलनीय भारत और वहनीयता, नेटवर्किंग का महत्व और मार्ग, स्वयं को सफलता हेतु तैयार करना, अपने दोस्तों को जाने, एक मैत्री आरंभ करने वाला सत्र, फायर साइड चैट : स्टार्ट अप और एंजल निवेशक, वृत्तिक दक्षता के लिए कृत्रिम बुद्धिमता का अनुकूलतम उपयोग, सीए वृत्ति में नए अवसरों की खोज आदि ।
- 25, 26 और 27 जून, 2023 को महिला सदस्यों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, जिसकी मेजबानी सीआईआरसी की गोरखपुर शाखा द्वारा की गई, जिसमें निम्नलिखित विषयों पर परिचर्चा की गई – जीएसटी अनुपालन, किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लिए निगमन प्रक्रिया, वित्तीय विवरणों संबंधी मार्गदर्शन टिप्पणों का पुनर्विलोकन, विकास और सफलता के लिए संभावना, कर योजना, जीएसटी के अधीन शास्तियां और अपराध, भाषण देने की कला, आदि ।

मार्च, 2023 मास के दौरान महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के अलावा समिति ने महिला वृत्तिकों के लिए रिमोट कार्यकरण विचारों, आय-कर संबंधी आधारिक जानकारी, जीएसटी संबंधी अद्यतन जानकारी, एक्ससेल टिप्स के साथ उत्कृष्टता, महिला चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए उभरते अवसर, अनिवासी भारतीयों के लिए पूंजी अभिलाभ, जीएसटी की आधारिक जानकारी, जीवन – कार्य संतुलन, महिला सदस्यों के लिए वहनीयता रिपोर्टिंग और सामाजिक संपरीक्षा में अवसर, महिला सीए के लिए सामाजिक संपरीक्षा संबंधी अवसर, सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार के लिए आईसीएआई के दिशानिर्देश, महिला सीए के लिए विश्वास का सृजन करने के लिए संसूचना और सॉफ्ट कौशल, वृत्तिक रूप से स्वयं को तैयार करना, वहनीयता रिपोर्टिंग, सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज, कैरियर अवसर, उत्साह, उद्यमशीलता, स्टार्ट अप, कार्य

जीवन, वरदान या श्राप और वैश्विक परिस्थितियां – कृत्रिम बुद्धिमता समर्थ संपरीक्षा तकनीकें, प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण के साथ वृत्ति का भविष्य, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रूमिंग आदि ।

6.30 एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति

एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने संबंधी समय की आवश्यकता को महसूस करते हुए आईसीएआई की परिषद् ने एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति का आईसीएआई की एक प्रमुख गैर-स्थायी समिति के रूप में गठन किया है । इस समिति का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई और स्टार्ट अप के लिए वहनीय ढांचे का विकास करके सक्षमता निर्माण उपायों को कार्यान्वित करना है ।

पहलें

- **आईसीएआई स्टार्ट अप गेटवे**

  भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) अपनी एमएसएमई और स्टार्ट अप संबंधी समिति के माध्यम से-स्टार्ट-अप से संबंधित विभिन्न पहलें करता है ।

- **स्टार्ट-अप कार्यक्षेत्र 2023**

  भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने स्टार्ट-अप समुदाय के लिए, स्टार्ट-अप कार्य क्षेत्र 2023 शीर्षक वाले एक उत्कृष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्टार्ट-अप इको प्रणाली के भीतर नवप्रवर्तन, सहयोग और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है । इस कार्यक्रम का आयोजन 27 और 28 जून, 2023 के दौरान वर्ल्ड जियो सेंटर, मुंबई में किया गया । इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान स्टार्ट-अप समुदाय, भागीदार, यूनिकोर्न, प्रभावोत्पादक व्यक्ति, संस्थापक, निवेशक और उद्यमी स्टार्ट-अप से संबंधित व्यापक विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ एक मंच पर आए । इस कार्यक्रम को देश भर से 7000 प्रतिभागियों ने देखा । इस कार्यक्रम में 120 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्रों की एक श्रृंखला सम्मिलित की गई थी, जो उद्यमियों को सशक्त करने हेतु अत्यंत उत्सुक हैं । लगभग 60 स्टार्ट-अप को निवेशक पिच पर अपने अद्वितीय विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर पद्रान किया गया था, जिसके दौरान निवेशकों और निवेश प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को आमने-सामने लाया गया । 20 से अधिक बृहत्त उद्यम निधियों ने सर्वाधिक नवीन विचारों में निवेश करने के लिए इस कार्यक्रम भाग लिया । 150 स्टार्ट-अप ने प्रदर्शकों के रूप में इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और एक जैसी सोच रखने वाले व्यष्टियों साथी उद्यमियों, एंजेल निवेशकों, उद्यम पूंजीपतियों और संभाव्य भागीदारों के विविध समुदाय से जुड़ने के अवसर का लाभ उठाया ।

  स्टार्ट-अप कार्यक्षेत्र कार्यक्रम का उद्घाटन श्री उदय सामांत, माननीय उद्योग मंत्री, महाराष्ट्र सरकार द्वारा किया गया, जिसके दौरान उन्होंने आईसीएआई को देश में स्टार्ट-अप इको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए ऐसे बृहत्त कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए बधाई दी । इस कार्यक्रम का दूसरा दिन श्री रामनाथ कोविंद, भारत के माननीय भूतपूर्व राष्ट्रपति - जो नेतृत्व और उत्कृष्टता का एक प्रत्यक्ष चिह्न हैं, द्वारा किए गए विशेष संबोधन और आर्शिवाद से आरंभ हुआ और उन्होंने अपने संबोधन के दौरान यह कथन किया कि हमारे योग्य युवा स्टार्ट-अप अस्तित्वों के कर्मचारी बनने की बजाए स्वयं उद्यमों के स्वामी बन सकते हैं और भारतीय युवाओं को आर्थिक मूल्य श्रृंखला की सीढ़ी पर ऊपर की ओर अग्रसर होना चाहिए । स्टार्ट-अप कार्यक्षेत्र 2023 की मुख्य विशिष्टियों में गणमान्य वक्ताओं और पैनलबद्ध व्यक्तियों द्वारा दिए गए अतिविशिष्ट संबोधन सम्मिलित थे, अर्थात् सीए अमन गुप्ता, श्री नितिन कामत, श्री दीपक साहनी, सीए दीना जैकब, सीए अंकित फतेहपुरिया, सुश्री लिजा रे और सीए गौरव संदारिया, जिन्होंने श्रोताओं के साथ अपनी विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि को साझा किया । उन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों, बाजार प्रवृत्तियों और सफलता के लिए रणनीतियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए ।

  यह दो दिवसीय कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ और इसके दौरान ऐसे अद्वितीवय विषय पर अंतर्दृष्टि और पैनल परिचर्चा को सम्मिलित करने वाली नेटवर्किंग हुई, जिसके संबंध में पहले कभी भी बातचीत नहीं की गई थी, जैसे कि वास्तविक जीवन कारबार परिस्थिति में मेटावर्स का प्रभाव, सीबीडीसी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उसका प्रभाव, लॉक श्रृंखला और उसमें हाल ही में हुआ नवपरिवर्तन, वेब 3.0 में अंतर्वलित साइबर सुरक्षा संबंधी मुद्दे आदि । प्रतिभागियों ने ऐसे विकास उन्मुख व्यष्टियों को देखा, जो अप्रायिक विचारों को जीवन में उतारने तथा समाज पर प्रभाव डालने के लिए अत्यंत उत्सुक हैं । स्टार्ट-अप मूल्यांकन की कला और विज्ञान, लोगो में निवेश बनाम बाजारों में निवेश, स्टार्ट-अप में इनक्यूबेशन और नव परिवर्तन संबंधी सावधानीपूर्वक तैयार किए गए सत्रों ने बड़ी संख्या में स्टार्ट-अप आरंभ करने के इच्छुक व्यक्तियों को आकर्षित किया । ऐसे स्टार्ट-अप, जिन्होंने इस कार्यक्रम में भाग लिया, को मान्यता प्राप्त हुई और साथ ही उन्हें वित्तपोषण मिला और उन्होंने नई नीतिगत भागीदारियों को स्थापित किया ।

स्टार्ट-अप कार्यक्षेत्र 2023 की सफलता ने भावी स्टार्ट-अप आयोजनों के लिए एक नया बैचमार्क स्थापित किया है, उसने आयोजकों को उत्कृष्टता हेतु प्रयास करने तथा अपनी कार्ययोजना और कार्य निष्पादन में नव प्रवर्तनशील दृष्टिकोणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। स्टार्ट-अप कार्यक्षेत्र 2023 में सफलतापूर्वक, उमसें भाग लेने वाले प्रतिभागियों के बीच नव प्रवर्तन तथा सहयोग की भावना को उजागर किया है। इससे उद्यमी बनने के इच्छुक व्यक्तियों को अपने स्वप्नों को साकार करने का प्रयोजन सिद्ध हुआ और साथ ही इससे हमें भविष्य के स्टार्ट-अप परिदृश्य की एक झलक भी प्राप्त हुई। जब यह कार्यक्रम समाप्त हुआ तो इसमें भाग लेने वाले व्यक्तियों ने एक नए उत्साह तथा कार्रवाई किए जाने योग्य अंतर्दृष्टि और अत्यंत मूल्यवान संबंधों के नेटवर्क के साथ वहाँ से विदाई ली। नि:संदेह रूप से स्टार्ट-अप कार्यक्षेत्र 2023 ने उद्यमशील समुदाय के लिए एक अमिट छाप छोड़ी है और वह आने वाले वाले वर्षों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

- **आईसीएआई स्टार्ट अप संवाद :** आईसीएआई, विभिन्न पणधारियों और स्टार्ट-अप की खाई को पाटने के उद्देश्य से सहायता उपलब्ध करा रहा है।

  भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान की एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति ने सदैव स्टार्ट-अप की सक्षमता निर्माण के लिए प्रयास किया है। समिति को यह जानकारी देते हुए अत्यंत हर्ष महसूस हो रहा है कि जनवरी, 2023 मास को आईसीएआई स्टार्ट-अप संवाद के रूप में नामित स्टार्ट-अप मास के रूप में मनाया जाएगा। स्टार्ट-अप सक्षमता निर्माण और उनमें नव प्रवर्तन करने, उनका संवर्धन करने, साथ ही स्टार्ट-अप द्वारा विकसित नए दृष्टिकोणों को कार्यान्वित करने के लिए भारत के विभिन्न नगरों में अवस्थित विभिन्न शाखाओं प्रादेशिक परिषदों में इस संपूर्ण मास के दौरान स्टार्ट-अप संबंधी कार्यक्रामें का आयोजन किया जाएगा। आईसीएआई स्टार्ट-अप संवाद कार्यक्रम शाखाओं/प्रादेशिक परिषदों द्वारा जनवरी, 2023 में आरंभ किया जाएगा।इन संपूर्ण समारोहों को, विशिष्ट रूप से स्टार्ट-अपों, निवेशकों, मार्गदर्शकों, साथ ही स्टार्ट-अपों, छात्रों, चार्टर्ड अकाउंटेंटों, इनक्युबेटरों और नव प्रवर्तकों आदि से संबंधित कार्यक्रमों को विशिष्ट रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। स्टार्ट-अप संबंधी तकनीकी सत्र को सम्मिलित किया जाएगा, जैसे कि स्टार्ट-अप की प्रस्तावना, बाजार रणनीति, स्टार्ट-अप का मूल्यांकन कैसे करें/ स्टार्ट-अप मूल्यांकन, कारबार मॉडल – सफल स्टार्ट-अप का कारबार मॉडल मामला अध्ययन, स्टार्ट-अप वित्त पोषण : ऐंजल / वीसी/सीड वित्तपोषण आदि।

- **स्टार्ट-अप पोर्टल, अर्थात् . https://startup.icai.org/**

  समिति ने संघटकों, अर्थात् स्टार्ट-अप, चार्टर्ड अकाउंटेंट (कारबार परामर्शी), मार्गदर्शकों, उद्यम पूंजीपतियों और इनक्युबेशन केंद्रों के भीतर विभिन्न विनिमय सेवाओं को सुकर बनाने के लिए एक समर्पित पोर्टल https://startup.icai.org/ को आरंभ किया है।

  इस वेब पोर्टल की विशिष्टियों में स्टार्ट-अप को मार्गदर्शन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मार्गदर्शक और हमारे पोर्टल पर उन्हें पैनलबद्ध किया जाना, स्टार्ट-अप को वित्तपोषण संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए उद्यम पूंजीपति और हमारे पोर्टल पर उन्हें पैनलबद्ध किया जाना, आईसीएआई के साथ रजिस्ट्रीकृत स्टार्ट-अप को उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कारबार परामर्शी सेवाएं जैसे कि निगम विधियां, मूल्यांकन, अप्रत्यक्ष कर आदि के लिए कारबार परामर्शी के रूप में आईसीएआई के सदस्य, आईसीएआई स्टार्ट-अप इको सिस्टम के साथ जुड़ने के लिए हित की अभिव्यक्ति, अन्य सदस्यों को इस लीग में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित और उत्साहित करने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंटों की स्टार्ट-अप संबंधी कहानियां सम्मिलित हैं और इसके अतिरिक्त स्टार्ट-अप इको सिस्टम से संबंधित अनेक अन्य विशिष्टियों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है।

- **स्टार्ट अप इनक्यूबेशन केंद्र**

  आईसीएआई के भीतर स्टार्ट-अप इको सिस्टम को विकसित करने के उद्देश्य को अग्रसर करते हुए हमने स्टार्ट-अप उद्यमशीलता की भावना और चार्टर्ड अकाउंटेटों के सामर्थ्य को बढ़ावा देने के प्रति स्टार्ट-अप विचारों को सुकर बनाने के लिए निम्नलिखित स्टार्ट-अप इनक्युबेशन केंद्रों की पहचान की है, अर्थात् इंदौर, भुवनेश्वर, नासिक, कानपुर, सूरत, गुवाहाटी, राजकोट, अहमदाबाद, मुंबई और पुणे।

- **स्टार्ट-अप संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

  इस प्रमाणपत्र का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंटों को इस प्रकार सज्जित करना है कि वे न केवल वृत्तिक सेवाएं उपलब्ध करा सकें अपितु वे स्वयं स्टार्ट-अप के क्षेत्र में प्रवेश करके राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति में सहायता कर सकें। यह प्रमाणपत्र

पाठ्यक्रम आईसीएआई के सदस्यों को स्टार्ट-अप क्षेत्र के लिए कारबार समाधानकर्ता के रूप में समर्थ बनाएगा।

- **स्टार्ट-अप संबंधी मास्टर क्लास**

स्टार्ट-अप संबंधी मास्टर क्लास का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंटों को, स्टार्ट-अप के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता में अभिवृद्धि करने के लिए ज्ञान आधारित विशेषीकृत माड्यूल उपलब्ध कराना है।

- **स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन**

एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति ने 8 अक्तूबर, 2022 को होटल शांगरिला इरोज, नई दिल्ली में एक स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन का आयोजन किया था। इस स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन में आईसीएआई के सदस्यों ने स्टार्ट-अप समुदाय के व्यक्तियों, भागीदारों, प्रभावोत्पादक व्यक्तियों, संस्थापकों, निवेशकों और उद्यमियों के साथ निम्नलिखित विषयों पर परिचर्चा करने के लिए भाग लिया – वीसी किस प्रकार सोचते हैं+ निवेशकों हेतु पिच डेक तैयार करने का कौशल, स्टार्ट-अप – एमवीपी संबंधी विचार का जन्म, स्टार्ट-अप इंडिया स्कीम और इसके फायदे और स्टार्ट-अप में मूल्यांकन और साथ ही ऐंजल निवेशकों के साथ दो मिनट आइडिया पिच, स्टार्ट-अप का भविष्य, उद्यम पूंजी, कृत्रिम बुद्धिमता, फिनटेक और स्टार्ट-अप के अन्य पहलू। उक्त शिखर सम्मेलन में 250 प्रतिभागियों ने भौतिक रूप से भाग लिया।

- **आईसीएआई एमएसएमई इको सिस्टम**

एमएसएमई की सक्षमता निर्माण में अभिवृद्धि करने के लिए भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) ने अपनी एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति के माध्यम से एमएसएमई इको सिस्टम के संबंध में अनेक पहलें करके विभिन्न उपाय किए।

(I) आईसीएआई-एमएसएमई यात्रा

एमएसएमई आवश्यकताओं को प्रति समर्थन उपलब्ध कराने, उन्हें सुविधाएं प्रदान करने तथा उनकी आवश्यकताओं के प्रति प्रतिक्रिया करने के लिए एक पहल के रूप में 18 अगस्त, 2022 को मुंबई से आईसीएआई-एमएसएमई यात्रा को आरंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य एमएसएमई के बीच उद्यमशीलता की भावना का संवर्धन करना और साथ ही एमएसएमई को उनके पोर्टफोलियों में अभिवृद्धि करने हेतु समर्थन उपलब्ध कराना तथा विभिन्न राज्य और केंद्रीय सरकार की स्कीमों के संबंध में जागरुकता का प्रचार-प्रसार करना और साथ ही उनके संबंध में उपलब्ध सहायिकियों और प्रोत्साहनों की जानकारी उपलब्ध कराना है। एमएसएमई शिविरों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें एमएसएमई द्वारा उठाई गई शिकायतों का वास्तविक समय के आधार पर समाधान किया जाता है और एमएसएमई का वास्तविक समय में उद्यम रजिस्ट्रीकरण को भी आईसीएआई एमएसएमई सेतु के माध्यम से सुकर बनाया जाता है। आईसीएआई एमएसएमई यात्रा कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई के विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञानवर्धन सत्रों का भी आयोजन किया गया। एमएसएमई यात्रा ने, अपने प्रारंभ से महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, पश्चिमी बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और गोवा राज्यों के 80 नगरों तक पहुंच बनाई है। आईसीएआई-एमएसएमई यात्रा के अधीन इस क्षेत्र के विकास को अग्रसर करने के लिए एमएसएमई की क्षमता और सक्षमता के निर्माण के प्रति जागरुकता का सृजन किया जा रहा है ताकि देश में नौकरियों के सजृन और अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा दिया जा सके। एमएसएमई यात्रा पहल को संबद्ध राज्य सरकारों से अत्यंत उत्साहवर्धक समर्थन प्रापत हुआ है और इस यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में संबद्ध राज्यों के राज्य मंत्रियों, स्थानीय संसद् सदस्यों, विधान सभा के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया है। शिमला में आयोजित आईसीएआई-एमएसएमई यात्रा कार्यक्रम के दौरान श्री राजेन्द्र विश्वनाथ अरलेकर, माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर उसकी शोभा बढ़ाई थी।

(II) आईसीएआई एमएसएमई सेतु कार्यक्रम : आईसीएआई एमएसएमई इको सिस्टम के माध्यम से एमएसएमई का रुपांतरण

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) ने एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति के माध्यम से देश में एमएसएमई पोर्टफोलियो में अभिवृद्धि करने की एक प्रमुख रणनीति में रूप में आईएसएआई और भावी एमएसएमई के बीच एक संबंध को स्थापित किया है। राज्य को प्रमुखकर्ता के रूप में स्थापित करते हुए, प्रत्येक जिले के सुदृढ बिन्दुओं पर कार्यक्रमों को केंद्रित करते हुए सुधार के लिए अप्रबंधनीय मुद्दों की पहचान की जाती है और सरकारी स्कीमों के अभिसरण तथा एमएसएमई के समन्वयन की सहायता से, एमएसएमई की आवश्यकताओं को आईसीएआई एमएसएमई इको सिस्टम के माध्यम से समर्थित करके उनकी प्रगति को मापा जाता है। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, पश्चिमी बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र

प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्यों के विभिन्न जिलों को आईसीएआई एमएसएमई सेतु कार्यक्रमों के अधीन सम्मिलित किया गया था।

आईसीएआई द्वारा की गई एमएसएमई यात्रा संबंधी पहल को गौरवशाली भारतीय रिकार्ड बुक में सम्मिलित किया गया है। यह उपलब्धि उस समय प्राप्त की गई जब आईसीएआई ने राष्ट्रव्यापी आईसीएआई-एमएसएमई सेतु और आईसीएआई-एमएसएमई यात्रा अभियानों के दौरान उद्यमशीलता का संवर्धन करने और साथ ही नौकरियों के सृजन तथा अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने के लिए 75 दिन में राष्ट्र के 22 राज्यों में स्थित 75 नगरों को सम्मिलित करते हुए अधिकतम नगरों में एमएसएमई कार्यक्रमों के आयोजन को सुकर बनाया। यह अभियान 18 अगस्त, 2022 से 18 नवंबर, 2022 तक की अवधि के दौरान चलाया गया था। आईसीएआई को हाल ही में एशियाई रिकार्ड बुक में भी, उसकी आईसीएआई एमएसएमई यात्रा और एमएसएमई सेतु पहलों के कारण सम्मिलित किया गया है।

(III) आईसीएआई एमएसएमई साथी

एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति, आईसीएआई ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सहायता प्रदान करने तथा उनके सामने आने वाले मुद्दों का समाधान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के नवीनतम आईटी उपकरणों का उपापन किया है। समिति ने 'आईसीएआई एमएसएमई साथी' नामक अपनी शंका समाधान प्रणाली हेतु इन एआई और एमएल उपकरणों का कार्यान्वियन किया है। यह प्रणाली काफी कम समय में एमएसएमई के लिए एक उत्तम समाधान प्रदाता मंच के रूप में साबित हुई है।

(IV) राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस

एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति, आईसीएआई के माध्यम से पूरे राष्ट्र में सूक्ष्म और लघु कारबारों का संवर्धन करने के उद्देश्य 30 अगस्त, 2023 को पूरे भारत वर्ष में राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस के रूप् में मनाया जा रहा है और इसके लिए विशेष रूप से कार्यक्रमों को तैयार किया गया है। यह दिवस हमारे विशेष रूप से तैयार कार्यक्रमों के माध्यम से लघु स्केल सेक्टर के पोर्टफोलियो में अभिवृद्धि करने के लिए प्रेरित करता है और हमारे इस उद्देश्य को आकार प्रदान करता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मूल्य श्रृंखला का अभिन्न भाग है और वे एमएसएमई इको सिस्टम को बढ़ावा देते हैं। इस दिवस के दौरान विभिन्न अन्य संभावनाओं और ऐसे अवसरों को भी प्रस्तुत किया गया, जिनका सृजन इस क्षेत्र में ऐसे व्यष्टियों के लिए किया जाता है, जो भारत के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।

(V) अंतर्राष्ट्रीस एमएसएमई दिवस

एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति ने भारत की एमएसएमई की विभिन्न आवश्यकताओं पर और एमएसएमई की इन आवश्यकताओं को पूरा करने में सीए भ्रातृसंघ द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए 27 जून, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया।

(VI) एमएसएमई एक्सचेंज

एमएसएमई एक्सचेंज की अवधारणा को एमएसएमई के विकास और वहनीयता के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न आयामों के मूल्यवान सृजन हेतु एक उत्तम मंच की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है। यह मंच उत्कृष्ट नेटवर्किंग, ज्ञान को साझा करने, कौशल विकास, शंकाओं के समाधान संबंधी अवसरों तथा एमएसएमई इको सिस्टम के संघटकों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन की प्रस्तावना करता है।

- **सीए सेवा एक्सचेंज**

  एमएसएमई की विशेषीकृत आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ने अपनी एमएसएमई और स्टार्ट संबंधी समिति के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंटों की विशेषज्ञ सेवाओं को माउस के एक क्लिक के साथ एमएसएमई की पहुंच के भीतर लाने की पहल की है। सीए सेवा एक्सचेंज एक ऐसा मंच है, जिसके माध्यम से कोई भारतीय एमएसएमई आईसीएआई-एमएसएमई इको सिस्टम के साथ रजिस्टर कर सकता है और चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा प्रस्तावित विभिन्न विशेषज्ञ सेवाओं की तलाश कर सकता है।

- **एमएसएमई सहायता पटल**

  एमएसएमई सहायता पटल समिति द्वारा आईसीएआई-एमएसएमई एक्सचेंज के अधीन की गई महत्वपूर्ण पहलों में से एक है, जिसके माध्यम से आईसीएआई के सदस्यों के एक बड़े पूल की विशेषज्ञता को एमएसएमई के स्थानीय नगर में उसके द्वार पर लाकर खड़ा कर दिया गया है। शाखाएं और प्रादेशिक परिषदें, जो आईसीएआई के विस्तार खंड हैं, शाखा

परिसरों में एमएसएमई सहायता पटल को सुकर बनाएंगे, जहां समर्पित विशेषज्ञ (अर्हित और अनुभवी चार्टर्ड अकाउंटेंट), स्थानीय एमएसएमई समूहों के मुद्दों का समाधान करेंगे ।

- **एमएसएमई इल्युमिनेशन**

  एमएसएमई इल्युमिनेशन, आईसीएआई एमएसएमई एक्सचेंज के अधीन समिति द्वारा की गई एक अन्य पहल है, जिसके माध्यम से आईसीएआई के साथ रजिस्ट्रीकृत एमएसएमई के सामने आने वाले किसी विनिर्दिष्ट मुद्दे के संबंध में विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध कराई जाती है । एमएसएमई अपने सामने आने वाले मुद्दों को एक साधारण रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया का अनुसरण करने के पश्चात् ऑनलाइन रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं । उक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें एमएसएमई के सामने आने वाले सामान्य मुद्दों का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा । एमएसएमई, विशेषज्ञ राय की ईप्सा करते हुए इन कार्यक्रमों के दौरान विशेषज्ञों के साथ परस्पर क्रियाएं कर सकेंगे ।

(VII) आईसीएआई एमएसएमई पोर्टल - https://msme.icai.org/

आईसीएआई ने नेटवर्किंग, ज्ञान को साझा करने, शंकाओं के समाधान संबंधी तंत्र और सेवाओं के आदान-प्रदान के लिए एक समर्थ इको सिस्टम उपलब्ध कराने के लिए एक समर्पित पोर्टल को आरंभ किया है, जहां कोई एमएसएमई चार्टर्ड अकाउंटेंटों की विशेषज्ञता का फायदा ले सकता है ।

(VIII) एमएसएमई संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

इस प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का आशय चार्टर्ड अकाउंटेंटों को वृत्तिक सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु चार्टर्ड अकाउंटेंटों को सुसज्जित करना और साथ ही राष्ट्रीय उद्देश्य की पूर्ति में सहायता करने के लिए स्वयं एमएसएमई के क्षेत्र में प्रवेश करना है । ये प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आईसीएआई के सदस्यों को एमएसएमई क्षेत्र के लिए कारबार समाधान प्रदाताओं के रूप में समर्थ बनाएगा ।

(IX) एमएसएमई संबंधी राज्य विनिर्दिष्ट पुस्तकें

समिति, एमएसएमई राज्य विनिर्दिष्ट पुस्तकों का विमोचन कर रही है । इन पुस्तकों में एमएसएमई स्कीमों, एमएसएमई के लिए सुसंगत औद्योगिक स्कीमों, विभिन्न स्कीमों के अधीन प्रोत्साहन, विभिन्न स्कीमों के अधीन उपलब्ध सहायिकियों, विनिर्दिष्ट राज्य में विभिन्न समूहों में उपलब्ध स्कीमों पर ध्यान केंद्रित किया गया है । इन पुस्तकों में नए उद्यमियों को उनकी नई स्थापित फर्मों के प्रभावी संगठन में सहायता करने तथा विनिर्दिष्ट राज्य में विद्यमान उनकी फर्मों में उद्यमशील आशयों को समाविष्ट करने तथा विनिर्दिष्ट राज्य में सीए के लिए उपलब्ध अवसरों के संबंध में अंत:दृष्टि उपलब्ध कराई गई है ।

(X) एमएसएमई संबंधी राज्य विनिर्दिष्ट पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

समिति ने एमएसएमई संबंधी राज्य विनिर्दिष्ट पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का संचालन किया है । उक्त पाठ्यक्रम राज्य विनिर्दिष्ट एमएसएमई और औद्योगिक स्कीमों, विनिर्दिष्ट राज्य में उपलब्ध विभिन्न स्कीमों के अधीन उपलब्ध प्रोत्साहनों/सहायिकियों के संबंध में ज्ञान के आधार में अभिवृद्धि करेगा ।

(XI) समझौता ज्ञापन

(i) आईआईएम लखनऊ, उद्यम इनक्युबेशन केंद्र, गुजरात छात्र स्टार्ट-अप और नवप्रवर्तन केंद्र (आई-हब), बीआईएल – रायरसन टेक्नालॉजी स्टार्ट-अप इनक्युबेटर फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन ।

आईसीएआई स्टार्ट-अप गेटवे के माध्यम से स्टार्ट-अप के सक्षमता निर्माण के लिए एआईसी – नालंदा प्रौद्योगिकी फाउंडेशन संस्थान, भुवनेश्वर, ओडिशा, एआईसी महामना फाउंडेशन फोर इंनोवेशन एंड एंटरप्रीनियोरशिप आईएम बीएचयू, वाराणसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने अपनी एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति के माध्यम से आईआईएम लखनऊ, उद्यम इनक्युबेशन केंद्र, गुजरात छात्र स्टार्ट-अप और नवप्रवर्तन केंद्र (आई-हब), बीआईएल – रायरसन टेक्नालॉजी स्टार्ट-अप इनक्युबेटर फाउंडेशन, एआईसी – नालंदा प्रौद्योगिकी फाउंडेशन संस्थान, भुवनेश्वर, ओडिशा और एआईसी महामना फाउंडेशन फोर इंनोवेशन एंड एंटरप्रीनियोरशिप आईएम बीएचयू, वाराणसी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अधीन रजिस्ट्रीकृत कंपनियां हैं और उनके संबंध में यह परिकल्पना की गई है कि वे सभी स्टार्ट-अप पणधारियों के लिए एक ऐसे केंद्र के रूप में कार्य करेंगे, जहां उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों में पूर्ण नवप्रवर्तन और उद्यमशील इको सिस्टम के माध्यम से “माइंड टू मार्किट” कार्य मार्गों का सृजन किया जाएगा । आई हब एक क्रियाशील इनक्युबेशन केंद्र है, जिसे तारीख 3.9.2022 को अहमदाबाद में गुजरात सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा एसएसआईपी के अधीन गुजरात राज्य में स्टार्ट-अप के सक्षमता निर्माण हेतु स्थापित किया

गया । आईसीएआई की ओर से तत्कालीन उपाध्यक्ष, आईसीएआई और सीईओ, आई हब ने आईसीएआई की एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में एक विशेष रूप से आयोजित कार्यक्रम के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । उक्त ठहराव का उद्देश्य स्टार्ट-अप का संवर्धन करना और भारत सरकार के उद्यमशीलता के विकास, नवप्रवर्तन संबंधी संस्कृति और स्टार्ट-अप इको सिस्टम के परस्पर एकीकरण के विजन को समर्थन करना है ।

(ii) केरल राज्य में आईसीएआई एमएसएमई इको सिस्टम के माध्यम से उद्योग और वाणिज्य निदेशालय तथा तद्धीन विभिन्न बोर्डों को और उपक्रमों के माध्यम से केरल सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने अपनी एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति के माध्यम से तारीख 1.4.2023 को एर्नाकुलम में एमएसएमई की सक्षमता निर्माण के लिए केरल राज्य में आईसीएआई एमएसएमई इको सिस्टम के माध्यम से उद्योग और वाणिज्य निदेशालय तथा तद्धीन विभिन्न बोर्डों को और उपक्रमों के माध्यम से केरल सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । इस समझौता ज्ञापन पर आईसीएआई की ओर से अध्यक्ष, एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति, आईसीएआई और केंद्रीय परिषद् सदस्य और केरल सरकार के पदधारी के बीच माननीय श्री पी. राजीव, विधि, उद्योग और केयर मंत्री के बीच एर्नाकुलम, केरल में 1.4.2023 को आयोजित एमएसएमई शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए ।

(iii) ओडिशा राज्य में आईसीएआई-एमएसएमई इको सिस्टम के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के माध्यम से सक्षमता निर्माण के लिए ओडिशा सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने अपनी एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति के माध्यम से तारीख 15.04.2023 को भुवनेश्वर में एमएसएमई की सक्षमता निर्माण के लिए ओडिशा राज्य के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के माध्यम से ओडिशा सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । इस समझौता ज्ञापन पर आईसीएआई की ओर से अध्यक्ष, एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति, आईसीएआई और केंद्रीय परिषद् सदस्य और ओडिशा सरकार के एमएसएमई विभाग के पदधारी और साथ ही प्रधान सचिव के बीच भुवनेश्वर, ओडिशा में 15.04.2023 को आयोजित एमएसएमई शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए ।

(iv) आईसीएआई-एमएसएमई इको सिस्टम के माध्यम से सक्षमता निर्माण के लिए तमिलनाडु सरकार के तमिलनाडु एमएसएमई के लिए सुविधा उपलब्ध कराने वाले स्वायत्त अभिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने अपनी एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति के माध्यम से तारीख 25.08.2022 को तिरुपुर में तमिलनाडु राज्य के एमएसएमई की सक्षमता निर्माण के लिए तमिलनाडु सरकार के तमिलनाडु एमएसएमई के लिए सुविधा उपलब्ध कराने वाले स्वायत्त अभिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । इस समझौता ज्ञापन पर आईसीएआई की ओर से अध्यक्ष, एमएसएमई और स्टार्ट-अप संबंधी समिति, आईसीएआई और केंद्रीय परिषद् सदस्य, आईसीएआई द्वारा तमिलनाडु राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री एम.के. स्टालिन की उपस्थिति में एक प्रादेशिक एमएसएमई बैठक के दौरान हस्ताक्षर किए गए ।

(v) एमएमएमई की सक्षमता निर्माण के लिए राज्य सरकारों के साथ समझौता ज्ञापन

समिति, आईसीएआई और संबद्ध राज्य सरकारों के बीच परस्पर दिलचस्पी के क्षेत्रों में एमएसएमई के विकास के संबंध में नीति निर्धारण और अनुसंधान के क्षेत्र में अनुभव को साझा करने तथा सूचना के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने, विनिर्दिष्ट राज्य में एमएसएमई की सक्षमता निर्माण के लिए ज्ञान आधार प्रयास उपलब्ध कराने, विनिर्दिष्ट राज्य में एमएसएमई के विकास के लिए केंद्रित किए जाने वाले क्षेत्रों और अवसरों की पहचान करने हेतु अध्ययनों की साध्यता और औद्योगिक संभावनाओं संबंधी सर्वेक्षणों के विकास को बढ़ावा देने, एमएसएमई आदान-प्रदान कार्यक्रम उपलब्ध कराने, अर्थात् एमएसएमई सहायता पटल, एमएसएमई इल्यूमिनेशन और एमएसएमई के लिए सीए आदान-प्रदान सेवाएं और साथ ही परस्पर दिलचस्पी के क्षेत्रों में एमएसएमई के विकास के लिए कोई अन्य प्रयास करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके एमएसएमई की सक्षमता निर्माण के प्रति अपने कार्य को जारी रखेगी ।

(vi) विश्वविद्यालयों, आईआईएम, आईआईटी, राज्य सरकारों, केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों, विख्यात संगठनों और अन्य अस्तित्वों के साथ समझौता ज्ञापन

समिति, इनक्युबेशन केंद्रों को सुकर बनाएगी और ऐसा करने के लिए वह विश्वविद्यालयों, आईआईएम, आईआईटी, राज्य सरकारों, केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों, विख्यात संगठनों और अन्य अस्तित्वों के साथ प्रस्तावित करारों को अग्रसर करेगी ।

(XII) कार्यक्रम

समिति ने, आईसीएआई-एमएसएमई/ स्टार्ट-अप के सदस्यों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जैसे कि कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन, आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और अन्य कार्यक्रम ।

7. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, सेवा विकास और डब्ल्यूटीओ संबंधी समिति (सीडीआईटीएसएंडडब्ल्यूटीओ)

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, सेवा विकास और डब्ल्यूटीओ संबंधी समिति (सीडीआईटीएसएंडडब्ल्यूटीओ) का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सेवाओं का संवर्धन करना और उन्हें सुकर बनाना, आईसीएआई के सदस्यों को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों और विनियमों के संबंध में शिक्षित करना, सलाहकारी प्रयासों में नियोजित होना, चार्टर्ड अकाउंटेंटों और कारबार समुदाय के हितों का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सेवाओं से संबंधित परिचर्चाओं में प्रतिनिधित्व करना है । समिति, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, सेवाओं और डब्ल्यूटीओ से संबंधित विषयों में विभिन्न पणधारियों की सक्षमता निर्माण के प्रति भी अपना समर्थन देती है और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और डब्ल्यूटीओ विनियमों के अनुपालन के संबंध में भी मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है और इस प्रकार वह कारबारों और वृत्तिकों की जटिल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी विधियों और करारों को बेहतर रूप से समझने में सहायता करती है ।

(I) राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के प्रति पहलें

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई), अपनी उक्त समिति के माध्यम से भारतीय आर्थिक परिदृश्य में एक केंद्रीय भूमिका अदा करता है, जिसमें वह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में विशेषज्ञता उपलब्ध कराता है । इसका प्रमुख योगदान मुक्त व्यापार करारों (एफटीए) में उसके द्वारा सम्मिलित होने से उपलक्षित होता है, जैसा कि उसके द्वारा यूनाइटेड किंगडम (यूके) और कनाडा में, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से प्राप्त प्रस्तावों की प्रतिक्रिया के रूप में लेखांकन, संपरीक्षा और लेखाबहियों संबंधी सेवाओं के अनुमोदन से उपदर्शित होता है । संस्थान का यह कार्य एक ऐसी परस्पर फायदे वाली स्कीम को स्थापित करता है, जो भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए इन देशों में समान अवसरों का सृजन करने के उद्देश्य से कार्य करती है । भारत के पांच ट्रिलीयन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में यह पहल अवसरों में अभिवृद्धि करेगी, उन्मुक्त सेक्टरों का समर्थन करेगी तथा लेखांकन सेवाओं के निर्यात में वृद्धि करेगी । आईसीएआई की सक्रिय भागीदारी व्यापार संबंधी वार्तालापों में भलिभांति जागरुक निर्णय करने तथा भारत की नीतियों को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को उपदर्शित करती है । आईसीएआई विशेषज्ञ राय उपलब्ध कराकर ऐसी व्यापार नीतियों को तैयार किए जाने के प्रति अपना योगदान उपलब्ध कराता है, जो राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, कारबारों और उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचाती हैं और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और आर्थिक विकास को भी बढावा देती है ।

सरकार का समर्थन और सहायता करना

- श्री जयेश रंजन, आईएएस, प्रधान सचिव, उद्योग और वाणिज्य (आईएंडसी) विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी तथा श्री संदीप सुल्तानिया, आईएएस, पंचायती राज विभाग, तेलंगाना सरकार के साथ 29 जुलाई, 2022 को - "कारबार और स्टार्ट-अप अवसरों का पता लगाना (अंतरगामी और बर्हिगामी)" विषय पर आयोजित समारोह में एक परिचर्चा में भाग लिया, जिसका आयोजन आईसीएआई के लक्ज़मबर्ग चैप्टर द्वारा 1 अक्टूबर 2022 को लक्ज़मबर्ग में किया गया ।
- श्री अनंत सिंघानिया, अध्यक्ष, आईएमसी वाणिज्य और उद्योग चैंबर और सुश्री अपर्णा रणदिवे, कार्यकारी निदेशक, ग्लोबल चैंबर, मुंबई के साथ 4 अगस्त 2022 को एमएसएमई यात्रा का समर्थन करने के लिए एक बैठक का आयोजन ।
- 8 अगस्त, 2022 को सुश्री हर्षा बंगारी, एमडी, एक्ज़िम बैंक के साथ एमएसएमई के लिए निर्यात पहलों के संबंध में जागरूकता का सृजन करने के लिए एमएसएमई यात्रा का समर्थन करने हेतु एक बैठक का आयोजन ।
- 8 सितंबर 2022 को श्री मुकेश कालरा, कारबार विकास प्रमुख के साथ भावी आयोजनों के संबंध में सहयोग विषय पर यूएई-भारत कारबार परिषद् की बैठक ।
- 26 दिसंबर 2022 को श्री दर्पण जैन, संयुक्त सचिव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के साथ - चल रही एफटीए वार्तालाप के दौरान यूके और कनाडा के साथ परस्पर आदान-प्रदान के आधार पर बाजार पहुंच प्रस्थापित करने के संबंध में परिषद के निर्णय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक बैठक । चर्चा के दौरान यूएस के साथ एमआरए के संबंध में एक प्रतिनिर्देश किया गया था, जिसके लिए उनके नेतृत्व में एक अन्य बैठक 27 दिसंबर 2022 को निर्धारित की गई थी ।

- 13 जनवरी, 2023 को श्री इंजेती श्रीनिवास, आईएफएससीए, अध्यक्ष के साथ बैठक - आईएफएससीए (गिफ्ट सिटी) के साथ विदेशों में संभावित सहयोग के लिए आईसीएआई के सदस्यों के हेतु अवसरों के संबंध में चर्चा करने के लिए ।
- 20 जनवरी, 2023 को सुश्री प्रिया नायर, निदेशक, वाणिज्य विभाग के साथ बैठक – भारत कनाडा ईपीटीए और भारत ईयू एफटीए के संबंध में वृत्तिक सेवाओं संबंधी परस्पर मान्यता के संबंध में विलेख और परस्पर मान्यता करार (एमआरए) दिशानिर्देशों पर चर्चा करने के लिए ।
- आईसीएआई के विदेशी चैप्टर प्रतिनिधियों के साथ, आईसीएआई चैप्टर के नेटवर्क के माध्यम से भारत में कारबार और निवेश अवसरों पर चर्चा करने के लिए 20 नवंबर 2022 को एक परस्पर क्रियाशील बैठक का आयोजन ।
- 3 फरवरी, 2023 को एस्टोनिया के दूतावास के व्यापार और निवेश प्रतिनिधि और मिशन उप प्रमुख के साथ बैठक ।
- 20 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में एस्टोनियाई दूतावास की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भाग लिया ।
- आईसीएआई के निम्नलिखित विदेशी चैप्टरों के प्रबंध समिति सदस्यों के साथ सेवाओं के निर्यात में अभिवृद्धि के लिए सहयोग के संभावित क्षेत्रों और उनकी अधिकारिता में भारतीय सीए के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए बैठकें :

चैप्टर का नाम	**तारीख**
थाईलैंड	21 फरवरी 2023
हांगकांग	9 मार्च 2023
जापान	10 मार्च 2023
युगांडा	21 मार्च 2023

सरकार को अभ्यावेदन/तकनीकी इनपुट (कराधान क्षेत्र के अलावा)

- अक्टूबर, 2021 के मध्य से मई, 2022 की अवधि के लिए व्यापार मानीटरी रिपोर्ट
- भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग डब्ल्यूटीओ भागीदारी (सीईपीए) वार्ता - सेवाओं में व्यापार
- भारत-यूएस व्यापार नीति मंच 2022
- भारत-ऑस्ट्रेलिया और भारत-कनाडा एफटीए संबंधी वृत्तिक निकाय
- भारत-यूके एफटीए वार्ताओं के लिए डिजिटल व्यापार चैप्टर
- भारत-घाना संयुक्त व्यापार आयोग (जेटीसी)
- व्यापार में सेवाओं संबंधी भारत-यूके एफटीए वार्ता – भारतीय वृत्तिकों के सामने आने वाली अडचनें
- जी20 एसीडब्ल्यूजी प्रश्नोत्तर – जनता की भागीदारी और भ्रष्टाचार रोधी शिक्षा कार्यक्रम
- आईसीएआई भारत के संपर्क बिन्दु-यूएई एफटीए और भारत ऑस्ट्रेलिया एफटीए
- भारत कनाडा ईपीटीए/सीईपीए : वृत्तिक सेवाओं संबंधी प्रस्तुतिकरण
- भारत-मॉरीशस उच्चाधिकार प्राप्त संयुक्त व्यापार आयोग (एचपीजेटीसी) और व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी करार (सीईसीपीए)
- यूएस में समकक्ष वृत्तिक निकायों के साथ एमआरए/अर्हताओं की परस्पर मान्यता
- ओईसीडी के अधीन संभावित सुधार उपायों के लिए एक समर्पित प्रकोष्ठ का गठन – निर्बंधनकारी अनुक्रमणिका और उसके इनपुट
- जापान के साथ लेखांकन सेवाओं में एमआरए/एमओयू

- व्यापार और आर्थिक सहयोग संबंधी भारत-रूस संयुक्त कार्य समूह
- डब्ल्यूटीओ में सेवाओं में व्यापार में सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) के संबंध में भारत का अधिमानी व्यवहार
- चैंपियन सेवा सेक्टर स्कीम (सीएसएसएस) के अधीन आईसीएआई की 11 स्कीमों को अद्यतन बनाना
- परस्पर मान्यता करारों हेतु मार्गदर्शनों के साथ वृत्तिक अर्हताओं के संबंध में अनुच्छेद एक्स.36 – ईयू का प्रस्तावित पाठ
- लेखांकन और संपरीक्षा संबंधी भारत-यूके एफटीए वार्ता
- भारत-न्यूजीलैंड संयुक्त व्यापार समिति के लिए न्यूजीलैंड के साथ सेवाओं में भारत का व्यापार
- लेखांकन, बहियों और संपरीक्षा सेवाओं में एफटीए वार्ताओं के अधीन कतिपय शर्तों को पूरा करने के पश्चात् परस्पर आदान-प्रदान करने के आधार पर यूके और कनाडा हेतु मंत्रालय का बाजार पहुंच संबंधी प्रस्ताव
- भारत कनाडा ईपीटीए के सेवाओं में व्यापार संबंधी चैप्टर के अधीन मान्यता संबंधी अनुच्छेद
- मलेशिया में आयोजित होने वाला भारत-आसियान कारबार शिखर सम्मेलन
- 13वां भारत थाईलैंड जेटीसी : सेवा सेक्टर संबंधी मुद्दे : लेखांकन और वित्त सेवाएं
- ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष निकायों के साथ समझौता ज्ञापन/एमआरए
- भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईसीए वार्ता
- भारत यूएस टीपीएफ सेवा कार्य समूह
- भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी करार (सीईसीपीए)
- संपर्क बिंदु : लेखांकन सेवाओं की मान्यता के लिए कार्य मार्ग (भारत यूएस टीपीएफ)
- ईयू के साथ परस्पर मान्यता करार
- सेवाओं में व्यापार पर परिचर्चा के लिए भारत-ऑस्ट्रिया जेईसी का 16वां सत्र
- यूएई पक्ष के साथ नियोजन की प्रास्थिति के संबंध में अद्यतन जानकारी, जिसे भारत के वृत्तिक निकायों द्वारा आरंभ किया गया है ।
- 13वें भारत थाईलैंड जेटीसी पर परिचर्चा के लिए केंद्र बिंदुओं के ब्यौरे : कार्य बिन्दु - सेवा क्षेत्र में सहयोग

(II) सदस्यों/छात्रों के लिए पहलें

सदस्यों के बीच विदेशी भाषा का संवर्धन

आईसीएआई ने भारत में विदेशी दूतावासों के शासकीय सांस्कृतिक भाषा केंद्रों के साथ अपने सदस्यों और छात्रों के लिए आनलाइन विदेशी भाषा पाठ्यक्रमों को आरंभ किए जाने के संबंध में ठहराव किए हैं, जिससे उन्हें विदेशी अवसरों के प्रति और अधिक स्वीकार्य बनाया जा सके । आज की तारीख तक आरंभ किए गए पाठ्यक्रमों की प्रास्थिति निम्नानुसार है :

- इंस्टीट्यूटो सर्वेन्टिस, स्पेनीश दूतावास सांस्कृतिक केंद्र के माध्यम से आनलाइन स्पेनीश भाषा पाठ्यक्रम – ए1.1 स्तर पर 612 अभ्यर्थियों के साथ 31 बैच और ए1.2 स्तर पर 122 अभ्यर्थियों के साथ 12 बैच ।
- एलायंस फ्रेन्केशे डे दिल्ली के माध्यम से आनलाइन फ्रैंच भाषा पठन पाठ्यक्रम - ए1 स्तर पर 347 अभ्यर्थियों के साथ 14 बैच ।
- द जापान फाउंडेशन के माध्यम से आनलाइन जापानी भाषा पठन पाठ्यक्रम - ए1 काटसूडो स्तर पर 323 अभ्यर्थियों के साथ 16 बैच और ए1 रिकाई स्तर पर 87 अभ्यर्थियों के साथ 5 बैच और ए2.1 काटसूडो और रिकाई के लिए 17 अभ्यर्थियों के साथ एक बैच ।
- आनलाइन कारबार अंग्रेजी भाषा पाठ्यक्रम - 526 अभ्यर्थियों के साथ 16 बैच ।

आईसीएआई के सदस्यों और छात्रों से विदेशी भाषा पाठ्यक्रम के संबंध में अधिमानता की ईप्सा करने हेतु सर्वेक्षण

28 फरवरी, 2023 को आईसीएआई के सदस्यों और छात्रों के लिए एक सर्वेक्षण आरंभ किया गया था, जिसकी

अंतिम तारीख 15 अप्रैल, 2023 थी, जिस तक उन्हें कोई विदेशी भाषा पढ़ने हेतु अपनी अधिमानता प्रस्तुत करनी थी। 6343 सदस्यों/छात्रों ने विदेशी भाषा पढ़ने के संबंध में अपनी प्रतिक्रियाएं प्रस्तुत की थी, जिससे आईसीएआई को विदेशी भाषा पाठ्यक्रम के भावी बैचों को प्रारंभ करने में सहायता प्राप्त होगी।



(III) सदस्यों के लिए सक्षमता निर्माण कार्यक्रम

अवधि के दौरान, उपरोक्त पहलों के अलावा समिति ने 'दुबई में नेटवर्किंग और भारतीय सीए के लिए स्कोप', 'गिफ्ट सिटी, गांधी नगर में जीआईएफटी - आईएफएससी में अवसर', 'डब्ल्यूटीओ व्यवस्था में वैश्विक वृत्तिक अवसर', 'यूएई में कारपोरेट कर को आरंभ करना – एक पर्यावलोकन', 'निर्यात के लिए लेखांकन वृत्तिक और फिनटेक सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए नए आयाम' और 'विदेश व्यापार नीति, 2023 – वृत्ति के लिए अवसर' विषयों पर 5 वेबीनारों/संगोष्ठियों का आयोजन किया।

निर्यात उद्यमशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, समिति ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विधियों और डब्ल्यूटीओ (आईटीएल डब्ल्यूटीओ) के युग में विषय पर एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। 5 से 7 जुलाई, 2022, 29 नवंबर, 2022 से 1 दिसंबर, 2022 और 17 से 19 जनवरी, 2023 के दौरान आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र मंच पर 'निर्यात उद्यमशीलता' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रमश: तीन बैचों का आयोजन किया गया।

इन्वेस्ट इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन (विस्तारण) पर हस्ताक्षर

4 फरवरी, 2019 के पूर्ववर्ती समझौता ज्ञापन को आगे और जारी रखते हुए 10 फरवरी, 2023 को आईसीएआई और इन्वेस्ट इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन (विस्तारण) पर हस्ताक्षर किए गए। उक्त समझौता ज्ञापन का उद्देश्य भारत में वहनीय आर्थिक विकास और निवेशों का संवर्धन करना, भारत में कारबार निवेशों के संवर्धन में सहयोग करना और भारत से बाहर भारतीय निवेशों को बढ़ावा देना है, जिसके द्वारा भारत को एक निवेश मित्र गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सके। यह पहल नवप्रवर्तन, स्टार्ट-अप इंडिया पहलों, पूरे विश्व में निवेश को सुकर बनाना, नौकरी के अवसरों का सृजन करना और सम्मान उद्देश्यों के संवर्धन में आगे और सहायता करेगी, जिससे चैंपियन सेक्टर के अधीन पहचान की गई लेखा और वित्त सेवाओं से संबंधित अंतर्गामी और बहिर्गामी निवेशों के संवर्धन की आज्ञा के उद्देश्य को अग्रसर किया जा सके।

राजदूतों की परस्पर क्रियाशील बैठक

अंत:गामी और बहिर्गामी निवेशों का संवर्धन करने, भारत को निवेश मित्र गंतव्य बनाने, वैश्विक वित्तीय इको सिस्टम को सदृढ करने के लिए अंतर्राष्टीय लेखांकन निकायों से सहयोग करने, माननीय प्रधानमंत्री मोदी, जिन्होंने लेखांकन और वित्त क्षेत्र की 12 ऐसी चैंपियन क्षेत्र सेवाओं के रूप में से एक के रूप में पहचान की है, जो निर्यात संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हैं, के विजन के अनसार वैश्विक रूप से लेखांकन वत्ति का संवर्धन करने के लिए 10 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में राजदतों की एक परस्पर क्रियाशील बैठक का आयोजन किया गया। राजदत बैठक में मंगोलिया, म्यांमार, सडान गणराज्य, सीरियाई अरब गणराज्य, क्यबा गणराज्य, पेरू गणराज्य, एस्टोनिया, जमैका, फिजी गणराज्य, गैबॉन गणराज्य, मेडागास्कर गणराज्य, नाइजीरिया गणराज्य, रूस, यमन गणराज्य, गिनी गणराज्य, रवांडा गणराज्य, कोरिया गणराज्य, ज़ाम्बिया, ज़िम्बाब्वे, टोगो गणराज्य और गुयाना के राजदूतों/उच्चायुक्त/दूतावास प्रतिनिधियों ने वियतनाम दूतावास के साथ भाग लिया।

आईसीएआई ने समिति के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज की :

- 14-15 मार्च 2023 को मेलबर्न में "लेखांकन और कारबार प्रदर्शनी" के दौरान दो सत्रों में वक्ता के रूप में भाग लिया।
- 16 मार्च, 2023 को सिडनी में अकाउंटेक्स ऑस्ट्रेलिया 2023 में भाग लिया।

एस्टोनिया और नीदरलैंड में प्रतिनिधि मंडल का दौरा

23 से 29 मई, 2023 के दौरान 13 प्रतिनिधियों के एक समूह ने अंत:गामी और बर्हिगामी निवेशों के संवर्धन के लिए एस्टोनिया और नीदरलैंड में प्रतिनिधि मंडल ने दौरा किया। इस प्रतिनिधि मंडल दौरे का मुख्य उद्देश्य एस्टोनिया में निवेश अवसरों का पता लगाना था, जिसमें लेटिट्यूड 59 कार्यक्रम पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया, जो एस्टोनिया में स्टार्ट-अप के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधि मंडल ने सीमापार निवेशों, विलयनों और अर्जनों में भारतीय लेखांकन वृत्तिकों की विशेषज्ञता को प्रदर्शित करने और साथ ही स्टार्ट-अप को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने तथा कारबार गृहों को समुचित निवेशों के लिए अस्तित्वों की पहचान करने में सहायता उपलब्ध कराई। एस्टोनिया दूतावास ने दक्षतापूर्वक प्रतिनिधि मंडल के लिए नियोजनों की एक श्रृंखला का समन्वय किया, जिसके अंतर्गत रक्षा डेमो के साथ एक बैठक का आयोजन, ई-एस्टोनिया ब्रीफिंग केंद्र में एक व्यापक ब्रीफिंग का आयोजन, डेलिन में भारतीय दूतावास के साथ एक उत्पादक परस्पर क्रियाशील बैठक का आयोजन, लेट्टियूड 59 में सक्रिय भागीदारी, बीमलाइन एक्सेलेरेटर के साथ परस्पर क्रिया और 24 और 25 मई, 2023 को लेटिट्यूड आयोजन के साथ नेटवर्किंग के अवसर सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त, आईसीएआई के नीदरलैंड चैप्टर और आईडीएफसी ने संयुक्त रूप से 26 मई, 2023 को भारत और नीदरलैंड के बीच "मोबिलाइजिंग स्टार्ट-अप इको सिस्टम" शीर्षक वाले एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

(IV) प्रकाशन

- विदेशी कंपनियों द्वारा भारत में कारबार की सुगमता।
- भारत में निर्यात संवर्धन उपाय।
- भारत में निर्यात प्रोत्साहन – निर्यात प्रोत्साहनों का विकास और उनका भावी आउटलुक।

8. अन्य गैर-स्थायी समितियों द्वारा क्रियाकलाप

8.1 उद्यमों और लोक सेवा में लगे सदस्यों संबंधी समिति (सीएमईएंडपीएस)

उद्यमों और लोक सेवा में लगे सदस्यों संबंधी समिति आईसीएआई और ऐसे सदस्यों के बीच परस्पर संबंध उपलब्ध कराती है, जो उद्यमों या लोक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। समिति ऐसे सदस्यों के संवर्धन के लिए विभिन्न पहलों के संबंध में कार्य कर रही है, जो सफल उद्यमी बनने या सिविल सेवाओं में जाने के लिए इच्छुक हैं। इसके अतिरिक्त, समिति ऐसे सदस्यों की उपलब्धियों को भी मान्यता प्रदान करती है, जिन्होंने अपने-अपने कैरियर में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, जैसे कि सफल उद्यमी बनना या सांसद बनाना या न्यायपालिका का सदस्य बनाना, आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, आईसीओएएस, आईआरएएस, आईआरएएएस, आईआरपीएस में सम्मिलित होना, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, रेल मंत्रालय, उपभोक्ता मामले मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, विधि और न्याय मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सीबीआई जैसे विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी विभागों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, आईटीएटी, एनसीएलटी जैसे अपील अधिकरणों, अन्य विनियामक निकायों जैसे सेबी, आईआरडीए, आरबीआई आदि के सदस्यों के रूप में कार्य कर रहे हैं। सीए राष्ट्र के विकास में सतत रूप से सहयोग कर रहे हैं। समिति का मुख्य उद्देश्य आईसीएआई और उद्यमों या लोक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत सदस्यों के बीच एक सक्रिय, परस्पर फायदाप्रद संबंध स्थापित करना है, जिसका उद्देश्य आईसीएआई की प्रभावोत्पादकता में वृद्धि की जा सके और इसके लिए समिति विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है और साथ ही संस्थान के सदस्यों के लिए नए क्षेत्रों और अवसरों का पता लगाती है।

समिति, राष्ट्रीय महत्व के विषयों की पहचान करने और उनके संबंध में विभिन्न प्रकार के अनुसंधान उपलब्ध कराने के लिए लोक सेवा में कार्यरत आईसीएआई के सदस्यों के सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से लोक सेवा में कार्यरत आईसीएआई के सदस्यों के लिए आवासीय बैठकों/शिखर सम्मेलनों का आयोजन करती है। आज की तारीख तक सीएमईपीएस द्वारा 12 आवासीय बैठकों का आयोजन किया गया है। इसके अलावा, समिति सतत रूप से ऐसे विभिन्न अवसरों का पता लगा रही है, जो उसके सदस्यों के लिए उद्यमों के क्षेत्र में विद्यमान हैं। भावी सीए को उद्यमों और लोक सेवा के क्षेत्र में प्रवेश करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सीएमईपीएस समिति समय-समय पर सीए सदस्यों के लिए विभिन्न मार्गदर्शन/अनुकूलन/ प्रशिक्षण कार्यक्रमों/वेबीनारों /संगोष्ठियों/ प्रादेशिक बैठकों/परस्पर क्रियाशील बैठकों का आयोजन कर रही है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सीए सदस्यों को एक ढांचा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, जिससे नए उद्यमों का संवर्धन करके सक्षमता निर्माण और देश में उद्यमशील संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके।

की गई पहलों/परस्पर क्रियाशील बैठकों/वेबीनारों/संगोष्ठियों की झलक

(i) कार्यक्रम और प्रादेशिक बैठकें

क्रम सं.	कार्यक्रम/प्रादेशिक बैठक	तारीख और स्थान
1	सिविल सेवा में शामिल होने के इच्छुक सीए सदस्यों और सीए छात्रों के लिए सिविल सेवा अनुकूलन और मार्गदर्शन कार्यक्रम (ऑनलाइन पहला बैच)	9, 10, 16, 17, 23, 24, 30 अप्रैल 2022 और 1 मई 2022 (शनिवार-रविवार) और 14, 15 और 16 अक्टूबर 2022 नई दिल्ली में
2	लोक सेवा में कार्यरत आईसीएआई सदस्यों की प्रादेशिक बैठक	8 सितंबर 2022 नई दिल्ली
3	लोक सेवा में कार्यरत आईसीएआई सदस्यों की प्रादेशिक बैठक	7 अक्तूबर, 2022 मुंबई
4	चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए आर्थिक विकास में सहयोग के लिए उद्यमशील सोच पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	21, 22 और 23 दिसंबर, 2022 मानेसर, गुरुग्राम

(ii) आवासीय बैठकें

(क) 24-26 जून 2022 के दौरान ऊटी (तमिलनाडु) में लोक सेवा में सीए सदस्यों की आवासीय बैठक

सीएमईपीएस समिति ने 24-26 जून, 2022 के दौरान ऊटी में लोक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत सीए सदस्यों की एक आवासीय बैठक का आयोजन किया था । इस बैठक में राजनीति/न्यायपालिका, आईएएस, आईएफएस, आईपीएस, आईआरएस, लागत और अन्य विनियामक सेवाओं के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से 51 सदस्यों ने भाग लिया था ।

इस आवासीय बैठक की शोभा सीए. के. रहमान खान, माननीय पूर्व उप सभापति, राज्य सभा और संघ के पूर्व अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, सीए. सुरेश प्रभु, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा और ऋषिहुड विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति, न्यायमूर्ति (सीए) अनिल आर दवे, माननीय सेवानिवृत्त न्यायाधीश, भारत का उच्चतम न्यायालय, न्यायमूर्ति सीए. (डॉ.) विनीत कोठारी, माननीय अधिवक्ता, भारत का उच्चतम न्यायालय, गुजरात उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त कार्यवाहक न्यायाधीश, न्यायमूर्ति (सीए) दिनेश मेहता, माननीय न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर, सीए. (डॉ.) अशोक कुमार मिश्रा, माननीय तकनीकी सदस्य, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण, सीए. राजेश शर्मा, माननीय सदस्य (तकनीकी), राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण ने उसमे भाग लेकर बढाई ।

(ख) 17-19 जून, 2023 को श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में लोक सेवा में कार्यरत आईसीएआई के सदस्यों की 12वीं आवासीय बैठक

17-19 जून, 2023 को श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में लोक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत आईसीएआई के सदस्यों की 12वीं आवासीय बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें लोक सेवा से लगभग 100 सदस्यों (आज तक आयोजित की गई किसी भी आवासीय बैठक के लिए सर्वाधिक बड़ी संख्या में) ने भाग लिया, जिसमें संसद् सदस्य (सीए थॉमस साजीकदन), न्यायपालिका (न्यायमूर्ति सीए दिनेश मेहता), आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, आईसीओएएस, आईआरएएस, आईआरपीएस के सदस्य, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, रेल मंत्रालय, उपभोक्ता मामले मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, विधि और न्याय मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सीबीआई जैसे विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य, आईटीएटी, एनसीएलटी जैसे अपील अधिकरणों के सदस्य, अन्य विनियामक निकायों जैसे सेबी, आईआरडीए, आरबीआई आदि के सदस्यों ने श्रीनगर में आयोजित उक्त आवासीय बैठक में भाग लिया । श्री मनोज सिन्हा, माननीय लेफ्टिनेट गर्वनर, जम्मू-कश्मीर ने मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन की शोभा बढ़ाई और उद्धाटन सत्र के दौरान लोक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत आईसीएआई के सदस्यों को संबोधित किया । इस बैठक का आयोजन संस्थान की सदस्यों के इस विशिष्ट खंड के संबंध में ली जाने वाली पहलों को पुन:संरचित करने और साथ ही राष्ट्रीय महत्व के ऐसे विषयों की पहचान करने, जिनके संबंध में आईसीएआई अनुसंधान और अध्ययन कर सकता है, लोक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत आईसीएआई के सदस्यों के सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से किया गया था ।

(III) परस्पर क्रियाशील बैठकें

क्रम सं.	बैठक	तारीख और स्थान	थीम	प्रतिभागियों की संख्या
1	भारतीय लागत लेखा सेवा में आईसीएआई के सदस्यों की परस्पर क्रियाशील बैठक	6 मई, 2022	--	--
2	उद्यमशीलता संबंधी परस्पर क्रियाशील बैठक	1 मई 2023 श्रीनगर में	एक वैश्विक वृत्तिक, उद्यमी, व्यवसायी, सीईओ के रूप में कौशल अर्जित करना	55
3	परस्पर क्रियाशील बैठक	18 मई 2023 नई दिल्ली	वैश्विक उद्यमशीलता और वृत्तिक अवसर	20
4	उद्यमशीलता संबंधी परस्पर क्रियाशील बैठक	19 मई, 2023 गोवा में	वैश्विक वृत्तिक के रूप में कौशल अर्जित करना	
5	लोक सेवा में कार्यरत आईसीएआई सदस्यों के साथ परस्पर क्रियाशील बैठक	24 मई 2023 नई दिल्ली	--	50
6	लोक सेवा में कार्यरत आईसीएआई सदस्यों के साथ परस्पर क्रियाशील बैठक (अहमदाबाद, गुजरात)	31 मई, 2023 अहमदाबाद में	--	12
7	लोक सेवा में कार्यरत आईसीएआई सदस्यों के साथ परस्पर क्रियाशील बैठक	8 जून 2023 मुंबई में	--	15 इस परस्पर क्रियाशील बैठक में लोक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत वरिष्ठ सदस्यों ने उपस्थित होकर इसकी शोभा बढ़ाई थी, अर्थात् सीए. प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष, आय-कर अपील अधिकरण, आलोक रंजन, सहायक निदेशक (लागत), सीए प्रसून काबरा, आईआरएस, अपर आयुक्त, आय-कर, मुंबई, सीए सारिका जैन, आईआरएस, आय-कर उपायुक्त, मुंबई।

(iv) बेबीनार

क्रम सं.	थीम	तारीख	संबोधन	प्रतिभागियों की संख्या
1	डायनमिक डैशबोर्ड क्रिऐशन	10 मार्च 2023	सीए. आलोक ए सेठी	772
2	पहले ही प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए यूपीएससी टॉपर्स के टिप्स	24 मार्च 2023	सीए. राहुल कुमार	775

3	ग्रीन ब्लू एंड ब्राउन अर्थव्यवस्था - पर्यावलोकन और अवसर	28 मार्च 2023	सीए. सुशील शर्मा	442
4	उभरते वर्चुअल सीपीओ (मुख्य प्रक्रिया अधिकारी) अवसर	31 मार्च 2023	सीए. प्रतीक कुमार बथवाल	1053
5	युवा उद्यमशीलता : आवश्यकता और चुनौतियाँ	12 अप्रैल 2023	सीए. जितिन कपूर	417
6	भारतीय संविधान का निर्माण और इसकी मुख्य विशेषताएं	14 अप्रैल 2023	---	362
7	चैट जीपीटी के साथ निजी वर्चुअल सहायक के भविष्य का पता लगाना : अवसर और चुनौतियाँ	20 अप्रैल 2023	सीए. विक्रम पंड्या, सीए. शिवानी गुप्ता, श्री प्रसन्ना लोहार, वक्ताओं के रूप में और सीए. नरेन्द्र सेकसरिया और सीए. शैलेश वधवानिया सत्र समन्वयक के रूप में	750
8	उद्यमशीलता - 'व्यवसाय विकास' के लिए मूल्य सृजन और मूल्य प्राप्ति के परिप्रेक्ष्य	22 अप्रैल 2023	अध्यक्ष, सीएमईपीएस और डॉ. नकुल परमेश्वर, सहायक प्रोफेसर, उद्यमशीलता और प्रबंध विभाग, आईआईटी हैदराबाद। इस अवसर पर आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।	--
9	उद्यमियों और अन्य वृत्तिकों के लिए डायनमिक डैशबोर्ड का सृजन और कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग	28 अप्रैल 2023	सीए. आलोक ए सेठी	--
10	नए अवसर नया विश्व और पीएमएलए - उद्यमियों और अन्य वृत्तिकों के लिए	29 अप्रैल 2023	अध्यक्ष, सीएमईपीएस, आईसीएआई, श्री पवन सिंह तोमर, अधिवक्ता ए सी सिंह और सीए. पंकज बलदेव दारा वक्ताओं के रूप में और सीए राजेन्द्र बगाड़े, कार्यक्रम समन्वयक के रूप में।	--
11	पर्यावरण दिवस का समारोह - जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने का ए से जेड - वृत्तिक अवसर, प्लास्टिक को समाप्त करें	5 जून 2023	सीए. श्री डीजी फोनेकर, डा. सुंगधा शेते, डा. धन्या नाम्बियार और वी. विष्णु प्रसाद।	--

(v) वेबकास्ट

क्रम सं.	**विषय**	**तारीख**
1	सिविल सेवकों के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंटों की सफलता की कहानियाँ	8 अप्रैल, 2022
2	कारबार मॉडल नवप्रवर्तन : रचनात्मकता से उद्यमशीलता विशेषज्ञता तक	10 मई, 2022
3	सामाजिक नेतृत्व में सीए को शामिल करना	14 जुलाई 2022
4	भारतीय रेल प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) में भर्ती का नया अवसर	18 दिसंबर, 2022

8.2 विधिक निदेशालय

(I) आईसीएआई का आय-कर छूट मामला

आय-कर विभाग ने दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ के निर्णय को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में विशेष इजाजत याचिका फाइल की है। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने डीजीआईटी (छूट) को यह निदेश दिया गया था कि वह

संस्थान को अधिनियम की धारा 10(23ग)(iv) के अधीन पूर्त प्रयोजनों के लिए स्थापित संस्था के रूप में पात्र संस्था के रूप में मान्यता प्रदान करे ।

उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की एक खंडपीठ ने आय-कर अधिनियम के अधीन पूर्त संस्थाओं द्वारा दावा की गई छूटों के संबंध में एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय की उद्घोषणा की है । माननीय उच्चतम न्यायलय ने अपने तारीख 19 अक्तूबर, 2022 के निर्णय द्वारा निम्नानुसार अभिनिर्धारित किया :

"195. अधिनियम (सीए अधिनियम) के ये उपबंध नि:संदेह रूप से इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं कि संस्थान शिक्षा के मानकों का विनियमन करके एक बृहत्त लोक हित के कानूनी कृत्यों का निर्वहन करता है, जिसके परिणामस्वरूप चार्टर्ड अकाउंटेंसी की वृत्ति को विनियमित किया जाता है और साथ ही वह वृत्तिक संनियमों, व्यवहार और अपने सदस्यों के अनुशासन के संबंध में भी मानकों को विहित करता है । देश में किसी भी अन्य अस्तित्व या निकाय को विधि के अनुसार उन कृत्यों को करने का प्राधिकार नहीं है, जिनका निर्वहन संस्थान करता है । यद्यपि, चार्टर्ड अकाउंटेंसी को विनियमित करने वाला अधिनियम भारत के संविधान से पहले प्रवर्तन में आया था, फिर भी यह विषय (वृत्तियों को विनियमित करने आदि) समवर्ती सूची 149 की प्रविष्टि संख्या 25 और 26 के अधीन विधायी शक्ति के प्रयोग के समतुल्य प्रतीत होता है । इसके अतिरिक्त, वे संघीय सूची (जिसे समवर्ती सूची की प्रविष्टि 25 में सम्मिलित किया गया है) की प्रविष्टि 65 का अनुपालन करता है । विद्यमान परिस्थितियों के अधीन, संस्थान केवल अकेला ऐसा निकाय है, जो चार्टर्ड अकाउंटेंसी वृत्ति के लिए वृतिक शिक्षा की अंतर्वस्तु को विहित करता है और संपूर्ण वृत्ति का विनियमन करता है । वर्तमान में, ये कर्तव्य करने के लिए कोई भी अन्य निकाय प्राधिकृत नहीं है । अत: स्पष्ट रूप से संस्थान साधारण लोक उपयोगिता को अग्रसर करने वाले पूर्त निकाय के वर्णन के अंतर्गत आता है । पूर्त निकायों की प्रकृति के संबंध में पूर्व में की गई चर्चा को ध्यान में रखते हुए तथा इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 'व्यापार, कारबार या वाणिज्य की प्रकृति' के क्रियाकलापों के घटक क्या हैं, संस्थान के कृत्य किसी भी प्रकार से ऐसे 'प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों' के वर्णन के अंतर्गत नहीं आते हैं । संस्थान द्वारा प्रभारित फीस और उसका उपयोग करने की रीति पूर्णतया विधि द्वारा नियंत्रित है । इसके अतिरिक्त, अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री यह उपदर्शित करती है कि संस्थान द्वारा प्राप्त रकमें कोई वाणिज्यिक सेवा या कारबार सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्राप्त नहीं गई अपितु वे समाज और साधारण जनता को सेवा उपलब्ध कराने के लिए अनिवार्य हैं । आईसएआई के विरुद्ध फाइल की गई राजस्व अपीलों को खारिज किया जाता है और उन्हीं कारणों से आईसीएआई द्वारा फाइल की गई अपीलों को मंजूर किया जाता है ।"

(II) भारत के लागत लेखा संस्थान द्वारा 'आईसीएआई' के संक्षिप्त नाम का उपयोग

भारतीय चार्टर्ड अकाउटेंट संस्थान (आईसीएआई) द्वारा उसके व्यापार चिह्न 'आईसीएआई' के भारतीय लागत लेखापाल संस्थान द्वारा उल्लंघन के लिए फाइल किए गए एक सिविल वाद में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय लागत लेखापाल संस्थान को उसके संस्थान या उसके द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के लिए संक्षिप्त नाम के रूप में 'आईसीएआई' का उपयोग करने के लिए निषेध आज्ञा पारित करके रोक लगा दी है । माननीय उच्च न्यायालय ने यह भी निदेश दिया है कि भारतीय लागत लेखापाल संस्थान यह सुनिश्चित करने के लिए भी उपाय करेगा कि ऐसे सभी भौतिक और वर्चुअल मीडिया/वेबसाइटों, जहां पर भारतीय लागत लेखापाल संस्थान की उपस्थिति है, जिसके अंतर्गत इंटरनेट पर उपलब्ध सभी वेबसाइटें और साथ ही उसके सभी सोशल मीडिया मंच भी हैं, से तीन मास की अवधि के भीतर 'आईसीएआई' संक्षिप्त नाम को हटा दिया जाता है।

(III) दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईसीएआई के विरुद्ध भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के अन्वेषण को अभिखंडित किया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि आईसीएआई द्वारा प्रयोग की जाने वाली विनियामक शक्तियां भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की अधिकारिता के अंतर्गत नहीं आती हैं और इसलिए उसने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा आईसीएआई के विरुद्ध आरंभ किए गए अन्वेषण को अभिखंडित किया ।

आईसीएआई ने वर्ष 2014 में धारा 26(1) के अधीन सीसीआई के उस निदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका फाइल की थी, जिसके माध्यम से सीसीआई ने आईसीएआई द्वारा संचालित सतत वृत्तिक शिक्षा (सीपीई) कार्यक्रम से संबंधित विषय में अन्वेषण करने का निदेश जारी किया था ।

परिवादी द्वारा यह प्रतिवाद प्रस्तुत किया गया था कि केवल आईसीएआई और उसके घटक संरचित पठन क्रियाकलापों का संचालन कर रहे हैं और यह कि आईसीएआई ने किसी भी अन्य निकाय को ऐसे पठन क्रियाकलाप चलाने के लिए मान्यता या अनुज्ञा नहीं दी है । यह आरोप लगाया गया था कि प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा 4 का उल्लंघन किया गया है ।

सीसीआई के उस आदेश को, जिसके द्वारा आईसीएआई के विरुद्ध अन्वेषण करने का निदेश दिया गया था, अपास्त करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने निम्नानुसार अभिनिर्धारित किया :

"यह न्यायालय इस बात को स्वीकार करने में असमर्थ है कि सीसीआई की अधिकारिता किसी कानूनी निकाय को अपने ऐसे कृत्यों को किसी अन्य को सौंपने हेतु मजबूर करने तक विस्तारित होती है, जिनका कार्यपालन वह अपने कानूनी कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए करता है, इस बात को ध्यान में न रखते हुए कि यह आर्थिक क्रियाकलापों के विस्तार क्षेत्र के अंतर्गत आ सकता है। यह उपधारणा करना त्रुटिपूर्ण होगा कि यदि कोई क्रियाकलाप आर्थिक क्रियाकलापों की व्यापक परिभाषा के अंतर्गत आता है तो यह आवययक होगा कि उसके लिए एक खुले बाजार का सृजन किया जाए। यह न्यायालय यह स्वीकार करने में असमर्थ है कि सीसीआई किसी संगठन या किसी उद्यम को अपने क्रियाकलापों को आउटसोर्स करने हेतु मजबूर कर सकता है।"

(IV) धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में संशोधन

3 मई, 2023 को वित्त मंत्रालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 2(6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पीएमएल की धारा 2(धक) में संशोधनों को अधिसूचित किया, जिनके अंतर्गत चार्टर्ड अकाउंटेंटों, कंपनी सचिवों और लागत लेखापालों को "अभिहित कारबार या वृत्ति करने वाले व्यक्तियों" की सूची में सम्मिलित किया गया। सीए द्वारा, उनकी वृत्ति के अनुक्रम में उनके ग्राहकों की ओर से किए जाने वाले निम्नलिखित क्रियाकलापों को अब उक्त सूची में सम्मिलित किया गया है :

क) किसी स्थावर संपत्ति का क्रय और विक्रय ;

ख) ग्राहक के धन, प्रतिभूतियों या अन्य आस्तियों का प्रबंधन ;

ग) बैंक, बचत या प्रतिभूति खातों का प्रबंधन ;

घ) कंपनियों के सृजन, प्रचालन या प्रबंध के लिए अभिदायों का संयोजन; कंपनियों, सीमित दायित्व भागीदारियों या न्यासों का सृजन, प्रचालन या प्रबंध और कारबार अस्तित्वों का क्रय और विक्रय ;

8.3 अवसंरचना विकास संबंधी समिति (आईडीसी)

अवसंरचना विकास संबंधी समिति का सृजन वर्ष 2014 में संस्थान की एक गैर-स्थायी समिति के रूप में किया गया था। वर्ष 2014 से, आईसीएआई ने एक ठोस अवसंरचना नीति स्थापित की है, जो वित्तीय विवेक और अनुशासन को सुनिश्चित करती है। इस वर्ष समिति ने शाखाओं और प्रादेशिक परिषदों/कार्यालयों के लिए अवसंरचना नीति को पुन: रचित किया है। यह नीति इस बात को परिभाषित करती है कि किस प्रकार की प्रसुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं, स्थानीय अवसरंचना समितियों की संरचना कैसी हो, भूमि/भवन के अर्जन की नीति और प्रक्रिया, संकेतात्मक क्षेत्र, प्रधान कार्यालय से अनुज्ञेय अनुदान, संस्थान के भीतर विभिन्न प्राधिकारियों में निहित शक्तियां और उनका प्रत्यायोजन। चूंकि नीति स्वयं वित्तीय शक्तियों को परिभाषित करती है, इसलिए वर्ष 2014 के पश्चात् से सभी अवसंरचना परियोजनाएं वित्त समिति की बजाए आईडीसी द्वारा अनुमोदित की जा रही हैं। अवसंरचना नीति को विरचित किए जाने के समय से ही आईसीएआई ने निम्नलिखित परियोजनाओं को आरंभ किया है :

नई अवसंरचना का क्रय	अनुमोदित संनिर्माण संबंधी प्रस्ताव
कन्नूर, जालंधर, जबलपुर, गोवा, गुरुग्राम, मुरादाबाद, पाली, आगरा, गोरखपुर, करनाल, किशनगढ़, लातूर, पटियाला, उज्जैन, रतलाम, चेंगलपट्टू, अहमदाबाद, कोटा, एर्नाकुलम, हिमाचल प्रदेश, जामनगर, तिरुपति, रायपुर, गुवाहाटी, बेंगलुरु उपहार में दी गई संपत्ति, सीओई चेन्नई (1.19 एकड़) और सीओई गुवाहाटी।	अजमेर, सूरत, हुबली, भोपाल, राजमहेंद्रवरम, उत्कृष्टता केंद्र जयपुर, बठिंडा, बरेली, जोधपुर, रायपुर, कन्नूर, गाजियाबाद, गोवा, मुरादाबाद, गुंटूर, आगरा, गुरुग्राम, रोहिणी, रतलाम, पटियाला, किशनगढ़, उज्जैन, पाली, सीओई कोलकाता, उपहार में दी गई संपत्ति बेंगलुरु, अहमदाबाद, चेंगलपट्टू, एर्नाकुलम, रोहतक, सिलीगुड़ी, पटना, जबलपुर, जालंधर, आईसीओई चेन्नई कैंप कार्यालय।

आईसीएआई द्वारा अभी तक स्थापित कुल शाखाओं में से 168, 102 शाखाओं के पास अपने स्वयं के परिसर हैं। 13 ने भूमि का उपापन किया है (मान में किराए के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैंजो वर्त) शाखाओं, जहां या तो उन्होंने संनिर्माण आरंभ कर दिया है या होने वाला है। ने अपने (जो अपने स्वयं के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैं) शाखाओं 12 स्वयं की भूमि का उपापन किया है, जहां या तो संनिर्माण आरंभ कर दिया गया है या होने वाला है। शाखाओं के पास 53 जून 30 अपने स्वयं की भूमि या भवन नहीं है।, 2023 तक क्षेत्रवार ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

क्रम सं.	विशिष्टियां	टिप्पणियां					
		डब्ल्यूआई आरसी	एसआई आरसी	ईआई आरसी	सीआई आरसी	एनआई आरसी	योग
1.	शाखाओं की कुल संख्या	**36**	**45**	**13**	**50**	**24**	**168**
2.	अपने स्वयं का परिसर रखने वाली शाखाओं की संख्या	21	34	6	31	10	**102**
3.	ऐसी शाखाओं की संख्या, जिनके पास भूमि है और जिस पर संनिर्माण या तो आरंभ हो गया है या आरंभ होने वाला है (जो किराए के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैं)	1	2	0	5	5	**13**
4.	ऐसी शाखाओं की संख्या, जिनके पास अपने परिसर के अलावा ऐसी भूमि भी है जिस पर संनिर्माण या तो आरंभ हो गया है या आरंभ होने वाला है (जो अपने स्वयं के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैं)	4	2	1	5	0	**12**
5.	ऐसी शाखाओं की कुल संख्या, जिनके पास न तो भूमि है और न ही भवन और जो किराए के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैं	14	9	7	14	9	**53**

8.4 अंतरराष्ट्रीय कार्य समिति (आईएसी)

क्रियाकलाप

(I) विदेशों में वृत्तिक अवसरों की मान्यता के लिए आईएसी की पहलें

अंतर्राष्ट्रीय रूप से अपनी उपस्थिति को उपदर्शित करने के लिए आईसीएआई, सदस्यों की अर्हताओं को परस्पर रूप से मान्यता प्रदान करने के लिए वैश्विक लेखांकन निकायों के साथ अर्हता संबंधी परस्पर मान्यता हेतु करार कर रहा है। ये करार दो लेखांकन संस्थाओं के बीच कार्यकारी संबंधों की स्थापना करते हैं। ये करार वैश्विक रूप से कारबार के लिए दोनों ओर से नए आयामों को आरंभ करने के लिए वृत्तिकों के आदान-प्रदान में वृद्धि करने की ओर आगे बढ़ाया गया एक कदम है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, आईसीएआई ने इंग्लैंड और वेल्स के चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के साथ अपने करार का नवीकरण किया है।

आईसीएईडब्ल्यू के साथ समझौता ज्ञापन का नवीकरण

24 अप्रैल, 2023 को लंदन में आईसीएईडब्ल्यू के साथ समझौता ज्ञापन का नवीकरण किया गया। संबंधित संस्थानों की ओर से सुश्री जुलिया पेनी, अध्यक्ष, आईसीएईडब्ल्यू और अध्यक्ष, आईसीएआई ने उपाध्यक्ष, आईसीएआई और अन्य केंद्रीय परिषद् सदस्यों और आईसीएईडब्ल्यू के वरिष्ठ कृत्यकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईसीएआई और आईसीएईडब्ल्यू के बीच परस्पर संबंध वर्ष 2008 में आरंभ हुए थे, जब दो निकायों के बीच पहले समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौता ज्ञापन का नवीकरण किए जाने से दोनों संस्थानों के उपयुक्त रूप

से अर्हित सदस्यों को, अपनी विद्यमान लेखांकन अर्हता के लिए उपयुक्त क्रेडिट प्राप्त करके दूसरे संस्थान में प्रवेश पाने में समर्थ बने रहेंगे और इसके परिणामस्वरूप यूके में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए अनेकों वृत्तिक अवसर सामने आएंगे । इसके अतिरिक्त, आईसीएईडब्ल्यू के साथ परस्पर दिलचस्पी के विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चाएं की गई थी, जैसे कि शिक्षा और परीक्षा में सर्वोत्तम व्यवहारों का आदान-प्रदान, समकालीन क्षेत्रों जैसे कि प्रौद्योगिकी, वहनीयता, दिवाला, ईएसजी और अन्य उभरते क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान ।

(II) आईसीएआई की वैश्विक उपस्थिति में अभिवृद्धि

- **आईसीएआई के विदेशी चैप्टरों और प्रतिनिधि कार्यालयों के माध्यम से वैश्विक रूप से सीए ब्रांड का संवर्धन**

  आईसीएआई के पास 46 विदेशी चैप्टर और 34 प्रतिनिधि कार्यालय हैं, जो विश्व भर में फैले हैं और जो उसे बेहतर रूप से भारतीय सीए की वैश्विक ब्रांड छवि में अभिवृद्धि करके सदस्यों की बेहतर रूप से सेवा करने हेतु समर्थ बनाते हैं ; इसके अतिरिक्त, उनका प्रयोजन और अधिक वृत्तिक अवसरों का सृजन करना और अंतर्राष्ट्रीय संसाधनों के प्रति सहायता करना है । आईसीएआई ने पूरे विश्व के 80 शहरों में अपनी उपस्थिति स्थापित कर ली है । इस अवधि के दौरान आईसीएआई ने 2 नए चैप्टरों का शुभारंभ किया, अर्थात् सिएटल और ऐरिजोना तथा संयुक्त राज्य अमेरिका में छह प्रतिनिधि कार्यालयों को भी आरंभ किया गया, अर्थात् ऐरिजोना, आस्टिन, लॉस एंजेलिस, मिशिगन, नार्थ केरोलिना और ओहाइयो, इन कार्यालयों का शुभारंभ सान फ्रांसिको चैप्टर द्वारा आयोजित "यूनाइट इन अमेरिका" शीर्षक वाले आयोजन के दौरान किया गया । ऐरिजोना प्रतिनिधि कार्यालय को एक चैप्टर में संपरिवर्तित किया गया । प्रतिनिधि कार्यालयों की स्थापना का उद्देश्य उस अधिकारिता में आईसीएआई के चैप्टर के सृजन के प्रति कार्य करना है और इस प्रकार आईसीएआई विदेशों में स्थित अपने सदस्यों को एकसाथ लाकर तथा उन तक प्रभावी पहुंच को समर्थ बनाकर अपने सदस्यों को प्रभावी सेवा उपलब्ध कराता है और इस प्रकार वह 'भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों' की एक 'ब्रांड' के रूप में छवि को विश्व भर में मजबूत करने में सहायता करता है तथा भारतीय चार्टर्ड अकांउटेंटों के लिए अधिकाधिक वृत्तिक अवसरों के सृजन में योगदान देता है ।

➢ **आईसीएआई के सर्वोत्तम विदेशी चैप्टर पुरस्कार, 2022**

  वर्ष 2013 से अंतर्राष्ट्रीय कार्य संबंधी समिति (आईएसी) प्रत्येक वर्ष विदेशों में स्थित अपने चैप्टरों के लिए आईसीएआई के सर्वोत्तम विदेशी चैप्टर पुरस्कारों का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य 'भारतीय सीए' की ब्रांड छवि में अभिवृद्धि करने में चैप्टर का प्रबंध करने वाली समिति के प्रयासों की सराहना करना है और साथ ही इस बात के लिए भी उसकी अनुशंसा की जाती है कि वह सदस्यों को नेटवर्किंग हेतु एक मंच उपलब्ध करा रही है और इस प्रकार विदेशी जमीन पर सदस्यों के बीच अपनेपन की भावना का सृजन कर रही है । ये पुरस्कार चैप्टरों के विशिष्ट प्रयासों और उदाहरणात्मक उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करते हैं, जो चार्टर्ड अकाउंटेंसी वृत्ति के विस्तार क्षेत्र में निरंतर बढ़ोतरी कर रहे हैं । सर्वोत्तम विदेशी चैप्टर का चयन समय-समय पर यथा अनुमोदित परिभाषित पैरामीटरों के आधार पर किया जाता है । इस वर्ष के लिए पुरस्कारों को आईसीएआई के वार्षिक दिवस समारोह के दौरान सम्यक् रूप से वितरित किया गया था ।

- **अंतर्राष्ट्रीय निकायों में आईसीएआई का प्रतिनिधित्व**

  - पूर्वाध्यक्ष, आईसीएआई नवंबर 2023 तक दो साल की अवधि के लिए एशिया और प्रशांत अकाउंटेंट परिसंघ (कापा) के उपाध्यक्ष हैं।
  - पूर्वाध्यक्ष, आईसीएआई नवंबर 2023 तक दो साल की अवधि के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स वर्ल्डवाइड (सीएडब्ल्यू) के बोर्ड के सदस्य हैं ।
  - पूर्वाध्यक्ष, आईसीएआई 01 जनवरी, 2023 से आरंभ होने वाली एक वर्ष की अवधि के लिए साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स (साफा) के अध्यक्ष हैं ।
  - पूर्व परिषद सदस्य, आईसीएआई 01 जनवरी, 2022 से आरंभ होने वाली तीन वर्षों की अवधि के लिए आईएफएसी के लघु और मध्यम व्यवसायियों (एसएमपी) सलाहकार समूह के सदस्य हैं ।
  - पूर्व परिषद सदस्य, आईसीएआई 01 जनवरी, 2022 से आरंभ होने वाली दो साल की अवधि के लिए इंटरनेशनल एथिक्स स्टैंडर्ड्स बोर्ड फॉर अकाउंटेंट्स (आईईएसबीए) के सदस्य हैं ।
  - पूर्वाध्यक्ष, आईसीएआई, आईएफएसी के बोर्ड सदस्य हैं और उनका पहला कार्यकाल नवंबर 2023 तक है ।

- पूर्वाध्यक्ष आईसीएआई दिसंबर 2023 तक प्रोफेशनल अकाउंटेंट्स इन बिजनेस एडवाइजरी ग्रुप के सदस्य हैं ।
- पूर्वाध्यक्ष, आईसीएआई, दिसंबर 2023 तक वृत्तिक लेखांकन संगठन विकास और सलाहकार समूह के सदस्य हैं ।
- परिषद सदस्य, आईसीएआई वहनीयता मानक सलाहकार मंच (एसएसएएफ) में आईसीएआई का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।

- **आईसीएआई की ब्रांड साम्या का वैश्वीकरण**

  - **आईसीएआई के सदस्यों को सिंगापुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईएससीए) के सहबद्ध सदस्य के रूप में मान्यता**

    आईएससीए, सिंगापुर ने आईसीएआई की अर्हता को आईएससीए की सहबद्ध सदस्यता के लिए वृत्तिक अर्हताओं में से एक के रूप में मान्यता प्रदान की है और यह स्वयं में इस बात का सबूत है कि वैश्विक रूप से वृत्ति की ब्रांड साम्या में अभिवृद्धि हो रही है । यह मान्यता ऐसे सभी सदस्यों के लिए फायदाप्रद होगी, जो सिंगापुर में निवास कर रहे हैं और जिनके पास सिंगापुर में स्थानीय रूप से कार्य करने का कम से कम छह मास का अनुभव है ।

  - **एमआईए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आईसीएआई की उपस्थिति**

    आईसीएआई 13-14 जून, 2023 के दौरान क्वालालम्पुर में "फीचर फीट प्रोफेशन : चार्टिंग ए बेटर टूमारो" विषय पर आयोजित एमआईए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का प्लैटिनम प्रायोजक था और उसने सम्मेलन में आईसीएआई पैवेलियन की स्थापना की थी जहां उसने जीएलओपीएसी और वैश्विक संगतता की अपनी अन्य विभिन्न पहलों का संवर्धन किया था । आईसीएआई ने पैवेलियन में अपने प्रकाशनों को भी प्रदर्शित किया । इससे आईसीएआई को मलेशिया में अपने कदम जमाने में सहायता प्राप्त हुई और आईसीएआई को प्रतिभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं । इस आयोजन के साथ-साथ आईसीएआई ने 12 जून, 2023 को आईसीएआई कनेक्ट नामक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें मलेशिया में भारतीय उच्चायुक्त महामहिम बी.एन. रेड्डी, वाईबी सेनेटर सरस्वती कंदा स्वामी, उद्यम विकास और सहकारिता उप मंत्री, सुश्री असमा रेस मौकी, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय अकाउंटेंट्स फेडरेशन (आईएफएसी), मलेशियाई अकाउंटेंट्स संस्थान (एमआईए) का नेतृत्व और मलेशियाई इंस्टिट्यूट आफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स (एमआईसीपीए), अध्यक्ष, आईसीएआई, उपाध्यक्ष, आईसीएआई और मलेशिया (क्वालालम्पुर) चैप्टर, आईसीएआई की प्रबंध समिति के सदस्य भी सम्मिलित हुए । आईसीएआई कनेक्ट आयोजन की सभी प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई और इससे आईसीएआई को मलेशिया में अपनी ब्रांड छवि में अभिवृद्धि करने में सहायता प्राप्त हुई ।

    अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, आईसीएआई ने आईएफएसी की अध्यक्ष सुश्री असमा रेस मौकी के साथ एक गोलमेज बैठक में भाग लिया, जिसकी मेजबानी मलेशियाई इंस्टीट्यूट्स आफ अकाउंटेंट्स (एमआईए) द्वारा की गई थी । यह आईसीएआई के लिए सुनहरा अवसर था, जहां आईसीएआई ने आईएफएसी के साथ नेटवर्किंग की और स्थानीय तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के निकायों और बीओए के साथ परस्पर क्रियाएं की । अध्यक्ष, आईसीएआई ने इस आयोजन के दौरान एक प्रस्तुतिकरण किया, जिसमें उन्होंने आईसीएआई द्वारा वृत्ति के भविष्य के लिए संगत विभिन्न क्षमता और सक्षमता निर्माण प्रयासों के संबंध में प्रतिभागियों को जानकारी दी ।

  - **आईसीएआई द्वारा अफ्रीका कांग्रेस आफ अकाउंटेंट्स (एसीओए), 2023 में भाग लिया जाना**

    आईसीएआई सातवीं अफ्रीका कांग्रेस आफ अकाउंटेंट्स (एसीओए), 2023 में एक प्रमुख प्रायोजक था और यह समारोह पेन अफ्रीकन फेडरेशन आफ अकाउंटेंट्स (पाफा) का एक प्रमुख आयोजन है, जिसे आबिद जान, आइवरी कोस्ट में 15 से 18 मई, 2023 के दौरान आयोजित किया गया था । 54 देशों से 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने इस कांग्रेस में भाग लिया, जहां अध्यक्ष, आईसीएआई, उपाध्यक्ष, आईसीएआई, तुरंत पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई और परिषद् सदस्य, आईसीएआई ने विभिन्न सत्रों को संबोधित किया । आईसीएआई को एसीओए में एक सबसे बड़े पैवेलियन में प्रदर्शनी लगाने का अवसर प्राप्त हुआ, जहां आईसीएआई की नवीनतम पहलों को प्रदर्शित किया गया और आईसीएआई को प्रतिभागियों से अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई ।

- **आईसीएआई का दौरा करने वाले प्रतिनिधि मंडल**

  - **इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंग्लैड एंड वेल्स से आए प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक**

    अध्यक्ष, आईसीएआई ने उपाध्यक्ष, आईसीएआई के साथ इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंग्लैड एंड वेल्स (आईसीएईडब्ल्यू) से आए श्री जान बोल्टन, निदेशक, नीति और सुश्री वंदना सक्सेना पोरिया, भारतीय सलाहकार से 16 मार्च, 2023 को आईसीएआई, नई दिल्ली में बैठक की । इस बैठक के दौरान दोनों संस्थानों ने परस्पर हित के क्षेत्रों में एक-दूसरे से भागीदारी और सहयोग करने का करार किया ।

  - **सीपीए आस्ट्रेलिया से एक प्रतिनिधि मंडल का आईसीएआई का दौरा**

    श्री लेसी लियो, महाप्रबंधक – उभरते बाजार, सीपीई आस्ट्रेलिया ने 18 अप्रैल, 2022 को आईसीएआई के प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली का दौरा किया । आईसीएआई की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा श्री एंड्रयू हंटर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सीपीए आस्ट्रेलिया के नेतृत्व में सीपीए आस्ट्रेलिया के एक दल से 21 अप्रैल, 2022 को एक कांफ्रेस काल के माध्यम से वार्ता की थी । दोनों संस्थानों ने, उनके बीच पिछले 12 वर्षों से हस्ताक्षरित अर्हता को परस्पर मान्यता दिए जाने संबंधी करार के फायदों के संबंध में चर्चा की गई और साथ ही दोनों संस्थानों के परस्पर हित के विषयों पर संयुक्त अध्ययन करने तथा प्रकाशन निकालने के संबंध में भी वार्ताएं की गई ।

(III) तकनीकी सहयोग संबंधी करार

  - **आईसीएआई और सीए मालदीवस के बीच किए जाने वाले समझौता ज्ञापन का मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन**

    संघ के मंत्रिमंडल ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित अपनी बैठक में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) और द इंस्टीट्यूट्स आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ मालदीवस (सीए मालदीवस) के बीच किए जाने वाले समझौता ज्ञापन का अनुमोदन किया । इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य लेखांकन ज्ञान, वृत्तिक और बौद्धिक विकास, प्रत्येक संस्थान के अपने-अपने सदस्यों के हितों को अग्रसर करना तथा मालदीवस और भारत में लेखांकन वृत्ति के विकास में सकारात्मक रूप से योगदान देने के लिए परस्पर सहयोग को स्थापित करना है ।

  - **इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ नाइजीरिया और इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ नेपाल (आईसीएएन) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

    आईसीएआई ने इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ नाइजीरिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए तथा उसने इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ नेपाल (आईसीएएन) के साथ अपने विद्यमान समझौता ज्ञापन को नवीकृत किया । ये दोनों समझौता ज्ञापन डब्ल्यूसीओए 2022 के आयोजन के दौरान हस्ताक्षरित किए गए और उक्त समझौता ज्ञापनों पर श्री देवेन्द्र फडनवीस, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए थे । ये समझौता ज्ञापन नाइजीरिया और नेपाल में लेखांकन ज्ञान, वृत्तिक और बौद्धिक विकास, प्रत्येक संस्थान के अपने-अपने सदस्यों के हितों को अग्रसर करना तथा लेखांकन वृत्ति के विकास में सकारात्मक रूप से योगदान देने के लिए परस्पर सहयोग को स्थापित करना है ।

  - **पोलिश चैम्बर आफ स्टेट्यूटरी आडिटर्स (पीआईबीआर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

    आईसीएआई ने 10 अगस्त, 2022 को पोलिश चैम्बर आफ स्टेट्यूटरी आडिटर्स (पीआईबीआर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । आईसीएआई और पीआईबीआर के बीच हुए समझौता ज्ञापन से यह आशा की जाती है कि उससे यूरोप में हमारी उपस्थिति और सुदृढ़ होगी तथा आईसीएआई के सदस्यों को पौलेंड में और अधिक वृत्तिक अवसर प्राप्त होंगे । इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य आईसीएआई और पीआईबीआर के सदस्यों के लिए परस्पर फायदाप्रद संबंधों को विकसित करने के लिए एक साथ कार्य करना है ।

  - **चेम्बर आफ आडिटर्स आफ द रिपब्लिक आफ अजरबाइजान (सीएआर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

    आईसीएआई ने 16 सितंबर, 2022 को चेम्बर आफ आडिटर्स आफ द रिपब्लिक आफ अजरबाइजान (सीएआर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं । यह समझौता ज्ञापन संयुक्त कार्यक्रमों और

अनुसंधान पहलों के माध्यम से ज्ञान के अंतरण द्वारा लेखांकन वृत्ति के संवर्धन में परस्पर हित के क्षेत्रों में सहयोग को सुदृढ़ करेगा।

- **नेशनल बोर्ड आफ अकाउंटेंट्स एंड आडिटर्स (एनबीएए), तंजानिया के पदधारियों के लिए प्रशिक्षण**

  आईसीएआई ने वैश्विक रूप से वृत्ति के विकास के योगदान में अपनी प्रतिबद्धता को दर्शित करते हुए नेशनल बोर्ड आफ अकाउंटेंट्स एंड आडिटर्स (एनबीएए), तंजानिया के एक प्रतिनिधि मंडल के लिए आईसीएआई के प्रधान कार्यालय में एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन फरवरी 2022 में किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में परीक्षा प्रणाली सदस्यों और छात्र निदेशालय का कार्यकरण, यूडीआईएन और डिजीटल पठन केंद्र, छात्रों के लिए कैरियर संबंधी परामर्श, सीपीई, वहनीयता और नैतिकता जैसे क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रतिभागियों से अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई थी।

(IV) समिति द्वारा आयोजित समारोह

- **अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस (डब्ल्यूसीओए) 2022 की मेजबानी के दौरान आयोजित की गई बैठकें**

  आईसीएआई ने 18-21 नवंबर, 2022 के दौरान जिओ वर्ल्ड कन्वेशन केंद्र, मुबंई में आईसीएआई द्वारा मिश्रित पद्धति से अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस (डब्ल्यूसीओए) 2022 के आयोजन के दौरान 14 नवंबर, 2022 से आरंभ करते हुए विभिन्न अन्य अंतर्राष्ट्रीय बैठकों और मंचों की मेजबानी तथा समर्थन किया। अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस (डब्ल्यूसीओए) को लोकप्रिय रूप से अंकाउंटेंटों के ओलम्पिक के रूप में जाना जाता है और कांग्रेस के 118 वर्षों के इतिहास में पहली बार इसका आयोजन भारत में किया गया। आईसीएआई द्वारा आयोजित 21वीं विश्व कांग्रेस में कांग्रेस के इतिहास में सर्वाधिक बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया और इस संपूर्ण आयोजन में 120 से अधिक देशों से लगभग 10000 से अधिक प्रतिनिधियों ने उपस्थिति दर्ज की। कांग्रेस के इतिहास में यह एक सबसे बड़ा लेखांकन और वित्तीय वृत्तिकों का मेला था। इस विश्व कांग्रेस में 40 सत्रों को सम्मिलित किया गया था, जिनका आयोजन 4 दिनों के दौरान किया गया और उनमें सर्वाधिक सुसंगत और समकालीन विषयों को सम्मिलित किया गया और इन सत्रों को 159 विख्यात अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय वक्ताओं ने संबोधित किया। 36 भारतीय फर्मों ने भी इस आयोजन में भागीदारी की और उन्होंने विश्व को भारतीय लेखांकन वृत्ति की सुदृढ़ता का प्रदर्शन किया। कोविड-19 महामारी के कारण आई चुनौतियों के बावजूद इस आयोजन में इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो कि स्वयं में एक ऐतिहासिक रिकार्ड है और पूरे विश्व भर से आए प्रतिभागियों ने इस संपूर्ण आयोजन की अनुशंसा की। इस आयोजन के दौरान आयोजित की गई अन्य बैठकों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

  - **डब्ल्यूसीओए 2022 के साथ-साथ कराए गए अंतर्राष्ट्रीय आयोजन**

    आईएफएसी परिषद् और बोर्ड की बैठक – संस्थान ने 15 और 16 नवंबर, 2022 के दौरान मुंबई में परिषद् और इंटरनेशनल फेडरेशन आफ अकाउंटेंट्स की बोर्ड बैठकों की मेजबानी की। इन बैठकों के माध्यम से वैश्विक प्रवृत्तियों और ऐसी घटनाओं के संबंध में अंतदृष्टि प्राप्त हुई, जो वृत्ति को प्रभावित करती हैं और इन बैठकों के दौरान आगे की सुसंगत कार्ययोजना के संबंध में भी विचार किया गया।

    कापा परिषद् और बोर्ड की बैठक – आईसीएआई ने 16 और 17 नवंबर, 2022 को मुंबई में परिषद और एशिया तथा प्रशांत अकाउंटेंटों के परिसंघ के बोर्ड की बैठकों की मेजबानी की। इन बैठकों के दौरान क्षेत्र में वृत्ति के विकास के संबंध में परिचर्चाओं का आयोजन किया गया।

    साफा बोर्ड बैठक – दक्षिण एशियाई अकाउंटेंटों की फेडरेशन की 75वीं बोर्ड बैठक का आयोजन 17 नवंबर, 2022 को किया गया, जिसे सुश्री असमा रेस मौकी, अध्यक्ष, आईएफएसी द्वारा संबोधित किया गया। बोर्ड ने क्षेत्र में वृत्ति की सक्षमता और सामर्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किए जाने वाले उपायों के संबंध में विचार-विमर्श किया।

    पाफा आयोजन – पेन अफ्रीकन फेडरेशन आफ अकाउंटेंट्स (पाफा) ने 17 नवंबर, 2022 को अफ्रीका दिवस मनाया। इस कार्यक्रम की मेजबानी आईसीएआई द्वारा की गई। इस आयोजन में अफ्रीका से 135 प्रतिनिधियों और लेखांकन निकायों के अध्यक्षों ने भाग लिया। इस आयोजन में अफ्रीका की अर्थव्यवस्था और अफ्रीका में अकाउंटेंटों के लिए संभाव्य वृत्तिक अवसरों को उपदर्शित किया गया।

एक्सबीआरएल एशिया गोलमेज बैठक – 16 और 17 नवंबर, 2022 को मुंबई में एक्सबीआरएल इंटरनेशनल ने अपनी 11वीं एक्सबीआरएल एशिया गोलमेज (एक्सएआरटी) बैठक का आयोजन किया। 17 नवंबर, 2022 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष सुश्री माधबी पुरी बुच ने एक्सबीआरएल एशिया गोलमेज बैठक को संबोधित किया और सेबी की ईएसजी संबंधी पहल के संबंध में प्रस्तुतिकरण किया।

वृत्तिक लेखांकन संगठनों (पीएओ) के साथ गोलमेज बैठकें – संस्थान ने 18 नवंबर, 2022 को वैश्विक रूप से वृत्ति को सुदृढ़ करने के लिए पीएओ के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण के संबंध में एक गोलमेज बैठक का आयोजन किया। पीएओ द्वारा इस पहल की अनुशंसा की गई और लगभग 30 पीएओ ने इस आयोजन में भाग लिया और परस्पर हित के क्षेत्रों में सहयोग करने का करार किया। वहनीयता का समर्थन और संवर्धन करने के लिए वक्ताओं ने एक पौधा रोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया।

संघ के माननीय वाणिज्य और उद्योग, टैक्सटाइल और उपभोक्ता मामले, खाद्य और लोक वितरण मंत्री के साथ परस्पर क्रियाशीलबैठक - संघ के माननीय वाणिज्य और उद्योग, टेक्सटाइल और उपभोक्ता मामले, खाद्य और लोक वितरण मंत्री ने वैश्विक वृत्तिक निकायों के नेताओं के साथ मुलाकात की और परस्पर क्रियाएं की। इन बैठकों का आयोजन इस उद्देश्य से किया गया था कि इस संबंध में परिचर्चा की जा सके कि जिस समय भारत 1 दिसंबर, 2022 को "एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य" विजन के साथ जी20 की अध्यक्षता ग्रहण कर रहा है तो किस प्रकार वैश्विक लेखांकन वृत्ति आर्थिक विकास के स्वप्न को साकार कर सकती है। माननीय मंत्री ने वैश्विक लेखांकन भ्रातृसंघ से वहनीयता ओर भविष्य के लिए नमनीय और सुदृढ़ अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए सहयोग का आवाहन किया। इस बैठक में 70 से अधिक वैश्विक लेखांकन वृत्तिकों ने भाग लिया था।

- **77वीं साफा बोर्ड बैठक और 95वीं साफा सभा बैठक**

आईसीएआई ने 7 जनवरी, 2023 को होटल द ललित, नई दिल्ली, भारत में 77वीं साफा बोर्ड बैठक और 95वीं साफा सभा बैठक का आयोजन किया। आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष को औपचारिक रूप से इस बैठक के दौरान साफा के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। इस बैठक में भौतिक रूप से बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीवस और भारत के साफा सदस्य निकायों के प्रतिनिधियों और अन्य सदस्य निकायों के प्रतिनिधियों ने वर्चुअल रूप से भाग लिया। आईसीएआई के तत्कालीन अध्यक्ष ने आईसीएआई के तत्कालीन उपाध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई और अध्यक्ष, साफा ने भी इस बैठक में भाग लिया।

(V) एमओयू/एमआरए भागीदारों के साथ आयोजन

- **आईसीएआई के सिंगापुर चैप्टर और आईएससीए द्वारा संयुक्त रूप से वेबीनार का आयोजन**

आईएससीए की सहबद्ध सदस्यता से संबंधित किन्हीं शंकाओं या चिंताओं का समाधान करने के लिए 8 जून, 2022 को आईसीएआई के सिंगापुर चैप्टर और इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ सिंगापुर (आईएससीए) द्वारा संयुक्त रूप से एक वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसे सदस्यों से अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई। आईसीएआई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भी इस वेबीनार को संबोधित किया था।

- **सीपीए आस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त रूप से आईसीएआई के सदस्यों के लिए सूचना सत्रों का आयोजन**

आईसीएआई का सीपीए आस्ट्रेलिया के साथ अर्हता को परस्पर मान्यता संबंधी करार, अर्थात् एमआरए वर्ष 2009 से प्रवर्तन में है। सीपीए आस्ट्रेलिया के साथ वर्तमान एमआरए वर्ष 2024 तक विधिमान्य है। यह एमआरए अर्हित सदस्यों के लिए एक परस्पर संबंधन तंत्र के माध्यम से एक-दूसरे के संस्थानों का सदस्य बनने को सुकर बनाता है। सीपीए आस्ट्रेलिया के साथ किए गए इस एमआरए का आईसीएआई सदस्यों के बीच संवर्धन करने के लिए आईसीएआई ने सीपीए आस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त रूप से आईसीएआई के ऐसे सदस्यों के लिए, जो आस्ट्रेलिया में अवसरों का लाभ लेने हेतु इच्छुक हैं, भारत के भिन्न-भिन्न नगरों में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया है ताकि सदस्यों को उक्त एमआरए के संबंध में और अधिक ब्यौरे उपलब्ध कराए जा सकें तथा आईसीएआई के सदस्यों की प्रवासन संबंधी शंकाओं का समाधान किया जा सके।

- **सीपीए आयरलैंड के सहयोग से आईसीएआई द्वारा एक वेबीनार का आयोजन**

  आयरलैंड में आईसीएआई के सदस्यों के लिए वृत्तिक अवसरों के संबंध में सीपीए आयरलैंड के सहयोग से 4 मई, 2022 को एक वेबीनार का आयोजन किया गया था ताकि आईसीएआई के सदस्यों के बीच, आईसीएआई तथा सीपीए आयरलैंड के बीच हस्ताक्षरित एमआरए के अधीन आयरलैंड में विद्यमान विभिन्न वृत्तिक अवसरों के संबंध में जागरुकता का सृजन किया जा सके। इस आयोजन की शोभा महामहिम श्री अखिलेश मिश्रा और तत्कालीन उपाध्यक्ष, आईसीएआई ने उपस्थित होकर बढ़ाई थी। सीपीए आयरलैंड की ओर से श्री ऐमोन सिगिन्स, मुख्य कार्यपालक, सुश्री कैरोलिन मोलोनिख, कारबार विकास कार्यपालक और सुश्री केल्सिलारकिन, कारबार विकास प्रबंधक, वीजा फर्स्ट ने भाग लिया था।

- **आईसीएईडब्ल्यू के साथ संयुक्त सूचना सत्र**

  इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंग्लैड एंड वेल्स (आईसीएईडब्ल्यू) ने आईसीएआई के साथ संयुक्त रूप से 8 और 10 फरवरी, 2023 को क्रमश: पुणे और मुंबई में आईसीएआई के सदस्यों के लिए समझौता ज्ञापन के संबंध में भौतिक रूप से सूचना सत्र का आयोजन किया था। इस आयोजन के प्रत्येक सत्र में 60 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

8.5 रणनीति, परिप्रेक्ष्य योजना और मानीटरी समिति (एसपीपीएंडएमसी)

रणनीति, परिप्रेक्ष्य योजना और मानीटरी समिति (एसपीपीएंडएमसी), भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की गैर-स्थायी समितियों में से एक है, जिसका सृजन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के विनियामक उपबंधों के अधीन किया गया है। इस समिति का उद्देश्य एक प्रमुख रूप से केंद्रित और क्रियाशील संस्थान के रूप में आईसीएआई को रणनीति और अन्य उभरते क्षेत्रों में विकसित करने और एक व्यापक आधार प्रदान करने हेतु लेखांकन वृत्ति की मूल सक्षमताओं की पहचान करना, उन पर ध्यान केंद्रित करना, उनकी खोज करना, उनके संबंध में विचार-विमर्श करना तथा उन्हें विकसित करना है। समिति अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु लेखांकन वृत्ति के समावेशक विकास के लिए नीतिगत योजनाएं तैयार करती है और इस प्रक्रिया के दौरान वह पणधारियों को सशक्त बनाती है। रणनीति, परिप्रेक्ष्य योजना और मानीटरी समिति, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के मूल कृत्यों हेतु एक नीतिगत योजना तैयार करने वाली और मार्गदर्शक इकाई के रूप में कार्य करती है और वह इस संबंध में रणनीति तैयार करती है कि किस प्रकार भारत और आईसीएआई की उपस्थिति को अंतर्राष्ट्रीय रूप से सुदृढ किया जाए। समिति का उद्देश्य वैश्विक संदर्भ में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान की संगतता को बनाए रखने तथा उसका संवर्धन करने के लिए वैश्विक संगठनों के साथ मिलकर कार्य करना और आईसीएआई के अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और हैसियत में सतत रूप से सुधार करना है।

(I) क्रियाकलाप/पहलें :

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने 10 मार्च, 2023 को हैदराबाद में रणनीति, परिप्रेक्ष्य योजना और मानीटरी समिति के तत्ववाधान में एक नीतिगत बैठक का आयोजन किया था। यह बैठक अत्यधिक महत्वपूर्ण थी क्योंकि इस बैठक के दौरान आईसीएआई ने पिछले 75 वर्षों के दौरान की अपनी यात्रा का मानव संसाधनों, अवसंरचना और वित्तीय निबंधनों के अनुसार पुनर्विलोकन किया तथा आगामी 25 वर्षों के लिए अपने विजन के संबंध में विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान, प्रमुख केंद्रित क्षेत्रों और नीतिगत विषयों पर परिचर्चा की गई, जो आईसीएआई के उद्देश्यों की पूर्ति और विजन 2049 को तैयार करने में उसकी सहायता करेंगे। समिति ने पिछली नीतिगत बैठकों के दौरान विचार-विमर्श किए गए कार्य बिन्दुओं पर भी चर्चा की तथा उन क्षेत्रों का पुनर्विलोकन किया जहां पहलें की गई हैं। समिति ने विजन 2049 को तैयार करने में आईसीएआई की भावी रणनीति के संबंध में भी विचार-विमर्श किया ताकि देश के आर्थिक विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चला जा सके और साथ ही आईसीएआई के पणधारियों की मांग को भी पूरा किया जा सके।

8.6 यूडीआईएन निदेशालय

यूडीआईएन .... अधिप्रमाणन की मोहर

भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंसी उत्कृष्टता, सटीकता, क्वालिटी और प्रतिबद्धता का प्रमाण चिह्न है। चार्टर्ड अकाउंटेंसी की वृत्ति के पास जनता के विश्वास और राष्ट्र की सेवा की समृद्ध विरासत है, जिसे हमारे पूर्वजों ने अत्यंत ईमानदारी, निष्ठा और दूरदर्शिता से निर्मित किया है। इसी दौरान हमारा भी यह उत्तरदायित्व है कि हम पूर्ण गौरव से इस विरासत को आगे बढ़ाएं और वित्तीय रिपोर्टिंग तथा कारबार व्यवहारों में जनता के विश्वास को सुनिश्चित करें और साथ ही लेखांकन वृत्ति की ख्याति को अक्षुण्ण बनाए रखें।

कारबार संगठन, उद्योग और सरकारें उत्तम वित्तीय लेखांकन, रिपोर्टिंग और प्रभावी वित्तीय प्रबंध के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा किए गए प्रमाणन और आश्वासन पर विश्वास करती हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) वित्तीय शासन के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सुदृढ़ विशेषज्ञता के साथ उच्च क्वालिटी की ऐसी सेवाएं प्रदान करते हैं जो अंततः अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद सिद्ध होती हैं। वे वृत्तिक स्वतंत्रता के साथ कार्य करते हैं, अपने कार्यकरण में ईमानदारी और उत्कृष्टता को सर्वोपरि रखते हैं। तथापि, कभी-कभार गैर-सीए व्यक्ति स्वयं का दुर्व्यपदेशन करते हैं और वे सीए के रूप में दस्तावेजों का अधिप्रमाणन करते हैं और इस प्रकार वे पणधारियों को गुमराह करते हैं। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) सफलतापूर्वक रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था को विभिन्न बाधाओं, जिनके अंतर्गत सुधार और सरकार द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले विधान भी हैं, से जुझने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

आईसीएआई राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के प्रति सक्रिय रूप से प्रक्रिया में सहायता करने की अपनी भूमिका के भागरूप में तथा विनियमन के माध्यम से सुशासन के लिए पहली बार न केवल भारत में अपितु अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में भी अद्वितीय दस्तावेज पहचान संख्या (यूडीआईएन) की नवीन अवधारणा को सामने लाया। यह परिकल्पना की गई है कि यूडीआईएन आईसीएआई द्वारा अधिकथित प्रभावी अनुपालनों के लिए एक अन्य प्रभावी उपकरण के रूप में उभरेगा। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान ने अपनी तारीख 2 अगस्त, 2019 की राजपत्र अधिसूचना में सभी प्रकार के प्रमाणनों, जीएसटी और कर संपरीक्षा रिपोर्टों तथा व्यवसायी सदस्यों द्वारा किए जाने वाले आश्वासन और अधिप्रमाणन संबंधी कृत्यों, जो विभिन्न विनियामकों द्वारा अपेक्षित हैं, के लिए यूडीआईएन के सृजन को आज्ञापक बनाया है। यूडीआईएन की नवीनता को श्रीमती द्रोपदी मूर्मू, भारत की माननीय राष्ट्रपति ने भी 1 जुलाई, 2023 को 75वें चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के उपलक्ष में दिए गए अपने भाषण में सराहा है।

(I) यूडीआईएन – विनियामको, बैंकों और अन्य पणधारियों के लिए निर्णय निर्धारक पैरामीटर

- पहली बार भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी) ने वर्ष 2023-24 से उसके द्वारा सीए फर्मों/एलएलपी को पैनलबद्ध किए जाने के प्रयोजन के लिए एक तत्व के रूप में प्रयोग किया है। सीएंडएजी ने यूडीआईएन डाटा पर आधारित पैनलीकरण के लिए अंक के तंत्र को उपलब्ध कराया है :

  "वर्ष 2023-24 के लिए, अंकों को आईसीएआई के वर्ष 2020-21 तथा वर्ष 2021-22 के यूडीआईएन डाटा के आधार पर आबंटित किया जाएगा। अंततोगत्वा इसे वार्षिक आधार पर शनै-शनै एक वर्ष जोड़ते हुए 2026-27 तक 5 वर्षों तक ले जाया जाएगा।"

- केंद्रीय संसूचना ब्यूरो (सीबीसी), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार ने यह मूल्यांकन करने के लिए यूडीआईएन पर प्रणालीगत विश्वास करने हेतु आईसीएआई से संपर्क किया है कि चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा परिसंचरण तथा दरों के आधार पर समाचार अभिकरणों के पैनलीकरण हेतु विहित प्ररूप में प्रमाणित जानकारी की सत्यता का आधार क्या है। किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रमाणित जानकारी समाचार-पत्र अभिकरणों को पैनलबद्ध किए जाने का आधार बनती है। सीबीसी ने आईसीएआई से यह अनुरोध किया है कि वह उनकी नई ईआरपी प्रणाली के लिए वेब एपीआई उपलब्ध कराएं। सीबीसी ने अपने इस आशय को अभिव्यक्त किया है कि वे अपनी नई ईआरपी प्रणाली के संबंध में यूडीआईएन सत्यापन के लिए वेब एपीआई का उपयोग करना चाहते हैं ताकि विभिन्न पैरामीटरों एमआरएन, सीएन के नाम, सीए के पते, सीए के मोबाइल नंबर, सीए की ईमेल आईडी आदि को प्रत्येक यूडीआईएन के संबंध में उनकी स्वचालित प्रणाली के साथ एकीकरण को अनुज्ञात किया जा सके।

- दूरसंचार विभाग, प्रधान संसूचना लेखा नियंत्रक कार्यालय, कोलकाता ने यह संप्रेषित किया है कि आईएसपी (इंटर सेवा प्रदाताओं) द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का पुनर्विलोकन और निर्धारण करते समय विभाग को यूडीआईएन – जो आईसीएआई की एक पहल है, का उपयोग करने से अत्यंत फायदा हुआ है।

- नेशनल बोर्ड अकाउंटेंट्स एंड आडिटर्स (एनबीएए), तंजानिया से आए एक प्रतिनिधिमंडल ने फरवरी और अप्रैल, 2023 मासों के दौरान तंजानिया में यूडीआईएन के क्रियान्वयन की प्रक्रिया और प्रोटोकाल के संबंध में विचार-विमर्श करने के लिए यूडीआईएन निदेशालय के साथ कुछ बैठकें की थी।

- विभिन्न सरकारी विभाग और पणधारी भी दस्तावेजों की अधिप्रमाणिकता का सत्यापन करने के लिए यूडीआईएन पोर्टल की सेवाओं का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं। पश्चिमी बंगाल सरकार के लोक संकर्म विभाग ने यह सूचित किया है कि पश्चिमी बंगाल सरकार ने उनकी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले बोलीकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्ररूप 2 (वित्तीय सामर्थ्य का निर्धारण करने हेतु) में यूडीआईएन के उल्लेख को आज्ञापक बनाया है। हाल ही में,

विभिन्न राज्य सरकारों जैसे कि पश्चिमी बंगाल सरकार, महाराष्ट्र सरकार और ओडिशा सरकार ने भी उनके द्वारा प्राप्त दस्तावेजों की अधिप्रमाणिकता का सत्यापन करने के लिए यूडीआईएन को मान्यता प्रदान की है।

(II) सदस्यों के लिए पहलें

- ई-फाइलिंग पोर्टल पर प्ररूप 15गख को वापस लिए जाने संबंधी कृत्यकरण : आय-कर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर प्ररूप 15गख के संबंध में यूडीआईएन को अद्यतन बनाने के लिए बड़ी संख्या में लंबित मामलों के कारण पोर्टल पर वापस लिए जाने की सुविधा को समर्थ बनाया गया है, जिससे सीए, उसमें उपयुक्त कारणों को लेखबद्ध करके प्ररूप 15गख को वापस लेने में समर्थ हो सकेंगे। इस प्रकार सीए को प्ररूप 15गख, उसे फाइल किए जाने के सात दिन के भीतर वापस लेना होगा।
- सीबीडीटी के निदेशों के निबंधनानुसार पांच आय-कर प्ररूपों, अर्थात् प्ररूप 10झज (आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10 के खंड (23चच) के अधीन अकाउंटेंट द्वारा जारी किए जाने वाला प्रमाणपत्र), प्ररूप 10झठ, 3गन, (आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 9 के अधीन भारत में अवस्थित आस्तियों के कारण हुई आय के लिए), प्ररूप 5खक (नियम 8ख के उपनियम (6) के अधीन अकाउंटेंट का प्रमाणपत्र) और संपरीक्षा रिपोर्ट एसडब्ल्यूएफ को यूडीआईएन के सृजन हेतु यूडीआईएन पोर्टल पर सम्मिलित किया गया है।
- निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर यूडीआईएन अद्यतन की अपेक्षा करने वाले लंबित प्ररूपवार ब्यौरे: प्ररूपवार लंबित मामलों को कम करने के लिए जैसा कि सीबीडीटी द्वारा रिपोर्ट किया गया है, यूडीआईएन पोर्टल के होम पृष्ठ पर सदस्य के संबंध में कतिपय विन्यासों को क्रियान्वित किया गया है। ऐसे ठहराव सदस्यों का ऐसे प्ररूपों की ऐसी सूची से अवगत कराने में सहायता उपलब्ध कराते हैं, जिनके लिए सीबीडीटी के ई-फाइलिंग पोर्टल पर यूडीआईएन को अद्यतन किया जाना लंबित है। यह डाटा केवल संबद्ध सदस्य को ही उपलब्ध होगा।
- ई-फाइलिंग पोर्टल पर यूडीआईएन को अद्यतन करने के लिए सीबीडीटी द्वारा विस्तारित समय-सीमा के लिए कतिपय प्रौद्योगिकी संबंधी परिवर्तनों को सम्मिलित किया गया : आय-कर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर अविधिमान्य यूडीआईएन की बढ़ती संख्या के कारण निर्धारण वर्ष 2021-2022 के लिए यूडीआईएन पोर्टल पर कतिपय प्रौद्य़ोगिकी संबंधी परिवर्तन किए गए हैं। तदनुसार, विधिमान्यकरण पैरामीटरों (निर्धारण वर्ष और प्ररूप आईडी) को यूडीआईएन पोर्टल से हटा दिया गया है ताकि ई-फाइलिंग पोर्टल पर निर्बाध रूप से यूडीआईएन को सत्यापित किया जा सके। सदस्यों को यह सलाह दी गई थी कि वे उन यूडीआईएन को अद्यतन बनाएं, जिन्हें पूर्व में ई-फाइलिंग पोर्टल पर अविधिमान्य कर दिया गया था। इस शिथिलीकरण को आय-कर निर्धारितियों को ई-फाइलिंग पोर्टल पर तत्संबंधी यूडीआईएन के साथ फाइल करके विधिमान्यकरण की प्रक्रिया को पूरा करने हेतु समर्थ बनाया गया है। यह सीबीडीटी द्वारा तारीख 26 नवंबर, 2020 को जारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुरूप है। सीबीडीटी ने ई-फाइलिंग पोर्टल पर यूडीआईएन को अद्य़तन करने की अंतिम तारीख को 30 नवंबर, 2022 तक विस्तारित किया है।
- यूडीआईएन पोर्टल का उद्देश्य सतत आधार पर सर्वाधिक सुसंगत और समकालीन सूचना के साथ स्वयं को समुन्नत करना है ताकि डिजीटल ग्राहक अनुभव पहलों में अभिवृद्धि की जा सके। यूडीआईएन निदेशालय ने इस वर्ष के दौरान पोर्टल में कुछ नई विशिष्टियों को कार्यान्वित किया है ताकि उपयोक्ताओं के अनुभव को समृद्ध बनाया जा सके। यूडीआईएन का सृजन करते समय कार्यान्वयन हेतु कुछ और प्रमुख विशिष्टियों को सम्मिलित किए जाने की परिकल्पना की जा रही है, जो निम्नानुसार हैं :
    - **सदस्यों के लिए जीयूआई (ग्राफिकल उपयोक्ता अंतरपृष्ठ) आधारित उपयोक्ता – बोर्ड :** इस अंतरपृष्ठ में, अन्य बातों के साथ, विभिन्न प्रवर्गों के लिए यूडीआईएन सांख्यिकी का संक्षिप्त विवरण उपलब्ध होगा जैसे कि संपरीक्षा और आश्वासन कृत्य, जीएसटी और कर संपरीक्षा तथा सदस्य द्वारा 2019 से सृजित किए गए प्रमाणपत्र। यह विशिष्टि सदस्यों की, उनके द्वारा सृजित यूडीआईएन का हिसाब रखने में सहायता करेगी।
    - **यूडीआईएन पर भरी गई विशिष्टियों का पीडीएफ में डाउनलोड समर्थ बनाना :** सदस्य अब यूडीआईएन के लिए भरे गए डाटा के संबंध में ब्यौरों को पीडीएफ में डाउनलोड करने में समर्थ होंगे। यह सदस्यों के लिए यह सुनिश्चित करने में उपयोगी होगा कि यूडीआईएन का सृजन करने के लिए उनके द्वारा प्रणाली में सही डाटा प्रविष्ट किया गया है।
    - **सेव एंड कापी विकल्प :** प्रारूप को सेव करने तथा यूडीआईएन को कापी करने का विकल्प सदस्यों की कापी किए जाने संबंधी किसी संभावित त्रुटि के बिना यूडीआईएन के 18 अंकों को उल्लिखित करने में एक उत्तम अनुभव प्राप्त करने में सहायता करेगा।

- **यूडीआईएन पीडीएफ में क्यूआर कोड को समर्थ बनाना :** यूडीआईएन के सृजन के समय भरे गए डाटा के अतिरिक्त क्यूआर कोड के साथ डाउनलोड किए जाने हेतु समर्थ यूडीआईएन पीडीएफ को भी उपलब्ध कराया गया है। क्यूआर कोड की मैपिंग यूडीआईएन आईडी से की जाती है। क्यूआर कोड को स्कैन करने से उपयोक्ता को "यूडीआईएन सत्यापित करें" – लिंक खुलेगा। इस प्रकार, सत्यापन करने वाले व्यक्ति के लिए क्यूआर कोड स्कैन करने का अब एक अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा जो समकालीन है और शासन इको सिस्टम में आधुनिक विशिष्टियों से युक्त है।
- **सदस्यों को मासिक/त्रैमासिक मेल :** किसी विशिष्ट मास/त्रैमास में किसी फर्म के स्तर पर सृजित यूडीआईएन के ब्यौरे प्रत्येक मास/त्रैमास के अंत पर फर्म के प्रमुख को मेल किए जाएंगे।
- **आवधिक रूप से सृजित यूडीआईएन के ब्यौरे उपलब्ध कराना :** यूडीआईएन पोर्टल पर रजिस्ट्रीकृत सभी सदस्यों को सृजित यूडीआईएन की मासिक/त्रैमासिक संख्या उपलब्ध कराई जाएगी।
- **प्रभावी खोज संबंधी कृत्य :** लगभग सभी क्षेत्रों में समुन्नत खोज संबंधी कृत्यों को आरंभ किया जाना, जिसमें संपूर्ण पाठ के संबंध में प्रविष्ट किए गए डाटा के आधार पर पूर्ण पाठ की खोज की जा सकेगी।

- 48 घंटे के भीतर यूडीआईएन के प्रत्याहरण को निर्बंधित करना – परिषद् ने 23 और 24 मार्च, 2023 को आयोजित अपनी 420वीं बैठक में यह विनिश्चय किया है कि सृजन की तारीख से 48 घंटे के भीतर यूडीआईएन का प्रत्याहरण अब संभव होगा। पूर्वोक्त कृत्य के कार्यान्वयन को 23 जून, 2023 की अर्ध रात्रि से यूडीआईएन लाइव सर्वर पर कार्यान्वित किया जाएगा। इसका तात्पर्य यह है कि इसके पश्चात् से सदस्य, यदि वे वांछा करते हैं तो यूडीआईएन के सृजन के समय से 48 घंटे की अवधि के भीतर उनका प्रत्याहरण करने में समर्थ होंगे।

(III) यूडीआईएन का प्रभाव

जबसे आईसीएआई ने यूडीआईएन को क्रियान्वित किए जाने संबंधी पहल की है तब से सभी प्रकार के प्रमाणन, जीएसटी और कर संपरीक्षा रिपोर्टें और अन्य संपरीक्षा और अधिप्रमाणन कृत्य, जिन्हें व्यवसायरत सदस्यों द्वारा किया गया है, विभिन्न शासकीय विभागों और अन्य पणधारियों के बीच अधिकाधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। यूडीआईएन पोर्टल (https://udin.icai.org/) दस्तावेजों की प्रमाणिकता का सत्यापन करने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया है। आईसीएआई के एक उपकरण के रूप में यूडीआईएन ने अन्य बातों के साथ, वृत्ति में पारदर्शिता और जवाबदेही में अभिवृद्धि की है। अन्य बातों के साथ, यूडीआईएन में यह सुनिश्चित किया है कि वित्तीय रिपोर्टिंग में साधारण जनता का विश्वास अक्षुण्ण बना रहे और इसके परिणामस्वरूप वित्तीय क्षेत्र में शासन में सुधार हो। यूडीआईएन की मौलिकता एक ऐसे सुगम इको सिस्टम को सामने लाई है, जो वृत्ति के लिए स्वतंत्रता, ईमानदारी और उत्कृष्टता को सुकर बना रहा है।

राज्य सरकारों और उनके अभिकरणों द्वारा निविदाओं को अंतिम रूप दिए जाने के लिए वित्तीय सक्षमता को अभिनिश्चित करने के आधार के रूप में यूडीआईएन संबंधी सूचना का अवलंब लिया जाना यूडीआईएन के सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभावों में से एक है। यूडीआईएन न केवल शब्दों में अधिप्रमाणिकता के एक उपकरण के रूप में कार्य कर रहा है बल्कि यह भावना में भी उसके उद्देश्य के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, यूडीआईएन के कार्यान्वयन के पश्चात्, दुष्कृत्य करने वाले व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे अनेक दुर्व्यवहारों की संख्या कम हो रही है क्योंकि उनका भेद खुल गया है। पणधारियों से ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिनमें सीए के नाम से गैर-सीए द्वारा किए जा रहे कपटों का पता लग रहा है। यूडीआईएन को केवल सीए द्वारा हस्ताक्षर किए जाने संबंधी सत्यता को स्थापित करने के लिए विनियामकों/पणधारियों द्वारा सत्यापित किया जा रहा है। चूंकि, सभी व्यवसायरत सीए के लिए यह आज्ञापक है कि वे उनके द्वारा जारी किए जाने वाले सभी दस्तावेजों के लिए यूडीआईएन का सृजन करें, इसलिए 5 जुलाई, 2023 को 1.40 लाख से अधिक सीए ने यूडीआईएन पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण किया है और उनके द्वारा 5 जुलाई, 2023 तक 4.99 करोड़ से अधिक सक्रिय यूडीआईएन का सृजन किया गया। इसके अतिरिक्त, 30 सितंबर, 2022 को किसी एकल दिन में सर्वाधिक बडी संख्या में यूडीआईएन के सृजन को रिकार्ड किया गया, 30 सितंबर, 2022 को 3,61,291 यूडीआईएन का सृजन किया गया था। 65.50 लाख से अधिक यूडीआईएन को प्राधिकारियों/विनियामकों/बैंकों/अन्यों द्वारा सत्यापित किया गया है।

(IV) प्रकाशन

- यूडीआईएन संबंधी रिपोर्ट (2022-23)
- यूडीआईएन क्रानिकल : मील के पत्थरों को दर्शित किया जाना

8.7 प्रकाशन और सीडीएस निदेशालय

प्रकाशन और सीडीएस निदेशालय, आईसीएआई के विभिन्न अतुलनीय प्रकाशनों के मुद्रण और उन्हें छात्रों, सदस्यों और अन्य पणधारियों तक पहुंचाने का कार्य करता है । आईसीएआई ने एक आनलाइन भांडागार पोर्टल तैयार किया है, जिसका नाम सीडीएस पोर्टल रखा गया है । विभिन्न पणधारियों को आनलाइन रूप से सभी सुसंगत प्रकाशनों और कलात्मक वस्तुओं का क्रय करने का विकल्प उपलब्ध कराया गया है । कोई भी व्यक्ति, जो इनमें दिलचस्पी रखता है, उक्त आनलाइन भांडागार पर अपना स्वयं का अकाउंट तैयार करके अपनी वस्तुओं को क्रय कर सकता है । निदेशालय अपने सीडीएस पोर्टल की सहायता से द्वार पर सेवाएं उपलब्ध कराकर अपने छात्रों और सदस्यों की मांगों की पूर्ति कर रहा है ।

संस्थान का प्रकाशन निदेशालय मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन क्षेत्रों के संबंध में कार्य करता है :

- छात्रों के लिए अध्ययन सामग्री का मुद्रण और सदस्यों से संबंधित प्रकाशन ।
- केंद्रीयकृत वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रकाशनों का विक्रय और वितरण (सीडीएस)।
- स्टॉक लेखा, विक्रय लेखा को बनाए रखना और स्टॉक को सुमेलित करना ।

(I) निकाले गए नए प्रकाशन

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, अर्थात् 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून, 2023 के दौरान प्रकाशन निदेशालय ने अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) और अन्य समितियों की ओर से विभिन्न नए प्रकाशनों का मुद्रण किया, जिन्हें सीडीएस पोर्टल पर भी रखा गया ।

(II) केंद्रीयकृत वितरण प्रणाली

जुलाई, 2017 से आईसीएआई के सभी प्रकाशन, जिनमें अध्ययन सामग्री, पुनरीक्षण प्रश्न-पत्र और सदस्यों से संबंधित प्रकाशन सम्मिलित हैं, को केंद्रीय वितरण प्रणाली पोर्टल (www.icai-cds.org) के माध्यम से केंद्रीयकृत रूप से रजिस्ट्रीकृत छात्रों, सदस्यों और अन्य पणधारियों तथा सीडीएस पोर्टल पर क्रय आदेश देने वाले व्यक्तियों को प्रेषित किया जा रहा है । सीडीएस पोर्टल पर विभिन्न प्रकार के अनुस्मारक भी विद्यमान हैं, जैसे टाई, कफलिंक और लेपल पिन ।

(III) छात्रों से संबंधित प्रकाशन

अवधि	रजिस्ट्रीकरण के प्रति प्रेषित पुस्तकें	विक्रय की गई पुस्तकें
01.04.2022 से 30.03.2023	पुस्तकों के प्रकार - 75 रजिस्ट्रीकरण के प्रति प्रेषित पुस्तकों की कुल मात्रा - 2356407	पुस्तकों का प्रकार – 153 विक्रय के लिए भेजी गई पुस्तकों की कुल मात्रा – 98921
01.04.2023 से 30.06.2023	पुस्तकों के प्रकार - 74 रजिस्ट्रीकरण के प्रति प्रेषित पुस्तकों की कुल मात्रा - 565570	पुस्तकों का प्रकार – 124 विक्रय के लिए भेजी गई पुस्तकों की कुल मात्रा - 9901

(IV) सदस्यों से संबंधित प्रकाशन और स्मृति चिह्न

अवधि	सदस्य प्रकाशन	स्मृति चिह्न
01-04-2022 से 31-03-2023	पुस्तकों के प्रकार - 280 विक्रय हेतु भेजी गई पुस्तकों की कुल मात्रा - 12009	स्मृति चिह्न के प्रकार - 23 विक्रय हेतु भेजे गए स्मृति चिह्नों की कुल मात्रा – 2327
01-04-2023 से 30-06-2023	पुस्तकों के प्रकार - 207 विक्रय हेतु भेजी गई पुस्तकों की कुल मात्रा - 3426	स्मृति चिह्न के प्रकार - 17 विक्रय हेतु भेजे गए स्मृति चिह्नों की कुल मात्रा - 469

(V) भावी प्रयास

निदेशालय के भावी प्रयासों में सीडीएस पोर्टल में सुधार और उसका उन्नयन करना तथा आदेश की गई सामग्री के परिदान के लिए टर्न अराउंड समय में कमी लाना है ।

8.8 संपरीक्षा क्वालिटी निदेशालय के लिए केंद्र

आईसीएआई ने वर्ष 2020 में संपरीक्षा क्वालिटी निदेशालय के लिए केंद्र (सीएक्यूडी) का गठन किया, जो मुख्य रूप से संपरीक्षा कृत्यों और संपरीक्षा क्वालिटी के गुणवत्ता संबंधी पहलूओं पर ध्यान केंद्रित करता है । यह एक विशेष प्रयोजन निदेशालय है, जो सतत रूप से संपरीक्षा की क्वालिटी में सुधार सुनिश्चित करता है तथा इस प्रकार भारतीय फर्मों की वैश्विक ख्याति को बढ़ावा देता है । यह निदेशालय अनुसंधान के लिए अनुकूल परिस्थितियां भी तैयार करने का प्रयास करता है और साथ ही संपरीक्षा क्वालिटी में अभिवृद्धि करने और उसे बनाए रखने के लिए मानदंड स्थापित करने हेतु अधिकाधिक अनुसंधान उन्मुख परियोजनाओं को आरंभ करता है । यह विभिन्न पणधारियों और विधि प्रवर्तन में अंतर्वलित विनियामकों के बीच परस्पर क्रियाओं को बढावा देकर संपरीक्षा क्वालिटी के क्षेत्र में अनुसंधान कार्यक्रमों का समर्थन करता है । संपरीक्षा क्वालिटी निदेशालय संबंधी केंद्र का उद्देश्य वृत्तिक अकाउंटेंटों और संपरीक्षकों के लिए समकालीन शिक्षा और प्रशिक्षण में निरंतर रूप में निवेश करना है और अपने इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु निदेशालय अल्पकालिक अवधि के विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिनके माध्यम से समकालीन क्षेत्रों में अपेक्षित कौशल सेटों को विकसित किया जा सके । केंद्र संपरीक्षा दलों को, संपरीक्षा क्वालिटी में सुधार लाने के लिए प्रभावी रूप से मूल कारण विश्लेषण आरंभ करने हेतु सहायता करने के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने का प्रयास करता है ।

(I) पहलें

- फर्मों के लिए, संपरीक्षा क्वालिटी परिपक्वता माडल (एक्यूएमएम) के अंकीय पाठ को विकसित करने संबंधी पहल
- पंद्रह क्वालिटी कैफे सत्रों का आयोजन - संपरीक्षा क्वालिटी पहलुओं संबंधी एक मासिक वर्चुअल श्रृंखला ।
- संकाय के आधार को सुदृढ़ बनाने के लिए एक्यूएमएम संबंधी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- पियर पुनर्विलोककों के लिए वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन ।
- सीएएक्यूडी के लिए एक ट्विटर हैंडल बनाया गया । सदस्य संपरीक्षा क्वालिटी पर मूल्यवान अंतदृष्टि प्राप्त करने के लिए @caq_icai को फ़ॉलो कर सकते हैं ।
- आईएएएसबी द्वारा जारी ढांचे की रूपरेखा के अनुसार प्रारूप संपरीक्षा क्वालिटी ढांचा तैयार करना ।
- सीएएक्यूडी ने सीएलसीजीसी के साथ संयुक्त रूप से "संपरीक्षा क्वालिटी - निगम शासन का एक प्रमुख स्तंभ" विषय पर 7 दिवसीय वर्चुअल सीपीई कार्यक्रम को तैयार किया और उसका आयोजन किया ।
- एक ई-प्रकाशन का विमोचन, सिग्निफिकेंट ऑडिट मैटर (एसएएम) – संपरीक्षा रायों, प्रमुख संपरीक्षा मामलों (केएएम), मामलों पर बल (ईओएम), अन्य विषय और सीएआरओ 2020 का एक संकलन ।
- विभिन्न शाखाओं/प्रादेशिक परिषदों में एक्यूएम कार्यक्रम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।
- 1 अप्रैल 2023 से एक्यूएमएम को आज्ञापक बना दिया गया है ।
- पियर पुनर्विलोकन के विस्तार क्षेत्र में एक्यूएमएम पुनर्विलोकन को शामिल करना ।
- प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम – कार्यपालक मास्टर कार्यक्रम नए युग के संपरीक्षक विषय पर तीन वर्चुअल बैचों को सफलतापूर्वक पूरा किया जाना ।
- प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम – कार्यपालक मास्टर कार्यक्रम नए युग के संपरीक्षक विषय पर भौतिक बैच का शुभारंभ ।
- बैंक शाखा संपरीक्षाओं के लिए एक्ससेल उपयोगिता का सफलतापूर्वक शुभारंभ ।
- भौतिकता का अवधारध करने के लिए उपयोगिता का शुभारंभ ।
- 'उपांतरित रायों का विश्लेषण' शीर्षक वाले प्रकाशन का विमोचन ।
- 'मॉडल फर्म मैनुअल' शीर्षक वाले प्रकाशन का विमोचन ।
- 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 के दौरान संपरीक्षा क्वालिटी निदेशालय केंद्र से संबंधित 4 बैठकों का आयोजन ।

(II) क्वालिटी कैफे सत्रों – संपरीक्षा क्वालिटी संबंधी एक वर्चुअल श्रृंखला का शुभारंभ

संपरीक्षाओं क्वालिटी निदेशालय संबंधी केंद्र ने अप्रैल, 2022 में अपनी सर्वप्रथम क्वालिटी कैफे मासिक श्रृंखला का शुभारंभ किया । यह संपरीक्षा क्वालिटी संबंधी एक वर्चुअल श्रृंखला है, जिसकी अवधि कुल दो घंटे की है, जिसमें प्रत्येक मास ऐसे तत्वों के संबंध में विचार-विमर्श किया जाता है, जो संपरीक्षा क्वालिटी के प्रति योगदान करते हैं । हमें यह विशेषाधिकार प्राप्त है कि हमारे पास संपरीक्षा के विशेषज्ञ विद्यमान थे और साथ ही आईसीएआई के पूर्व अध्यक्षों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ । इन सत्रों की प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई है । अभी तक 15 क्वालिटी कैफे सत्रों का आयोजन किया गया है, जिसमें कुल 4700 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और जिनमें विभिन्न सुसंगत विषयों को सम्मिलित किया गया ।

(III) एक्यूएमएम के संबंध में प्रशिक्षको को प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम का आयोजन

सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक्यूएमएम के संकाय आधार में वृद्धि करने के लिए सीएक्यूडी द्वारा ऐसे सदस्यों के लिए, जिन्होंने अपनी दिलचस्पी को अभिव्यक्त किया था, प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

(IV) पियर पुनर्विलोककों के लिए एक्यूएमएम पुनर्विलोकन के संबंध में प्रशिक्षण

सीएक्यूडी द्वारा पियर पुनर्विलोककों के लिए एक वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । एक्यूएमएम पुनर्विलोकन को पियर पुनर्विलोकन के विस्तार क्षेत्र के अंतर्गत लाया गया है और इसलिए पियर पुनर्विलोककों को एक्यूएमएम संबंधी कार्यान्वयन गाइड के अधीन दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार एक्यूएमएम में अंकन और मूल्यांकन तंत्र के बारे में स्पष्ट और एकसमान समझ स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया गया था ।

(V) संपरीक्षा क्वालिटी पहलूओं के संबंध में प्रशिक्षण

सीएक्यूडी ने 2 और 3 जून, 2023 के दौरान मुंबई में तथा 23 और 24 जून, 2023 के दौरान वदोदरा में 'संपरीक्षा क्वालिटी पहलूओं के संबंध में प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण' के संबंध में भौतिक बैचों का संचालन किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नियोजन के समय साफ्ट कौशलों ओर क्वालिटी संबंधी मानकों के प्रमुख पहलूओं तथा फर्म के स्तर को संपरीक्षा क्वालिटी परिपक्वता माडल (एक्यूएमएम) के साथ सम्मिलित किया गया ।

(VI) एक पृथक् ट्वीटर अकाउंट का सृजन

संपरीक्षा क्वालिटी के विभिन्न तत्वों के संबंध में जागरुकता के स्तर और समझ को बढ़ाने तथा वृत्ति के सदस्यों के साथ एक निजी संबंध का निर्माण करने के लिए सीएक्यूडी ने एक पृथक् ट्वीटर अकाउंट - @caq_icai का सृजन किया है । साधारण रूप् से इस अकाउंट पर साधारण रूप से दो साप्ताहिक पोस्ट डाली जाती हैं ।

(VII) प्रारूप संपरीक्षा क्वालिटी ढांचे का विकास

वर्ष 2022-23 की एक कार्ययोजना के रूप में तथा निर्देश निबंधनों के अनुसार सीएक्यूडी ने आईएएएसबी द्वारा जारी ढांचे की रुपरेखा के अनुसार संपरीक्षा क्वालिटी संबंधी ढांचे को तैयार किया है ।

(VIII) निगम विधि और निगम शासन संबंधी समिति के साथ संयुक्त रूप से वर्चुअल सीपीई कार्यक्रमों का आयोजन

सीएक्यूडी ने सीएलसीजीसी के साथ संयुक्त रूप से सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 3 की अपेक्षाओं, कंपनी अधिनियम की धारा 143 के उपबंधों, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण, तुलन-पत्र के प्रत्येक संघटक के संबंध में प्रमुख संपरीक्षा कार्रवाईयों और अर्हताओं के बारे में शिक्षित करने के लिए वित्तीय विवरणों के संबंध में संघटक-वार प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए 'संपरीक्षा क्वालिटी – निगम शासन का प्रमुख स्तंभ' विषय पर 7 दिवसीय वर्चुअल सीपीई कार्यक्रम को तैयार किया तथा उसका आयोजन किया ।

महत्वपूर्ण संपरीक्षा मामले (एसएएम) – संपरीक्षा रायों, प्रमुख संपरीक्षा मामलों (केएएम), मामले का बल (ईओएम), अन्य मामलों और सीएआरओ 2020 का एक संकलन

सीएक्यूडी ने महत्वपूर्ण संपरीक्षा मामले (एसएएम) - संपरीक्षा रायों, प्रमुख संपरीक्षा मामलों (केएएम), मामले का बल (ईओएम) आईएफसी और अन्य मामलों, जिनके अंतर्गत सीएआरओ 2020 के अनुसार संपरीक्षक की रिपोर्ट में रिपोर्ट किया गया है, संबंधी एक ई-प्रकाशन का विमोचन किया है । यह संकलन अपनी संपरीक्षाओं के दौरान समान प्रकार की परिस्थितियों का सामना करने वाले सदस्यों के लिए एक सुगम संदर्भ सिद्ध होगा । इस संकलन को 800 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टों के आधार पर तैयार किया गया है और इसे अद्वितीय रिपोर्टिंग तक सीमित किया गया है । समान प्रकृति और आवर्ती किस्म की रिपोर्टिंग को संकलन से बाहर रखा गया है ।

(IX) विभिन्न शाखाओं/ प्रादेशिक परिषदों में एक्यूएमएम संबंधी जागरुकता कार्यक्रम

- एक्यूएमएम और उसके क्रियान्वयन के संबंध में जागरुकता का प्रसार करना, एक्यूएमएम कार्यक्रमों को वर्ष 2022-23 के लिए सर्वोत्तम प्रादेशिक परिषद्/शाखा पुरस्कारों के लिए मानदंडों में से एक के रूप में सम्मिलित किया गया था ।
- सीएक्यूडी ने शाखाओं और प्रादेशिक परिषदों को यह अनुदेश जारी किया है कि वे एक वर्ष में एक्यूएमएम और उसके कार्यान्वयन के संबंध में कम से कम दो कार्यक्रमों का आयोजन करें ।
- वर्ष के दौरान, विभिन्न शाखाओं/प्रादेशिक परिषदों द्वारा एक्यूएमएम संबंधी 45 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

(X) संपरीक्षा क्वालिटी परिपक्वता माडल

[अ] 1 अप्रैल, 2023 से आज्ञापक बनाया गया : यद्यपि संपरीक्षा क्वालिटी परिपक्वता माडल वर्जन 1.0 को जुलाई, 2021 में लाया गया था, फिर भी यह विनिश्चय किया गया था कि एक्यूएमएम नीचे उल्लिखित किए गए अनुसार संपरीक्षा अस्तित्वों की फर्मों के लिए 1 अप्रैल, 2023 से आज्ञापक बनेगा :

(क) क सूचीबद्ध इकाई ; या

(ख) सहकारी बैंकों के अलावा अन्य बैंक (बहु-राज्य सहकारी बैंकों को छोड़कर) ; या

(ग) बीमा कंपनियां ।

यद्यपि, केवल शाखा संपरीक्षा करने वाली फर्में इसके दायरे में नहीं आती हैं।

[आ] एक्यूएमएम पुनर्विलोकन को पियर पुनर्विलोकन के विस्तार क्षेत्र के अंतर्गत लाया जाना : परिषद् ने इस बात का अनुमोदन कर दिया है कि एक्यूएमएम पुनर्विलोकन को पियर पुनर्विलोकन के विस्तार क्षेत्र के अंतर्गत लाया जाए । 1 अप्रैल, 2023 के पश्चात्, निकाले गए स्कोर और स्तरों को पियर पुनर्विलोकन चक्र के साथ पियर पुनर्विलोकक के अध्यधीन किया जाएगा । स्व:मूल्यांकन माडल को किसी पियर पुनर्विलोकक द्वारा स्कोरों और स्तरों के पुनर्विलोकन के साथ सुमेलित किया गया है । तथापि, पश्चातवर्ती पुनर्विलोकन पियर पुनर्विलोकन चक्र के साथ किया जाएगा ।

[इ] आईसीएआई की वेबसाइट पर अभिप्राप्त स्तर को रखा जाना : पियर पुनर्विलोकन के पश्चात् निकाले गए स्कोरों और स्तरों को आईसीएआई की वेबसाइट पर रखा जाएगा ।

संपरीक्षा क्वालिटी परिपक्वता माडल (एक्यूएमएम) का अंकीयकरण

फर्मों के लिए स्व:मूल्यांकन की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए एक्यूएमएम के अंकीयकृत माडल को विकसित किया गया है, जिससे निम्नलिखित फायदे उपलब्ध होंगे :

- खंडवार स्कोरों की स्व:परिगणना ।
- स्वचालित स्तर मूल्यांकन ।
- भावी संदर्भ के लिए स्कोरों और स्तरों को सेव करना ।
- समर्थनकारी दस्तावेजों को संलग्न करने का उपबंध ।

(XI) प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम – कार्यपालक मास्टर कार्यक्रम नए युग के संपरीक्षक : वर्चुअल बैचों को सफलतापूर्वक पूरा किया जाना

प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम – कार्यपालक मास्टर कार्यक्रम नए युग के संपरीक्षक के तीन आनलाइन बैचों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया । इन बैचों के लिए लगभग 150 सदस्यों ने नामांकन कराया । प्रतिभागियों ने इस पाठ्यक्रम की काफी सराहना की । पाठ्यक्रम की अंतर्वस्तु को दो भागों में तैयार किया गया है –

भाग क – लेखांकन और आश्वासन शासन संबंधी आधारिक जानकारी ; और

भाग ख – लेखांकन और अनुपालन में डिजीटल युग ।

(XII) बैंक शाखा संपरीक्षाओं के लिए एक एक्सएल उपयोगिता का शुभारंभ

सदस्यों को बैंक शाखा संपरीक्षा का सुचारू रूप से संचालन करने में सहायता करने के लिए सीएक्यूडी में एक एक्सएल उपयोगिता का शुभारंभ किया है । इस उपयोगिता को बैंकों की संपरीक्षा संबंधी मार्गदर्शन टिप्पण और लॉग फोर्म संपरीक्षा रिपोर्ट संबंधी तकनीकी गाइड में उपवर्णित प्रक्रियाओं के आधार पर तैयार किया गया है । इससे सदस्यों को विभिन्न शीर्षों के अधीन प्ररूप पूरा होने और संबद्ध क्षेत्रों की प्रास्थिति का पता लगाने में सहायता मिलेगी । इस उपयोगिता को 10000 से अधिक सदस्यों द्वारा डाउनलोड किया गया है ।

(XIII) भौतिकता का अवधारण करने के लिए उपयोगिता का शुभारंभ

सीएक्यूडी ने फर्मों की संपरीक्षाओं के सुचारू संचालन में सहायता करने के लिए समर्थकारी उपाय के रूप में भौतिकता का अवधारण करने के लिए एक उपयोगिता को विकसित किया है । इस टैम्पलेट का उद्देश्य किसी उपयोक्ता, मुख्य रूप से किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट को किसी अस्तित्व की कानूनी संपरीक्षा करते समय किसी अस्तित्व की कानूनी संपरीक्षा के लिए भौतिकता की अवसीमा का निर्धारण करने में समर्थ बनाना है । इस उपयोगिता को 4800 से अधिक सदस्यों द्वारा डाउनलोड किया गया है ।

(XIV) प्रकाशनों का विमोचन

- उपांतरित रायों का विश्लेषण
- आदर्श फर्म मैनुअल ।

8.9 भू-संपदा विकास निदेशालय

परिषद् ने 30 जून, 2022 से पूंजी अनुदान और संवितरण संबंधी नीति का अनुमोदन किया था । भू-संपदा विकास निदेशालय आईसीएआई के यूनिटों (प्रादेशिक परिषदों/शाखाओं/डीसीओ/सीओई) को पूंजी अनुदान जारी किए जाने से संबंधित मामलों के संबंध में कार्यवाही करता है, जिसके अंतर्गत प्रमुख मरम्मत और नवीकरण संकर्म (स्वामित्व वाले और साथ ही किराए, दोनों प्रकार के परिसरों हेतु), विद्यमान भवनों आदि में लघु संनिर्माण/परिवृद्धियां, आंतरिक उपांतरण भी हैं, जिनकी लागत 200 लाख रुपए तक है ।

भू-संपदा विकास निदेशालय (ईडीडी) द्वारा लिए गए प्रमुख विनिश्चयों का संक्षिप्त विवरण

- पूर्व वर्षों के लिए लंबित मामलों सहित पूंजी बजट के प्रति अग्रिम/अंतिम अनुदान का जारी किया जाना ।
- यूनिटों को विशेष अनुदान का अनुमोदन ।
- 2022-23 के लिए संपत्ति कर की प्रतिपूर्ति ।
- अखिल भारत में ग्लोसाइनेज का प्रतिष्ठापन ।
- यूनिटों में अग्निरोधी उपकरणों, लिफ्टों, भिन्न रूप से समर्थ व्यक्तियों के लिए सुविधाओं के प्रतिष्ठापन और वर्षा जल का संग्रहण संबंधी सुविधाओं की स्थापना ।
- भवनों की मरम्मत और नवीकरण :

  आईसीएआई भवन, विश्वास नगर, दिल्ली ।

  आईसीएआई भवन, ए-29, सेक्टर 62, नोएडा ।

  आईसीएआई भवन, सी-1, सेक्टर 1, नोएडा ।
- ब्रांड निर्माण – आईसीएआई @75

  ग्लोसाइनेज का प्रतिष्ठापन – आईसीएआई भवनों पर जी20 और बी20 : (i) प्रधान कार्यालय, आईपी मार्ग, नई दिल्ली, (ii) विश्वास नगर, दिल्ली, (iii) सी-1, सेक्टर 1, नोएडा और (iv) ए-29, सेक्टर 62, नोएडा ।

  पूरे भारत में आईसीएआई भवनों की रंगाई-पुताई ।

पूरे भारत में ग्लोसाइनेज का प्रतिष्ठापन ।

- पूर्ववर्ती वर्षों के लिए लंबित मामलों सहित पूंजी बजट के प्रति अनुमोदित/अग्रिम/अंतिम अनुदान को जारी किया जाना ।
- ईडीडी साफ्टवेयर :

  पूंजी अनुदान के लिए साफ्टवेयर

  भूमि और भवन अभिलेखों के लिए डीएमएस

  पर्यावरण अनुकूल भवनों के लिए डैशबोर्ड और स्वच्छ भवन पुरस्कार
- विशेष अनुदानों का अनुमोदन ।

8.10 निविदा मानीटरी निदेशालय

आईसीएआई निविदा संबंधी प्रक्रियाओं तथा निविदाओं के मूल्यांकन के संबंध में, विशेष रूप से वृत्तिक सेवाओं की दशा में सदैव चिंतित रहा है । वृत्तिक सेवाओं के लिए निविदाओं की मानीटरी, विश्लेषण और उनके सुव्यवस्थीकरण के लिए वर्ष 2023-24 के दौरान परिषद् द्वारा एक पृथक् निदेशालय, अर्थात् "निविदा मानीटरी निदेशालय" का गठन किया गया है । यह निदेशालय निविदा की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और सीए द्वारा सभी अनुज्ञेय निविदाओं में कोट की गई बोलियों को मानीटर तथा उनका विश्लेषण करने का प्रयास करता है । यह निदेशालय उपयुक्त स्तरों पर विचलनों को भी निर्दिष्ट करता है । निविदा मानीटरी निदेशालय को सौंपा गया कार्य इससे पूर्व वृत्तिक विकास समिति के अधीन गठित एक समूह द्वारा किया जाता था ।

निदेशालय के क्रियाकलाप

- निदेशालय ने वृत्तिक सेवाओं संबंधी निविदाओं के लिए अपने स्वयं के पोर्टल – www.tmdicai.org का सृजन किया है, जिसका शुभारंभ परिषद् द्वारा 1 जुलाई, 2023 को किया गया । यह पोर्टल निम्नलिखित विशिष्टियों की प्रस्थापना करता है :
  - निविदा अवसर ।
  - सदस्यों के लिए नवीनतम जानकारी ।
  - निविदाओं के संबंध में परिषद् के मार्गदर्शन सिद्धांत ।
  - न्यूनतम सिफारिश की गई फीस के स्केल के ब्यौरे ।
  - सदस्यों को प्रस्तुत की जाने वाली लागत शीट का प्रारूप ।
  - नैतिक संहिता के सुसंगत उपबंधों से उद्धरण ।
  - निदेशालय द्वारा निविदाकर्ताओं को किए गए अभ्यावेदन ।
  - बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर ।
  - शिकायत को प्रस्तुत किए जाने संबंधी तंत्र, अपनी पहचान को प्रकट करके या प्रकट किए बिना।
- निविदाकर्ताओं को अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं जहां संपरीक्षा और अधिप्रमाणन सेवाओं के संबंध में न्यूनतम फीस को विहित नहीं किया गया है या जहां पात्रता शर्तें अयुक्तियुक्त रूप से निर्बंधनकारी प्रतीत होती है या जहां निविदा में सम्मिलित की गई सेवाएं "स्वतंत्रता" संबंधी मुद्दों का सृजन करती हैं ।
- सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई बोली का अध्ययन किया जाता है और जहां कहीं यह महसूस किया जाता है कि बोली निम्न रकम पर की गई है तो वहां लागत शीटों की मांग की जाती है ।
- 18 मई, 2023 को एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजक, निविदा मानीटरी निदेशालय और उपाध्यक्ष, वृत्तिक विकास समिति सम्मिलित थे, ने मुख्य सतर्कता आयुक्त श्री पी.के. श्रीवास्तव के साथ उनके कार्यालय में बैठक की और साथ ही इस विषय पर ब्यौरेवार परिचर्चा की कि किस प्रकार चयन की सबसे कम लागत पर आधारित पद्धति से चार्टर्ड अकाउंटेंटों की वृत्तिक सेवाओं को प्राप्त करने हेतु बचा जा सकता है और साथ ही क्वालिटी को भी अक्षुण्ण रखा जा सकता है । इस बैठक में सीवीसी के साथ श्री अरविन्द कुमार, सतर्कता आयुक्त,

सीए पी. डेनियल, सचिव, सीवीसी, श्री शैलेन्द्र सिंह, सीटीई और श्री राजीव वर्मा, निदेशक, सीवीसी भी सम्मिलित हुए थे ।

- व्यय विभाग, वित्त विभाग, भारत सरकार ने परामर्शी और अन्य सेवाओं के उपापन संबंधी मैनुअल (जून, 2022 तक अद्यतन) को जारी किया है, जिसमें उन्होंने उसके पैरा 3.8, जिसका शीर्षक "कीमत आधारित प्रणाली-न्यूनतम लागत चयन (एलसीएस)" के अधीन मानक या रुटीन प्रकृति के समनुदेशनों के वर्णन से "संपरीक्षा" को हटा दिया है । इस प्रकार, संपरीक्षकों को नियोजित करने के लिए न्यूनतम लागत चयन, अर्थात् एल 1 को अब उचित नहीं समझा जाता है ।

- फरवरी, 2023 में निदेशालय के गठन से 30 जून, 2023 तक की अवधि के दौरान निदेशालय ने निविदाकर्ता संगठनों को 82 अभ्यावेदन अग्रेषित किए, जिनमें या तो संपरीक्षा और अधिप्रमाणन सेवाओं के लिए न्यूनतम फीस को विहित नहीं किया गया था या जहां किसी विरोधाभास को पाया गया था, अर्थात् संपरीक्षा और अन्य सेवाओं के लिए वृत्तिकों को नियोजित करते समय या जहां पात्रता शर्तों को अयुक्तियुक्त रूप से निर्बंधनकारी पाया गया था । उनमें से अनेकों ने अपनी निविदाओं को उपांतरित किया है तथा उनमें शुद्धिपत्र को जारी किया है । निदेशालय शेष संगठनों के साथ संपर्क में है । निदेशालय ने 102 सीए फर्मों को सूचनाएं भी जारी की, जिनके माध्यम से ऐसे मामलों में लागत शीटों की मांग की गई, जहां निम्न कोट पाए गए । उनका विश्लेषण किया गया तथा आवश्यक कार्रवाई आरंभ की गई है ।

- समिति ने निदेशालय को इस बात के लिए प्राधिकृत किया है कि वह निम्न फीस कोट करने वाले सदस्यों से वित्तीय बोलियों के ब्यौरे मांग सकता है ।

- सदस्यों की शिकायतों के समाधान के लिए एक समर्पित ईमेल आईडी – tender.enquiry@icai.in को भी स्थापित किया गया है ।

- टीएमडी को ट्विटर पर भी रखा गया है - @tmdicai

8.11 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य नागरिकों को सशक्त करना तथा प्रत्येक लोक प्राधिकारी के कार्यकरण में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना है । भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई), जो संसद् के एक अधिनियम, अर्थात् चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 के अधीन स्थापित एक कानूनी निकाय है, जो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 2(ज) में परिकल्पित किए गए अनुसार एक लोक प्राधिकारी है । सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के उपबंधों और केन्द्रीय सूचना आयोग के निर्देश के अनुपालन में संस्थान द्वारा अपने अधिकारियों को केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी, प्रथम अपील प्राधिकारी (एफएए) और पारदर्शिता अधिकारी के रूप में पदाभिहित किया गया है । आईसीएआई के आरटीआई प्रकोष्ठ को छात्रों, सदस्यों, अन्य पणधारियों तथा नागरिकों से बडी संख्या में आरटीआई प्राप्त हो रही हैं और उनका समयानुसार उत्तर प्रदान किया जाता है ।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(1)(ख) के अधीन प्रकटन

इसके अतिरिक्त, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(1)(ख) के निबंधनों के अनुसार संस्थान द्वारा आवश्यक प्रकटन किए गए हैं और उन्हें संस्थान की वेबसाइट www.icai.org पर रखा गया है और उसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है । वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान, कुल 1,66,892 (एक लाख छियासठ हजार आठ सौ बानवे) आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें ऐसे आवेदन भी सम्मिलित हैं, जिनमें आईसीएआई द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय सूचना आयोग के समक्ष 52 सुनवाईयों में भाग लिया गया है और प्रथम अपील अधिकारी से प्राप्त हुए बड़ी संख्या में आदेशों का प्रत्युत्तर दिया गया है ।

8.12 एक्सबीआरएल

आईसीएआई द्वारा एक्सबीआरएल इंडिया के एक धारा 25 (जो वर्तमान में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तत्समान है) की कंपनी के रूप में निगमन को 2010 में सुकर बनाया गया है । इस कंपनी के मुख्य उद्देश्यों में, अन्य बातों के साथ, भारत में इलेक्ट्रॉनिक कारबार रिपोर्टिंग के मानक के रूप में एक्सबीआरएल के अपनाए जाने का संवर्धन और प्रोत्साहन करना है, यह कार्य वर्गीकरणों के विकास, एक्सबीआरएल संबंधी शिक्षा और प्रशिक्षण को सुकर बनाकर पूरा किया जाता है । इसके साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय रूप से एक्सबीआरएल की बढ़ती महता को ध्यान में रखते हुए, एक्सबीआरएल इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय रूप से एक्सबीआरएल फाइलिंग को सुकर बनाने तथा उसके संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त करने हेतु

एक्सबीआरएल इंटरनेशनल इंक की सदस्यता प्राप्त की है । एक्सबीआरएल इंडिया को एक्सबीआरएल इंटरनेशनल की भारतीय अधिकारिता के रूप में स्थापित किया गया है । एक्सबीआरएल इंडिया कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के लिए एक्सबीआरएल वर्गीकरणों का विकास और अनुरक्षण कर रहा है ।

(I) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा एक्सबीआरएल फाइलिंग संबंधी अपेक्षाएं

वर्तमान में, कंपनियों को दो प्रकार के वर्गीकरण लागू हैं :

- इंड एएस वर्गीकरण
- वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) वर्गीकरण ।

एक्सबीआरएल इंडिया ने अपना ध्यान सदैव प्रचालनों के प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित किया है, अर्थात् कंपनी अधिनियम के अधीन वित्तीय विवरण फाइल करने के लिए वर्गीकरणों का विकास करना/उन्हें बनाए रखना । तद्नुसार, एक्सबीआरएल इंडिया ने पिछले वर्ष एमसीए को इंड एएस वर्गीकरण और सीएंडआई वर्गीकरण, दोनों वर्गीकरणों के अद्यतन पाठ को प्रस्तुत किया था ताकि कारपोरेट कार्य मंत्रालय उस पर आगे कार्रवाई कर सके । एक्सबीआरएल इंडिया ने नए वर्गीकरणों के कार्यान्वयन के संबंध में एमसीए के साथ बातचीत संबंधी अपने प्रयासों को जारी रखा । इसके अतिरिक्त, एक्सबीआरएल इंडिया ने एमसीए द्वारा तारीख 31 मार्च, 2023 को अधिसूचित कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियम, 2023 की अधिसूचना के कारण इंड एएस वर्गीकरण में अपेक्षित संशोधनों की पहचान करने का कार्य आरंभ किया है ।

(II) आउटरीच कार्यक्रम

- पणधारियों के बीच ज्ञान के प्रचार-प्रसार और उन्हें शिक्षित करने के विचार से 14 सितंबर, 2022 को आईसीएआई के वहनीयता रिपोर्टिंग मानक बोर्ड (एसआरएसबी) के परामर्श से "डिजीटल वहनीयता रिपोर्टिंग" विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया था । वेबीनार में सम्मिलित सत्रों में निम्नलिखित विषयों को रखा गया था, अर्थात् भारत में सूचीबद्ध कंपनियों के लिए वहनीयता प्रकटनों की डिजीटल रिपोर्टिंग : अंतर्राष्ट्रीय प्रवृत्तियां/घटनाएं, आईएफआरएस वहनीयता प्रकटन वर्गीकरण का स्टाफ पेपर और कारबार उत्तरदायित्व तथा वहनीयता प्रकटन वर्गीकरण ।
- 16-17 नवंबर, 2022 के दौरान मुंबई में अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस 2022 के साथ-साथ मिश्रित पद्धति से 11वें एक्सबीआरएल एशिया गोलमेज (एक्सएआरटी) सम्मेलन का आयोजन किया गया । 11वें एक्सएआरटी की मेजबानी भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) द्वारा की गई थी और इसमें एक्सबीआरएल इंटरनेशनल की 15 सदस्य अधिकारिताओं ने भाग लिया था । भारत से भारतीय रिजर्व बैंक, बंबई स्टाक एक्सचेंज, राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज और नागरिकता तथा लोकतंत्र संबंधी जन आग्रह केंद्र ने फाइलकर्ताओं से उनकी रिपोर्टिंग के लिए भाषा के रूप में एक्सबीआरएल के उपयोग संबंधी अपने अनुभवों को साझा किया था । आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष और आईएफएसी के बोर्ड सदस्यों तथा एक्सबीआरएल इंटरनेशनल ने माल और सेवाकर (जीएसटी) के अधीन ई-बीजकों और उनके अंकीयकरण के संबंध में अपने विचारों को प्रस्तुत किया । केंद्रीय परिषद् सदस्य, जो बोर्ड के भी सदस्य हैं, ने एक्सबीआरएल इंडिया से संबंधित अद्यतन जानकारी को प्रस्तुत किया । भिन्न-भिन्न एक्सबीआरएल इंटरनेशनल अधिकारिताओं से लगभग 38 प्रतिभागियों ने भौतिक रूप से और 29 प्रतिभागियों ने वर्चुअल पद्धति के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया । कुछ अधिकारिताओं के सदस्यों ने अपनी अधिकारिताओं में एक्सबीआरएल रिपोर्टिंग से संबंधित अद्यतन जानकारी को साझा किया । भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री माधबी पुरी बुच ने ईएसजी डिजिटल रिपोर्टिंग संबंधी सेबी की पहलों के संबंध में प्रस्तुतिकरण किया था । सुश्री रेवती रमनन, मार्गदर्शन प्रबंधक, एक्सबीआरएल इंटरनेशनल ने भारत में एक्सबीआरएल द्वारा समर्थित ईएसजी विश्लेषणों, जिसे सेबी द्वारा आगामी वर्ष के दौरान आरंभ किया जा रहा है, के संबंध में प्रारंभिक कार्यों को साझा किया ।

8.13 आईसीएआई – लेखांकन अनुसंधान फाउंडेशन (एआरएफ)

आईसीएआई – लेखांकन अनुसंधान फाउंडेशन (आईसीएआई एआरएफ) की स्थापना जनवरी, 1999 में की गई थी और इसे लेखांकन वृत्ति से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान, पठन, शिक्षा और समझ का प्रसार करने के लिए एक अकादमी के रूप में विकसित किया गया है । पिछले वर्ष के दौरान आईसीएआई एआरएफ द्वारा की गई परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

- **भारतीय रेल :** पिछले एक वर्ष के दौरान पूरे किए गए कार्य
    - 31.03.2017 को उत्तरी रेल के रोलिंग स्टॉक डाटा को रेल बोर्ड के साथ सुमेलित किए जाने संबंधी अग्रणी अध्ययन।
    - उत्तरी रेल की पट्टाधृत आस्तियों और स्वामित्व वाली आस्तियों की पहचान करने हेतु तंत्र विकसित करने हेतु अग्रणी अध्ययन।
    - वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए भारतीय रेल का एबीएफएस।
    - भारतीय रेल को विस्तारित आईटी उपयोजनों का विकास, परीक्षण और उनका रोल आउट।

  और फाउंडेशन निम्नलिखित के संबंध में कार्य कर रहा है :

    - 31 मार्च, 2017 को एफए–13 में प्राप्त सीडब्ल्यूआईपी डाटा पर आधारित उत्तर रेल द्वारा नियंत्रण में लिए जाने हेतु एफएआर को अंतरण तथा सीडब्ल्यूआईपी के समाशोधन हेतु ढांचा विकसित करने के लिए अग्रणी अध्ययन।
    - वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए भारतीय रेल का एबीएफएस।
    - पिछले चार वर्षों के लिए डाटा के पुनर्विलोकन के आधार पर, जैसा कि संबद्ध वर्षों के लेखाओं पर टिप्पणों में उल्लिखित किया गया है, पूर्वावधि मदों की पहचान और समायोजन।

  सभी प्रदायों के संबंध में कार्य चल रहा है और उसे शीघ्र ही पूरा किए जाने की संभावना है।

- **खजाना और लेखा विभाग, तमिलनाडु सरकार :** आईसीएआई एआरएफ ने तमिलनाडु खजाना संहिता (जिल्द 1 और 2), तमिलनाडु लेखा संहिता (जिल्द 1, 2 और 3) तथा तमिलनाडु वेतन और लेखा कार्यालय मैनुअल का विद्यमान व्यवहारों और सभी परिवर्तनों के साथ आईएफएचआरएमएस के आधार पर पुनर्विलोकन करने और उन्हें पुनरीक्षित करने का कार्य हाथ में लिया है।
- **भारतीय पत्तन संघ (आईपीए) :** आईसीएआई एआरएफ को प्रमुख पत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 और एमपीए (लेखा और संपरीक्षा) नियम, 2021 के अनुपालन के लिए 11 प्रमुख पत्तनों के लिए एकसमान लेखांकन ढांचा तैयार करने का कार्य सौंपा गया है।
- **हथकरघा विभाग, तमिलनाडु सरकार :** आईसीएआई एआरएफ ने परिसमापनाधीन बुनाईकर्ता सहकारी सोसाइटियों की आस्तियों के मौद्रीकरण के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) दस्तावेज को तैयार किया है।
- **नीति आयोग के लिए एक अध्ययन :** आईसीएआई, आईसीएआई एआरएफ लोक और शासकीय वित्तीय प्रबंध संबंधी समिति, आईसीएआई के साथ संयुक्त रूप से नीति आयोग के लिए/तत्ववाधान में प्रोदभवन लेखांकन के प्रति अंतरण : शहरी स्थानीय निकायों के लिए माडल और पठन विषय पर एक अनुसंधान अध्ययन कर रहा है।

8.14 आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन

आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा सृजित एक धारा 8 प्राइवेट कंपनी है, जिसका गठन कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के अनुसरण में और उससे आनुषंगिक कृत्यों को करने के लिए रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों या मूल्यांकक सदस्यों को उसके सदस्य के रूप में नामांकित और उनका विनियमन करने के लिए किया गया है।

(I) आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन द्वारा शैक्षिक पाठ्यक्रम (50 घंटे), जो रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक बनने के लिए एक पूर्व शर्त है :

- आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन अपनी सदस्यता के आधार को व्यापक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसके साथ ही अपने मूल्यांकक सदस्यों के लिए एक 50 घंटे के शैक्षिक पाठ्यक्रम का संचालन भी कर रहा है, जो रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक बनने के लिए एक पूर्व शर्त है तथा संगठन शैक्षिक पाठ्यक्रम के लिए शैक्षिक सामग्री को भी तैयार कर रहा है।
- इस दिशा में, 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून, 2023 की अवधि के दौरान, आईसीएआई आरवीओ ने देश भर में 50 घंटे के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के 12 ऑनलाइन बैचों का संचालन किया है।

- आज की तारीख तक इस शैक्षिक पाठ्यक्रम के कुल 67 बैचों का संचालन किया गया है।
- 30 जून, 2023 तक आईसीएआई आरवीओ द्वारा उसके 50 घंटे के शैक्षिक पाठ्यक्रम के अधीन 4133 सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

(II) आस्ति वर्ग की प्रतिभूतियों या वित्तीय आस्तियों के लिए आईबीबीआई के साथ रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों का रजिस्ट्रीकरण :

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ने आस्ति वर्ग की प्रतिभूतियों या वित्तीय आस्तियों के अधीन 31 मार्च, 2023 तक कुल 2099 रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों का रजिस्ट्रीकरण किया है, जिनमें से 1037 रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक आईसीएआई आरवीओ के सदस्य हैं।

(III) आईसीएआई आरवीओ का पांचवां स्थापना दिवस

लोक हित की पांच वर्षों की यात्रा के पूरा होने के अवसर पर आईसीएआई आरवीओ ने 14-15 मई, 2023 के दौरान पार्क होटल, नई दिल्ली में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) के साथ संयुक्त रूप से अपने पांचवें स्थापना दिवस को मनाया, उक्त समारोह के लिए "मूल्यांकन इको सिस्टम के माध्यम से लोक हित को वहनीय बनाना" विषय पर एक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन भौतिक और वर्चुअल, दोनों पद्धतियों से मिश्रित रूप में किया गया और इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री अर्जन कुमार सीकरी, भारत का उच्चतम न्यायालय, सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद थे। आईसीएआई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भी सम्मेलन के दौरान पणधारियों को संबोधित किया। इस सम्मेलन में मूल्यांकन इको सिस्टम से विभिन्न पणधारी एकसाथ उपस्थित हुए, अर्थात् नीति निर्माता, न्यायपालिका के सदस्य, उद्योग और विषय विशेषज्ञ और साथ ही मूल्यांकन, लेखांकन, वित्त और दिवाला वृत्तिक।

(IV) आईसीएआई आरवीओ पठन प्रबंध प्रणाली

आईसीएआई आरवीओ के पास अपनी पठन प्रबंध प्रणाली है, जो एक ई-पठन मंच है, जो ऐसी अध्ययन सामग्री के रूप में, जो बहु विकल्प वाले प्रश्नोत्तरों को अंतर्विष्ट करने वाली मोक परीक्षा द्वारा संपूरित है, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड द्वारा विहित पाठ्यचर्या की विभिन्न अवधारणाओं को स्पष्ट करती है। यह पठन प्रबंध प्रणाली ऐसे सदस्यों हेतु, जो आईसीएआई आरवीओ के प्राथमिक सदस्य हैं, आईबीबीआई मूल्यांकक परीक्षा की तैयारी को सुकर बनाती है। एलएमएस को नियमित आधार पर नई वीडियो, नई प्रस्तुतियों और प्रश्नों के माध्यम से अद्यतन बनाया जा रहा है।

(V) प्रकाशन

आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन ने आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से निम्नलिखित प्रकाशन निकाले हैं :

- मूल्यांकन : वृत्तिक अंत:दृष्टि श्रृंखला 7
- 21 अप्रैल, 2022 को पियर पुनर्विलोककों के निष्कर्षों संबंधी अवधारणा पत्र कार्यशाला का आयोजन
- आईसीएआई आरवीओ का त्रैमासिक जर्नल (जिल्द 1, भाग 1) अक्तूबर, 2022
- आईसीएआई आरवीओ का त्रैमासिक जर्नल (जिल्द 1, भाग 2) जनवरी, 2023
- आईसीएआई आरवीओ का त्रैमासिक जर्नल (जिल्द 2, अंक 1) अप्रैल, 2023

(VI) सतत शैक्षिक कार्यक्रम

आईसीएआई आरवीओ ने अपने सतत शैक्षिक कार्यक्रमों के भागरूप में 1 अप्रैल, 2022 से 30 जून, 2023 की अवधि के दौरान अपने रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों के लिए मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न विषयों पर 60 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

(VII) रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों को व्यवसाय प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए सॉफ्ट कौशलों संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

आईसीएआई आरवीओ ने रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों को व्यवसाय प्रमाणपत्र (सीओपी) प्रदान करने हेतु सॉफ्ट कौशलों संबंधी 9 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

(VIII) "आत्मनिर्भर भारत" थीम के अधीन आईसीएआई आरवीओ द्वारा आयोजित वेबकास्ट

आईसीएआई आरवीओ ने भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों का समारोह मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा परिकल्पित

देशव्यापी पहल आजादी का अमृत महोत्सव के भागरूप में “आत्मनिर्भर भारत” थीम के अधीन विभिन्न लाइव वेबकास्टों का आयोजन किया था। आयोजित वेबकास्टों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

- 2 सितंबर, 2022 को आईसीएआई आरवीओ द्वारा ईएसओपी मूल्यांकन संबंधी लाइव वेबकास्ट।

(IX) आईसीएआई आरवीओ द्वारा आयोजित सम्मेलन

- आईसीएआई आरवीओ ने रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन के साथ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के सहयोग से 18 अक्तूबर, 2022 को दिल्ली में “मूल्यांकन : 5 वर्ष की यात्रा और आगे की कार्ययोजना” विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।
- आईसीएआई आरवीओ और एसेसर्स एंड रजिस्ट्रर्ड वैल्युयर्स फाउंडेशन (एएआरवीएफ) ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के सहयोग से 8 जनवरी, 2023 को चेन्नई में “वास्तविक मूल्य सम्मेलन – मूल्यांककों का संगम” विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।
- 4 मार्च, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में वर्चुअल सम्मेलन।

8.15 आईसीएआई का भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान (आईआईआईपीआई)

आईसीएआई का भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान (आईआईआईपीआई) ने वर्ष 2022-23 को सफलतापूर्वक पूरा किया है। संस्थान को भारत एक पहले दिवाला वृत्तिक अभिकरण के रूप में 28 नवंबर, 2016 को दिल्ली में संघ के माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया था। आईआईआईपीआई ने भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से, जिनके अंतर्गत चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, लागत लेखापाल, अधिवक्ता और प्रबंध संबंधी वृत्तिक भी हैं, सदस्यों को अपनी ओर आकर्षित किया है। आईआईआईपीआई ने अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निकायों से एक ओर पणधारियों की क्षमता निर्माण/ज्ञान आधार को व्यापक बनाने के लिए नेटवर्किंग की है और दूसरी ओर उसने आईबीसी के विधिक और व्यवसाय संबंधी क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए मूल्यवर्धित नीति विषयक अंत:निवेश उपलब्ध कराएं हैं। 20 जून, 2023 को भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के साथ रजिस्ट्रीकृत कुल 4297 दिवाला वृत्तिकों में से 2703 वृत्तिक आईआईआईपीआई से संबंधित हैं और इस प्रकार, उनका प्रतिशत बढ़कर 62.90 हो गया है। आईआईआईपीआई के सदस्यों ने अभी तक सीआईआरपी/परिसमापन/स्वैच्छिक परिसमापन के कुल समनुदेशनों में से 75% से अधिक मामलों में कार्यवाही की है, जिनके अंतर्गत बहुत बड़े-बड़े मामले भी हैं।

आईपीए के बीच सदस्यता का वितरण

तारीख 20-06-2023 को रजिस्ट्रीकृत आईपी सदस्यों की आईपीए-वार प्रास्थिति															
क्रम सं.	आईपीए का नाम	31 मार्च 2018	%	31 मार्च 2019	%	31 मार्च 2020	%	31 मार्च 2021	%	31 मार्च 2022	%	31 मार्च 2023	%	20 जून 2023	%
क	आईआईआईपीआई	1100	60.71	1518	61.71	1860	61.71	2184	62.05	2551	62.69	2696	63.02	2703	62.90
ख	आईपीए आईसीएसआई	562	31.02	738	30.00	903	29.96	1025	29.12	1142	28.07	1183	27.65	1192	27.74
ग	आईपीए लागत लेखाकार	150	8.28	204	8.29	251	8.33	311	8.84	376	9.24	399	9.33	402	9.36
	योग	1812	100	2460	100	3014	100	3520	100	4069	100.00	4278	100.00	4297	100.00

(I) सक्षमता निर्माण संबंधी पहलें :

किसी भी वृत्ति में वृत्तिक सदस्यों के सक्षमता निर्माण के लिए वार्तालाप और परिचर्चाएं अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दिवाला वृत्ति के संदर्भ में ये और अधिक आवश्यक हो जाती हैं, जो बहुविध पणधारियों को प्रभावित करती हैं और जिसे सर्वाधिक जटिल वृत्तियों में से एक माना जाता है। किसी दिवाला वृत्तिक के कंधों पर एक महत्वपूर्ण स्तंभ की भांति महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व टिके होते हैं और जो कभी-कभी निगमों के जीवन को बचाने की प्रक्रिया के दौरान अत्यंत क्रंतिक हो जाते हैं। इस पृष्ठभूमि में यह कहा जा सकता है कि एक बड़ी सीमा तक आईबीसी का कार्यपालन आईपी के सक्षमता निर्माण से सीधा जुड़ा होता है। आईआईआईपीआई इस कार्य गति को बनाए रखने और साथ ही पणधारियों की प्रत्याशाओं पर खरे

उतरने के लिए उनकी सक्षमता निर्माण हेतु अनेक पहलों को भी आरंभ करने का प्रयास करता रहा है। संस्थान द्वारा की गई प्रमुख पहलें निम्नानुसार हैं :

- तीन कार्यकारी विकास कार्यक्रमों (ईडीपी) का सतत वृत्तिक शिक्षा (सीपीई) के लिए आईपी हेतु आयोजन किया जा रहा है, अर्थात् :--
  - सीआईआरपी के अधीन प्रबंधकीय कौशल
  - आईबीसी के अधीन न्यायालय प्रक्रियाओं संबंधी विधिक कौशल
  - आईबीसी के अधीन अपवंचन संव्यवहारों संबंधी न्यायालयिक कौशल।
- अक्टूबर, 22 में एक ओपन हाऊस (भौतिक) सत्र आयोजित किया गया था, जिसमें आईपी को अध्यक्ष, एनसीएलटी और सदस्यों, एनसीएलटी के साथ परस्पर क्रिया करने की अनुमति दी गई थी।
- नवंबर, 22 में एक ओपन हाउस (भौतिक) सत्र आयोजित किया गया था, जिसमें आईपी को अध्यक्ष, आईबीबीआई के साथ परस्पर क्रिया करने की अनुमति दी गई थी। इसके पश्चात्, एफएक्यू तैयार किए गए थे और उन्हें आईबीबीआई के साथ साझा किया गया ताकि वह अस्पष्ट क्षेत्रों के संबंध में अपनी प्रतिक्रियाएं तैयार करे।
- प्रबंधकीय कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आईपी (आईआईआईपीआई के सदस्यों) के लिए आवासीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए आईआईएम, अहमदाबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर ।
- आईआईआईपीआई के सदस्यों को इनसोल-यूके की सह-सदस्यता रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए इनसोल-यूके के साथ गठबंधन किया गया। इस सह-सदस्यता के लिए 332 सदस्यों ने अपना नामांकन कराया है।
- वृत्तिक प्रकृति की शंकाओं को उठाने/उनके संबंध में प्रतिक्रिया देने हेतु सदस्यों के लिए एक परिचर्चा मंच (वेब-आधारित पोर्टल) को प्रवर्तनशील बनया गया।
- विशेषज्ञ आईपी के पैनल द्वारा समर्थित प्रीपैक फ्रेमवर्क संबंधी एमएसएमई हेल्पलाइन (पीपीआईआरपी) को कार्यरत बनाया गया।
- मार्गदर्शन कार्यक्रम और ऑनलाइन पोर्टल को प्रवर्तनशील बनाया गया।
- पियर पुनर्विलोकन कार्यक्रम और ऑनलाइन पोर्टल को प्रवर्तनशील बनाया गया।
- 23 जून, 2023 को सम्मानित अतिथि श्री नवीन वर्मा, अध्यक्ष, रेरा (बिहार राज्य) की उपस्थिति में "भू-संपदा सीआईआरपी - चुनौतियां और समाधान" विषय पर एक वर्चुअल सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- विभिन्न विधि/ प्रबंधन संस्थानों के छात्रों को लक्ष्यित करते हुए आईबीसी संबंधी राष्ट्रीय क्विज।
- जून, 22 के पहले 9 दिनों के दौरान 40 जिलों में एकेएएम कार्यक्रमों का आयोजन, जिनका समन्वयन आईआईआईपीआई द्वारा किया गया। पूरे देश भर के छात्रों के बीच आईबीसी और जीआईपी पाठ्यक्रम के संबंध में जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए आईपी सदस्यों को स्थानीय संस्थाओं या विश्वविद्यालयों के साथ संपर्क करने हेतु सम्मिलित किया गया।
- नवंबर, 2022 में, अन्यों के साथ, अध्यक्ष, आईबीबीआई और संयुक्त सचिव, एमसीए की गौरवान्वित उपस्थिति में छठे स्थापना दिवस का समारोह मनाने के लिए एक वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मार्च, 2022 मास में एक वर्चुअल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संघ के मंत्री श्री भूपिंदर यादव और अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए थे।
- अनेकों अन्य क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में से उल्लेखनीय रूप से दो कार्यक्रमों का आयोजन सीमापार ढांचा, विषय पर यूकेएफसीडीओ के साथ संयुक्त रूप से किया गया। इनमें से एक कार्यक्रम में संघ के पूर्व मंत्री श्री सुरेश प्रभु, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे।
- जून, 22 के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार को अंतर्राष्ट्रीय दिवाला संस्थान, यूएसए के सहयोग के साथ आयोजित किया गया। जहां यूएसए और यूके से आए पैनलबद्ध व्यक्तियों ने प्रतिभागिता की, जिसमें भारत के विशेषज्ञों के अलावा एक आसीन न्यायाधीश ने भी लाग लिया। अध्यक्ष, आईबीबीआई ने की-नोट भाषण प्रस्तुत

किया और इसके अतिरिक्त, एसबीआई के सीजीएम (तनावग्रस्त आस्तियां) ने भी विशेष संबोधन प्रस्तुत किया।

- मार्च 2023 में अपवंचन संव्यवहार – परिणामों में सुधार, विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (वेबीनार) का आयोजन किया गया, जिसकी शोभा यूके, हांगकांग, सिंगापुर और भारत से आए विशेषज्ञ वक्ताओं ने बढ़ाई। यूके और भारत के विनियामकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।
- 16 जून, 2023 को नई दिल्ली में "आईबीसी के अधीन उभरती चुनौतियों का सामना करने - आईपीए और आईपी की तैयारी" विषय पर एक भौतिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें अनेक गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए, जिनमें सदस्य-एनसीएलटी, संयुक्त सचिव–एमसीए, एमडी-एसबीआई और प्रादेशिक ईडी-आईबीबीआई शामिल थे।
- पिछले वर्ष (वर्षों) में अध्यक्ष-एनसीएलटी, सदस्यों-एनसीएलटी, सचिव-एमसीए, संयुक्त सचिव-एमसीए, सचिव-एमएसएमई, ईडी-आरबीआई, एमडी-एसबीआई, प्रादेशिक निदेशक-सेबी, रेरा (यूपी) के पदधारियों के साथ बैठकें/परिचर्चाएं की गई।

(II) अनुसंधान पहलें

- 11 अध्ययन आरंभ किए गए और उन्हें पूरा किया गया तथा 10 प्रकाशन निकाले गए। इनमें समूह दिवाला - अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, सीओसी सर्वोत्तम व्यवहार, एमएसएमई के लिए पीपीआईआरपी के अधीन आईपी की भूमिका, एफएक्यू सहित, परिसमापन प्रक्रिया – सर्वोत्तम व्यवहार, सफल मामला अध्ययन, नैतिक संहिता संबंधी मार्गदर्शन, आईपी द्वारा क्वालिटी नियंत्रण संबंधी मार्गदर्शन, पियर पुनर्विलोकन नीति, व्यष्टिक दिवाला-पीजी से सीडी, आईबीसी के अधिक मूल्यांकन, प्रारंभिक चरण से समाधान के बाद तक समाधान की मूल्य श्रृंखला में आईपी की भूमिका शामिल हैं।
- चार चालू अध्ययन, अर्थात् अपवंचन संव्यहारों के लिए टेम्पलेट, आईबीसी में एक्सबीआरएल और अन्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग, समाधान प्रक्रिया में आईपी की सकारात्मक भूमिका, सीआईआरपी/परिसमापन प्रक्रियाओं में विलंबों को समझना, मामला प्रबंध प्रणाली (एकीकृत सॉफ्टवेयर)।
- "आईबीसी 2.0 के लिए तैयारी" विषय पर उपायों की सिफारिश करने के लिए एक बोर्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति के अधीन, दो उप समूहों का गठन किया गया है, जो क्रमशः (i) आईबीसी में चुनौतियों का समाधान करना और भावी परिवर्तन, और (ii) भविष्य के लिए आईपीए और आईपी को तैयार करने संबंधी विचार-विमर्श करेंगे।
- अभी तक त्रैमासिक अनुसंधान जर्नल (द रेजोल्यूशन प्रोफेशनल) के 12 संस्करणों को जारी किया गया है, उन्हें राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय रूप से ई-प्रचालित किया गया है और सदस्यों और पणधारियों से उन्हें सराहना प्राप्त हुई है।
- आईपीए में अपनी किस्म की प्रथम पहल के रूप में अनुसंधान निधि के साथ अनुसंधान समिति का गठन किया गया है, जिसमें 25 लाख रुपये का प्रारंभिक कोष रखा गया है। पहचान किए गए 28 क्षेत्रों में दिवाला इको सिस्टम के विकास के लिए अनुसंधान कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं, जिनके संबंध में 100 संस्थाओं को सूचित किया गया है। इस स्कीम के अधीन, निम्नलिखित विषयों पर 3 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है (उनके वित्तपोषण सहित) :

  - आईबीसी और रेरा के बीच अंतर की पहचान और विवाद समाधान
  - पीपीआईआरपी को कमतर रूप से उपयोग करने के लिए कारण और उपचार
  - भारतीय दिवाला विधि की प्रभाविकता बनाम अन्य देश

- अगले तीन वर्षों के दौरान, 12 लाख रुपए की लागत से आईबीसी संबंधी अनुसंधान करने के लिए एनएलयू-दिल्ली में एक पीएच.डी के स्थान को प्रायोजित करने हेतु एनएलयू-दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

(III) दिवाला वृत्तिकों की मानीटरी

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आदर्श उपविधियां और दिवाला वृत्तिक अभिकरणों का शासी बोर्ड) विनियम, 2016 के अनुसार आईआईआईपीआई से यह अपेक्षा की गई है कि वह वृत्तिक सदस्यों के वृत्तिक क्रियाकलापों तथा आचार की मानीटरी करे और यह सुनिश्चित करे कि वे संहिता, नियमों, विनियमों और तदधीन जारी दिशानिर्देशों, उपविधियों, आचार संहिता तथा शासी बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कर रहे हैं। दिवाला वृत्तिकों की मानीटरी, निगम दिवाला

समाधान प्रक्रिया और परिसमापन प्रक्रिया के संबंध में सतत आधार पर की जाती है । ऐसे सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही हैं, जिन्होंने लागू उपबंधों का अनुपालन नहीं किया है ।

(IV) जीआरसी/अनुशासन तंत्र

आईआईआईपीआई को 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 की अवधि के दौरान 97 शिकायतें प्राप्त हुई हैं और शिकायत समाधान समिति ने इस अवधि के दौरान कुल 81 शिकायतों (जिसमें पूर्व वर्षों के दौरान प्राप्त शिकायतें भी सम्मिलित थी) का समाधान किया है और 27 जून, 2023 को 16 जीआरसी मामले लंबित हैं । इसके अतिरिक्त, आईआईआईपीआई ने 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 की अवधि के दौरान 20 अनुशासनिक कार्यवाहियों को आरंभ किया था और 27 जून, 2023 तक 100 (एक सौ) मामलों का निपटारा कर दिया गया था ।

8.16 भारतीय सामाजिक संपरीक्षक संस्थान (आईएसएआई)

भारतीय सामाजिक संपरीक्षक संस्थान (आईएसएआई) को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) के तत्ववाधान में 7 अक्तूबर, 2022 को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अधीन निगमित किया गया और इसका मुख्य उद्देश्य एक स्वतंत्र, नैतिक तथा वैश्विक स्तर की सामाजिक संपरीक्षा वृत्ति का विकास करने, जो पणधारियों की आवश्यकताओं और प्रत्याशाओं के प्रति संवेदनशील हो, के लिए एक प्रमुख संस्था बनना है । आईसीएआई एक स्वतंत्र और पारदर्शी रीति में सामाजिक संपरीक्षकों का नामांकन, विनियमन और विकास करेगा और साथ ही सतत वृत्तिक शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से सामाजिक संपरीक्षकों की सक्षमता निर्माण की दिशा में कार्य करेगा ।

(I) सामाजिक संपरीक्षा की अवधारणा

वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 2019-2020 के बजट भाषण में पहली बार एक सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज की अवधारणा का प्रस्ताव रखा, जो "सामाजिक कल्याण उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य कर रहे सामाजिक उद्यमों और स्वैच्छिक संगठनों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के विनियामक विस्तार क्षेत्र के भीतर सूचीबद्ध करेगा ताकि वे परस्पर निधि की भांति साम्या, ऋण या यूनिटों के रूप में पूंजी को जुटा सकें"। इसके पश्चात्, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने तारीख 25 जुलाई 2022 की अपनी अधिसूचना द्वारा सेबी (पूंजी और प्रकटीकरण अपेक्षाओं का निर्गमन) विनियम, 2018 ("आईसीडीआर विनियम"), सेबी (सूचीबद्ध किए जाने संबंधी बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 ("एलओडीआर विनियम") और सेबी (वैकल्पिक निवेश निधि) विनियम, 2012 ("एआईएफ विनियम") को सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज के लिए व्यापक ढांचे का उपबंध करने के लिए संशोधित किया है । सेबी (पूंजी और प्रकटीकरण अपेक्षाओं का निर्गमन) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2022 सामाजिक संपरीक्षकों को एक ऐसे व्यष्टि के रूप में परिभाषित करता है, जो भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान या ऐसे किसी अन्य अभिकरण, जिसे बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, के अधीन किसी स्व:विनियामक संगठन के साथ रजिस्ट्रीकृत है और जिसने राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान द्वारा संचालित प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को अर्हित किया है और जो एक विधिमान्य प्रमाणपत्र धारण कर रहा है ।

(II) आईएएसआई का शासी बोर्ड

आईएएसआई अपने शासी बोर्ड के माध्यम से कृत्य करता है, जो न्यूनतम 12 निदेशकों से मिलकर बनता है, अर्थात् :--

क) अध्यक्ष, जिसके पास सामाजिक क्षेत्र/प्रभाव निर्धारण में अनुभव है या जो किसी विख्यात शैक्षिक संस्था से है ।

ख) सुसंगत अनुभव रखने वाले आईसीएआई की केंद्रीय परिषद् के पांच सदस्य/वहनीयता रिपोर्टिंग मानक बोर्ड के पांच सदस्य ।

ग) एक व्यक्ति, जिसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए ।

घ) एक व्यक्ति, जिसे कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए)/गृह मंत्रालय (एमएचए)/सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए ।

ङ) एक व्यक्ति, जिसे सक्षमता निर्माण निधि द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए ।

च) एक व्यक्ति, जिसे सामाजिक स्टाक एक्सचेंज द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए ।

छ) सामाजिक क्षेत्र के थीमेटीक क्षेत्रों से एक सदस्य ।

ज) एक ऐसा सदस्य, जिसके पास सामाजिक क्षेत्रों में प्रति क्षेत्रवार अनुभव है ।

(III) आईएसएआई की उप समितियां

एक अत्यधिक पारदर्शी और दक्ष रीति में कंपनी के कार्यकरण का विनियमन करने के लिए कंपनी की उप विधियों के निबंधनानुसार गठित की गई 7 उप समितियां । इन उप समितियों में शासी बोर्ड के सदस्य विद्यमान हैं और साथ ही उनमें बाजार के विशेषज्ञों को सलाहकारी भूमिका में सम्मिलित किया गया है । आईएसएआई की उप समितियां निम्नानुसार हैं :

I. सलाहकार समिति

II. सदस्यता समिति

III. मानीटरी समिति

IV. शिकायत समाधान समिति

V. अपीलीय समिति

VI. अनुशासन समिति

VII. संपादक बोर्ड

(IV) सामाजिक संपरीक्षकों का रजिस्ट्रीकरण

आईएसएआई 28 अप्रैल, 2023 को एक पृथक् रजिस्ट्रीकरण पोर्टल, अर्थात् http://registration.isai.ca.in/ को आरंभ किया तथा उसने अपनी वेबसाइट https://isai.ca.in/ पर सामाजिक संपरीक्षकों का रजिस्ट्रीकरण आरंभ किया । एनआईएसएम श्रृंखला – 23 : सामाजिक संपरीक्षक प्रमाणन परीक्षा को अर्हित करने के पश्चात् आवेदक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह आईएसएआई के साथ नामांकन कराए । आईएसएआई ने 300 से अधिक सामाजिक संपरीक्षकों को रजिस्टर किया है, जिनके ब्यौरे उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं ।

(V) "एनआईएसएम श्रृंखला – 23 : सामाजिक संपरीक्षक प्रमाणन परीक्षा" विषय पर आनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

आईएसएआई ने आईसीएआई के सदस्यों द्वारा "एनआईएसएम श्रृंखला – 23 : सामाजिक संपरीक्षक प्रमाणन परीक्षा" हेतु तैयारी करने में सहायता करने के लिए आनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को भी आरंभ किया है । एनआईएसएम अध्ययन सामग्री में विशेषज्ञ संकाय के साथ 21 अध्ययन घंटों को सम्मिलित करते हुए 11 अध्यायों को समाविष्ट किया गया है और साथ ही प्रत्येक अध्याय के लिए एफएक्यू, मामला अध्ययनों और दृष्टांतात्मक उदाहरणों को भी सम्मिलित किया गया है । आईएसएआई ने सफलतापूर्वक "एनआईएसएम श्रृंखला – 23 : सामाजिक संपरीक्षक प्रमाणन परीक्षा" संबंधी आनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दो बैचों का संचालन किया है और उसने आईसीएआई के 142 सदस्यों को प्रशिक्षित किया है ।

8.17 क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड (क्यूआरबी)

केंद्रीय सरकार ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा क के अधीन28 उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा देश में प्रदान की जा रही सेवाओं की क्वालिटी का पुनर्विलोकन करने के लिए तारीख 28 जून, 2007 को एक स्वतंत्र निकाय के रूप में क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड (क्यूआरबी) का गठन किया था तथा बोर्ड की पुनर्विलोकन प्रक्रिया देश में उत्तम और पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली के विकास में योगदान देती है । क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 28ख के अधीन निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगा :--

- संस्थान के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के संबंध में परिषद् को सिफारिशें करना ;
- संस्थान के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता का पुनर्विलोकन करना, जिसके अंतर्गत संपरीक्षा सेवाएं भी हैं ;
- संस्थान के सदस्यों को सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा विभिन्न कानूनी और अन्य विनियामक अपेक्षाओं के पालन हेतु मार्गदर्शित करना ;
- संस्थान के सदस्यों या फर्मों द्वारा विभिन्न कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं के अननुपालनों, जो पुनर्विलोकनों के दौरान उसकी जानकारी में आए, संबंधी मामलों को समीक्षा हेतु अनुशासन निदेशालय को अग्रेषित करना ।

तथापि, वर्ष 2018 में केंद्रीय सरकार द्वारा राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) के सृजन के साथ क्यूआरबी के आज्ञापक कार्यों में परिवर्तन हुआ है । पुनरीक्षित आज्ञा के अनुसार वर्तमान में क्यूआरबी एनएफआर नियम, 2018 के नियम 3(1) के अधीन विहित अवसीमा से नीचे की प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों, असूचीबद्ध पब्लिक कंपनियों की संपरीक्षा

का चयन करने के लिए प्राधिकृत है और साथ ही वह एनएफआरए द्वारा क्यूआरबी को निर्दिष्ट अस्तित्वों की संपरीक्षा क्वालिटी का पुनर्विलोकन भी करेगा ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, क्यूआरबी ने संपरीक्षा क्वालिटी के 27 पुनर्विलोकनों को पूरा किया है । इन पूरा किए गए 27 पुनर्विलोकनों में से :

- ऐसे मामलों की संख्या, जहां क्यूआरबी ने संबद्ध संपरीक्षा फर्मों को संपरीक्षा सेवाओं की क्वालिटी में सुधार लाने की सलाह दी है और साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 28ख के खंड (ग) की अपेक्षाओं के निबंधनानुसार विभिन्न कानूनी और अन्य विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन करने की भी सलाह दी है = 20
- ऐसे मामलों की संख्या, जिन्हें क्यूआरबी द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 28ख के खंड (घ) की अपेक्षाओं के निबंधनानुसार समीक्षा हेतु अनुशासन निदेशालय को अग्रेषित किया है =1
- बंद किए गए मामलों की संख्या = 6

चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 15 की उपधारा (2) के खंड (ण) के अधीन परिषद् के कृत्यों में से एक कृत्य चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 28ख के खंड (क) के अधीन क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड की सिफारिशों पर विचार करना भी है तथा उनके संबंध में की गई कार्रवाई के ब्यौरे इसकी वार्षिक रिपोर्ट में प्रकाशित किए जाएंगे ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, उपरोक्त उपबंधों के अधीन, परिषद् को चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 28ख(क) के अधीन संस्थान के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के संबंध में क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड से शून्य प्रतिनिर्देश प्राप्त हुआ था ।

उनके संबंध में की गई कार्रवाई के ब्यौरे निम्नानुसार हैं --:

- आईसीएआई की अनुशासन तंत्र के अधीन आगे और अन्वेषण करने के लिए निदेशक (अनुशासन) को निर्दिष्ट प्रतिनिर्देशों की संख्या – शून्य
- प्रतिनिर्देशों की संख्या, जहां तकनीकी पुनर्विलोकक की टिप्पणियां सदस्यों/फर्मों को सलाह के रूप में जारी किए जाने का निर्णय लिया गया - शून्य ।
- प्रतिनिर्देशों की संख्या, जिन्हें बंद करने का निर्णय लिया गया – शून्य ।
- परिषद् के विचार हेतु लंबित प्रतिनिर्देशों की संख्या – शून्य ।

9. अन्य मामले

9.1 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) दिवस - 1 जुलाई, 2022

1 जुलाई, 2022 को अत्यधिक उत्साह के साथ 74वां स्थापित दिवस मनाया गया । नई दिल्ली में आईसीएआई के प्रधान कार्यालय में आईसीएआई के झंडे के ध्वजारोहण के साथ ही समारोह को आरंभ किया गया, जिसके पश्चात् श्री कैलाश चौधरी, माननीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री की गौरवान्वित उपस्थिति में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । माननीय मंत्री ने एक लाइव वेबकास्ट के माध्यम से सीए भ्रातृसंघ को संबोधित किया तथा आईसीएआई की पर्यावरण अनुकूल पहलों की अनुशंसा की । सायंकाल के समय सीए दिवस के आयोजनों में श्री गिरिश चंद्र मूर्मू, भारत के माननीय नियंत्रक और महालेखापरीक्षक ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया । उनके अलावा श्री राजेश वर्मा, आईएएस सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने भी सम्मानित अतिथि के रूप में इस समारोह में भाग लिया । माननीय अतिथियों ने उनके अपने-अपने कार्यालयों तथा आईसीएआई के बीच ऊर्जा पूर्ण संबंधों को स्थापित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए वृत्ति की, राष्ट्र निर्माण के भागीदार के रूप में उसके प्रयासों की अनुशंसा की । इस ऐतिहासिक दिवस पर वैचारिक नेतृत्व को पोषित करने की परंपरा को जारी रखते हुए विविध समकालीन विषयों पर विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन किया गया ।

9.2 केन्द्रीय परिषद पुस्तकालय

संस्थान का केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय उसके पणधारियों की सूचना संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करता है । इसका उद्देश्य, आईसीएआई के वर्तमान और भावी सदस्यों/छात्रों, अनुसंधान अध्येताओं और पदधारियों को प्रारंभिक और द्वितीय मुद्रण और गैर-मुद्रण सामग्रियों का व्यापक और अद्यतन संग्रह उपलब्ध कराना है । पुस्तकालय ने समितियों, विभागों में जानकारी प्रदान करने और मूल्यवान सूचना का प्रसार करने के वृहत्तर उत्तरदायित्व को ग्रहण किया है । यह इस

उत्तरदायित्व का निर्वहन पुस्तकों, ई-पुस्तकों, जर्नलों, पत्रिकाओं, ऑनलाइन डाटाबेसों, मुद्रित समाचारपत्रों और साथ ई-समाचारपत्रों के माध्यम से करता है । केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय विभिन्न समितियों के कार्य के लिए अपेक्षित जर्नलों और पुस्तकों को उपलब्ध कराने तथा उन्हें अद्यतन करने के लिए उत्तरदायी है ।

केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय पूर्णतया कंप्यूटरीकृत है और वह लिबर्टी-एक पुस्तकालय प्रबंधन साफ्टवेयर के माध्यम से कार्य करता है । पुस्तकालय की सामग्रियों, जिनके अंतर्गत पुस्तकों, जर्नलों और लेखों का डाटा बेस भी है, के लिए विषय, लेखक, शीर्षक, टापिक, कुंजी शब्द और प्रकाशक के माध्यम से खोज की जा सकती है । ये अभिलेख पुस्तकालय में इंटरनेट ऑनलाइन सर्विस www.icai.org पर "सेंट्रल काउंसिल लाइब्रेरी" पुस्तकों, जर्नलों, लेखों आदि के लिए पुस्तकालय में ऑनलाइन सर्च ओपीएसी लिबर्टी के अधीन उपलब्ध हैं ।

संस्थान के जर्नल के स्तंभ "अकाउंटेंट्स ब्राउजर" के अधीन लेखांकन वृत्ति से सुसंगत लेखों की अनुक्रमणिका को प्रत्येक मास 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' जर्नल में प्रकाशित किया जाता है । यह उल्लेखनीय है कि "अकाउंटेंट्स ब्राउजर" पूर्ववर्ती लेखों के अभिलेखागार के साथ महत्वपूर्ण/वृत्तिक लेखों की एक अनुक्रमणिका है । पुस्तकालय की निर्देश सेवा विभिन्न शोधकर्ताओं और अध्येताओं, संकाय और छात्रों तथा सदस्यों को प्रदान की जाती है ।

पुस्तकालय द्वारा अनेक ऑन लाईन डाटाबेस भी अर्जित किए गए हैं जिनके ब्यौरे www.icai.org-Central Council Library पर उपलब्ध हैं । पुस्तकालय ने इन ऑनलाइन ज्ञान डाटाबेसों को केन्द्रीय परिषद् पुस्तकालय में प्रतिष्ठापित किया है और सदस्यों, संकाय और अनुसंधान अध्येताओं द्वारा अपेक्षित सामग्री की तलाश को सुकर बनाने के लिए इन तक केवल आंतरिक रूप से पहुंच बनाई जा सकती है । पुस्तकालय द्वारा अनेक ई-जर्नलों की ग्राहकी भी प्राप्त की गई है । केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय के क्रमश: प्रधान कार्यालय और नोएडा कार्यालय में स्थित पुस्तकालयों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान जोड़े गए नए संसाधनों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय (मुख्यालय)

क्रम सं.	**शीर्षक**	**आंकड़े**
1.	जर्नल (मुद्रण) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय	26
2.	ऑनलाइन संसाधन	19
3.	अवधि के दौरान जोड़ी गई पुस्तकों की संख्या	232

केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय, सेक्टर 62, नोएडा

क्रम सं.	**शीर्षक**	**आंकड़े**
1.	जर्नल (मुद्रण) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय	13
2.	ऑनलाइन संसाधन	15
3.	अवधि के दौरान जोड़ी गई पुस्तकों की संख्या	126

केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय नियमित रूप से अपने संसाधनों को अद्यतन बना रहा है ताकि वृत्तिक सदस्यों, छात्रों, संकायों और अन्य पणधारियों को नवीनतम और अद्यतन जानकारी और सूचना उपलब्ध कराई जा सके।

9.3 संपादक बोर्ड

संपादक बोर्ड भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) की एक गैर-स्थायी समिति है जिसका उद्देश्य सदस्यों को नियमित रूप से वृत्तिक ज्ञान, वृत्ति से हितबद्ध अन्य विषयों पर एक संरचित रीति में 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' जर्नल के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराना है । जर्नल की पहुंच और प्रभाव का अनुमान इसके परिचालन से संबंधित आंकड़ों से लगाया जा सकता है, जो आज के दिन 3,60,000 से अधिक है, जिसमें ई-जर्नल और मुद्रित प्रतियां, दोनों सम्मिलित हैं । द चार्टर्ड अकाउंटेंट वर्तमान समय के सर्वाधिक लोकप्रिय वृत्तिक जर्नलों में से एक है । यह आईसीएआई की बौद्धिक क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है और इसके पास संस्थान के सदस्यों, छात्रों और अन्य पणधारियों के लिए संस्थान की ख्याति की एक सुदृढ़ ब्रांड साम्या ईक्विटी मौजूद है । संपादक बोर्ड पाठकों और आईएसएआई सदस्यों को लेखांकन वृत्ति में हुई हाल ही की नवीनतम आधुनिक घटनाओं के बारे में जानकारी पहुंचाने संबंधी अपनी आज्ञा को पूरा करने का प्रयास करता है ताकि वृत्तिक ज्ञान को अग्रसर किया जा सके तथा आईएसएआई और लेखांकन वृत्ति के संबंध में नवीन विचारों, अंत:दृष्टि और सूचना का प्रसार किया जा सके ।

1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 की अवधि के दौरान संपादक बोर्ड द्वारा प्राप्त की गई अत्यधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं :

(I) विकासशील राष्ट्रों के प्रति पहलें

संपादक बोर्ड अपने मासिक जर्नल 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' के माध्यम से वृत्तिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार करके और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय प्रवृत्तियों और विकासशील व्यवहारों के संबंध में प्रस्तावना प्रस्तुत करके इसके संघटकों की सक्षमता और सामर्थ्य में सुधार करते हुए राष्ट्र के विकास के उद्देश्य को अग्रसर करने के लिए सतत रूप से कार्य करता है ।

(II) लेखों के माध्यम से ज्ञान को समृद्ध बनाना:

अवधि के दौरान, विभिन्न और समकालीन वृत्तिक मुद्दों से संबंधित बड़ी संख्या में लेखों को आईसीएआई के जर्नल में सम्मिलित किया गया था । इसके अतिरिक्त, जर्नल में वृत्तिक हित के अन्य नियमित फीचरों को भी सम्मिलित किया गया था । सदस्यों को नवीनतम वृत्तिक ज्ञान से अवगत कराने के आशय से वित्तीय साक्षरता, स्टार्ट-अप, एमएसएमई, जीएसटी, वहनीयता, आईबीसी और अन्य तकनीकी विषयों के संबंध में विशेष अंक निकाले गए थे ।

(III) 'आई गो ग्रीन विद आईसीएआई' पहल :

आईसीएआई के बहु आयामी वहनीयता अभियान के भागरूप में, सदस्यों और द चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के अन्य पाठकों को जर्नल के इलैक्ट्रानिक पाठों का विकल्प लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया था । आईसीएआई का यह डिजीटल पाठ अत्यंत लोकप्रिय हो रहा है । इन प्रयासों के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में सदस्यों ने ई-जर्नल का विकल्प लिया है । मुद्रित प्रतियों की संख्या में महत्वपूर्ण रूप से कमी आई है और इन प्रतियों की संख्या, जो अप्रैल, 2022 में 85,878 थी, मार्च, 2023 में कम होकर मात्र 74,596 रह गई है ।

(IV) **सदस्यों/छात्रों के लिए पहलें**

संपादक बोर्ड, अपने मासिक जर्नल द चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से सदस्यों और छात्रों के ज्ञानवर्धन और वृत्तिक विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है । इस संबंध में की गई कुछ महत्वपूर्ण पहलें निम्नानुसार हैं :

द चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल में क्वालिटी अंतर्वस्तु को सम्मिलित किया जाना :

विषयों की व्यापक रेंज को सम्मिलित किया जाना : अवधि के दौरान, आईसीएआई जर्नल के अंकों में विभिन्न नवीन और समकालीन मुद्दों के अधीन 143 लेखों का प्रकाशन किया गया । इसके अतिरिक्त, जर्नल में अन्य नियमित फीचरों को भी सम्मिलित किया गया था, जिनमें आईसीएआई और इसके क्रियाकलापों, जो आईसीएआई की विभिन्न समितियों के समन्वयन के साथ किए गए थे, के संबंध में अद्यतन जानकारी को सम्मिलित किया गया था ।

- जुलाई, 2021 के आईसीएआई के जर्नल के अंक को विशेष संस्करण के रूप में निकाला जाना : सीए दिवस के उपलक्ष में जुलाई, 2022 के अंक को विशेष संस्करण के रूप में निकाला गया था । इस विशेष अंक में व्यापक रूप से गणमान्य व्यक्तियों द्वारा लेखांकन वृत्ति के संबंध में जर्नल हेतु विशेष रूप से लिखे गए 11 लेखों का प्रकाशन करके समारोह की भावना में अभिवृद्धि की गई थी । जर्नल में 10 महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों से सीए दिवस से संबंधित प्रेरक संदेशों को भी प्रकाशित किया गया था, जिनमें श्री एम. वेंकैया नायडू, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ; श्री ओम बिरला, माननीय अध्यक्ष, लोक सभा ; श्री अमित शाह, भारत के माननीय गृह और सहकारिता मंत्री ; श्री नारायण राणे, माननीय एमएसएमई मंत्री, श्री गिरीश चंद्र मुर्मू, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ; श्री राव इंद्रजीत सिंह, माननीय सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और योजना तथा कारपोरेट कार्य राज्य मंत्री, श्री वी. मुरलीधरन, माननीय विदेश और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, श्री पंकज चौधरी, माननीय वित्त राज्य मंत्री, प्रोफेसर एस.पी. बघेल, माननीय विधि और न्याय राज्य मंत्री और सीए. सुरेश प्रभु, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा सम्मिलित थे ।

- जुलाई 2022 अंक का मुख्य आकर्षण था : मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारत सरकार, उद्योग के नेता और वैश्विक लेखांकन निकायों के नेताओं द्वारा लिखे लेख, जिनमें अध्यक्ष, आईईएसबीए, आईएफएसी, अध्यक्ष, आईएएसबी, आईएफएसी, अध्यक्ष, आईएएसबी, अध्यक्ष, आईपीएसएएसबी, आईएफएसी, अध्यक्ष एसएमपी सलाहकार समूह, आईएफएसी, अध्यक्ष, पीएआईबी सलाहकार समूह के लेख सम्मिलित थे । अंक में 3 पूर्ववर्ती अध्यक्षों के परिप्रेक्ष्य को सम्मिलित करने वाले लेखों को भी सम्मिलित किया गया था ।

- नवंबर, 2022 विशेष अंक : संस्थान के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण था, जब संस्थान ने नवंबर, 2022 में अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस (डब्ल्यूसीओए) की मेजबानी की और इस शुभ अवसर पर नवंबर, 2022 के जर्नल को विशेष अंक के रूप में निकाला गया था। इस अंक में वैश्विक लेखांकन वृत्ति और भारत के विकास की कहानी से संबंधित विषयों पर बल दिया गया था। विशेष संस्करण में उद्योग और लेखांकन वृत्ति के प्रमुख नेताओं द्वारा लिखे गए 11 लेखों को सम्मिलित किया गया था, जिसमें उन्होंने लेखांकन वृत्ति के भावी विकास के संबंध में अपनी परिकल्पना को साझा किया था। इसके अतिरिक्त, जर्नल में 12 प्रेरणादायक संदेशों को भी सम्मिलित किया गया था, जिन्हें महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भेजा गया था, अर्थात् श्री जगदीप धनखड़, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ; श्री ओम बिड़ला, माननीय अध्यक्ष, लोक सभा ; श्री भगत सिंह कोश्यारी, महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल, श्री नितिन गडकरी, माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री भूपेन्द्र यादव, माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन और श्रम और रोजगार मंत्री ; श्री प्रल्हाद जोशी, माननीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री ; श्री राजीव चन्द्रशेखर, माननीय कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ; डॉ. भागवत कराड, माननीय वित्त राज्य मंत्री ; श्री एकनाथ संभाजी शिंदे, महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री ; श्री गिरीश चंद्र मुर्मू, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ; श्रीमती माधबी पुरी बुच, अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ; डॉ. अजय भूषण पांडे, अध्यक्ष, राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण।
- **जर्नल का अद्यतन विधिक जानकारी संबंधी खंड :** जर्नल में मामला संबंधी रिपोर्टों को शीर्ष टिप्पणों के साथ प्रकाशित किया गया था। इसके साथ ही मामला विधियों के संपूर्ण विवरणों को संस्थान की वेबसाइट पर समिति के पृष्ठ के अधीन ऑनलाइन रूप से प्रकाशित किया गया था।

सदस्यों और छात्रों की सुविधा हेतु - द चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के अंकीय पाठों के अनेक रूपों का उन्नयन

- पीडीएफ प्ररूप में जर्नल : पाठकों के लिए और अधिक तथा वैकल्पिक सुविधाओं को आरंभ करने, विशिष्ट रूप से अंतर्वस्तु-वार पृथक् डाउनलोड के लिए जर्नल को पीडीएफ प्ररूप में वेबसाइट पर रखे जाने को जारी रखा गया है। जुलाई, 2002 के आगे से अंकीय जर्नल के पिछले सार संग्रह आईसीएआई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
- डिजीटल पठन केंद्र पर जर्नल : जर्नल के इलैक्ट्रानिक पाठ को, जो ऑनलाइन रूप से उपयोक्ता मित्र ई-पत्रिका के रूप में आईसीएआई की वेबसाइट www.icai.org पर उपलब्ध है, डिजीटल पठन केंद्र के भाग रूप में सम्मिलित किया गया था। इससे आईसीएआई के वहनीयता अभियान को समर्थन देने के अलावा आईसीएआई की पठन प्रबंध प्रणाली के माध्यम से ज्ञान के प्रसार में सहायता प्राप्त हुई थी। फिल्प पुस्तक के रूप में भी ई-जर्नल को वेबसाइट पर रखा जाता है, जिसमें सौंदर्यबोधी रूप से आकर्षक अंतर्वस्तु उपलब्ध कराई जाती है।
- जर्नल हाईलाईट ईमेलर्स : जर्नल के प्रत्येक अंक की विशिष्टियों को संक्षिप्त रूप में तथा जर्नल में सम्मिलित अध्यक्ष के संदेश को सभी सदस्यों को प्रपुंज में ई-मेल किया जाता है।
- मोबाइल पर जर्नल : यह ई-जर्नल अब मोबाइल पर भी उपलब्ध है तथा यह आईओएस (आई पैड/आई फोन आदि) और एंड्रयाड युक्तियों के समनुरूप है। इस जर्नल तक पहुंच को http://www.icai.org/ के अधीन 'ई-जर्नल' टैब पर सुकर बनाया जा सकता है। यह ई-जर्नल आईसीएआई मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध है।

10. सदस्य

10.1 सदस्यता

31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान आईसीएआई द्वारा 28,181 नए सदस्यों को दर्ज किया गया था, जिससे 1 अप्रैल, 2023 को आईसीएआई की कुल सदस्यता संख्या 3,78,619 हो गई है।

पिछले वर्ष सम्मिलित किए गए 5,826 अध्येता सदस्यों की तुलना में 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान 2,559 सहबद्ध सदस्यों को अध्येता सदस्यों के रूप में सम्मिलित किया गया।

1 अप्रैल, 2023 को सदस्यों की कुल संख्या

सदस्यों का प्रवर्ग	**अध्येता (1)**	**सहबद्ध (2)**	**स्तंभ (1) और (2) का योग**
पूर्णकालिक व्यवसाय में	93159	55843	149002
अंशकालिक व्यवसाय में	2146	5091	7237
जो व्यवसाय में नहीं हैं	16817	205563	222380
योग	**112122**	**266497**	**378619**

10.2 दीक्षांत समारोह 2022-23

संस्थान नवंबर, 2008 से नए नामांकित सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन कर रहा है । वर्ष 2022-23 के दौरान, आईसीएआई ने सफलतापूर्वक 'दीक्षांत समारोह, 2022' का आयोजन किया था, जिसमें 1 सितंबर, 2021 से 30 सितंबर, 2022 के दौरान नामांकित नए सदस्यों को आमंत्रित किया गया था । इस समारोह का आयोजन 14 स्थानों, अर्थात् मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, औरंगाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, बंगलुरु, कोलकाता, कानपुर, गाजियाबाद, इंदौर, जयपुर, लुधियाना और नई दिल्ली में किया गया ।

10.3 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स कल्याण निधि

दिसम्बर, 1962 में स्थापित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स कल्याण निधि ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को, जो संस्थान के सदस्य हैं या रहे हैं और उनके आश्रितों को, उनके भरण पोषण तथा शिक्षा और चिकित्सा आदि की उभरती अत्यावश्यकताओं को पूरा करने के लिए विहित मानदंडों को पूरा किए जाने पर वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

कोविड 19 महामारी के दौरान, संस्थान ने जरुरतमंद पात्र सदस्यों या उनके आश्रितों, जो विपत्ति में थे, की सहायता करने का प्रयास किया तथा कोरोना रोग के उपचार के लिए वित्तीय सहायता को जारी किया और साथ ही मृतक सदस्यों के आश्रितों को एक समय अनुग्रहपूर्वक/मासिक वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई ।

निधि की वित्तीय और अन्य विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :

सदस्यता के ब्यौरे

1.	31 मार्च, 2022 को कुल आजीवन सदस्य	1,39,875
2.	31 मार्च, 2023 को कुल आजीवन सदस्य	1,40,306
3.	नए आजीवन सदस्यों में कुल वृद्धि (31 मार्च, 2023 को यथाविद्यमान)	431

वित्तीय विशिष्टियों के ब्यौरे

		31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान (रुपए)	**31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान (रुपए)**
1.	दी गई कुल वित्तीय सहायता	3,6651,000	11,91,64,000
2.	वर्ष के दौरान निधि में अधिशेष	(1,37,93,000)	(9,00,10,000)
3.	निधि का अतिशेष	(4,85,86,000)	(3,47,93,000)
4.	कोरपस का अतिशेष	19,32,27,000	20,27,10,000

10.4 एस. वैद्यनाथ अय्यर स्मारक निधि

31 मार्च, 2023 को निधि के आजीवन सदस्यों की संख्या 10,865 है । साधारण निधि के पास 31 मार्च, 2022 को 76,74,000/- रुपए के मुकाबले 31 मार्च, 2023 को 79,61,000/- रुपए का अतिशेष विद्यमान है ।

10.5 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स छात्र कल्याण निधि (सीएएसबीएफ)

आईसीएआई के साथ रजिस्ट्रीकृत छात्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लक्ष्य और उद्देश्यों से अगस्त, 2008 में इस निधि की स्थापना की गई थी । साधारण निधि के पास 31 मार्च, 2022 को 16,52,76,000/- रुपए के मुकाबले 31 मार्च, 2023 को 18,27,83,000/- रुपए का अतिशेष विद्यमान हैं ।

1.4.2023 को यथाविद्यमान सदस्यों के आंकड़

अध्येता :	पूर्णकालिक व्यवसाय में	93159
	अंशकालिक व्यवसाय में	2146

	जो व्यवसाय में नहीं है	16817
		112122
सहबद्ध :	पूर्णकालिक व्यवसाय में	55843
	अंशकालिक व्यवसाय में	5091
	जो व्यवसाय में नहीं है	205563
		266497
कुल सदस्यता :		378619

	अध्येता				**सहबद्ध**				
	व्यवसाय में				**व्यवसाय में**				
क्षेत्र	**पूर्णकालिक**	**अंशकालिक**	**जो व्यवसाय में नहीं है**	**योग**	**पूर्णकालिक**	**अंशकालिक**	**जो व्यवसाय में नहीं है**	**योग**	**सकल योग**
पश्चिमी	27447	591	4698	**32736**	18599	1778	70666	**91043**	**123779**
दक्षिणी	19627	575	3934	**24136**	10146	1171	42838	**54155**	**78291**
पूर्वी	8281	151	1484	**9916**	3672	360	14824	**18856**	**28772**
मध्य	19446	340	2532	**22318**	12559	836	38697	**52092**	**74410**
उत्तरी	18358	489	4169	**23016**	10867	946	38538	**50351**	**73367**
योग	**93159**	**2146**	**16817**	**112122**	**55843**	**5091**	**205563**	**266497**	**378619**

11. अध्ययन बोर्ड

11.1 अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक)

छात्रों के लिए पहलें

(I) शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम

नई शिक्षा और प्रशिक्षण स्कीम में निम्नलिखित विशिष्टियों को सम्मिलित किया गया है :--

- इंटर और फाइनल, प्रत्येक स्तर पर छह प्रश्नपत्रों के साथ पुन:परिभाषित पाठ्यचर्या
- दो वर्ष का निर्बाध व्यावहारिक प्रशिक्षण
- स्व:गतिमान आनलाइन माड्यूलों के साथ अनुभव प्राप्त पठन
- बहु विषयक विषय और विशेषज्ञता
- फाइनल स्तर पर सभी मूल विषयों में नैतिकता और प्रौद्योगिकी
- कारबार समाधान उपलब्ध कराने के लिए नीतिगत निर्णय लिए जाने पर ध्यान केंद्रित करना
- उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षण पर बल
- इंटर और फाइनल स्तर पर तीस प्रतिशत एमसीक्यू आधारित परीक्षा
- कारबार लेखांकन सहबद्ध (बीएए) के रूप में मान्यता – एक एग्जिट रूट
- देश विनिर्दिष्ट अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यचर्या और प्रशिक्षण

स्कीम से संबंधित उद्घोषणाओं, अनुदेशिका, विद्यमान छात्रों के लिए निर्बाध रूप से नई स्कीम में अंतरण/संपरिवर्तन

संबंधी स्कीम तथा स्कीम के विभिन्न पहलूओं पर एफएक्यू को वेबसाइट पर रखा गया था। अध्ययन सामग्रियों को भी वेबसाइट पर रखा गया था। शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम के संबंध में एक लाइव वेबकास्ट का आयोजन किया गया था, जिसके माध्यम से आईसीएआई के नेतृत्व ने नई स्कीम की प्रमुख विशिष्टियों, एफएक्यू तथा छात्रों, सदस्यों और अन्य पणधारियों के लिए संपरिवर्तन स्कीम को स्पष्ट किया था। इस वेबकास्ट के दौरान पणधारियों से प्राप्त हुई शंकाओं का भी समाधान किया गया था।

शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम के कार्यान्वयन संबंधी समय-सूची को नीचे उपदर्शित किया गया है।

विशिष्टियां	तारीख
परिषद् में सीआरईटी की सिफारिशों का अनुमोदन	10 फ़रवरी 2022
सीए विनियमों में प्रारूप संशोधनों के साथ प्रस्तावित स्कीम एमसीए को सौंपना	25 मार्च 2022
एमसीए के समक्ष प्रस्तुतिकरण	8 अप्रैल, 2022 और 7 मई, 2022
एमसीए से सैद्धांतिक अनुमोदन	26 मई 2022
आईसीएआई की केंद्रीय परिषद और अध्ययन बोर्ड के सदस्यों के साथ प्रस्तावित स्कीम पर परस्पर क्रियाशील सत्र	30 मई 2022
आईसीएआई की प्रादेशिक परिषद के सदस्यों और शाखाओं के एमसीएम के साथ प्रस्तावित स्कीम पर परस्पर क्रियाशील सत्र	31 मई 2022
टिप्पणियाँ आमंत्रित करते हुए भारत के राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन	2 जून 2022
आउटरीच कार्यक्रम और लोक उदभासन	2 जून - 1 जुलाई, 2022 के बीच 102 कार्यक्रम
ऑनलाइन प्ररूप के माध्यम से प्राप्त प्रवर्ग-वार लोक टिप्पणियाँ	24,728
प्रवर्ग-वार लोक टिप्पणियों का विश्लेषण किया गया और बोर्ड की बैठक में रखा गया	19 और 20 जुलाई, 2022
बोर्ड की सिफ़ारिशों को परिषद की बैठक में रखा गया/आस्थगित बैठक	12 से 14 अगस्त, 2022/ 28 से 29 अगस्त, 2022
विनियमों में संशोधनों में उपांतरणों के साथ परिषद की सिफारिशों संबंधी पत्र एमसीए को भेजा गया	17 सितंबर, 2022
एमसीए का अंतिम अनुमोदन प्राप्त हुआ	13 जून 2023
शिक्षा एवं प्रशिक्षण की नई स्कीम के संबंध में राजपत्र अधिसूचना का प्रकाशन	21 जून 2023
शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम का शुभारंभ	1 जुलाई, 2023

(II) शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम के अधीन भिन्न-भिन्न विषयों के लिए पाठ्यचर्या की विरचना के लिए विशेषज्ञ समूहों का गठन

स्व:गतिमान माड्यूलों, सूचना प्रौद्योगिक और साफ्ट कौशलों संबंधी पाठ्यक्रमों सहित सभी विषयों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की प्रस्तावित स्कीम के अधीन पाठ्यचर्या की विरचना करने के लिए विशेषज्ञ समूहों का गठन किया गया। विशेषज्ञ समूहों में केंद्रीय परिषद् के सदस्यों, पूर्व अध्यक्षों, पूर्व परिषद सदस्यों और विषय के विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया। काफी कम समय में, अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) ने विशेषज्ञ समूहों की 30 बैठकों का सफलतापूर्वक आयोजन किया तथा विशेषज्ञ समूहों से प्राप्त सिफारिशों पर बोर्ड द्वारा विचार किया गया तथा उनका अनुमोदन किया गया। परिषद् ने बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया तथा पाठ्यचर्या को अनुमोदित किया।

(III) नई स्कीम के अधीन अध्ययन सामग्रियों को विकसित करना

शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम के अधीन सभी स्तरों पर, जिसके अंतर्गत स्व:गतिमान आनलाइन माडयूल सेट क और सेट ख भी हैं, अध्ययन सामग्रियों को तैयार किया गया तथा उनका पुनर्विलोकन करने के पश्चात् और शिक्षा तथा प्रशिक्षण की नई स्कीम के शुभारंभ के पश्चात् उन्हें संस्थान की वेबसाइट पर रखा गया । नई स्कीम के अधीन और अधिक चित्रों, फ्लो चार्टों और सारणियों को सम्मिलित करते हुए अध्ययन सामग्रियों में अनेक मूल्यवर्धित विशिष्टियों का निर्माण किया गया है ताकि छात्र अनुकूल रीति में अवधारणाओं और उपबंधों को स्पष्ट किया जा सके । ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को भी फाउंडेशन स्तर पर प्रश्न-पत्रों में सम्मिलित किया गया है ताकि छात्रों को उन घटनाओं के संबंध में अंत:दृष्टि प्राप्त हो सके, जिनके परिणामस्वरूप किसी विधान या नीति का विधायन किया जाता है । विषय – विनिर्दिष्ट मूल्यवर्धनों में ऐसी कहानियों और परिदृश्यों को चुनिंदा विषयों में जोड़ा गया है ताकि उन विषयों को और अधिक दिलचस्प बनाया जा सके । वित्तीय विवरणों के उद्धरणों तथा लेखांकन नीतियों और लेखाओं संबंधी टिप्पणों को भी इंड एएस के संबंध में व्यवहारिक अंत:दृष्टि उपलब्ध कराने के लिए सम्मिलित किया गया है । एक अन्य महत्वपूर्ण विशिष्टि, जिसे अध्ययन सामग्रियों में सम्मिलित किया गया है, क्रास वर्ल्ड प्जल और रेपिड फायर क्विज के माध्यम से शिक्षा में गेमिंग को समाविष्ट किया गया है ताकि कर विधियों के पठन को और अधिक आनंदमय और समृद्ध बनाया जा सके । इन सभी विशिष्टियों को छात्रों के पठन अनुभव में अभिवृद्धि करने तथा उसे समृद्ध बनाने के लिए सम्मिलित किया गया है ।

(IV) बहु विकल्प प्रश्न (एमसीक्यू) प्रश्न-पत्र अभ्यास निर्धारण

परिषद् की बैठक के दौरान अध्यक्ष, आईसीएआई और उपाध्यक्ष, आईसीएआई ने बहु विकल्प प्रश्न (एमसीक्यू) प्रश्न-पत्र अभ्यास निर्धारण डैश बोर्ड का शुभारंभ किया । इसका उद्देश्य यह है कि छात्रों को विषय के प्रत्येक अध्याय के संबंध में अपनी समझ और स्पष्टता का स्व:विश्लेषण करने के लिए इन प्रश्नों को हल करने में समर्थ बनाया जा सके । इस डैश बोर्ड की प्रमुख विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :--

- यह छात्रों को सभी स्तरों – फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल के लिए बीओएस ज्ञान पोर्टल तथा आईसीएआई – बीओएस मोबाइल ऐप पर एक उपयोक्ता मित्र मंच उपलब्ध कराता है ।
- सभी स्तरों पर प्रश्न-पत्रवार/अध्यायवार कार्यपालन का लेखा-जोखा रखा जा सकता है ।
- एमसीक्यू आधारित और साथ ही मामला परिदृश्य पर आधारित प्रश्नों को हल किया जा सकता है ।
- छात्रों की तैयरी के अनुसार वे साधारण, मध्यम और कठिन एमसीक्यू/मामला परिदृश्यों का चयन कर सकते हैं ।
- 20 मिनटों में 20 एमसीक्यू का उत्तर दिया जाता है । अतिरिक्त समय, यदि लिया गया है, को छात्र की कार्यपालन रिपोर्ट में उपदर्शित किया जाएगा ।
- नए एमसीक्यू/मामला परिदृश्यों को समय-समय पर अपलोड किया जा सकता है और उन्हें छात्रों के डैश बोर्ड पर उपदर्शित किया जाता है ।

1 जुलाई, 2023 को फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल स्तर पर अभ्यास हेतु छात्रों के लिए उपलब्ध प्रश्नों की संख्या निम्नानुसार है :--

पाठ्यक्रम	प्रश्नों की संख्या
फाउंडेशन	1000
मध्यवर्ती	1163
फाइनल	742

1 जुलाई, 2023 को छात्रों द्वारा बहु विकल्प प्रश्न (एमसीक्यू) पत्र अभ्यास निर्धारण तक स्तरवार पहुंच बनाए जाने संबंधी सांख्यिकी निम्नानुसार है : -

पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
फाउंडेशन	2208
मध्यवर्ती	1993
फाइनल	841

(V) सारांश – अंतिम मील संदर्भिका

अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) ने एक व्यापक सार-संग्रह तैयार किया है, अर्थात् सारांश – अंतिम मील संदर्भिका, जिसमें लेखांकन, संपरीक्षा, लागत और प्रबंध लेखांकन, नीतिगत लागत प्रबंध और कार्यपालन मूल्यांकन, वित्तीय प्रबंध, नीतिगत प्रबंध और कंपनी विधि के मूल विषयों में महत्वूपर्ण अवधारणाओं को सम्मिलित करते हुए उनमें चित्रों, फ्लो चार्टों और सारणियों के माध्यम से सारवान ज्ञान उपलब्ध कराया गया है । इन 7 पुस्तकों में से 4 पुस्तकों का विमोचन 7 फरवरी, 2023 को 73वें वार्षिक समारोह के दौरान किया गया था जबकि शेष 3 पुस्तकों का विमोचन अध्यक्ष, आईसीएआई और उपाध्यक्ष, आईसीएआई द्वारा परिषद् की बैठक के दौरान किया गया था । ये पुस्तिकाएं छात्रों को परीक्षा से पूर्व अंतिम समय में तैयारी करने में सहायता करेंगी ।

(VI) लाइव पठन कक्षाएं

अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) नि:शुल्क लाइव पठन कक्षाओं (एलएलसी) का आयोजन कर रहा है, जिसका उद्देश्य आगामी सीए परीक्षाओं के लिए छात्रों को फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल पाठ्यक्रमों हेतु तैयारी करने में सहायता करना है ।

उल्लेखनीय विशिष्टियां

- नि:शुल्क लाइव कक्षाएं ।
- इन कक्षाओं तक लाइव पहुंच बनाई जा सकती है या उन्हें बाद में भी देखा जा सकता है क्योंकि रिकार्ड किए गए व्याख्यानों को हाथ में धारण की जाने वाली युक्तियों जैसे स्मार्ट फोन, लैपटाप, आईपैड, टैबलेट आदि के माध्यम से किसी भी समय या कहीं से भी देखा जा सकता है ।
- असीमित पहुंच के साथ रिकार्ड किए गए व्याख्यान ।
- विख्यात विषय विशेषज्ञों द्वारा लिए गए सत्र ।
- टिप्पणों/समनुदेशनों/एमसीक्यू के पृथक् खंड ।
- लाइव कक्षाओं के दौरान किन्हीं शंकाओं को सामने रखा जा सकता है तथा संकाय ऐसी शंकाओं का उत्तर प्रदान करेगा ।
- परीक्षा उन्मुख विशिष्ट दृष्टिकोण ।

आयोजित लाइव पठन कक्षाओं के बैच :

विशिष्टियां	**मई/जून, 2022 परीक्षा**		**नवंबर/दिसंबर, 2022 परीक्षा**		**मई/जून, 2023 परीक्षा**	
शुभारंभ	**बैच**	**दर्शकों की संख्या**	**बैच**	**दर्शकों की संख्या**	**बैच**	**दर्शकों की संख्या**
फाउंडेशन	8 दिसंबर, 2021 से 26 मार्च 2022 तक चौथा बैच	2,85,680	7 जुलाई से 30 अक्टूबर 2022 तक पांचवां बैच	2,70,339	21 नवंबर 2022 से 3 मार्च 2023 तक छठा बैच	6,39,814
मध्यवर्ती	25 अक्टूबर 2021 से 1 अप्रैल 2022 तक चौथा बैच	4,38,221	15 मार्च से 30 सितंबर, 2022 तक पांचवां बैच	3,62,645	14 अक्टूबर 2022 से 30 मार्च 2023 तक छठा बैच	3,61,156
फाइनल	10 मई 2021 से 8 अक्टूबर 2021 (नवंबर 2021 और मई 2022 परीक्षा) तक तीसरा बैच	2,56,372	25 अक्टूबर 2021 से 25 जून 2022 (मई 2022 और नवंबर 2022) तक चौथा बैच	3,08,653	14 अक्टूबर 2022 से 30 मार्च 2023 तक पांचवां बैच	2,46,727

(VII) आपकी सफलता के लिए बीओएस - बीओएस संकाय द्वारा दिए गए व्याख्यान

बीओएस संकाय शैक्षिक पथ को सुचारु और सुगम बनाने के लिए सभी स्तरों पर प्रत्येक प्रश्न के संबंध में मोक परीक्षाओं का आयोजन करने के पश्चात् छात्रों को विनिर्दिष्ट मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहा है । इन सत्रों से संबंधित ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

(क) जून, 2023 की परीक्षा में बैठने वाले फाउंडेशन के छात्रों के लिए "आपकी सफलता के लिए बीओएस" सत्रों का पहली बार आयोजन फाउंडेशन स्तर के छात्रों के लिए 15 मई, 2023 से किया गया था । इन सत्रों में 12,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया था ।

(ख) मई, 2023 की परीक्षा में बैठने वाले मध्यवर्ती और फाइनल के छात्रों के लिए "आपकी सफलता के लिए बीओएस" सत्रों का आयोजन मार्च, 2023 में किया गया था, जिनमें 15,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया था ।

(ग) नवंबर, 2022 की परीक्षा में बैठने वाले मध्यवर्ती और फाइनल के छात्रों के लिए "आपकी सफलता के लिए बीओएस" सत्रों का आयोजन सितंबर, 2022 में किया गया था, जिनमें 12,700 से अधिक छात्रों ने भाग लिया था ।

(VIII) बीओएस ज्ञान पोर्टल में सुधार

बोर्ड ने अपने बीओएस ज्ञान पोर्टल का उन्नयन किया है और इसके नए वर्जन को 1 जुलाई, 2022 को आरंभ किया गया था । अभी तक, 4.29 लाख से अधिक छात्रों ने बीओएस ज्ञान पोर्टल पर रजिस्टर किया है । बीओएस ज्ञान पोर्टल छात्रों के लिए छात्र अंतर्वस्तु का एक उत्तम भंडार गृह भी है । नया बीओएस ज्ञान पोर्टल अब निर्बाध पाठ्यक्रम तथा प्रश्न-पत्र-वार लाइव और रिकार्ड किए गए व्याख्यानों, पाठ्यचर्या, उदघोषणाओं, अध्ययन सामग्रियों, पुनरीक्षण, परीक्षा पत्रों, मोक परीक्षा पत्रों, अनुसूचियों, महत्वपूर्ण समाचारों, छात्र अनुस्मरणों, छात्र जर्नल, अन्य पोर्टल आदि तक पहुंच के लिए एकल मंच उपलब्ध कराता है ।

(IX) आईसीएआई-बीओएस मोबाइल ऐप

अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक), आईसीएआई द्वारा प्रारंभिक रूप से 1 जुलाई, 2021 को आईसीएआई-बीओएस मोबाइल ऐप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया, जो एकल क्लिक के साथ सभी पठन सामग्रियां प्राप्त करने के लिए एकल समाधान है । बोर्ड ने 1 जुलाई, 2022 को लैपटाप/डेस्कटॉप के माध्यम से बीओएस ज्ञान पोर्टल तक पहुंच स्थापित करने हेतु इसके वेब वर्जन को भी आरंभ किया है । मोबाइल ऐप और बीओएस ज्ञान पोर्टल की प्रमुख विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :

- एकल साइनओन – एसएसपी से अधिप्रमाणित ऐप्लीकेशन तक पहुंच ।
- उदघोषणाएं – बीओएस और परीक्षा संबंधी उदघोषणाएं ।
- पुश नोटिफिकेशन – रियल टाइम में महत्वपूर्ण नोटिफिकेशन ।
- लाइव पठन कक्षाएं, जहां छात्र चैट बॉक्स के माध्यम से संदेहों को लाइव रूप से निवारण कर सकते हैं ।
- सभी शैक्षिक अंतर्वस्तुएं – सभी अध्ययन सामग्रियों, आरटीपी, सुझाए गए उत्तरों, सुगम संदर्भों, मामला अध्यय सार-संग्रहों को उपलब्ध कराया गया है ।
- संकाय के टिप्पणों और समनुदेशनों का डाउनलोड – छात्र अध्ययन सामग्री दोहराने हेतु संकाय के टिप्पणों और समनुदेशनों को डाउनलोड कर सकते हैं ।
- आनलाइन एमसीक्यू निर्धारण – इस विशिष्टि के माध्यम से छात्र विषय-वार एमसीक्यू आधारित आनलाइन परीक्षा दे सकते हैं और अपने कार्यपालन का निर्धारण कर सकते हैं । छात्र के कार्यपालन के आधार पर अगली कक्षा में संकाय उसके संदेहों का निवारण करेगा ।
- रिकार्ड किए गए व्याख्यान । छात्र किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार चालू/पूर्ववर्ती बैचों के रिकार्ड किए गए व्याख्यानों को देख सकते हैं ।
- एमसीक्यू प्रश्न-पत्र अभ्यास निर्धारण – छात्र विषय के प्रत्येक अध्याय के संबंध में अपनी समझ और स्पष्टता का स्व:विश्लेषण करने के लिए इन प्रश्नों को हल करने का प्रयास कर सकते हैं ।

- अन्य पोर्टल – छात्र आईसीएआई के अन्य पोर्टलों पर जा सकते हैं ।
- शेयर ऐप – ऐप के डाउनलोड लिंक को स्वयं ऐप के माध्यम से साझा किया जा सकता है ।

मोबाइल ऐप और बीओएस ज्ञान पोर्टल उपयोक्ता

विशिष्टियां	आज की तारीख को सांख्यिकी
मोबाइल ऐप + बीओएस ज्ञान पोर्टल का उपयोग करने वाले छात्र	4,19,526
मोबाइल ऐप डाउनलोड करने वाले सदस्य	12,649
अपना प्रश्न पूछें, खंड में उत्तर देने वाले छात्र	14,891

(X) मोक परीक्षा संबंधी प्रश्न-पत्र (एमटीपी)

अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) मई/नवंबर माह में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए भौतिक और साथ ही वर्चुअल पद्धति से मार्च, अप्रैल, सितंबर और अक्तूबर माह में मोक परीक्षा प्रश्न-पत्रों का आयोजन करता है । ये मोक परीक्षाएं, परीक्षाओं का पूर्वाभ्यास हैं और ये छात्रों को अपनी तैयारी के स्तर का निर्धारण करने में समर्थ बनाती हैं । बोर्ड ने हाल ही में छात्रों के लिए आनलाइन मोक परीक्षा माड्यूल और साथ ही शाखाओं/क्षेत्रों में सुधार किया है ताकि छात्र प्रश्न-पत्रों और उत्तरों तक सुगम पहुंच बना सकें । सभी तीन स्तरों के छात्रों के पास बीओएस ज्ञान पोर्टल और साथ ही आईसीएआई बीओएस मोबाइल ऐप पर अपना स्वयं का डैश बोर्ड विद्यमान है, जहां वे मोक परीक्षा श्रृंखला की समय-सूची के संबंध में जानकारी तक पहुंच बना सकते हैं । आंबटित समय-सीमा के भीतर अपलोड किए गए प्रश्न-पत्रों और उत्तरों को छात्रों द्वारा डैश बोर्ड से डाउनलोड किया जा सकता है । मई, 2022, नवंबर, 2022 और मई, 2023 की परीक्षाओं के लिए आयोजित मोक परीक्षाओं के आंकड़े निम्नानुसार हैं :

मध्यवर्ती और फाइनल पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए :

विशिष्टियां	मई, 2022		नवंबर, 2022		मई, 2023	
श्रृंखला I और II	**मार्च, 22**	**अप्रैल, 22**	**सितंबर, 22**	**अक्तूबर, 22**	**मार्च, 23**	**अप्रैल, 23**
शाखाओं/प्रादेशिक परिषदों द्वारा आयोजित एमटीपी की संख्या	85	89	118	98	131	122

फाउंडेशन पाठ्यक्रम के छात्र के लिए

विशिष्टियां	जून, 2022		दिसंबर, 2022		जून, 2023	
श्रृंखला I और II	**मई, 22**	**मई, 22**	**नवंबर, 22**	**नवंबर, 22**	**अप्रैल, 23**	**मई, 23**
शाखाओं/प्रादेशिक परिषदों द्वारा आयोजित एमटीपी की संख्या	92	80	97	89	107	110

(XI) डिजीटल पठन केंद्र संबंधी ई-पुस्तकें

बोर्ड ने आईसीएआई डिजीटल पठन केंद्र के माध्यम से सीए पाठ्यक्रम की पुरानी स्कीम के सभी तीन स्तरों के लिए श्रव्य समर्थित ई-पुस्तकों को जारी किया है । छात्र अपने एसएसपी लॉगिन ब्यौरों के माध्यम से इन ई-पुस्तकों तक पहुंच बना सकते हैं । छात्र अपनी सुविधा के अनुसार किसी अध्याय को विशिष्ट रूप से उपदर्शित तथा उस पर टिप्पणी कर सकते हैं और उन्हें सुन सकते हैं । नई स्कीम के लिए ई-पुस्तकों को विकसित किए जाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और वह प्रक्रियाधीन है ।

(XII) व्यावहारिक प्रशिक्षण निर्धारण

कोविड-19 महामारी के कारण केंद्र आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जा सका था अत: अक्तूबर, 2020 से गृह आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण निर्धारण परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है । अभी तक इन निर्धारण परीक्षाओं में दोनों स्तरों के लिए लगभग 1,79,000 छात्र बैठें हैं । इसका प्रयोजन छात्रों के बीच अपने व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा करने के प्रति गंभीरता का सृजन करना और साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों द्वारा पढ़े जाने के लिए अपेक्षित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त किया जाता है । इन परीक्षाओं के दोनों स्तरों पर प्राप्त औसत ग्रेड को छात्रों को एक वर्चुअल प्रमाणपत्र पत्र के माध्यम से प्रदान किए जाता है ।

(XIII) अध्ययन बोर्ड की पहलों के संबंध में आनलाइन सर्वेक्षण का आयोजन

अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) द्वारा छात्रों को उपलब्ध कराई जाने वाली अध्ययन सामग्री, ई-पुस्तकों, लाइव कोचिंग कक्षाओं, मोबाइल ऐप, मोक परीक्षाओं, पूर्वाभ्यास प्रश्न-पत्रों, छात्र जर्नल आदि के संबंध में उपलब्ध कराई जाने वाली पहलों की प्रभाविकता का मूल्यांकन करने के लिए एक आनलाइन सर्वेक्षण का आयोजन किया गया था । प्राप्् हुए सुझावों तथा प्रतिक्रियाओं के आधार पर अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) उनमें सुधार करने हेतु कार्यकरण कर रहा है ।

(XIV) राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के प्रति पहलें

- **वाणिज्य और लेखांकन संबंधी राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन (एनईएस-सीए)**
- अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) ने 6 और 7 जनवरी, 2023 के दौरान नई दिल्ली में दो दिवसीय वाणिज्य और लेखांकन संबंधी राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन (एनईएस-सीए) का आयोजन किया, जिसका उदघाटन डा. सुभाष सरकार, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री द्वारा किया गया तथा डा. भागवत किशन राव कराद, माननीय वित्त राज्य मंत्री ने मुख्य संबोधन प्रस्तुत किया । एनईएस-सीए का उद्देश्य विद्यालयों/महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों के माध्यम से पूरे भारत में उच्चतर माध्यमिक तथा स्नातक स्तरों पर वाणिज्य और लेखांकन शिक्षा का मानकीकरण करना है । उदघाटन सत्र के दौरान, डा. सुभाष सरकार, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री ने "आईसीएआई एग्जाम्पलर : प्रिपेयरिंग फ्यूचर रेडी कार्मस ग्रेजुएट" शीर्षक वाली आदर्श पाठ्यचर्या का विमोचन किया । इस शिखर सम्मेलन में 25 से अधिक राज्यों में स्थित शीर्ष वाणिज्यिक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के कुलपतियों, निदेशकों, संकायध्यक्षों, प्रधानाचार्यों, विभाग प्रमुखों, अध्यक्षों और प्रोफेसरों तथा राज्य शिक्षा बोर्डों के सचिवों ने भाग लिया । आईसीएआई ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीबी) के साथ इस एनईएस – सीए शिखर सम्मेलन के लिए भागीदारी की ।
- **विश्वविद्यालयों/संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन**

अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) ने बी.काम, बी.काम (आनर्स), एम.काम और वाणिज्य तथा प्रबंधन संकाय के अधीन प्रमाणपत्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान किए जाने के क्षेत्र में शैक्षिक सहयोग को विस्तारित करने के उद्देश्य से और साथ ही परस्पर रूप से फायदाप्रद कार्यक्रमों के विकास हेतु सहयोग को बढ़ावा देने तथा सुकर बनाने, जिससे दोनों संगठनों के बौद्धिक जीवन और सांस्कृतिक विकास में अभिवृद्धि होगी, के प्रयोजन को सिद्ध करने के लिए विश्वविद्यालयों/संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं । आईसीएआई ने बी.काम, बी.काम (आनर्स), एम.काम और वाणिज्य तथा प्रबंधन संकाय के अधीन प्रमाणपत्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या को विरचित करने में अपनी सहायता प्रदान करने के संबंध में सहमति दी है और इस प्रकार विरचित पाठ्यचर्या को संस्था में लागू किया जाएगा और साथ ही यदि विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा ऐसी वांछा की जाती है तो उसके संकाय को विषय से संबंधित प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा । देश भर से 37 विश्वविद्यालयों/संस्थाओं के साथ ऐसे समझौता ज्ञापनों को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए आईसीएआई, उनके संपर्क में है ।

- **सीए पाठ्यक्रम के लिए मान्यता – पीएचडी कार्यक्रम करने हेतु**

112 भारतीय विश्वविद्यालयों, 7 आईआईएम और 2 आईआईटी (मद्रास और मुंबई), कुल 121 संस्थाओं ने देश में चार्टर्ड अकाउंटेंसी अर्हता को उनके अपने-अपने विश्वविद्यालयों के पीएचडी कार्यक्रम में रजिस्ट्रीकरण के विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए मान्यता प्रदान की है ।

क्षेत्र	**संस्थानों की संख्या**
पश्चिमी क्षेत्र	23
दक्षिणी क्षेत्र	33
उत्तरी क्षेत्र	16
पूर्वी क्षेत्र	16
मध्य क्षेत्र	33
योग	121 (112 विश्वविद्यालय + 2 आईआईटी + 7 आईआईएम)

- **आईसीएआई के मृत सदस्यों के बालकों के लिए सीए पाठ्यक्रम के सभी स्तरों पर रजिस्ट्रीकरण पाठ्यक्रम फीसमें 75 प्रतिशत की रियायत**

संस्थान की परिषद् ने 1 अप्रैल, 2022 से सीए पाठ्यक्रम के सभी स्तरों को पूरा करने की वांछा करने वाले आईसीएआई के मृत सदस्यों के बालकों को इस शर्त के अधीन रहते हुए कि उनकी वार्षिक कुटुंब आय पांच लाख रुपए है या पांच लाख रुपए से कम है, फीस में 75 प्रतिशत की रियायत दी है । रजिस्ट्रीकरण फीस के अलावा अन्य सभी फीसों का संदाय फायदा लेने वाले छात्र को स्वयं करना होगा।

- **जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्रों और 8 पूर्वोत्तर राज्यों के अभ्यर्थियों/छात्रों के लिए सीए पाठ्यक्रम के सभी स्तरों के लिए पाठ्यक्रम रजिस्ट्रीकरण फीस में 75 प्रतिशत फीस की रियायत का नवीकरण**
- संस्थान की परिषद् ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्रों और 8 पूर्वोत्तर राज्यों, अर्थात् अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के अभ्यर्थियों/छात्रों के लिए सीए पाठ्यक्रम के सभी स्तरों के लिए पाठ्यक्रम रजिस्ट्रीकरण फीस में 75 प्रतिशत फीस की रियायत को 31 मार्च, 2025 तक विस्तारित किया है । इसके अतिरिक्त, परिषद् ने अंदमान और निकोबार द्वीप समूह से रजिस्टर करने वाले छात्रों को भी 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2025 तक फीस में 75 प्रतिशत रियायत की सुविधा प्रदान की है ।

(XV) प्रकाशनों/अध्ययन सामग्रियों का जारी किया जाना

- छात्र जर्नल की रजत जयंती ।
- छात्र जर्नल में पुनरीक्षण कैप्सूल ।
- शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम के अधीन सभी स्तरों पर अध्ययन सामग्री और अन्य संबद्ध सामग्री ।
- सीए परीक्षाओं के लिए पूर्वाभ्यास प्रश्न-पत्र ।
- नवंबर, 2022 की परीक्षाओं के लिए सुझाए गए उत्तर ।

(XVI) सदस्यों के लिए पहलें

सदस्यों के लिए मोबाइल ऐप का शुभारंभ – "आईसीएआई - बीओएस"

बोर्ड ने 1 जुलाई, 2022 को आईसीएआई के सदस्यों के लिए सीमित फीचर पहुंच के साथ अपनी मोबाइल ऐप्लीकेशन "आईसीएआई - बीओएस" का शुभारंभ किया है, जहां सदस्य रिकार्ड किए गए व्याख्यानों, शैक्षिक अंतर्वस्तु, त्वरित पूर्वाभ्यास के लिए संदर्भिका, महत्वपूर्ण परीक्षाओं और बीओएस की उदघोषणाओं तक पहुंच बना सकते हैं। वर्तमान में, 12,469 सदस्य आईसीएआई बीओएस मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे हैं । सदस्य गूगल और ऐपल प्ले स्टोर के माध्यम से उक्त ऐप के एंड्रायड/आईओएस वर्जन को डाउनलोड कर सकते हैं ।

(XVII) कार्यक्रम

अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक) ने 'प्लान, प्रिपेयर एंड प्रोफार्म', 'आपकी सफलता के लिए बीओएस', 'सीए परीक्षा की तैयारी कैसे करें - प्लान, प्रिपेयर एंड प्रोफार्म' विषयों पर तथा मध्यवर्ती/फाइनल पाठ्यक्रम के छात्रों को उनके द्वारा मई, 2022 की परीक्षा में की गई गलतियों के संबंध में मार्गदर्शित करने के लिए वेबकास्टों/वेबीनारों का आयोजन किया था । 6 मार्च, 2023 को एक जूम बैठक के माध्यम से प्रादेशिक परिषदों और उसकी शाखाओं के पदधारियों और प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ एक परस्पर क्रियाशील सत्र का आयोजन किया गया था, जिनका

उद्देश्य यह था कि अधिकतम संख्या में शाखाओं को मुख्य सीए परीक्षा से पूर्व मोक परीक्षाओं की दोनों श्रृंखलाओं का आयोजन करने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके ।

11.2 छात्र कौशलों में अभिवृद्धि करने संबंधी बोर्ड (अध्ययन बोर्ड – प्रचालन)

चार्टर्ड अकाउंटेंसी का वृत्तिक पाठ्यक्रम सैद्धांतिक शिक्षा की एक सुदृढ़ नींव पर खड़ा है, जिसमें व्यवहारिक प्रशिक्षण को समुचित रूप से सम्मिलित किया गया है । छात्र कौशलों में अभिवृद्धि करने संबंधी बोर्ड (एसएसईबी) का चार्टर्ड अकाउंटेंसी के छात्रों को विश्व स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु गठित किया गया है, जो शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व का समग्र रूप से विकास करे । एसएसईबी सीए छात्रों को सक्षमता और वृत्तिक कौशल सेटों से लैस करने हेतु अनुकूलन, सूचना प्रौद्योगिकी, समुन्नत सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंध तथा संसूचना संबंधी कौशल पाठ्यक्रमों का आयोजन करता है, जिनकी कारबार गृहों द्वारा अपेक्षा की जाती है ताकि वे उनके कारबार को समृद्ध बना सकें । बोर्ड आईटी और साफ्ट कौशलों में प्रशिक्षण देने के अलावा अन्य विभिन्न क्रियाकलापों का भी आयोजन करता है, जैसे कि सम्मेलनों, संगोष्ठियों, राष्ट्रीय योग्यता खोज प्रतिस्पर्धाओं, छात्र समारोह, खेलकूद के क्रियाकलाप आदि ताकि छात्रों में अनिवार्य कौशल सेटों का संचार करके उनके सकल आत्मविश्वास के स्तर में अभिवृद्धि की जा सके । मध्यवर्ती और फाइनल पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रक्रिया के अंकीयकरण का सुव्यवस्थीकरण किया गया है । छात्र अब स्वसेवा पोर्टल (एसएसपी) पर लॉगिन करके आनलाइन रूप से छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं । छात्रों के लिए आनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया को सुकर बनाया जाएगा ।

(I) आईसीआईटीएसएस और एआईसीआईटीएसएस पाठ्यक्रम

सूचना प्रौद्योगिकी और साफ्ट कौशलों संबंधी एकीकृत पाठ्यक्रम (आईसीआईटीएसएस), जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तथा अनुकूलन पाठ्यक्रम (ओसी) सम्मिलित हैं और सूचना प्रौद्योगिकी तथा साफ्ट कौशलों संबंधी समुन्नत एकीकृत पाठ्यक्रम (एआईसीआईटीएसएस), जिसमें समुन्नत सूचना प्रौद्योगिकी (समुन्नत आईटी) तथा प्रबंध और संसूचना कौशल (एमसीएस) पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं, जिनमें से प्रत्येक पाठ्यक्रम 15 दिवस की अवधि का है, चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम के सर्वाधिक महत्वपूर्ण संघटकों में से हैं, जिन्हें प्रत्येक वर्ष चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम के क्रमश: मध्यवर्ती और फाइनल स्तर के प्रत्येक छात्र को पूरा करना होता है । अवधि के दौरान, आईसीआईटीएसएस और एआईसीएआईटीएसएस पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षित छात्रों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

पाठ्यक्रम	बैचों की संख्या	प्रशिक्षित छात्रों की संख्या
एमसीएस पाठ्यक्रम	1014	38780
समुन्नत आईटीटी	1190	37779
सूचना प्रौद्योगिकी	2028	66453
अनुकूलन पाठ्यक्रम	1701	71141
सकल योग	**5933**	**214153**

(II) सीए छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

एसएसईबी (अध्ययन बोर्ड – प्रचालन) ने 2-3 दिसंबर, 2022 के दौरान शिल्पकला वेदिका, हैदराबाद में "भविष्य का सामना, नव-परिवर्तन, एकीकरण, प्रोत्साहन" विषय पर सीए छात्रों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी एसआईआरसी की हैदराबाद शाखा द्वारा की गई । सीए छात्रों के लिए आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी के छात्रों को एक उत्कृष्ट मंच उपलब्ध कराया । इसके अतिरिक्त, श्रीलंका और नेपाल के छात्रों ने भी सम्मेलन में पत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रतिभागिता की । श्रीमती डा. तिमिलीसाई सौंदर्याराजन, तेलंगाना की माननीय राज्यपाल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था और महामहिम राज्यपाल ने आईसीएआई के नेतृत्व, आईसीएआई के तत्कालीन माननीय अध्यक्ष, आईसीएआई के तत्कालीन माननीय उपाध्यक्ष और केंद्रीय परिषद्, प्रादेशिक परिषद् सदस्यों और एसआईआरसी की हैदराबाद शाखा की प्रबंध समिति के सदस्यों की गौरवशारली उपस्थिति में इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उदघाटन किया । माननीय राज्यपाल ने राष्ट्र निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के योगदान तथा पूरे विश्व में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों की बढ़ती मांग की सराहना की । श्री पवन कल्याण, अभिनेता, फिल्म निर्माता और लोकोपकारक ने इस सम्मेलन के अंतिम सत्र के दौरान एक उत्साहवर्धक संबोधन प्रस्तुत किया । श्री पवन कल्याण ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी वृत्ति की राष्ट्र निर्माण और साधारण रूप से समाज के प्रति योगदान की प्रशंसा की । पूरे देश से लगभगा 2800 चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्रों ने इस सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रीकृत किया था ।

(III) सीए छात्रों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण माड्यूल

ऐसे सीए छात्रों, जो आर्टिकलशिप कर रहे हैं, व्यावहारिक प्रशिक्षण के व्यावहारिक पहलूओं के संबंध में सहायता प्रदान करने तथा उसके मानकीकरण संबंधी एक पहल के रूप में छात्र कौशलों में अभिवृद्धि करने संबंधी बोर्ड (अध्ययन बोर्ड – प्रचालन) ने प्रत्येक रविवार प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक लाइव वेबीनारों की एक श्रृंखला को आयोजित करने का विनिश्चय किया, जिसमें लेखांकन, संपरीक्षा, प्रत्यक्ष कर, अप्रत्यक्ष कर (जीएसटी), कंपनी विधि के व्यवहारिक पहलूओं को सम्मिलित करते हुए सुसंगत विषयों पर विख्यात विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाती है। ऐसे प्रथम लाइव वेबीनार का आयोजन 8 मई, 2022 को किया गया और वर्ष 2022-23 के दौरान 40 ऐसे लाइव वेबीनारों का आयोजन किया गया है। साधारण रूप से छात्रों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर इन व्यावहारिक प्रशिक्षण माड्यूलों को वर्ष 2023-24 के लिए जारी रखा जा रहा है। लाइव वेबीनारों का आयोजन सीएआरओ व्यवावहारिक मुद्दे और रिपोर्टिंग, भीड भरे कैफे और खाली पुस्तकालय तथा अकादमी और गैर-अकादमी प्रयोजन के लिए सीए छात्रों के लिए ध्यान भटकाने वाले आज के डिजीटल युग में शीघ्र गति से पढने की कला जैसे विषयों को सम्मिलित करते हुए किया गया था। इन वेबीनारों को रिकार्ड किया गया और अब वे आईसीएआई के डीएलएच मंच पर भी उपलब्ध हैं।

(IV) जयपुर और हैदराबाद स्थित उत्कृष्टता केंद्रों में 4 सप्ताह के आवासीय कार्यक्रमों का आयोजन

कोविड 19 महामारी के कारण वर्ष 2020-21 के दौरान चार सप्ताह के आवासीय कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सका था। एसएसईबी ने सीए छात्रों के फायदे के लिए उत्कृष्टता केंद्र, हैदराबाद और जयपुर में 9 मई, 2022 से इस 4 सप्ताह के आवासीय कार्यक्रम के बैच का संचालन आरंभ किया। वर्ष 2022-23 के दौरान, छात्राओं के लिए 7 बैचों तथा छात्रों के लिए 7 बैचों का सफलतापूर्वक आयोजन उत्कृष्टता केंद्र, हैदराबाद और जयपुर में एसएसईबी द्वारा किया गया। अन्य अवस्थानों से बड़ी संख्या में छात्रों को आकर्षित करने के लिए ऐसी संस्थाओं की खोज करने के प्रयास किए गए थे, जहां 4 सप्ताह के आवासीय कार्यक्रम के संचालन के लिए आवास सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध में, असम रायल ग्लोबल विश्वविद्यालय, गुवाहाटी के साथ गुवाहाटी स्थित उसके परिसर से 4 सप्ताह के आवासीय कार्यक्रम के बैचों का संचालन करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे और इसके परिणामस्वरूप छात्राओं के लिए 2 से 28 जनवरी, 2023 के दौरान एक बैच का आयोजन किया गया। वर्ष के दौरान, एसएसईबी ने सफलतापूर्वक 4 सप्ताह के आवासीय कार्यक्रम के कुल 14 बैचों का संचालन किया।

(V) सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतिस्पर्धा, 2022-23

संस्थान, एक संगत रीति में, जो सीए के छात्रों को उत्तम प्रौद्योगिकी ज्ञान से लैस करती है, देश भर में दुरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रमों को करने वाले छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। सीए छात्रों को सर्वगुण संपन्न वृत्तिकों के रूप में स्थापित करने और उनके प्रस्तुतिकरण कौशलों तथा पाठ्यचर्या ऐतर क्रियाकलापों में अभिवृद्धि तथा सुधार करने के लिए विशेष प्रयास करने तथा एक विजन तैयार करने की आवश्यकता महसूस की गई है, जिससे उनके संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास किया जा सके। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतिस्पर्धा का एसएसईबी द्वारा आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 के दौरान सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत निम्नलिखित क्रियाकलापों का आयोजन किया गया ।

- **वक्तृता प्रतिस्पर्धा**

छात्र कौशलों में अभिवृद्धि करने संबंधी बोर्ड (अध्ययन बोर्ड - प्रचालन) ने सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता खोज, 2022 - वक्तृता प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। वक्तृता प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रथमत: शाखा स्तर पर किया गया तथा शाखा स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं ने आईसीएआई की पांच प्रादेशिक परिषदों द्वारा द्वितीय स्तर पर आयोजित प्रादेशिक स्तर की वक्तृता प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। अंतत: बोर्ड ने 8 जून, 2022 को नई दिल्ली में सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता खोज, 2022 के ग्रेंड फिनाले का आयोजन किया, जिसमें प्रादेशिक स्तरीय वक्तृता प्रतिस्पर्धा के 20 विजेताओं ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता खोज, 2022 के ग्रेंड फिनाले के विजेताओं ने 13 फरवरी, 2023 को काठमांडु, नेपाल में साफा सचिवालय द्वारा आयोजित साफा वक्तृता प्रतिस्पर्धा में आईसीएआई के प्रतिनिधियों के रूप में भाग लिया और साफा वक्तृता प्रतिस्पर्धा में एसएसईबी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की वक्तृता प्रतिस्पर्धा के विजेता को चैंपियन घोषित किया गया।

- **क्विज प्रतियोगता और सर्वोत्तम प्रस्तुतिकर्ता (पीपीटी)**

एसएसईबी ने 8 अक्तूबर, 2022 को भोपाल में राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता और सर्वोत्तम प्रस्तुतिकर्ता (पीपीटी) प्रतियोगिता का आयोजन किया। 1 से 20 सितंबर, 2022 के दौरान शाखाओं द्वारा शाखा स्तरीय क्विज

प्रतियोगता और सर्वोत्तम प्रस्तुतिकर्ता (पीपीटी) का आयोजन किया गया था, उसके पश्चात् शाखा स्तर के विजेताओं ने 23 सितंबर, 2022 से 2 अक्तूबर, 2022 के दौरान सभी प्रादेशिक परिषदों द्वारा आयोजित प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया और अंतत: वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रादेशिक स्तर के 20 विजेताओं और सर्वोत्तम प्रस्तुतिकर्ता (पीपीटी) के प्रादेशिक स्तर के 15 विजेताओं ने एसएसईबी द्वारा आयोजित सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता – क्विज प्रतिस्पर्धा तथा सर्वोत्तम प्रस्तुतिकर्ता (पीपीटी) के ग्रेंड फिनाले में भाग लिया । इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतिस्पर्धा में पहला स्थान जीतने वाली विजेता टीम ने 13 फरवरी, 2023 को काठमांडू, नेपाल में साफा सचिवालय द्वारा आयोजित साफा क्विज प्रतियोगिता में आईसीएआई का प्रतिनिधित्व किया ।

- **सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतिस्पर्धा के अधीन आरंभ किए गए नए क्रियाकलाप**

शाखा और प्रादेशिक परिषद् के स्तर पर बडी संख्या में सीए छात्रों द्वारा सक्रिय भागीदारी तथा उपदर्शित दिलचस्पी के आधार पर एसएसईबी ने सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतिस्पर्धा, 2022 के अधीन नए क्रियाकलापों जैसे कि निबंध, शतरंज, स्केचिंग और कविता प्रतियोगिताओं को आरंभ करने पर विचार किया और सफलतापूर्वक उनका आयोजन किया ।

- **छात्र दलों द्वारा निबंध प्रतियोगिता और नाटक**

सीए छात्रों के बीच लेखन कौशलों तथा अवधारणात्मक स्पष्टता को विकसित करने के विचार से सीए छात्र राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के अधीन एक नए क्रियाकलाप के रूप में वर्ष 2022-23 के दौरान निबंध प्रतियोगिता को आरंभ किया गया । छात्र दलों द्वारा शाखा स्तरीय निबंध प्रतियोगिता और नाटक का आयोजन 18 से 30 नवंबर, 2022 के दौरान किया गया, 5 प्रादेशिक परिषदों ने 9 से 15 दिसंबर, 2022 के दौरान प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तथा निबंध प्रतियोगिता और छात्र दलों द्वारा नाटक प्रस्तुति का सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतिस्पर्धा के अधीन बोर्ड द्वारा 8 जनवरी, 2023 को एसआईआरसी की विशाखापट्टनम शाखा के सहयोग से आयोजन किया गया, जिसमें छात्र दलों द्वारा 30 नाटकों को प्रस्तुत किया गया तथा निबंध प्रतियोगिता के 15 विजेताओं ने अपनी संबंधित प्रादेशिक परिषद् का प्रतिनिधित्व किया । सीए छात्र दलों द्वारा राष्ट्रीय स्तर (ग्रेंड फिनाले) के दौरान प्रस्तुत किया गया नाटक अति उत्तम था और उसकी छात्रों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई ।

- **सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता, 2022 – वाद-विवाद और शतरंज प्रतिस्पर्धा**

छात्रों की बड़ी संख्या में भागीदारी को ध्यान में रखते हुए तथा उनकी विश्लेषणात्मक, समस्या का समाधान करने, सृजनशील और नीतिगत सोच संबंधी कौशल सेटों तथा अवधारणात्मक स्पष्टता को खेलकूद संबंधी क्रियाकलापों के माध्यम से विकसित करने के उद्देश्य से सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता, 2002 के अधीन एक क्रियाकलाप के रूप में शतरंज प्रतियोगिता को आरंभ करने का विनिश्चय किया गया । इन दो क्रियाकलापों को सर्वप्रथम 16 से 25 दिसंबर, 2022 के दौरान शाखा स्तर पर आयोजित किया गया और उसके पश्चात शाखा स्तर के विजेताओं ने आईसीएआई की 5 प्रादेशिक परिषदों द्वारा प्रादेशिक स्तर पर 1 जनवरी, 2023 से 7 जनवरी, 2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया । अंतत: प्रादेशिक स्तर के विजेताओं ने एसएसईबी (अध्ययन बोर्ड – प्रचालन) द्वारा 30 जनवरी, 2023 को आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की वदोदरा शाखा में सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता 2022 के अधीन आयोजित वाद-विवाद और शतरंज प्रतियोगिता के ग्रेंड फिनाले में भाग लिया । प्रादेशिक स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता के 20 विजेताओं और वाद-विवाद प्रतियोगिता के 20 विजेताओं ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया ।

- **सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता, 2022 – आशु, स्केचिंग और कविता प्रतिस्पर्धाएं**

वर्ष 2022-23 के दौरान, सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता 2022 के अधीन आशु, स्केचिंग और कविता प्रतिस्पर्धाओं संबंधी 3 नए क्रियाकलाप आरंभ किए गए । इन क्रियाकलापों की शाखा स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन शाखाओं द्वारा 15-23 जनवरी, 2023 के दौरान किया गया । शाखा स्तर के विजेताओं ने आईसीएआई की 5 प्रादेशिक परिषदों द्वारा आयोजित प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिता में 29 जनवरी, 2023 से 1 फरवरी, 2023 के दौरान भाग लिया और अंतत: सीए छात्र राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा आशु, स्केचिंग और कविता प्रतिस्पर्धाओं के उत्कृष्टता केंद्र, हैदराबाद में 4 फरवरी, 2023 को बोर्ड द्वारा आयोजित ग्रेंड फिनाले में भाग लिया ।

- **सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतियोगिता, 2023 – वक्तृता और पिचडैक प्रतिस्पर्धा**

वर्ष 2022-23 के दौरान, नए आरंभ किए गए क्रियाकलापों, अर्थात् निबंध प्रतियोगिता, शतरंज, आशु, स्केचिंग और कविता प्रतिस्पर्धाओं के सफलतापूर्वक आयोजन को ध्यान में रखते हुए एसएसईबी ने सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतिस्पर्धा के अधीन वर्ष 2023 के दौरान एक नए और क्रियाकलाप अर्थात् पिचडैक प्रतिस्पर्धा को आरंभ किया । वकतृता

और पिचडैक प्रतिस्पर्धाओं का तीन स्तरों पर आयोजन किया गया, प्रथम 16-20 जून, 2023 के दौरान शाखा स्तर पर उसके पश्चात् शाखा स्तर के विजेताओं ने आईसीएआई की 5 प्रादेशिक परिषदों द्वारा 16-20 जून, 2023 के दौरान आयोजित प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अंतत:, प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेताओं ने 28 जून, 2023 को मुंबई में एसएसईबी द्वारा सीए छात्र राष्ट्रीय योग्यता प्रतिस्पर्धा – वक्तृता प्रतिस्पर्धा और पिचडैक प्रतिस्पर्धा के ग्रेंड फिनाले में भाग लिया।

(VI) 5 सितंबर, 2022 को अध्यापक दिवस समारोह का आयोजन

बोर्ड ने, हमारी वृत्ति में और साथ ही साधारण रूप से समाज में अध्यापकों को सम्मानित करने के लिए 5 सितंबर, 2022 को अध्यापक दिवस के अवसर पर "मेरे जीवन में गुरु की भूमिका" थीम वाले एक विशेष कार्यक्रम का अखिल भारतीय स्तर पर अपनी 93 शाखाओं में आयोजन किया। इस अवसर पर आईसीएआई के तत्कालीन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने बीकेसी, मुंबई में बोर्ड द्वारा आयोजित विशेष अध्यापक दिवस कार्यक्रम में सीए छात्रों को संबोधित किया।

(VII) शाखाओं और प्रादेशिक परिषदों में छात्र संबंधी क्रियाकलाप

छात्र क्रियाकलाप पोर्टल छात्रों को प्रादेशिक परिषदों तथा शाखाओं द्वारा आयोजित किए जा रहे विभिन्न छात्र संबंधी कार्यक्रमों हेतु रजिस्टर करने में सहायता करता है। यह कार्यक्रम आयोजक इकाईयों के स्तर से लेकर छात्र कौशल समृद्धि बोर्ड (अध्ययन बोर्ड – प्रचालन) तक छात्र क्रियाकलापों का प्रणालीगत प्रबंध करने में सहायता प्रदान करता है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, पोर्टल पर कुल 1355 कार्यक्रमों को रजिस्टर किया गया।

(VIII) आनलाइन छात्रवृत्ति प्रक्रिया और छात्रवृत्ति अनुदान का वितरण

छात्र स्वसेवा पोर्टल (एसएसपी) पर लॉगइन करके छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन रूप से आवेदन कर सकते हैं। छात्रों के लिए छात्रवृत्ति के चयन के लिए मानवीय हस्तक्षेप के बिना पूर्णतया ऑनलाइन रूप से आवेदन प्रस्तुत किए जाने को सुकर बनाया गया है। स्वचालित छात्रवृत्ति प्रक्रिया ने विभिन्न प्रवर्गों, अर्थात् योग्यता, योग्यता-सह-आवश्यकता और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए आवश्यकता आधारित प्रवर्गों के अधीन छात्रों का चयन किया। आज की तारीख तक इस स्वचालित प्रक्रिया के माध्यम से छात्रवृत्ति स्कीम के अधीन कुल 10303 छात्रों को फायदा प्रदान किया गया और त्रैमासिक आधार पर छात्रवृत्ति किस्तों के माध्यम से दस करोड़ रूपए की राशि को जारी किया गया है।

(IX) सीए छात्रों के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन और सीए छात्र सम्मेलन

एसएसईबी द्वारा आयोजित किसी सम्मेलन में सीए छात्र पत्र प्रस्तुतकर्ता, एक स्वयंसेवक या एक प्रतिभागी के रूप में भाग लेकर समकालीन विषयों के संबंध में अपने ज्ञान को समृद्ध कर सकते हैं और साथ ही विख्यात वक्ताओं और वृत्ति के नेताओं के समकालीन विषयों, भावी अवसरों और चुनौतियों के संबंध में विद्वतापूर्ण शब्दों को सुन सकते हैं। सीए छात्रों को भविष्य के नेताओं के रूप में सुसज्जित करने के इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए छात्र कौशलों में अभिवृद्धि करने संबंधी बोर्ड (अध्ययन बोर्ड – प्रचालन) ने पूरे भारत वर्ष में छात्र सम्मेलनों का आयोजन किया, जिनकी मेजबानी आईसीएआई की संबद्ध शाखाओं और प्रादेशिक परिषदों द्वारा की गई। बोर्ड द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी आईसीएआई की हैदराबाद शाखा द्वारा की गई और इसके साथ ही 15 राष्ट्रीय सम्मेलनों और 25 बृहत सम्मेलनों का भी आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी आईसीएआई की सीआईआरसी, आईसीएआई की ईआरईआरसी, आईसीएआई की एनआईआरसी, आईसीएआई की एसआईआरसी, आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी, आईसीएआई की भोपाल शाखा, बैंगलोर शाखा, अहमदाबाद शाखा, लुधियाना शाखा, पुणे शाखा, औरंगाबाद शाखा, वदोदरा शाखा, जयपुर शाखा, गुंटूर शाखा और गुरुग्राम शाखा द्वारा की गई।

बोर्ड द्वारा आयोजित 25 बृहत्त सम्मेलनों की मेजबानी आईसीएआई की गुवाहाटी शाखा, मैंगलोर शाखा, फ़रीदाबाद शाखा, नागपुर शाखा, ग़ाज़ियाबाद शाखा, चंडीगढ़ शाखा, विजयवाड़ा शाखा, पिंपरी चिचवाड़ शाखा, वसई शाखा, भुवनेश्वर शाखा, त्रिचूर शाखा, इंदौर शाखा, कोझिकोड शाखा, तिरुपुर शाखा, सूरत शाखा, मदुरै शाखा, कोयंबटूर शाखा, राजकोट शाखा, रांची शाखा, अहमदनगर शाखा, भिलाई शाखा, एर्नाकुलम शाखा, ठाणे शाखा, गौतमबुद्ध नगर शाखा और पांडिचेरी शाखा द्वारा चेंगलपट्टू और सलेम शाखा के साथ संयुक्त रूप से की गई। इन सम्मेलनों में लगभग 35,000 हजार छात्रों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन एर्नाकुलम, इंदौर, मंगलौर और कोलकाता में किया गया। सीए छात्रों के बृहत्त सम्मेलन का आयोजन गुवाहाटी और नागपुर में किया गया।

(X) "राज्य स्तरीय सीए छात्र सम्मेलन" नाम के अधीन सम्मेलन के एक नए रूप को आरंभ किया जाना

आईसीएआई की लघुतर शाखाओं के सीए छात्रों का संवर्धन करने और उन्हें अवसर उपलब्ध कराने के लिए एसएसईबी ने वर्ष 2023-24 के दौरान आयोजन करने हेतु "राज्य स्तरीय सीए छात्र सम्मेलन" नाम के अधीन सम्मेलन के एक नए रूप को आरंभ किया । एसएसईबी ने इस नए आरंभ किए गए रूप के अधीन सम्मेलन के आयोजन के संबंध में विचार-विमर्श किया तथा उसे आयोजित किए जाने संबंधी दिशानिर्देशों को अंतिम रूप प्रदान किया । इस नए आरंभ किए गए रूप के अधीन राज्य स्तरीय सीए छात्र सम्मेलनों का आयोजन जून, 2023 के दौरान अमरावती और मेरठ में किया गया ।

12. कैरियर परामर्श समिति

आईसीएआई की कैरियर परामर्श समिति को कक्षा 8, 10वीं, 11वीं/12वीं के और स्नातक/स्नातकोत्तर छात्रों के बीच सीए पाठ्यक्रम पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए वाणिज्यिक शिक्षा के संवर्धन के लिए गठित किया गया है । समिति का मुख्य उद्देश्य कक्षा 8 से स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए कैरियर संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है ।

उपलब्धियां

(I) एशिया बुक आफ रिकाड्र्स

आईसीएआई के नाम को सुपर मेगा कैरियर परामर्शी कार्यक्रम में अधिकतम संख्या में छात्रों की भागीदारी के लिए एशिया बुक आफ रिकाड्र्स में सम्मिलित किया गया है । 9वीं कक्षा से स्नातक पाठ्यक्रम करने वाले छात्रों में से कुल 1,60,648 छात्रों ने, अपनी-अपनी संस्थाओं के प्रधानाचार्य, अध्यापकों और कैरियर परामर्शियों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया । इस अभियान का उद्देश्य देश के कोने-कोने तक पहुंच कर कैरियर संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना तथा संस्थान और चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम के संबंध में जागरुकता में अभिवृद्धि करना था । एशिया बुक आफ रिकाड्र्स की ज्यूरी ने इस प्रयास हेतु 18 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान को सम्मानित किया ।

(II) जोरहाट, असम में कैरियर परामर्शी केंद्र का खोला जाना

आईसीएआई ने जोरहाट, असम में अपने पहले परामर्शी केंद्र को आरंभ किया है और इसके लिए जोरहाट सीपीई चैप्टर, आईसीएआई और राष्ट्र भाषा विद्यालय, जोरहाट, असम के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने तथा कैरियर परामर्शी केंद्र के उदघाटन के अवसर पर ईआईआरसी के सभी प्रबंध समिति सदस्य, सीपीई चैप्टर, जोरहाट के संयोजक और उप संयोजक तथा विद्यालय प्रबंध मंडल, प्रधानाचार्य, अध्यापक और छात्र भी उपस्थित हुए थे । इस कैरियर परामर्शी केंद्र को खोले जाने का उद्देश्य ऐसे स्थानों पर आईसीएआई की उपस्थिति का सृजन करना है, जहां आईसीएआई की शाखाएं विद्यमान नहीं हैं और साथ ही आईसीएआई के चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम के संबंध में जागरुकता का सृजन करना है ।

(III) कैरियर/मेगा कैरियर परामर्शी कार्यक्रम

समिति ने संपूर्ण भारत में 3488 कैरियर परामर्शी कार्यक्रमों का आयोजन किया और साथ ही आईसीएआई की प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं के माध्यम से 869922 छात्रों को कैरियर संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया गया । कैरियर परामर्शी कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य कक्षा 8वीं, 10वीं, 11वीं/12वीं के और, स्नातक/स्नातकोत्तर छात्रों के बीच सीए पाठ्यक्रम पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है ।

(IV) आईसीएआई की प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं द्वारा परामर्शी कार्यक्रमों का आयोजन

कैरियर परामर्शी संबंधी समिति ने यह अनुकल्पित किया कि कैरियर परामर्शियों, जो वर्तमान में पैनलबद्ध परामर्शी हैं या जो आईसीएआई के कैरियर परामर्शी बनने के लिए इच्छुक हैं, के लिए परामर्शी कार्यक्रम शीर्षक के अधीन प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किए जाने संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए । इस परामर्शी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी पीओयू के परामर्शी सत्रों में एकसमान मानक वाले परामर्श को प्रदान किए जाने की कल्पना को साकार करना है । वर्तमान में परामर्शी सत्रों का संचालन करने वाले व्यक्ति/ ऐसे व्यक्ति, जो कैरियर परामर्शी सत्रों का संचालन करने के लिए इच्छुक हैं, से पूर्णरूपेण कैरियर परामर्शी बनने के लिए यह अपेक्षित है कि उन्हें प्रक्रिया की भंलीभाति जानकारी हो । समिति ने पूरे भारत वर्ष में ऐसे 35 परामर्शी कार्यक्रमों का आयोजन किया है ।

(V) आईसीएआई की प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं द्वारा कैरियर/शिक्षा मेलों का आयोजन

कैरियर परामर्शी संबंधी समिति का गठन 8वीं, 10वीं, 11वीं/12वीं के और, स्नातक/ स्नातकोत्तर छात्रों के बीच सीए पाठ्यक्रम पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों के बीच, विद्यालयों और महाविद्यालयों में कैरियर परामर्शी सत्रों का आयोजन करके वाणिज्यिक शिक्षा का संवर्धन करने के लिए किया गया है । उपरोक्त के संबंध में, समिति ने विभिन्न शिक्षा/कैरियर मेलों में भाग लिया, अर्थात् टीवी 9 शिक्षा एक्सपो, भारतीय – वैश्विक शिक्षा समारोह (दूसरा आईजीईएफ), दीनामलार – वाजीकाटी कैरियर मेला, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा और कैरियर मेला, दैनिक भास्कर शिक्षा और कैरियर मेला, शिक्षा – रोटरी शिक्षा – एक्सपो, सकल विद्या शिक्षा एक्सपो, लोकमत कैरियर मेला आदि ।

(VI) उच्चतर शिक्षा विभाग, पंजाब सरकार के साथ परस्पर क्रियाशील बैठक

आईसीएआई की कैरियर परामर्शी संबंधी समिति ने अमृतसर में उच्चतर शिक्षा विभाग, पंजाब सरकार के साथ परस्पर क्रियाशील बैठक का आयोजन किया, जिसमें आईसीएआई तथा उच्चतर शिक्षा विभाग, पंजाब सरकार के बीच समझौता ज्ञापन का निष्पादन करने के लिए निदेशक, शिक्षा, उप निदेशक, शिक्षा, उप कुलपतियों, सभी सरकारी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों और विभागाध्यक्षों ने भाग लिया । इस बैठक के परिणामस्वरूप निम्नलिखित घटनाएं हुई—

- बी.काम के छात्रों के लिए सीए के अधीन ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण को आरंभ किया जाएगा ।
- आईसीएआई पंजाब में स्थित महाविद्यालयों के लिए सर्वोत्तम और नवीनतम वाणिज्यिक पाठ्यचर्या को तैयार करने तथा अध्ययन सामग्री को अद्यतन बनाने के लिए पंजाब सरकार की सहायता करेगा ।
- आईसीएआई पंजाब के महाविद्यालयों के अध्यापकों और छात्रों को जीएसटी और आय-कर तथा अन्य संबद्ध विषयों में प्रशिक्षण प्रदान करेगा ।
- पंजाब के महाविद्यालयों और विद्यालयों में सीए पाठ्यक्रम और वाणिज्यिक शिक्षा का संवर्धन करने के लिए कैरियर परामर्शी और परामर्शी कार्यक्रमों का आयोजन ।

(VII) विभिन्न राज्य सरकारों के शिक्षा विभागों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

आईसीएआई की कैरियर परामर्शी संबंधी समिति ने सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के बीच वाणिज्यिक शिक्षा और सीए पाठ्यक्रम का संवर्धन करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के शिक्षा विभागों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं । इन समझौता ज्ञापनों का उद्देश्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के संबंध में सीए पाठ्यक्रम पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए वाणिज्यिक शिक्षा का संवर्धन करने हेतु संकाय का विकास करना है । वर्ष 2022-23 के दौरान समिति द्वारा निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए :

- विद्यालय शिक्षा निदेशालय, श्रीनगर सरकार के साथ 1 अप्रैल, 2022 को ।
- विद्यालय शिक्षा निदेशालय, जम्मू सरकार के साथ 12 अप्रैल, 2022 को ।
- विद्यालय शिक्षा विभाग, मिजोरम सरकार के साथ 19 अगस्त, 2022 को ।

(VIII) आईसीएआई वाणिज्यिक क्विज

कैरियर परामर्शी समिति ने 19 जून, 2022 को सफलतापूर्वक आईसीएआई वाणिज्यिक क्विज का आयोजन किया, जिसके लिए 91,000 से अधिक छात्रों ने रजिस्टर किया । इस क्विज का मुख्य उद्देश्य छात्रों की योग्यता की पहचान करने तथा उन्हें वाणिज्यिक शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उनके कौशलों, सामर्थ्य और ज्ञान का मूल्यांकन करना है ।

(IX) आईसीएआई वाणिज्य जादूगर

स्तर 1 के लिए 8 जनवरी, 2023 को तथा स्तर 2 के लिए 29 जनवरी, 2023 को आईसीएआई वाणिज्य जादूगर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।

(X) समर्पित नि:शुल्क नंबर

समिति ने, एक समर्पित नि:शुल्क नंबर, अर्थात् 1800 202 8371 के माध्यम से शंकाओं का समाधान करना आरंभ किया है । इस नि:शुल्क नंबर का प्रयोजन यह है कि छात्र, माता-पिता, विद्यालय, अध्यापक आदि चार्टर्ड अकाउंटेसी पाठ्यक्रम के संबंध में फोन काल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उक्त विषयों के संबंध में उनकी शंकाओं का भी समाधान किया जा सकता है ।

(XI) कृत्रिम बुद्धिमता चैटबोट

समिति ने, एक एआई चैटबोट सुविधा आरंभ की है, जिसे समिति के आनलाइन पोर्टल ccg.icai.org के माध्यम से समर्थ बनाया गया है और जहां छात्रों और पणधारियों के बीच शंकाओं का समाधान किया जाता है।

(XII) समाचार-पत्र के माध्यम से सीए पाठ्यक्रम का संवर्धन

समिति ने विभिन्न समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं और हिन्दी के समाचार-पत्रों के माध्यम से भी सीए पाठ्यक्रम का संवर्धन किया है । इस संबंध में टाइम्स आफ इंडिया समाचार-पत्र के सभी संस्करणों में विज्ञापन प्रकाशित किए गए थे।

बस स्टॉपों पर होर्डिंगों के माध्यम से सीए पाठ्यक्रम का संवर्धन

(XIII) समिति ने 16 जून, 2022 से 1 जुलाई, 2022 के दौरान दिल्ली में अवस्थित 15 भिन्न-भिन्न बस स्टॉपों पर होर्डिंग लगाकर सीए पाठ्यक्रम का संवर्धन किया है।

(XIV) "चार्टर्ड अकाउंटेंट : थींकर, ब्लीवर, एचीवर" शीर्षक वाली प्रेरणादायक वीडियो श्रृंखला

समिति ने, जीवन के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से चार्टर्ड अकाउंटेटों की प्रेरणादायक वीडियो की श्रृंखला को रिकार्ड किया है । इस प्रेरणादायक वीडियो में भिन्न-भिन्न पृष्ठभूमि के चार्टर्ड अकाउंटेंटों को सम्मिलित किया गया है जैसे कि जनजाति, पिछड़ा वर्गों के सीए, निर्धन परिवारों, दूरस्थ क्षेत्रों के सीए तथा विशिष्ट रूप से समर्थ सीए आदि।

(XV) चार्टर्ड अकांउटेंसी पाठ्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने के लिए "मेरे हस्ताक्षर" शीर्षक वाली एक लघु डाक्यूमेंट्री

सीए पाठ्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने के लिए "मेरे हस्ताक्षर" शीर्षक वाली एक लघु डाक्यूमेंट्री को तैयार किया गया है, जिसमें सम्मिलित किया गया वीडियो ऐसे बालक की कहानी बताता है, जो एक सुनहरे भविष्य का स्वप्न देखता है । उसके पश्चात् वह इस प्रकार सत्रों को पार करते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम को करने हेतु प्रेरित होता है और अंतत: वह एक सफल चार्टर्ड अकाउंटेंट बनता है । इस डाक्यूमेंट्री का उद्देश्य ब्रांड के संबंध में और अधिक जागरुकता का सृजन करना, चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम का प्रचार-प्रसार करना और साथ ही विद्यालयों और महाविद्यलयों में पढ़ने वाले युवा मेधावी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनना है, जो उन्हें उनके भावी कैरियर विकल्प के संबंध में विनिश्चय करने में सहायता करेगी ।

(XVI) रेडियो के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम के बारे में जागरुकता में अभिवृद्धि करना (श्री नीलेश मिश्रा की आवाज में कहानी)

श्री नीलेश मिश्रा की आवाज में कहानी के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया है । इन कहानियों का प्रसारण 48 नगरों में, पांच कहानी – पांच दिन, शीर्षक वाले कार्यक्रम के अधीन 10 अक्तूबर, 2022 से प्रत्येक सोमवार और बुद्धवार को किया गया ।

(XVII) 6-13 अगस्त, 2022 के दौरान रेडियो मिर्ची पर 8 दिवसीय रेडियो अभियान

समिति ने आईसीएआई और चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम के संबंध में 6 अगस्त, 2022 से 13 अगस्त, 2022 के दौरान रेडियो मिर्ची के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया । इस अभियान का प्रसारण 23 नगरों में किया गया और इसे 10 प्रादेशिक भाषाओं में अनुदित करके संबद्ध प्रादेशिक रेडियो स्टेशनों पर भी प्रसारित किया गया ।

13. प्रादेशिक परिषदें और उनकी शाखाएं (आरबीए निदेशालय)

प्रादेशिक परिषदें और उनकी शाखाएं

आईसीएआई की पांच प्रादेशिक परिषदें हैं, अर्थात् पश्चिमी भारत प्रादेशिक परिषद्, दक्षिणी भारत प्रादेशिक परिषद्, पूर्वी भारत प्रादेशिक परिषद्, मध्य भारत प्रादेशिक परिषद् और उत्तरी भारत प्रादेशिक परिषद्, जिनके मुख्यालय क्रमशः मुम्बई, चैन्नई, कोलकाता, कानपुर और नई दिल्ली में स्थित हैं । इस समय इसके पास पूरे भारत में 168 शाखाएं हैं ।

चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्र संघों की शाखाएं

चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम के छात्रों के बीच सक्रिय रूप से भ्रातृत्व की भावना को विकसित करने तथा सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और बोद्धिक विकास का संवर्धन करने के विचार से संस्थान की परिषद् ने सदैव चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्र संघों की शाखाओं की स्थापना को प्रोत्साहन दिया है । इस प्रक्रिया में अभी तक छात्र संघों की 138 शाखाओं को स्थापित किया गया है ।

सर्वोत्तम प्रादेशिक परिषद्, प्रादेशिक परिषद् की सर्वोत्तम शाखा, सर्वोत्तम छात्र संघ और छात्र संघ की सर्वोत्तम शाखा के लिए पुरस्कार :

ये पुरस्कार संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रदान किए जाते हैं । ये पुरस्कार सकल कार्यपालन और स्थापित संनियमों के आधार पर प्रदान किए जाते हैं । वर्ष 2022 के लिए ये पुरस्कार 7 फरवरी, 2023 को आयोजित वार्षिक समारोह में निम्नलिखित विजेताओं को प्रदान किए गए :--

वर्ग	पुरस्कार	इकाइयों का नाम
सर्वश्रेष्ठ प्रादेशिक परिषद	प्रथम पुरस्कार	डब्लूआईआरसी एवं एसआईआरसी (संयुक्त रूप से)
	द्वितीय पुरस्कार	ईआईआरसी
सर्वश्रेष्ठ छात्र संघ	प्रथम पुरस्कार	डब्ल्यूआईसीएएसए
	द्वितीय पुरस्कार	सीआईसीएएसए
प्रादेशिक परिषद की सर्वश्रेष्ठ शाखा (मेगा श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	इंदौर
	द्वितीय पुरस्कार	अहमदाबाद और बैंगलोर (संयुक्त रूप से)
प्रादेशिक परिषद की सर्वश्रेष्ठ शाखा (बड़ी श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	लुधियाना
	द्वितीय पुरस्कार	वडोदरा
प्रादेशिक परिषद की सर्वश्रेष्ठ शाखा (मध्यम श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	विजयवाड़ा
	द्वितीय पुरस्कार	आगरा
प्रादेशिक परिषद की सर्वश्रेष्ठ शाखा (लघु श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	सलेम
	द्वितीय पुरस्कार	तिरुपुर
प्रादेशिक परिषद की सर्वश्रेष्ठ शाखा (सूक्ष्म श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	शिवकाशी
	द्वितीय पुरस्कार	बिलासपुर
छात्र संघ की सर्वश्रेष्ठ शाखा (मेगा श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	अहमदाबाद और पुणे (संयुक्त रूप से)
	द्वितीय पुरस्कार	बैंगलोर
छात्र संघ की सर्वश्रेष्ठ शाखा (बड़ी श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	इंदौर
	द्वितीय पुरस्कार	कोयंबटूर
छात्र संघ की सर्वश्रेष्ठ शाखा (मध्यम श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	वडोदरा और औरंगाबाद (संयुक्त रूप से)
	द्वितीय पुरस्कार	राजकोट एवं जोधपुर (संयुक्त)
छात्र संघ की सर्वश्रेष्ठ शाखा (छोटी श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	अहमदनगर
	द्वितीय पुरस्कार	जलगांव और सिलीगुड़ी
छात्र संघ की सर्वश्रेष्ठ शाखा (सूक्ष्म श्रेणी)	प्रथम पुरस्कार	आनंद
	द्वितीय पुरस्कार	बिलासपुर

अखिल भारतीय प्रबंध समिति सदस्य वार्षिक बैठक (एआईएमएम) -2023

प्रादेशिक परिषद् सदस्यों और शाखाओं के प्रबंध समिति सदस्यों की अखिल भारतीय प्रबंध समिति सदस्य वार्षिक बैठक (एआईएमएम) -2023 का आयोजन 13 और 14 मार्च, 2023 के दौरान मुंबई में किया गया ताकि उन्हें आईसीएआई

के दृष्टिकोण और पद्धतियों से सुमेलित किया जा सके और साथ ही परिषद् के उद्देश्यों की पूर्ति की जा सके ।

यह एक ऐसा कार्यक्रम था, जिसमें 10 सत्रों को 40 प्रस्तुतियों के साथ सम्मिलित किया गया था, जिनके दौरान अधिकांश समितियों और विभागों को शामिल किया गया था, जिनके अंतर्गत प्रतिभागियों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों/शंकाओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों द्वारा ब्रेकआउट और परस्पर क्रियाशील सत्रों का भी आयोजन किया गया था । पूरे भारत वर्ष से आईसीएआई की शाखाओं और प्रादेशिक परिषदों से 1000 से अधिक नेताओं ने भाग लिया था ।

एआईएमएम एक ऐसी उत्कृष्ट पहल थी, जिसने वृत्ति के सामान्य मुद्दों से संबंधित विषयों पर परस्पर क्रिया करने के लिए एक अद्वितीय मंच उपलब्ध कराया और साथ ही इसके माध्यम से प्रतिभागियों को आईसीएआई की विभिन्न समितियों/विभागों के कार्यकरण के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई गई और साथ ही शाखाओं और प्रादेशिक परिषदों से पणधारियों की प्रत्याशाओं के संबंध में भी परिचर्चा की गई । प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से इस कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया ।

14. वित्त और लेखा

31 मार्च, 2023 को यथाविद्यमान तुलन पत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के आय-व्यय का लेखा, जो परिषद द्वारा सम्यकत: अनुमोदित है, इसमें इसके पश्चात् प्रकाशित किए गए हैं ।

15. अनुशंसा

परिषद् व्यवसाय के उन सदस्यों की आभारी है, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के अधीन गठित संस्थान के बोर्डों/समितियों में सहयोजित सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट हुए थे और वह प्रादेशिक परिषदों, उनकी शाखाओं और उनके सदस्यों तथा गैर-सदस्यों, जिन्होंने वर्ष 2022-23 के दौरान परिषद् के शैक्षिक, तकनीकी, अन्य विकास क्रियाकलापों में और उसकी परीक्षाओं के संचालन में परिषद् की सहायता की, के प्रति भी आभार व्यक्त करती है ।

परिषद् की हार्दिक कामना है कि वर्ष 2022-23 के दौरान केन्द्रीय सरकार और परिषद् में उनके मनोनीत सदस्यों द्वारा दी गई निरंतर सहायता और समर्थन की प्रशंसा अभिलेख पर अंकित की जाए ।

परिषद् आईसीएआई द्वारा की गई अनेक पहलों में केंद्रीय और विभिन्न प्रादेशिक राज्य सरकारों द्वारा दिखाई गई गहन रूचि और की गई पहल के अनुसरण में उनके द्वारा पहले ही उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों की प्रशंसा करती है ।

परिषद्, आईसीएआई के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान और उसके पश्चात् उनके द्वारा किए गए निष्ठापूर्ण और समर्पित प्रयासों के लिए उनकी अनुशंसा करती है ।

सांख्यिकी एक दृष्टि में

सदस्य रजिस्ट्रीकरण

(1 अप्रैल, 2007 से)

सारणी 1

वर्ष (को यथाविद्यमान)		पश्चिमी क्षेत्र	दक्षिणी क्षेत्र	पूर्वी क्षेत्र	मध्य क्षेत्र	उत्तरी क्षेत्र	योग
1 अप्रैल, 2007	सहयुक्त	31159	18237	7829	9642	14182	81049
	अध्येता	16896	13646	6488	8882	12880	58792
	योग	48055	31883	14317	18524	27062	139841
1 अप्रैल, 2008	सहयुक्त	32364	19203	7939	10045	14642	84193
	अध्येता	17646	14034	6738	9472	13398	61288
	योग	50010	33237	14677	19517	28040	145481
1 अप्रैल, 2009	सहयुक्त	34294	20666	8193	10578	15951	89682

	अध्येता	18442	14516	7002	10007	13951	63918
	योग	52736	35182	15195	20585	29902	153600
1 अप्रैल, 2010	सहयुक्त	36390	21733	8512	11252	17104	94991
	अध्येता	19181	15076	7192	10615	14461	66525
	योग	55571	36809	15704	21867	31565	161516
1 अप्रैल, 2011	सहयुक्त	38608	22998	9154	12329	18547	101636
	अध्येता	19831	15612	7406	11182	14943	68974
	योग	58439	38610	16560	23511	33490	170610
1 अप्रैल, 2012	सहयुक्त	45273	25505	11069	15963	23332	121142
	अध्येता	20510	16132	7578	11720	15431	71371
	योग	65783	41637	18647	27683	38763	192513
1 अप्रैल, 2013	सहयुक्त	52846	28020	13258	20606	27743	142473
	अध्येता	21522	16918	7815	12327	16051	74633
	योग	74368	44938	21073	32933	43794	217106
1 अप्रैल, 2014	सहयुक्त	56595	29401	14035	22978	29467	152476
	अध्येता	22313	17460	8007	12915	16508	77203
	योग	78908	46861	22042	35893	45975	229679
1 अप्रैल, 2015	सहयुक्त	60229	30126	14514	24702	31137	160708
	अध्येता	22838	17864	8137	13441	16986	79266
	योग	83067	47990	22651	38143	48123	239974
1 अप्रैल, 2016	सहयुक्त	64235	31919	15046	27353	32774	171327
	अध्येता	23700	18495	8223	14071	17521	82010
	योग	87935	50414	23269	41424	50295	253337
1 अप्रैल, 2017	सहयुक्त	67746	33591	15580	30036	34632	181585
	अध्येता	25742	19711	8718	15618	18933	88722
	योग	93488	53302	24298	45654	53565	270307
1 अप्रैल, 2018	सहयुक्त	70683	34733	15606	32094	36988	190104
	अध्येता	26736	20280	8912	16494	19667	92089
	योग	97419	55013	24518	48588	56655	282193
1 अप्रैल, 2019	सहयुक्त	72296	34352	15547	33522	37129	192857
	अध्येता	28747	21437	9418	18337	20895	98841
	योग	101043	55789	24965	51859	58024	291698
1 अप्रैल, 2020	सहयुक्त	74285	38405	15735	38453	40877	207755
	अध्येता	28860	21495	9295	19017	20816	99483

	योग	103145	59900	25030	57470	61693	307238
1 अप्रैल, 2021	सहयुक्त	79234	42606	16436	41589	43479	223344
	अध्येता	30022	22393	9485	20199	21638	103737
	योग	109256	64999	25921	61788	65117	327081
1 अप्रैल, 2022	सहयुक्त	83875	47065	17363	46271	46301	240875
	अध्येता	31960	23559	9791	21580	22673	109563
	योग	115835	70624	27154	67851	68974	350438
1 अप्रैल, 2023	सहयुक्त	91043	54155	18856	52092	50351	266497
	अध्येता	32736	24136	9916	22318	23016	112122
	योग	123779	78291	28772	74410	73267	378619

सदस्य

(1 अप्रैल, 1950 से)

सारणी 2

वर्ष (को यथाविद्यमान)	**सहयुक्त**	**अध्येता**	**योग**
1 अप्रैल, 1950 को	1,120	569	1,689
1 अप्रैल, 1951 को	1,285	672	1,957
1 अप्रैल, 1961 को	4,059	1,590	5,649
1 अप्रैल, 1971 को	7,901	3,326	11,227
1 अप्रैल, 1981 को	16,796	8,642	25,438
1 अप्रैल, 1991 को	36,862	22,136	58,998
1 अप्रैल, 2001 को	51,603	44,789	96,392
1 अप्रैल, 2002 को	54,666	47,064	1,01,730
1 अप्रैल, 2003 को	60,619	49,637	1,10,256
1 अप्रैल, 2004 को	63,384	52,707	1,16,091
1 अप्रैल, 2005 को	68,052	55,494	1,23,546
1 अप्रैल, 2006 को	73,778	57,168	1,30,946
1 अप्रैल, 2007 को	81,049	58,792	1,39,841
1 अप्रैल, 2008 को	84,193	61,288	1,45,481
1 अप्रैल, 2009 को	89,682	63,918	1,53,600
1 अप्रैल, 2010 को	94,991	66,525	1,61,516
1 अप्रैल, 2011 को	1,01,636	68,974	1,70,610
1 अप्रैल, 2012 को	1,21,142	71,371	1,92,513
1 अप्रैल, 2013 को	1,42,473	74,633	2,17,106

1 अप्रैल, 2014 को	1,52,476	77,203	2,29,679
1 अप्रैल, 2015 को	1,60,708	79,266	2,39,974
1 अप्रैल, 2016 को	1,71,327	82,010	2,53,337
1 अप्रैल, 2017 को	1,81,585	88,722	2,70,307
1 अप्रैल, 2018 को	1,90,104	92,089	2,82,193
1 अप्रैल, 2019 को	1,92,857	98,841	2,91,698
1 अप्रैल, 2020 को	2,07,755	99,483	3,07,238
1 अप्रैल, 2021 को	2,23,344	1,03,737	3,27,081
1 अप्रैल, 2022 को	2,40,875	1,09,563	3,50,438
1 अप्रैल, 2023 को	2,66,497	1,12,122	3,78,619

रजिस्ट्रीकृत छात्र

(31 मार्च, 2010 से)

वर्ष के दौरान	फाउंडेशन/सीपीटी		पीसीसी/आईपीसीसी और आईआईपीसी/मध्यवर्ती			फाइनल/नया फाइनल		एटीसी	योग
	फाउंडेशन	सीपीटी	पीसीसी	आईपीसीसी एवं आईआईपीसीसी	मध्यवर्ती	फाइनल	नया फाइनल		
2009-10	-	1,67,073	1,860	80,745	-	24,172	-	3,376	2,77,226
2010-11	-	1,55,217	329	67,984	-	57,175	-	1,906	2,82,611
2011-12	-	1,61,712	-	85,053	-	47,515	-	2,099	2,96,379
2012-13	-	1,61,084	-	1,02,406	-	45,102	-	2,615	3,11,207
2013-14	-	1,54,742	-	96,285	-	39,348	-	3,209	2,93,584
2014-15	-	1,41,241	-	66,570	-	36,950	-	881	2,45,642
2015-16	-	1,25,140		77,962	-	31,669	-	1,249	2,36,020
2016-17	-	1,07,392		81,886	-	27,611	-	1,430	2,18,319
2017-18	9,788	73,804	-	22,657	63,693	26,291	14,056	-	2,10,289
2018-19	45,048	-	-	-	53,654	-	27,966	-	1,26,668
2019-20	63,228	-	-	-	87,949	-	67,090	-	2,18,267
2020-21	1,09,968	-	-	-	46,563	-	26,366	-	1,82,897
2021-22	1,21,365	-	-	-	69,967	-	32,527	-	2,23,859
2022-23	1,25,460	-	-	-	77,652	-	21,944	-	2,25,056

परिषद् की संरचना - (2022-23)

	परिषद् के सदस्य	
अध्यक्ष	**निर्वाचित सदस्य**	
	पश्चिमी क्षेत्र	
सीए. अनिकेत सुनील तलाटी	सीए. (डॉ.) राजकुमार सत्यनारायण अदुकिया	मुंबई
	सीए छाजेड़ पीयूष सोहनराजजी	मुंबई
	सीए. चिताले चन्द्रशेखर वसंत	पुणे
	सीए. विशाल दोशी	वडोदरा
उपाध्यक्ष	सीए. दुर्गेश कुमार काबरा	मुंबई
सीए. रंजीत कुमार अग्रवाल	सीए. धीरज कुमार खंडेलवाल	
	सीए. पुरूषोत्तमलाल हुकमीचंद खंडेलवाल	अहमदाबाद
	सीए. मंगेश पांडुरंग किनारे	थाइन
	सीए. प्रीति सावला	मुंबई
	सीए. उमेश रामनारायण शर्मा	औरंगाबाद
	सीए. अनिकेत सुनील तलाटी	अहमदाबाद
	दक्षिणी क्षेत्र	
	सीए. दयानिवास शर्मा	हैदराबाद
	सीए. श्रीधर मुप्पाला	हैदराबाद
	सीए. प्रसन्ना कुमार डी	विशाखापत्तनम
	सीए. राजेंद्र कुमार पी.	चेन्नई
परिषद् के सचिव	सीए. कोथा एस श्रीनिवास	बेंगलुरु
सीए. (डा.) जय कुमार बत्रा	सीए. श्रीप्रिया कुमार	चेन्नई
सचिव	**पूर्वी क्षेत्र**	
	सीए. रंजीत कुमार अग्रवाल	कोलकाता
	सीए. सुशील कुमार गोयल	कोलकाता
	सीए. (डॉ.) देबाशीष मित्रा	गुवाहाटी
	मध्य क्षेत्र	
	सीए. रोहित रुवतिया	जयपुर
	सीए. अभय कुमार छाजेड़	भोपाल
	सीए. (डॉ.) अनुज गोयल	गाज़ियाबाद
	सीए. ज्ञान चंद्र मिश्रा	वैशाली
	सीए. प्रकाश शर्मा	जयपुर
	सीए. केमिशा सोनी	इंदौर

उत्तरी क्षेत्र

सीए. संजय कुमार अग्रवाल	नई दिल्ली
सीए. (डॉ.) राज चावला	नई दिल्ली
सीए. हंसराज चुघ	नई दिल्ली
सीए. प्रमोद जैन	नई दिल्ली
सीए. चरणजोत सिंह नंदा	नई दिल्ली
सीए. (डॉ.) संजीव कुमार सिंघल	नई दिल्ली

सरकार के नामनिर्देशिती

सरकार के नामनिर्देशिती	श्री संजय कुमार अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, कारपोरेट कार्य मंत्रालय	नई दिल्ली
	श्री ऋत्विक रंजनम पांडे संयुक्त सचिव वित्त मंत्रालय	नई दिल्ली
	श्री मनोज पांडे, संयुक्त सचिव, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय	नई दिल्ली
	श्री दीपक कपूर, महानिदेशक (वाणिज्यिक-II) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय	नई दिल्ली
	श्री राकेश जैन, आईए और एएस, उपनियंत्रक एवं महालेखा . (सेवानिवृत्त) परीक्षक	जयपुर
	डॉजैन .सी.पी ., सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एसआरसीसी, दिल्ली विश्वविद्यालय	नई दिल्ली
	अधिवक्ता विजय कुमार झालानी	नई दिल्ली
	श्री चन्द्र वाधवा सीएमए, पूर्व अध्यक्ष (आईसीओएआई)	नई दिल्ली

अरुण के. अग्रवाल एवं एसोसिएट्स	एस.के. मित्तल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंटस	चार्टर्ड अकाउंटेंटस
105, एफएफ, साउथ एक्स। प्लाजा - 1, 389,	मित्तल हाउस,
मस्जिद मोठ, साउथ एक्सटेंशन पार्ट- II,	ई-29, साउथ एक्सटेंशन पार्ट- II,
नई दिल्ली - 110049	नई दिल्ली - 110049

स्वतंत्र संपरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

परिषद्, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटस संस्थान

वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा संबंधी रिपोर्ट

राय

हमने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटस संस्थान ("संस्थान") के संलग्न वित्तीय विवरणों, जिसमें 31 मार्च, 2023 को यथा विद्यमान तुलनपत्र और उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए संलग्न आय और व्यय लेखा तथा नकद प्रवाह विवरण और वित्तीय विवरणों संबंधी टिप्पणों की संपरीक्षा की है, जिसके अंतर्गत महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का संक्षिप्त विवरण

और अन्य स्पष्टीकारक जानकारी भी है (जिसे इसमें इसके पश्चात् वित्तीय विवरण कहा गया है), जिसमें उस तारीख के समाप्त हुए वर्ष के लिए संस्थान के विकेन्द्रीकृत कार्यालयों, कंप्यूटर केंद्रों, छात्र संगमों, प्रादेशिक परिषदों और उनकी शाखाओं के शाखा संपरीक्षकों द्वारा संपरीक्षित विवरणियों को भी सम्मिलित किया गया है ।

हमारी राय में पूर्वोक्त वित्तीय विवरण चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 (आज की तारीख तक यथा संशोधित) द्वारा अपेक्षित रीति में अपेक्षित जानकारी प्रदान करता है और वे भारत में साधारण रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तारीख 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए संस्थान की वित्तीय स्थिति और उसके अधिशेष तथा नकद प्रवाह के संबंध में एक सत्य और उचित मत प्रदान करते हैं ।

राय के लिए आधार

हमने अपनी संपरीक्षा को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटस संस्थान द्वारा जारी संपरीक्षा मानकों (एसए) के अनुसार पूरा किया है । उन मानकों के अधीन हमारे उत्तरदायित्वों को आगे हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा हेतु संपरीक्षक के उत्तरदायित्वों संबंधी खंड में वर्णित किया गया है । हम ऐसी नैतिक अपेक्षाओं, जो वित्तीय विवरणों की हमारी संपरीक्षा के लिए सुसंगत हैं, के अनुसार संस्थान से स्वतंत्र हैं और हमने इन अपेक्षाओं के अनुसार अपने नैतिक उत्तरदायित्वों को पूरा किया है । हम यह विश्वास करते हैं कि हमारे द्वारा अभिप्राप्त किए गए संपरीक्षा संबंधी साक्ष्य हमारी राय का आधार प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रबंधमंडल का उत्तरदायित्व

संस्थान का प्रबंधमंडल ऐसे वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए उत्तरदायी है, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 (अधिनियम) के अनुसार संस्थान की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्यपालन और नकद प्रवाह का सत्य और निष्पक्ष मत प्रदान करते हों। इस उत्तरदायित्व में संस्थान की आस्तियों को सुरक्षित रखने तथा कपटों और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के उपबंधों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों को बनाए रखना; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन करना और उन्हें लागू करना; ऐसे निर्णय लेना और प्राक्कलन करना, जो सुसंगत और विवेकपूर्ण हों तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों, लेखांकन अभिलेखों की शुद्धता और संपूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचालन कर रहे थे, को तैयार करना, उन्हें कार्यान्वित करना तथा उन्हें बनाए रखना सम्मिलित है, जो ऐसे वित्तीय विवरणों को तैयार और प्रस्तुत करने के लिए सुसंगत हैं, जो संस्थान के कार्य के संबंध में सत्य और निष्पक्ष मत प्रदान करते हैं तथा जो सारवान मिथ्या कथनों, चाहे वे किसी कपट के कारण हों अथवा किसी त्रुटि के कारण, से मुक्त हैं ।

इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, प्रबंधमंडल, एक गोईंग कर्न्सन के रूप में बने रहने संबंधी संस्थान के सामर्थ्य का निर्धारण करने, यथा लागू प्रकटन करने, गोईंग कर्न्सन से संबंधित विषयों का निर्धारण करने और लेखांकन के गोईंग कर्न्सन के आधार का उपयोग करने के लिए तब तक उत्तरदायी है जब तक कि प्रबंधमंडल का आशय या तो संस्थान का परिसमापन करना है या उसके प्रचालनों को बंद करना है या उसके पास ऐसा करने के अलावा कोई अन्य वास्तविक विकल्प उपलब्ध नहीं है ।

प्रबंधमंडल संस्थान की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का पर्यावलोकन करने के लिए उत्तरदायी है ।

वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा के संबंध में संपरीक्षक के उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य इस बारे में युक्तियुक्त आश्वासनों को प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण सकल रूप से सारवान मिथ्या कथनों से मुक्त हैं, चाहे वे कपट के कारण हों अथवा किसी त्रुटि के कारण और ऐसी संपरीक्षा संबंधी रिपोर्ट को जारी करना है, जिसमें हमारी राय सम्मिलित हो । युक्तियुक्त आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन है, किंतु यह इस बात की गारंटी नहीं करता है कि एसए के अनुसार की गई संपरीक्षा सदैव सारवान कथनों का उस समय पता लगाने में समर्थ होगी, जब वे विद्यमान होते हैं । मिथ्या कथन, कपट या त्रुटि, किसी भी कारण से उदभूत हो सकते हैं और उन्हें उस समय सारवान समझा जाता है, यदि व्यष्टिक रूप से या सकल रूप से उनसे युक्तियुक्त रूप से यह प्रत्याशा की जा सकती है कि वे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए जाने वाले उपयोक्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करेंगे ।

एसए के अनुसार की जाने वाली संपरीक्षा के भागरूप में, हम अपने वृत्तिक विवेक का प्रयोग करते हैं और पूर्ण संपरीक्षा के दौरान वृत्तिक संदेहों को भी बनाए रखते हैं । हम:

- कपट या त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों में सारवान मिथ्या कथनों की पहचान करते हैं और उनसे संबंधी जोखिमों का निर्धारण करते हैं, उन जोखिमों के प्रत्युत्तर में संपरीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं को तैयार और उनका निष्पादन करते

हैं तथा ऐसे संपरीक्षा संबंधी साक्ष्य अभिप्राप्त करते हैं, जो हमारी राय का आधार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हों । किसी कपट के परिणामस्वरूप होने वाले किसी सारवान मिथ्या कथन की पहचान न करने का जोखिम किसी त्रुटि के परिणामस्वरूप आए सारवान मिथ्या कथन से कहीं अधिक है, क्योंकि कपट में दुरभिसंधि, जालसाजी, साशय लोप, मिथ्या प्रस्तुतियां या आंतरिक नियंत्रणों की अवहेलना अंतर्वलित हो सकती है।

- संपरीक्षा से सुसंगत आंतरिक नियंत्रणों की समझ को प्राप्त करते हैं, जिससे ऐसी संपरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार किया जा सके, जो मामले की परिस्थितियों में उपयुक्त हैं, किंतु जो संस्थान के आंतरिक नियंत्रण की प्रभाविकता के संबंध में राय अभिव्यक्त करने के प्रयोजन के लिए अभिप्रेत नहीं है ।
- प्रयुक्त की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करते हैं और प्रबंधमंडल द्वारा दिए गए लेखांकन प्राक्कलनों और संबद्ध प्रकटनों के औचित्य का भी मूल्यांकन करते हैं ।
- प्रबंधमंडल द्वारा लेखांकन के गोईंग कर्न्सन के आधार के उपयोग की उपयुक्तता के संबंध में निष्कर्ष प्रस्तुत करते हैं तथा प्राप्त किए गए संपरीक्षा संबंधी साक्ष्यों के आधार पर यह तय करते हैं कि क्या किन्हीं घटनाओं या परिस्थितियों से संबंधित कोई सारवान अनिश्चतता विद्यमान है, जो एक गोईंग कर्न्सन के रूप में बने रहने के संस्थान के सामर्थ्य के संबंध में महत्वपूर्ण संदेह उत्पन्न करती है । यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई सारवान अनिश्चितता विद्यमान है तो हम से यह अपेक्षा की जाती है कि हम हमारी संपरीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबद्ध प्रकटनों की ओर ध्यान आकर्षित करें या यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हैं तो हमारी राय को उपांतरित करें । हमारे निष्कर्ष, हमारे संपरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक हमारे द्वारा प्राप्त किए गए संपरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित होते हैं । तथापि, भावी घटनाएं या परिस्थितियां यह प्रभाव उत्पन्न कर सकती हैं कि संस्थान एक गोईंग कर्न्सन के रूप में अपना कार्यकरण जारी रखना बंद कर दे ।
- वित्तीय विवरणों की सकल प्रस्तुति, संरचना और अंतर्वस्तु का मूल्यांकन करना, जिसके अंतर्गत प्रकटन भी है और यह सुनिश्चित करना कि क्या वित्तीय विवरण ऐसी रीति में आधारभूत संव्यवहारों और घटनाओं को प्रस्तुत करते हैं, जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति के उद्देश्य की पूर्ति हो ।

हम ऐसे व्यक्तियों से परस्पर संपर्क करते हैं, जिन्हें अन्य विषयों के साथ संपरीक्षा के योजनाबद्ध विस्तार क्षेत्र, समय और महत्वपूर्ण संपरीक्षा निष्कर्षों से संबंधित विषयों को शासित करने का प्रभार सौंपा गया है, जिसके अंतर्गत आंतरिक नियंत्रण में ऐसी कोई महत्वपूर्ण कमियां भी हैं, जिनकी हम हमारी संपरीक्षा के दौरान पहचान करते हैं ।

हम ऐसे व्यक्तियों को, जिन पर शासन संबंधी प्रभार है, ऐसा कथन भी उपलब्ध कराते हैं कि हमने स्वतंत्रता संबंधी सुसंगत नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन किया है और हमने उन्हें अपने ऐसे सभी संबंधों तथा अन्य विषयों की संसूचना प्रदान की है, जिनसे युक्तियुक्त रूप से यह संभावना उत्पन्न हो सकती है कि वे हमारी स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकते हैं और जहाँ कहीं लागू है हमने संबद्ध सुरक्षोपायों के संबंध में भी संसूचित किया है ।

अन्य विषय

(क) भारत में और विदेशों में बड़ी संख्या में अध्ययन सर्कल और अध्ययन चैप्टर विद्यमान हैं, जिन्हें संस्थान ने प्राधिकृत किया है । संस्थान ने हमें यह निवेदन किया है कि चूंकि ये अध्ययन सर्कल/चैप्टर पृथक् अस्तित्व हैं इसलिए उनके लेखाओं को समेकित किया जाना अपेक्षित नहीं है । हमने इस निवेदन को स्वीकार किया है ।

(ख) हमने संस्थान के विकेन्द्रीकृत कार्यालयों, कंप्यूटर केंद्रों, छात्र संघों, प्रादेशिक परिषदों और विदेशी शाखाओं सहित उनकी शाखाओं (जो एकीकृत रूप में शाखाओं के नाम से ज्ञात हैं) के वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण कुल 1,13,799 लाख रुपए की कुल आस्तियों, 15,824 लाख रुपए का कुल राजस्व और 31 मार्च, 2023 को कुल 5,250 लाख रुपए के नकद और बैंक अतिशेषों को उपदर्शित करते हैं । इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/जानकारी की संपरीक्षा शाखा संपरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्टें प्रबंधमंडल द्वारा हमें प्रस्तुत की गई हैं । इन वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारी राय, जहां तक उसका संबंध इन शाखाओं के संबंध में सम्मिलित की गई रकमों और प्रकटनों से है, पूर्णतया उन अन्य संपरीक्षकों की रिपोर्टों पर आधारित है ।

हमारी राय को उपरोक्त मामलों के संबंध में उपांतरित नहीं किया गया है ।

अन्य विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

हम यह और रिपोर्ट करते हैं कि:

क) हमने ऐसी सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमारी संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक थे ;

ख) हमारी राय में, जहां तक लेखा बहियों की हमारी परीक्षा से प्रतीत होता है, संस्थान द्वारा समुचित लेखा बहियां रखी गई हैं और हमारी संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए विकेन्द्रीकृत कार्यालयों, कंप्यूटर केंद्रों, छात्र संघों, प्रादेशिक परिषदों और उनकी शाखाओं, जहां हमने दौरा नहीं किया है, से समुचित और पर्याप्त विवरणियां प्राप्त हुई हैं ;

ग) संस्थान की शाखाओं के लेखाओं, जिनकी संपरीक्षा शाखा संपरीक्षकों द्वारा की गई है, संबंधी रिपोर्टों को हमें अग्रेषित किया गया है और हमने इस रिपोर्ट को तैयार करते समय उनके संबंध में उपयुक्त रूप से कार्यवाही की है ;

घ) इस रिपोर्ट से संबंधित संस्थान का तुलन पत्र, आय और व्यय लेखा और नकद प्रवाह विवरण, लेखा बहियों के अनुरूप है और वे ऐसी शाखाओं से प्राप्त विवरणियों के भी अनुरूप है, जिनका हमने दौरा नहीं किया है ।

कृते अरुण के. अग्रवाल एवं एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म रजि. सं. 003917एन
ह./-
सीए. अरुण कुमार अग्रवाल
भागीदार
सदस्यता सं. 082899
यूडीआईएन : 23082899बीजीएक्सएक्सआईबी4862

कृते एस.के. मित्तल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म रजि. सं. 001135एन
ह./-
सीए. एस. मूर्ति
भागीदार
सदस्यता सं. 072290
यूडीआईएन : 23072290बीजीवाईवीईपी1132

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 04 सितंबर, 2023

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान

आईसीएआई भवन, इंद्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली-110 002

तुलन पत्र **(रुपए लाख में)**

	विशिष्टियां		टिप्पण सं.	31 मार्च, को यथा विद्यमान	
				2023	**2022**
I	**निधियों के स्रोत :**				
	i. अधिशेष और उद्दिष्ट निधियां				
	क	आरिक्षितियां और अधिशेष	3	1,83,169	1,63,899
	ख	उद्दिष्ट निधियां	4	1,25,532	1,16,048
	ii. गैर चालू दायित्व				
	क	अन्य दीर्घकालिक दायित्व	5	1,166	1,838
	ख	दीर्घकालिक प्रावधान	6	5,786	29,718
	iii. चालू दायित्व				
	क	व्यापार संबंधी देय	7	6,177	6,730
	ख	अन्य चालू दायित्व	8	28,909	24,708
	ग	अल्पकालिक प्रावधान	6	1,522	1,376
		योग		**3,52,261**	**3,44,317**

II निधियों का उपयोजन				
i. गैर चालू आस्तियां				
क	संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर	9	70,427	67,369
ख	अमूर्त आस्तियां	10	235	414
ग	चालू पूंजी संकर्म	11	3,597	3,569
घ	गैर-चालू निवेश	12	1,93,975	1,84,307
ङ	अन्य निधियों के लिए धारित आस्तियां	13	5,980	5,806
च	दीर्घकालिक ऋण और अग्रिम	14	1,696	3,774
छ	अन्य गैर चालू आस्तियां	15	323	5,096
ii. चालू आस्तियां				
क.	चालू निवेश	12	5,443	14,432
ख.	अन्य निधियों के लिए धारित आस्तियां	13	39,110	38,627
ग.	वस्तु-सूचियां	16	792	801
घ.	नकद और नकद समतुल्य	17	11,575	11,042
ङ.	अल्पकालिक ऋण और अग्रिम	14	8,019	4,351
च.	अन्य चालू आस्तियां	15	11,089	4,729
योग			**3,52,261**	**3,44,317**

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न टिप्पण 1 से 28 वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग हैं।

परिषद् के लिए और उसकी ओर से

ह./-	ह./-	ह./-	ह./-
सीए. सुदीप श्रीवास्तव	सीए. (डा.) जय कुमार बत्रा	सीए. रंजीत कुमार अग्रवाल	सीए. अनिकेत सुनील तलाटी
अपर सचिव	सचिव	उपाध्यक्ष	अध्यक्ष

हमारी सम तारीख की रिपोर्ट के अनुसार

कृते अरुण के. अग्रवाल एवं एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म रजि. सं. 003917एन
ह./-
सीए. अरुण कुमार अग्रवाल
सदस्यता सं. 082899, भागीदार

कृते एस.के. मित्तल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म रजि. सं. 001135एन
ह./-
सीए. एस. मूर्ति
सदस्यता सं. 072290, भागीदार

स्थान: नई दिल्ली
तारीख : 04 सितंबर, 2023

आय और व्यय लेखा

(रुपए लाख में)

विशिष्टियां		टिप्पण सं.	31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए	
			2023	2022
I	**आय**			
	क) फीस	18	72,789	67,642
	ख) संगोष्ठियां	19	7,308	2,319
	ग) अन्य आय	20	25,891	18,853
	कुल आय		**1,05,988**	**88,814**

II	**व्यय**			
	क) संगोष्ठियां और प्रशिक्षण कार्यक्रम	21	10,073	2,593
	ख) कर्मचारी फायदा व्यय	22	15,668	14,913
	ग) मुद्रण और लेखन सामग्री		7,672	5,246
	घ) परीक्षकों और परामर्शियों को संदत्त वृत्तिक फीस		12,610	10,511
	ङ) अवक्षयण और परिशोधन व्यय	9-10	3,280	3,648
	च) अन्य व्यय	23	27,980	22,753
	कुल व्यय		**77,283**	**59,664**
III	**शुद्ध अधिशेष (I-II)**		**28,705**	**29,150**
IV	**निधियों/आरक्षितियों को विनियोग:**			
	क) शिक्षा निधि [देखें टिप्पण 2.06(ii)]		7,621	7,164
	ख) कर्मचारी कल्याण निधि [देखें टिप्पण 2.06(iii)]		100	94
	ग) उद्दिष्ट निधियां और अन्य निधियां (व्ययों का शुद्ध)		7,478	6,879
	घ) सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण आरक्षितियां [देखें टिप्पण 2.06(vii)]		1,410	1,462
	ङ) सिंकिंग निधि [देखें टिप्पण 2.06(viii)]		1,761	2,075
	च) अवसंरचना आरक्षिती (दाखिला एवं प्रवेश शुल्क) [देखें टिप्पण 2.06(iv)]		534	-
	छ) भवनों के लिए प्राप्त दान [देखें टिप्पण 2.06(i)]		101	-
	ज) साधारण आरक्षिती		9,700	11,476
	योग		**28,705**	**29,150**

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न टिप्पण 1 से 28 वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग हैं।

परिषद् के लिए और उसकी ओर से

ह./-	ह./-	ह./-	ह./-
सीए. सुदीप श्रीवास्तव	सीए. (डा.) जय कुमार बत्रा	सीए. रंजीत कुमार अग्रवाल	सीए. अनिकेत सुनील तलाटी
अपर सचिव	सचिव	उपाध्यक्ष	अध्यक्ष

हमारी सम तारीख की रिपोर्ट के अनुसार

कृते अरुण के. अग्रवाल एवं एसोसिएट्स	कृते एस.के. मित्तल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स	चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म रजि. सं. 003917एन	फर्म रजि. सं. 001135एन
ह./-	ह./-
सीए. अरुण कुमार अग्रवाल	सीए. एस. मूर्ति
सदस्यता सं. 082899	सदस्यता सं. 072290
भागीदार	भागीदार

स्थान: नई दिल्ली

तारीख : 04 सितंबर, 2023

नकद प्रवाह विवरण

(रुपए लाख में)

विशिष्टियां		31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए	
		2023	2022
I.	**प्रचालन क्रियाकलापों से नकद प्रवाह**		
	पूर्वावधि समायोजनों के पश्चात् शुद्ध अधिशेष	28,705	29,150
	निम्नलिखित के लिए समायोजन :		
	- अवक्षयण और परिशोधन संबंधी व्यय	3,280	3,648
	- ऐसे प्रावधान, जो अब अपेक्षित नहीं हैं, अपलिखित	(4,342)	(22)
	- कर्मचारी सेवानिवृत्ति फायदों के लिए प्रावधान	(17,457)	1,862
	- शाखा कर्मचारी स्कीम के लिए प्रावधान	(5,036)	700
	- संदेहास्पद अग्रिमों के लिए प्रावधान	(608)	38
	- अप्रचलित प्रकाशन स्टॉक के लिए प्रावधान	45	294
	- आरक्षितियों को अंतरित सुमेलन प्रभाव	-	180
	- भवन के लिए दान रसीद	(101)	-
	- ब्याज संबंधी आय	(17,355)	(15,762)
	- सदस्यों से प्राप्त प्रवेश फीस, जिसे सीधे आरक्षिती को आबंटित किया गया है	-	462
	कार्यकरण पूंजी परिवर्तनों से पूर्व प्रचालन अधिशेष	**(12,869)**	**20,550**
	कार्यकरण पूंजी में परिवर्तन :		
	प्रचालन संबंधी आस्तियों में (वृद्धि)/कमी के लिए समायोजन :		
	- वस्तु सूचियां	9	(370)
	- दीर्घकालिक ऋण और अग्रिम	1,539	134
	- अल्पकालिक ऋण और अग्रिम	(3,105)	(446)
	- अन्य चालू आस्तियां	(732)	(1,535)
	प्रचालन संबंधी दायित्वों में वृद्धि/(कमी) के लिए समायोजन		
	- अन्य दीर्घकालिक दायित्व	(672)	355
	- दीर्घकालिक प्रावधान	(1,681)	(230)
	- व्यापार संबंधी देय	3,789	366
	- अन्य चालू दायित्व	4,166	8,329
	- अल्पकालिक प्रावधान	388	-
		(9,168)	**27,153**
	आय-कर (संदत्त)/प्राप्त (शुद्ध)	539	(39)
	प्रचालन क्रियाकलापों से हुई आय (अ)	**(8,629)**	**27,114**
II.	**निवेश संबंधी क्रियाकलापों से नकद प्रवाह**		
	- गैर-चालू निवेशों का विक्रय/मोचन/(क्रय)	(9,668)	(45,965)
	- चालू निवेशों का विक्रय/मोचन/(क्रय)	8,989	(3,428)
	- संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर संबंधी पूंजी व्यय [सीडब्ल्यूआईपी सहित (शुद्ध)]	(6,293)	(5,729)
	- संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर के विक्रय से आगम	141	9
	- अन्य निधियों के लिए धारित आस्तियों में वृद्धि/(कमी)	(657)	392
	- प्राप्त ब्याज आय	16,500	14,962

	निवेश संबंधी क्रियाकलापों में (प्रयुक्त) नकद (आ)	**9,012**	**(39,759)**

(रुपए लाख में)

III.	**वित्तीय क्रियाकलापों से नकद प्रवाह**		
	- भवनों के लिए प्राप्त संदान	101	-
	- प्राप्त अभिदाय	49	172
	वित्तीय क्रियाकलापों से नकद (इ)	**150**	**172**
	नकद और नकद समतुल्यों में शुद्ध वृद्धि/(कमी) (अ+आ+इ)	533	(12,473)
	वर्ष के प्रारंभ में नकद और नकद समतुल्य	11,042	23,515
	वर्ष के अंत में नकद और नकद समतुल्य	**11,575**	**11,042**

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न टिप्पण 1 से 28 वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग हैं।

टिप्पण : नकद और नकद समतुल्य हाथ में नकदी तथा बैंकों में अतिशेष राशि और तीन महीने से कम की परिपक्वता अवधि वाली सावधि जमा को उपदर्शित करते हैं (टिप्पण सं. 17 देखें)।

परिषद् के लिए और उसकी ओर से

ह./-	ह./-	ह./-	ह./-
सीए. सुदीप श्रीवास्तव अपर सचिव	सीए. (डा.) जय कुमार बत्रा सचिव	सीए. रंजीत कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष	सीए. अनिकेत सुनील तलाटी अध्यक्ष

हमारी सम तारीख की की रिपोर्ट के अनुसार

कृते अरुण के. अग्रवाल एवं एसोसिएट्स	कृते एस.के. मित्तल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स	चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म रजि. सं. 003917एन	फर्म रजि. सं. 001135एन
ह./-	ह./-
सीए. अरुण कुमार अग्रवाल	सीए. एस. मूर्ति
सदस्यता सं. 082899	सदस्यता सं. 072290
भागीदार	भागीदार

स्थान: नई दिल्ली

तारीख : 04 सितंबर, 2023

वित्तीय विवरणों का भाग बनने वाले टिप्पण

1. साधारण जानकारी

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ("संस्थान या आईसीएआई"), जिसका प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है, को 1 जुलाई, 1949 को संसद् के एक अधिनियम, अर्थात् चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के अधीन भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की वृत्ति का विनियमन और विकास करने के प्रयोजन के लिए स्थापित किया गया था। उक्त अधिनियम के निबंधनों के अनुसार संस्थान की परिषद् को, संस्थान के कार्यों के प्रबंध का कार्य सौंपा गया है। इस प्रयोजन के लिए, परिषद् ने मुंबई, कोलकाता, कानपुर, चैन्नई और नई दिल्ली में प्रत्येक में एक और कुल 5 प्रादेशिक परिषदों, 5 विकेन्द्रीकृत कार्यालयों, 2 उत्कृष्टता केंद्रों, 168 शाखाओं और दुबई तथा सिंगापुर में 2 विदेशी कार्यालयों का भी गठन किया है।

2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का संक्षिप्त विवरण

2.01 लेखांकन का आधार

वित्तीय विवरणों को, जिनमें तुलन पत्र, आय और व्यय लेखा तथा नकद प्रवाह विवरण, उन पर टिप्पणों के साथ सम्मिलित हैं, भारत में साधारण रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (भारतीय जीएएपी) और

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949, उसमें समय-समय पर होने वाले संशोधनों सहित, के अनुसार तैयार किया जाता है । यहां भारतीय जीएएपी में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक और अन्य उदघोषणाएं सम्मिलित हैं । वित्तीय विवरणों को, जब तक कि अन्यथा कथित न हो, गोईंग कन्सर्न संबंधी ऐतिहासिक लागत अभिसमय के अधीन तथा प्रोदभवन आधार पर तैयार किया जाता है । वित्तीय विवरणों को तैयार करने में अपनाई गई लेखांकन नीतियां, जब तक कि अन्यथा कथित न हो, पूर्व वर्ष में अपनाई गई नीतियों से संगत हैं ।

2.02 प्राक्कलनों का उपयोग

भारतीय जीएएपी के अनुसार वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति प्रबंध मंडल से यह अपेक्षा करती है कि वे ऐसे प्राक्कलन और पूर्वानुमान करें, जो वर्ष के दौरान आस्तियों और दायित्वों की रिपोर्ट की गई रकमों (जिसके अंतर्गत आकस्मिक दायित्व भी हैं) और आय और व्यय की रिपोर्ट की गई रकमों हेतु विचार में लिए जाते हैं । प्रबंध मंडल यह विश्वास करता है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रयुक्त प्राक्कलन विवेकपूर्ण और तर्कसंगत हैं । वास्तविक परिणाम उन प्राक्कलनों से भिन्न हो सकते हैं और वास्तविक परिणामों तथा प्राक्कलनों के बीच अंतर को ऐसी अवधियों में मान्यता प्रदान की जाती है, जिनमें परिणामों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है वे कार्यान्वित किए जाते हैं ।

2.03 वस्तु-सूचियां

वस्तु-सूचियों में प्रकाशन, अध्ययन सामग्रियां, लेखन सामग्रियां और अन्य भंडार सम्मिलित होते हैं । इन वस्तु-सूचियों का मूल्यांकन प्रथम आगम, प्रथम जावक ("एफआईएफओ") पद्धति के आधार पर, जिसके दौरान जहां आवश्यक समझा जाए, अप्रचलन और अन्य हानियों के लिए प्रावधान करने के पश्चात् संगणित निम्नतर लागत और शुद्ध वसूलनीय मूल्य के आधार पर किया जाता है ।

लागत में माल को विक्रय के बिन्दु पर लाने संबंधी सभी प्रभार सम्मिलित होते हैं, जिसके अंतर्गत अन्य उदग्रहण, प्रवहन बीमा और अनुषंगी प्रभार भी हैं ।

2.04 नकद और नकद समतुल्य

नकद में, हाथ में नकदी अंतर्विष्ट है । नकद समतुल्य ऐसे अल्पकालिक अतिशेष हैं (जिनकी मूल परिपक्वता, उनके अर्जन की तारीख से तीन मास या उससे कम की अवधि है), जो अत्यधिक रूप से चल निवेश हैं, जिन्हें सुगम रूप से नकद की ज्ञात रकमों में परिवर्तित किया जा सकता है और जो मूल्य में परिवर्तन के महत्वहीन जोखिम के अधीन हैं ।

2.05 नकद प्रवाह विवरण

नकद प्रवाहों को अप्रत्यक्ष पद्धति का उपयोग करते हुए रिपोर्ट किया जाता है, जिसमें गैर-नकद प्रकृति के संव्यवहारों के प्रभावों और पूर्ववर्ती या भावी नकद प्राप्तियों या संदायों में किसी आस्थगन या प्रोदभवनों के लिए शुद्ध अधिशेष को समायोजित किया जाता है । संस्थान के प्रचालन, निवेश और वित्तपोषण संबंधी क्रियाकलापों से होने वाले नकद प्रवाहों को उपलब्ध जानकारी के आधार पर पृथक् किया जाता है ।

2.06 आरक्षितियों में विनियोग और उद्दिष्ट निधियों को आबंटन

i) भवनों के लिए प्राप्त संदानों को सीधे अवसंरचना आरक्षिती खाते में जमा किया जाता है ।

ii) दूरस्थ शिक्षा फीस के 25 प्रतिशत, जो वर्ष के शुद्ध अधिशेष के 50 प्रतिशत से अधिक न हो, शिक्षा निधि को अंतरित किया जाता है ।

iii) सदस्यता फीस (वार्षिक और व्यवसाय प्रमाणपत्र संबंधी फीस) के 0.75 प्रतिशत को प्रोदभवन आधार पर कर्मचारी कल्याण निधि को अंतरित किया जाता है ।

iv) प्रवेश और दाखिला फीस:

-- सहबद्ध सदस्यों से प्राप्त प्रवेश फीस और अध्येता सदस्यों से प्राप्त दाखिला फीस के भाग को अवसंरचना आरक्षित खाते में डाला जाता है ।

v) उद्दिष्ट निधियों से शिक्षा आरक्षिती खाते को निम्नलिखित अंतरण किए जाते हैं :

(क) अनुसंधान भवन निधि लेखांकन से	लेखांकन अनुसंधान भवन निधि से संबंधित भवन निधियों में अभिवृद्धियों की लागत (कटौतियों का शुद्ध, यदि कोई हों) का 100 प्रतिशत
(ख) शिक्षा निधि से	नियत आस्तियों से संबंधित अभिवृद्धियों की लागत (कटौतियों का शुद्ध, यदि कोई हों) का 50 प्रतिशत

vi) उद्दिष्ट निधियों के निवेश से होने वाली आय को उद्दिष्ट निधियों में जो़ड़ा जाता है । इस आय को, संबद्ध उद्दिष्ट निधियों के प्रारंभिक अतिशेष के आधार पर, भारित औसत का आधार बनाते हुए आबंटित किया जाता है ।

vii) वर्ष के दौरान प्राप्त सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण (आईटीटी)/उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम फीस के 25 प्रतिशत को कंप्यूटरों तथा अन्य आईटीटी केंद्र अवसंरचना के प्रतिस्थापन हेतु अन्य आरक्षितियों में अंतरित किया जाता है ।

viii) वर्ष के लिए अवक्षयण के समतुल्य राशि (आईटीटी आरक्षिती को अंतरित रकम को छोड़कर) को आस्तियों की मरम्मत और प्रतिस्थापन हेतु सिंकिंग निधि में अंतरित किया जाता है ।

2.07 संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर

संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर को उस समय मान्यता प्रदान की जाती है जब यह संभावना हो कि मद से सहबद्ध भावी आर्थिक फायदे संस्थान को प्राप्त होंगे और मद की लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है । संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर का कथन संचयी अवक्षयण और संचयी हानिकरण हानि, यदि कोई हो, को घटाकर लागत पर किया जाता है । संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर की लागत में उसकी क्रय कीमत, किन्हीं व्यापार बट्टों और छूटों के शुद्ध, आयात शुल्कों और अन्य करों (कर प्राधिकारियों से पश्चातवर्ती रूप से वसूलनीय से भिन्न) सहित सम्मिलित होती है, जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से आस्ति को उसके आशयित उपयोग हेतु तैयार करने के लिए होने वाले व्यय से प्रत्यक्षत: जोड़ा जा सकता है । आशयित उपयोग हेतु आस्ति को तैयार किए जाने की तारीख तक अर्हित संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर के अर्जन के संबंध में होने वाले अन्य अनुषंगी व्ययों और उसके संबंध में लिए गए उधारों पर ब्याज का भी पूंजीकरण किया जाता है ।

2.08 अमूर्त आस्तियां

अमूर्त आस्तियों का कथन, संचयी परिशोधन और संचयी हानिकरण, यदि कोई हों, को घटाकर लागत पर किया जाता है । किसी अमूर्त आस्ति की लागत में, उसकी क्रय लागत, छूट और बट्टों के शुद्ध के रूप में सम्मिलित होती है, जिसके अंतर्गत लगने वाले आयात शुल्क और अन्य कर (उनसे भिन्न, जो पश्चातवर्ती रूप से कर अधिकारियों से वसूलनीय होते हैं), किसी आस्ति को उसके आशयित उपयोग हेतु तैयार करने के लिए होने वाली कोई प्रत्यक्ष लागत भी है तथा किसी आस्ति को उसके आशयित उपयोग के लिए तैयार करने हेतु होने वाली कोई प्रत्यक्ष लागत, अन्य अनुषंगी व्यय और आशयित उपयोग के लिए आस्ति के तैयार होने की तारीख तक अर्हित आस्तियों के अर्जन के मद्दे लिए गए उधारों पर ब्याज भी है । अमूर्त आस्तियों के क्रय/उनके पूर्ण होने के पश्चात् उनसे संबंधित पश्चातवर्ती व्यय को केवल उस दशा में पूंजीकृत किया जाता है, यदि ऐसे व्ययों के परिणामस्वरूप उसके पूर्व में निर्धारित कार्यपालन संबंधी मानक से परे ऐसी आस्ति से होने वाले किन्हीं भावी फायदों में वृद्धि होती है ।

2.09 चालू पूंजी संकर्म

ऐसी आस्तियों के, जो उनके आशयित उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं, संनिर्माण पर उपगत व्यय को, चालू पूंजी संकर्म के अधीन हानिकरण, यदि कोई हों, को घटाकर लागत पर संगणित किया जाता है । इस लागत में, सामग्रियों की क्रय लागत सम्मिलित होती है, जिसके अंतर्गत लागतों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े आयात-शुल्क और गैर-प्रतिदेय कर भी हैं ।

2.10 अवक्षयण और परिशोधन

क) आस्तियों के संबंध में अवक्षयणीय रकम आस्ति की लागत या लागत के रूप में प्रतिस्थापित अन्य रकम है ।

संपत्ति/संयंत्र और उपस्कर पर अवक्षयण को संस्थान की परिषद् द्वारा यथा अनुमोदित निम्नलिखित दरों पर मासिक रूप से अपलिखित मूल्य पद्धति पर उपलब्ध कराया जाता है ।

	संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर का वर्ग	**अवक्षयण की दर**
i)	भवन	5%
ii)	लिफ्ट, इलैक्ट्रिकल प्रतिष्ठापन और फीटिंग	10%
iii)	कंप्यूटर	60%
iv)	फर्नीचर और फिक्सचर	10%
v)	वातानुकूलक और कार्यालय उपस्कर	15%
vi)	वाहन	20%
vii)	वर्ष के दौरान क्रय की गई पुस्तकालय की पुस्तकों पर 100% अवक्षयण दिया जाता है ।	

ख) पट्टाधृत भूमि पर भवनों की अग्रनीत रकम का परिशोधन पट्टे की अवधि के आधार पर किया जाता है ।

ग) अमूर्त आस्तियों का परिशोधन उनके प्राक्कलित उपयोगी जीवन के आधार पर तीन वर्ष तक स्ट्रेट लाइन पद्धति पर किया जाता है ।

2.11 राजस्व मान्यता

राजस्व को निम्नानुसार मान्यता प्रदान की जाती है :

i) छात्रों से प्राप्त दूरस्थ शिक्षा फीस को संबद्ध पाठ्यक्रमों की अवधि के आधार पर अनुपातत: मान्यता प्रदान की जाती है ।

ii) कक्षा प्रशिक्षण फीस में प्रबंध और संसूचना कौशल पाठ्यक्रम ("एमसीएस"), सूचना प्रौद्योगिकी और साफ्ट कौशलों संबंधी एकीकृत पाठ्यक्रम ("आईसीआईटीएसएस"), उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी और साफ्ट कौशलों संबंधी एकीकृत पाठ्यक्रम ("एआईसीआईटीएसएस") और अनुकूलन कार्यक्रम ("ओपी") के लिए प्राप्त फीस सम्मिलित होती है । कक्षा प्रशिक्षण और कोचिंग कक्षाओं संबंधी आय को उस समय मान्यता प्रदान की जाती है, जब सेवाओं को प्रदान किया जाता है और संबंद्ध लागतों को उपगत किया जाता है ।

iii) परीक्षा फीस को उस समय राजस्व के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है, जब संस्थान संबद्ध सेवा प्रदान करता है, अर्थात् जब परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है ।

iv) संगोष्ठी फीस को उस समय राजस्व के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है, जब संस्थान संबद्ध सेवा प्रदान करता है, अर्थात् जब संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है ।

v) वार्षिक सदस्यता फीस (जिसके अंतर्गत व्यवसाय प्रमाण-पत्र और उसे पुन: स्थापित करने की फीस भी सम्मिलित है) और प्रवेश फीस से मिलकर बनने वाली सदस्यता फीस को निम्नानुसार मान्यता प्रदान की जाती है :

(क) वार्षिक सदस्यता फीस (जिसके अंतर्गत व्यवसाय प्रमाणपत्र के लिए फीस भी है) को उस समय आय के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है, जब वह वर्ष के दौरान शोध्य हो जाती है ।

सदस्य के नाम को पुन: प्रविष्ट करने संबंधी फीस को, उसके प्राप्त होने पर मान्यता प्रदान की जाती है ।

(ख) प्रवेश और दाखिला फीस :

सहबद्ध सदस्यों से प्राप्त प्रवेश फीस और अध्येता सदस्यों से प्राप्त दाखिला फीस को प्रवेश के समय आय के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है ।

vi) छात्र रजिस्ट्रीकरण फीस को उस समय मान्यता दी जाती है, जब छात्र को पाठ्यक्रम में दाखिला प्रदान किया जाता है ।

vii) अर्हता-पश्च पाठ्यक्रमों और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों से प्राप्त राजस्वों को उस अवधि में मान्यता प्रदान की जाती है, जिसमें सेवाएं दी जाती हैं ।

2.12 अन्य आय

क) प्रकाशन और अन्य सबद्ध मदों के विक्रय से होने वाली आय को उस समय मान्यता प्रदान की जाती है जब जोखिम और पुरस्कारों को क्रेता को अंतरित किया जाता है, जो सामान्यत: माल के परिदान के समय होता है ।

ख) छात्र न्यूज लैटर और जर्नल के अभिदाय से होने वाली आय को अभिदाय की अवधि के अनुसार अनुपातत: मान्यता प्रदान की जाती है ।

ग) कैम्पस साक्षात्कारों और विशेषज्ञ सलाहकार फीस से होने वाली आय को उस समय मान्यता दी जाती है, जब सेवाएं प्रदान की जाती हैं और संबद्ध लागतों को उपगत किया जाता है ।

घ) ब्याज संबंधी आय को अनुपात आधार पर मान्यता प्रदान की जाती है ।

ङ) वर्ष के दौरान भवनों के लिए प्राप्त संदानों को उनकी प्राप्ति के वर्ष में मान्यता प्रदान की जाती है ।

च) छात्रों से छात्र पंजीकरण फीस के मद्दे प्राप्त फीस में से, 1 अप्रैल, 2009 के पश्चात् पंजीकृत छात्रों की बाबत 250/- रुपए प्रति छात्र की राशि चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्र कल्याण निधि में जमा की जाती है ।

छ) सदस्यों से चार्टर्ड अकाउंटेंट कल्याण निधि (सीएबीएफ) के मद्दे प्राप्त संदानों को संदेय के रूप में लेखबद्ध किया जाता है और इसी प्रकार सदस्यों को उनके दावों के मद्दे उसकी ओर से संदत्त वित्तीय सहायता को प्राप्यों के रूप में लेखबद्ध किया जाता है। सीएबीएफ के साथ लेखाओं का नियमित आधार पर सुमेलन किया जाता है ।

ज) प्रमाणपत्र /अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम/ डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रारंभ से पूर्व उसके रद्द हो जाने की दशा में 10% फीस की कटोती की जाती है और पाठ्यक्रम के प्रारंभ हो जाने की दशा में किसी भी प्रकार से फीस का प्रतिदाय नहीं किया जाता है किंतु सदस्य को यह विकल्प दिया जाता है कि वह पश्चातवर्ती बैचों में पाठ्यक्रम के शेष भाग को पूरा कर सकता है।

2.13 निवेश

क) संस्थान के निवेशों में केंद्रीय और राज्य सरकारों द्वारा जारी घरेलू सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में लिखतें, भारत में अधिवासी अनुसूचित बैंकों में सावधि निक्षेप और लाभ न कमाने वाले अस्तित्वों के शेयर सम्मिलित होते हैं ।

ख) निवेशों को एएस 13, निवेशों के अनुसार चालू और दीर्घकालिक निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है । चालू निवेश वे हैं, जिन्हें सुगमता से वसूल किया जा सकता है और उन्हें, निवेश किए जाने की तारीख से एक वर्ष से अनधिक अवधि तक धारित करने का आशय रखा जाता है । दीर्घकालिक निवेश कोई ऐसा निवेश है, जो चालू निवेश से भिन्न है । तीन मास तक की अवधि के सावधि निक्षेपों को नकद और नकद समतुल्य माना जाता है ।

ग) निवेशों को प्रारंभिक रूप से लागत पर लेखबद्ध किया जाता है और इस लागत में अर्जन की लागतें, जैसे दलाली, फीस और शुल्क सम्मिलित होते हैं। क्रय के समय संदत्त प्रोदभूत ब्याज का मुजरा ब्याज की प्राप्ति के प्रति किया जाता है।

घ) केंद्रीय और राज्य सरकारों द्वारा जारी घरेलू सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में निवेश का उपयोग मुक्त रूप से परिषद् के विवेक पर उपलब्ध है, सिवाय उद्दिष्ट निधियों के योग की सीमा तक।

ङ) प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को चालू निवेशों को लागत और उचित मूल्य के निम्नतर पर अग्रनीत किया जाता है। उचित मूल्य का अवधारण व्यष्टिक आधार पर किया जाता है। दीर्घकालिक निवेशों को प्राय: लागत पर अग्रनीत किया जाता है। तथापि, जब दीर्घकालिक निवेशों के मूल्य में अस्थायी से भिन्न कोई कमी होती है तो कमी को मान्यता प्रदान करने के लिए अग्रनीत मूल्य को कम किया जाता है। क्रय के समय संदत्त प्रीमियम का परिशोधन निवेशों की शेष परिपक्वता की अवधि हेतु किया जाता है। प्रीमियम के परिशोधन को 'निवेशों से ब्याज' शीर्ष के अधीन आय के प्रति समायोजित किया जाता है।

2.14 विदेशी मुद्रा संव्यवहार

विदेशी मुद्रा संव्यवहारों को, संव्यवहार की तारीख को लागू विनिमय दरों पर लेखांकित किया जाता है।

तुलन-पत्र की तारीख को बकाया विदेशी मुद्रा धनीय मदों को वर्ष के अंत में विद्यमान दरों पर पुन: कथित किया जाता है। संस्थान की गैर-धनीय मदों का लेखांकन ऐतिहासिक लागत पर किया जाता है।

विदेशी मुद्रा धनीय आस्तियों और दायित्वों के समाधान/पुनर्कथन पर उदभूत होने वाले विनिमय संबंधी अंतरों को आय और व्यय के विवरण में आय और व्यय के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है।

2.15 कर्मचारी फायदे

कर्मचारी फायदों में भविष्य निधि, उपदान निधि, प्रतिपूरित अनुपस्थिति, दीर्घ सेवा पुरस्कार, पेंशन स्कीम और सेवा-पश्च चिकित्सीय फायदे सम्मिलित हैं।

i) **अल्पकालिक कर्मचारी फायदे**

अल्पकालिक कर्मचारी फायदों (जैसे कि वेतन, भत्ते, अनुग्रह आदि) की बट्टा रहित रकम को, कर्मचारियों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बदले संदत्त किए जाने की आशा की जाती है, जिसे वर्ष के दौरान उस समय मान्यता प्रदान की जाती है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करते हैं। अल्पकालिक कर्मचारी फायदे संभावी रूप से उस अवधि के अंत के बारह मास के भीतर उत्पन्न होते हैं, जिसमें कर्मचारियों द्वारा संबंधित सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अल्पकालिक प्रतिपूरित अनुपस्थिति की लागत को निम्नानुसार लेखांकित किया जाता है:

क) संचयित प्रतिपूरित अनुपस्थितियों की दशा में, जब कर्मचारी ऐसी सेवाएं प्रदान करते हैं, जो उनकी भावी प्रतिपूरित अनुपस्थितियों की हकदारी में वृद्धि करती हैं ; और

ख) गैर-संचयित एकत्रित प्रतिपूरित अनुपस्थितियों की दशा में, जब अनुपस्थितियां दर्ज की जाती हैं।

ii) **नियोजन पश्च फायदे**

नियोजन पश्च फायदे कर्मचारियों को दिए जाने वाले ऐसे फायदे हैं, जो सेवा समापन फायदों से भिन्न हैं और जो नियोजन के पूरा होने के पश्चात् संदेय होते हैं। नियोजन पश्च फायदों का लेखांकन, सुसंगत योजनाओं के वर्गीकरण पर निर्भर करता है, जैसे कि उन्हें या तो परिभाषित फायदा योजना (डीबीपी) या परिभाषित अभिदाय योजना (डीसीपी) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। नियोजन पश्च फायदा योजनाएं, जहां संस्थान किसी पृथक् अस्तित्व या निधि को किन्हीं नियत अभिदायों का संदाय करता है और वह उस दशा में किन्हीं अन्य अभिदायों को करने की बाध्यताओं के अधीन नहीं होगा यदि पृथक्

अस्तित्व या निधि के पास चालू और पूर्व अवधि में कर्मचारी की सेवा से संबंधित सभी कर्मचारी फायदों का संदाय करने के लिए पर्याप्त आस्तियां विद्यमान नहीं हैं । दूसरी ओर, डीसीपी के रूप में वर्गीकृत योजनाओं से भिन्न नियोजन पश्च फायदा योजनाओं को डीबीपी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ।

परिभाषित फायदा योजनाएं

क) उपदान

उपदान और सेवानिवृत्ति पश्च पेंशन के रूप में परिभाषित फायदा योजनाओं के लिए, फायदे उपलब्ध कराने की लागत का अवधारण प्रक्षेपित यूनिट प्रत्यय पद्धति का उपयोग करते हुए किया जाता है, जिसके दौरान प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को बीमांकिक मूल्यांकन किया जाता है । बीमांकिक अभिलाभों और हानियों को उस अवधि के आय और व्यय विवरण में मान्यता प्रदान की जाती है, जिसमें वे उदभूत होते हैं । पूर्व सेवा संबंधी लागत को, फायदों के पहले से ही निहित किए जाने की सीमा तक तुरंत मान्यता प्रदान की जाती है और उन्हें अन्यथा फायदों के निहित हो जाने तक की औसत अवधि के अनुसार सीधी कटौती पद्धति के आधार पर परिशोधित किया जाता है । मान्य ठहराई गई सेवानिवृत्ति फायदे संबंधी बाध्यता, गैर-मान्यताप्राप्त पूर्व सेवा लागत के लिए यथा समायोजित परिभाषित फायदा बाध्यता के वर्तमान मूल्य को उपदर्शित करती है, जिसमें से स्कीम संबंधी अस्तियों के उचित मूल्य को घटा दिया गया हो । इस परिगणना के पारिणामिक कोई आस्ति, पूर्व सेवा लागत धन उपलब्ध प्रतिदायों और स्कीमों में भावी अभिदायों में कमी के वर्तमान मूल्य तक सीमित है । उपदान संबंधी दायित्व को भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा वित्तपोषित किया जाता है ।

ख) भविष्य निधि

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान भविष्य निधि न्यास ('न्यास') को भविष्य निधि स्कीम के मद्दे किए गए अभिदाय को चालू वर्ष के लिए परिभाषित फायदा योजना के रूप में विचार में लिया जाता है और उसे एक ऐसे व्यय के रूप में प्रभारित किया जाता है, जो किए जाने के लिए अपेक्षित अभिदाय की रकम पर आधारित है, जब पात्र कर्मचारियों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती हैं । इस न्यास का प्रबंध संस्थान द्वारा निर्वाचित शासी निकाय द्वारा किया जाता है और वह ऐसे दावों का समाधान करता है, जब कभी वे उदभूत होते हैं । भविष्य निधि न्यास के बीमांकिक दायित्व से उदभूत किसी कमी और मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष के दौरान निवेश से फायदों में किसी कमी का न्यास द्वारा दावा किया जाता है तथा उसका संदाय संस्थान द्वारा किया जाता है ।

इन परिभाषित फायदा बाध्यताओं के वर्तमान मूल्य को लेखांकन मानक (एएस) – 15, कर्मचारी फायदे के अनुसार एक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्याकंनकर्ता द्वारा अभिनिश्चित किया जाता है ।

ग) पेंशन स्कीम

संस्थान अपने पात्र कर्मचारियों को पेंशन के रूप में कर्मचारी फायदों की प्रस्थापना करता है । तुलन-पत्र की तारीख को इस बाध्यता के वर्तमान मूल्य को बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर मान्यता प्रदान की जाती है । पेंशन संबंधी दायित्व को भारतीय जीवन बीमा निगम से वित्तपोषित किया जाता है ।

घ) सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके पति-पत्नी को सेवानिवृत्ति पश्च चिकित्सा स्कीम फायदा

संस्थान अपने कर्मचारियों को चिकित्सा स्कीम के रूप में कर्मचारी फायदों की प्रस्थापना करता है ।

ङ) अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी फायदे – प्रतिपूरित अनुपस्थिति

ऐसी प्रतिपूरित अनुपस्थितियां, जिनकी उस अवधि के अंत के पश्चात् बारह मास के भीतर उत्पन्न होने की संभावना नहीं है, जिसमें कर्मचारी द्वारा दी गई संबद्ध सेवाओं को तुलन-पत्र की तारीख को बीमांकिक

मूल्यांकन के आधार पर परिभाषित फायदा बाध्यता के वर्तमान मूल्य पर एक दायित्व के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है ।

2.16 पट्टे

संस्थान लेखांकन और प्रकटन प्रयोजनों के लिए पट्टों को वित्त और प्रचालन पट्टों के रूप में वर्गीकृत करता है । ऐसे पट्टों को, जहां संस्थान स्वामित्व संबंधी सभी जोखिम और पुरस्कारों को सारवान रूप से स्वीकार करता है, वित्तीय पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है । ऐसे पट्टों को, जहां पट्टाकर्ता और न कि संस्थान स्वामित्व संबंधी सभी जोखिम और पुरस्कारों को सारवान रूप से स्वीकार करता है, प्रचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ।

प्रचालन पट्टों के अधीन पट्टा किरायों को पट्टे की अवधि के अनुसार सीधे कटौती पद्धति के आधार पर आय और व्यय के विवरण में मान्यता प्रदान की जाती है। वित्तीय पट्टे की दशा में, आस्तियों को पट्टाकृत आस्ति के उचित मूल्य और न्यूनतम पट्टा संदाय के वर्तमान मूल्य के निम्नतर पर पूंजीकृत किया जाता है । पट्टा संबंधी संदायों को वित्तीय प्रभार और पट्टा दायित्व के पुन: संदाय के बीच परिशोधित किया जाता है। पट्टाधृत आस्तियों का अवक्षयण पट्टे की अवधि या आस्ति के उपयोगी जीवन के निम्नतर पर किया जाता है ।

2.17 संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर तथा अमूर्त आस्तियों का हानिकरण

प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को आस्तियों के अग्रेषण मूल्य को हानिकरण हेतु पुनर्विलोकित किया जाता है । यदि हानिकरण का कोई संकेत विद्यमान होता है तो ऐसी आस्तियों की वसूलनीय रकम को प्राक्कलित किया जाता है और हानिकरण को उस समय मान्यता प्रदान की जाती है, यदि इन आस्तियों की अग्रनीत रकम उनकी वसूलनीय रकम से अधिक हो जाती है । वसूलनीय रकम, वह शुद्ध विक्रय कीमत और उनके उपयोग मूल्य दोनों में से उच्चतर है । उपयोग मूल्य की गणना, भावी नकद प्रवाहों को एक समुचित बट्टा कारक के आधार पर बट्टा देते हुए उनके वर्तमान मूल्य के आधार पर की जाती है । जब इस बात का कोई संकेत प्राप्त होता है कि किसी आस्ति के लिए पूर्ववर्ती लेखांकन अवधियों के दौरान मान्यता प्रदान किया गया हानिकरण अब विद्यमान नहीं है या उसमें कोई कमी आई है तो ऐसे हानिकरण की वापसी को आय और व्यय के विवरण में मान्यता प्रदान की जाती है ।

2.18 आय पर कर

